3 राजधानी
लविवि में होगी 180 पदों पर शिक्षकों की भर्ती

6 अभिमत
ड्रैगन सेना की भयावह कमजोरी

10 स्पोर्ट्स
मौरिस-फिंच के आने से कम होगा कोहली पर दबाव

11 विदेश
भारत ने संरा में पाक को घेरा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 326
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



स्वयं को बाहरी नहीं मानतीं अदिति राव हैदरी
विविध-12

# एलएसी पर 15 दिन में चार बार फायरिंग

● पैंतालिस सालों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत-चीन की सेनाओं ने हवा में दागीं 200 राउंड से ज्यादा गोलियां ● विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग के बीच 10 सितंबर की द्विपक्षीय बैठक के बाद थोड़ा सुधरे हालात ● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-चीन मुद्दे पर आज राज्यसभा में देंगे बयान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** हफ्ते सैन्य स्तर की वार्ता के लिए सहमति जताने के बावजूद चीन ने अभी तक इस संबंध में किसी तिथि की पुष्टि नहीं की है। इसके चलते पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चल रहे गतिरोध को खत्म करने की कोशिशें बाधित हो रही हैं। सीमा पर हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि पिछले 15 दिनों में भारत और चीन की सेनाएं चार बार फायरिंग कर चुकी हैं।

पिछले 10 सितंबर को भारत के विदेश मंत्री एस जयसंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग येई के बीच विस्तृत बातचीत के बाद तनाव कम हुआ है। दोनों पक्षों में इस बात को लेकर सहमति हुई कि सैन्य और कूटनयिक स्तर पर बातचीत जारी रहेगी। सूत्रों ने कहा कि चीन को अभी भारत को यह सूचित करना है कि बातचीत की अगली तिथि कौन सी होगी। दोनों पक्षों ने इस बात पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई थी कि अगले दौर की बातचीत इसी हफ्ते में किसी समय होगी। विपक्ष सरकार से यह जानना चाहता है कि चीन ने मई से घुसपैठ की कई कोशिशें की है क्या उसने हमारी जमीन के किसी हिस्से पर कब्जा किया है, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को राज्यसभा में भारत-चीन मुद्दे पर एक बयान देंगे। यह घोषणा रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एक पार्टी बैठक के बाद की गई।

इसमें यह तय किया गया कि सरकार चीन संकट, जीएसटी, कोविड तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की अनुमति देगी। बैठक में राजनाथ ने इस बात पर सहमति जताई कि राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान वह एलएसी पर हालात के संबंध में एक या दो सवालों का जवाब देंगे। एलएसी पर पीएलए की टुकड़ियों के जमावड़े को लेकर भारत चिंतित है क्योंकि चीन ने अभी तक सही तरीके से अपनी सेना को पीछे हटाने के कोई संकेत नहीं दिए हैं।



लेह में बुधवार को चीन सीमा से लगे क्षेत्र में तनाव के बीच उतरा भारतीय वायु सेना का युद्धक विमान

लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह और उनके चीनी समकक्ष लियू लिन के बीच जून से अभी तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन ये वार्ताएं बेनतीजा ही रही हैं।

पिछले दौर की बातचीत दो अगस्त को हुई थी, दोनों पक्षों ने टकराव के बिंदुओं से अपनी सेनाओं को पीछे ले जाने पर सहमति जताई थी और आपसी भरोसा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त टुकड़ियों को भी पीछे ले जाने की बात हुई थी। लेकिन चीन ने बाद में ऐसा करने से इनकार कर दिया और गतिरोध कायम है। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर मई से शुरू हुए गतिरोध के बाद मास्को में पहली बार द्विपक्षीय बैठक हुई थी और दोनों मंत्रियों ने सीमा पर सेनाओं को पीछे हटाने तथा तनाव कम करने के लिए पांच सूत्रीय योजना पर सहमति जताई थी। इसके बाद से एलएसी पर सभी टकराव के स्थानों पर कमोबेश शांति बनी हुई है। फायरिंग के संबंध में जानकारी देते हुए सूत्रों ने बुधवार को कहा कि सीमा पर ऐसी चार घटनाएं हुई थीं। हालांकि दोनों पक्षों का कहना है कि सात सितंबर को एक घटना हुई थी। चीन भारत पर फायरिंग शुरू करने का आरोप लगा रहा है, वही भारत ने इस आरोप को सिरे खारिज करते हुए 45 साल से चली आ रही शांति का उल्लंघन करने के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। घटनाओं के संबंध में ब्योरा देते हुए सुरक्षा प्रतिष्ठान स्थिति सूत्रों ने कहा कि पहली दो घटनाएं 29 और 30 अगस्त को हुई जब पैंगोंग त्सो (झील) के दक्षिण किनारे से चीन (शेष पेज 9)

## भारत-चीन सीमा पर 6 माह में कोई घुसपैठ नहीं : केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को कहा कि पिछले छह महीने में भारत-चीन सीमा पर कोई घुसपैठ नहीं हुई जबकि इस अवधि में भारत-पाक सीमा पर घुसपैठ के प्रयास के 47 मामले सामने आए हैं। राज्यसभा में आज एक प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पिछले तीन वर्षों में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा घुसपैठ के 594 प्रयास किये जाने के मामले सामने आए जिसमें 312 घुसपैठ हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'पिछले छह महीने में भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ का कोई मामला सामने नहीं आया है।' एक अन्य सवाल के जवाब गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पिछले तीन वर्षों के दौरान सुरक्षा बलों ने 582 आतंकवादियों को मार गिराया और इस अवधि में 46 आतंकी पकड़े गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से इस वर्ष 8 सितंबर तक जम्मू कश्मीर में 76 सैन्यकर्मी शहीद हुए।

# मुख्यमंत्री ने जरूरतमंदों के खातों में भेजे 1,311 करोड़



● समाज की सबसे कमजोर कड़ी को मजबूत करने से आएगा आर्थिक स्वावलम्बनः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में सामाजिक पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन तथा कुष्ठावस्था पेंशन की कुल 1311.05 करोड़ रुपये की द्वितीय किश्त 86 लाख 95 हजार 27 लाभार्थियों को ऑनलाइन हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पेंशन धनराशि लाभार्थियों को उनके सामान्य भरण-पोषण के लिए दी जा रही है। यह केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का एक भाग और शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का एक हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर समाज की सबसे कमजोर कड़ी को मजबूत कर दिया जाए तो पूरे समाज को आर्थिक स्वावलम्बन की ओर अग्रसर होने से कोई रोक नहीं सकता। यह आत्मनिर्भर भारत बनाने का आधार भी बन सकता है। यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी मंशा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नर को नारायण से जोड़कर उनकी सेवा कर रही है।

यदि किसी निराश्रित या दिव्यांग के जीवन में हम शासन की योजनाओं के माध्यम से खुशहाली लाने का कार्य करते हैं तो हमारी अन्तरात्मा प्रसन्न होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में किसी भी व्यक्ति के सामने भोजन का संकट न आए, इसलिए राज्य सरकार ने तय किया कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उनके तत्काल (शेष पेज 9)

# अयोध्या विवादित ढांचा ध्वंस मामले में फैसला 30 को

● आडवाणी, जोशी, कल्याण, उमा सहित सभी आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) का बहुप्रतिक्षित फैसला 30 सितंबर को आएगा। बुधवार को विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव ने यह आदेश जारी करते हुए उस रोज सभी 32 मुल्जिमों को अदालत में उपस्थित रहने को कहा है। करीब 28 साल की लम्बी कानूनी प्रक्रिया के बाद इस मामले का फैसला आने जा रहा है।

इस दरम्यान इस मामले के 49 में 17 मुल्जिमों की मौत हो चुकी है। पांच अक्टूबर, 1993 को सीबीआई ने जांच के बाद इस मामले में कुल 49



मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसमें 13 मुल्जिमों को विशेष अदालत ने आरोप के स्तर पर ही डिस्चार्ज कर दिया था। सीबीआई की ओर से इस आदेश को पहले हाईकोर्ट व बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

इधर, लखनऊ में सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) में फैजाबाद के तत्कालीन डीएम आरएन श्रीवास्तव समेत कुल 28 मुल्जिमों के मुकदमे की कार्यवाही शुरू हो गई। जबकि लालकृष्ण आडवाणी समेत आठ मुल्जिमों के मामले की कार्यवाही रायबरेली की विशेष अदालत में चलने लगी। इस दरम्यान अशोक सिंघल व गिरिराज किशोर की मौत हो गई। 19 अप्रैल, 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक (शेष पेज 9)

# राजधानी में कोरोना के 869 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 869 मामले सामने आए। साथ ही 15 मरीजों की मौत हुई। वहीं बुधवार को उत्तरप्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैयद वसीम रिजवी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। रिजवी एक दिन पूर्व रामपुर न्यायालय में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे की सुनवाई में गए थे।

वहां से लौटने पर तबियत गड़बड़ होने पर उन्होंने जांच कराई और वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। राजधानी में अब तक 41404 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 986 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 31827 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 9577 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 554 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9866 लोगो के सैम्पल लिये गये। जिनमे प्रमुख रूप से आज अलीगंज में 28, आलमबाग में 48, आशियाना में 38, इंदिरा नगर में 47, पारा 11, कैंट में 28, गोमतीनगर में 58, चिनहट में



● प्रदेश में 6337 नए मरीज सामने आए

39, चौक में 42, जानकीपुरम में 21, ठाकुरगंज 38, तालकटोरा 22ए रायबरेली रोड 41, मड़ियांव 20, महानगर में 27, विकासनगर में 20, हजरतगंज में 28, एसरोजनीनगर में 16, हसनगंज में 32, सुशान्त गोल्फ सिटी में 15, गोमती नगर विस्तार में 17, नाका में 12, मानक नगर में 10 पाजिटिव रोगी पाये गये।

आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 264 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 264 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 183 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 81 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर सूबे में कोरोना वायरस कहर बन कर टूट रहा है। बुधवार को 6337 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 67002 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 4690 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 330265 केस कोरोना के मिल चुके हैं।

आज 6476 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 258573 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 869, कानपुर में 371, प्रयागराज में 342, गोरखपुर में 202, गाजियाबाद में 197, वाराणसी में 222, नोएडा में 223 , बरेली में 127, मुरादाबाद में 189, मेरठ में 200, अलीगढ़ में 173, सहारनपुर में 110, झांसी में 160, बाराबंकी में 70, देवरिया में 65, बलिया में 49, अयोध्या में 108, शाहजहांपुर में 90, जौनपुर में 53 , रामपुर में 71, आगरा में 59, कुशीनगर में 68, महराजगंज में 52, आज़मगढ़ में 21, हरदोई में 63, लखीमपुर खीरी में 194, मुजफ्फरनगर में 89, गाजीपुर में 43, मथुरा में 45, इटावा में 60, गोण्डा में 41, बुलन्दशहर में 78, बस्ती में 47, पीलीभीत में (शेष पेज 9)

# देश में एक दिन में 90,123 नए केस, 1290 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के 90,123 नए मामले सामने आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार बुधवार तक 39,42,360 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद देश में कोविड-19 मरीजों के ठीक होने की दर 78.53 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 50,20,359 हो गई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक 1,290 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 82,066 हो गई। भारत में कोविड-19 के मामले 21 दिन में 10 से 20 लाख के पार पहुंचे थे। इसके बाद 16 दिन में 30 लाख और 13 दिन में 40 लाख के आंकड़े को पार किया था। वहीं, 40 लाख के बाद 50 लाख की संख्या को पार करने में केवल 11 दिन लगे। देश में 110 दिन में कोविड-19 के मामले एक लाख हुए थे और 59 दिनों में वह 10 लाख के पार चले गए थे। वहीं, कोविड-19 (शेष पेज 9)

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कोरोना वायरस से संक्रमित

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। गडकरी ने ट्वीट किया, मैं कल कमजोरी महसूस कर रहा था, जिसके बाद मैंने डॉक्टर को दिखाया। इलाज के दौरान मेरे कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, आप सभी की दुआओं से फिलहाल मेरी तबीयत ठीक है। मैंने खुद को पृथक कर लिया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में गडकरी के साथी अमित शाह, श्रीपद नायक, धर्मेन्द्र प्रधान, अर्जुन राम मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत और सुरेश अंगड़ी भी हाल ही में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए बड़े नेताओं में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित शामिल हैं। महाराष्ट्र के मंत्री अशोक चव्हाण और धनंजय मुंडे भी कोरना वायरस से संक्रमित पाए जा चुके हैं।

## पीजीआई से गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती हुए कल्याण सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण से जूझ रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के गवर्नर रहे कल्याण सिंह को बुधवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान से गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है। उनकी सेहत में सुधार नहीं है। हालांकि डिस्चार्ज करने के समय पीजीआई की तरफसे जारी बयान में उनकी स्वास्थ्य में सुधार व स्थिर बताया गया है। उनके अंदर आक्सीजन का लेवल भी सही है। उनको फीवर नहीं आ रहा है और उनका बीपी भी नार्मल है। लेकिन पीजीआई की तरफ से उनकी कोविड रिपोर्ट निगेटिव नहीं बताई है। पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों के आग्रह पर सीएमओ की पहल पर उन्हें आज डिस्चार्ज कराकर एरोम्ड इंटरनेशनल रेस्क्यू सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की एयर एंबुलेंस से लखनऊ के एसजीपीजीआई से यशोदा अस्पताल गाजियाबाद ले जाया गया है। इससे पूर्व मंगलवार को संस्थान के निदेशक डॉक्टर आरके धीमान ने (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,302 | ↑ 258 | |
| निफ्टी | 11,604 | ↑ 82 | |
| सोना | 53,030 | ↓ 137 | /10g |
| चांदी | 70,553 | ↓ 517 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली दंगा मामले में 15 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली मे फरवरी में हुए दंगो की बड़ी साजिश को लेकर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओ के तहत यहां एक अदालत मे 15 लोगो के खिलाफ बुधवार को आरोप पत्र दाखिल किया। सूत्रो के मुताबिक आरोप पत्र मे नामजद लोगो मे ताहिर हुसैन, मोहम्मद परवेज अहमद, मोहम्मद इलियास, सैफी खालिद, इशरत जहां, मीरान हैदर, सफूरा जरगर, आसिफ इकबाल तन्हा, शाहदाब अहमद, नताशा नरवाल, देवांगना कलीता, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान और अतहर खान शामिल है। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने कहा कि इसमें सीडीआर (कॉल डेटा-रिकार्ड) और व्हाट्सएप चैट को आधार बनाया गया है।

# एसआईटी ने शुरू की महोबा कांड की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महोबा** के एसपी रहे मणिलाल पाटीदार के भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी की हत्या के मामले की एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। जांच के लिए बुधवार को एसआइटी के अधिकारी कबरई पहुंचे।

टीम ने सबसे पहले वह स्थान देखा जहां पर क्रशर कारोबारी कार के अंदर घायल पड़े मिले थे। उधर हत्या के मुकदमे में आरोपी बनाए गए निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार व आरोपी थानाध्यक्ष भूमिगत हो गए हैं। पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से पाटीदार को नोटिस जारी की गई है। जानकारी के अनुसार एसआईटी के प्रमुख और आईजी जोन वाराणसी विजय सिंह मीणा, डीआइजी शलभ माथुर और एसपी अशोक कुमार त्रिपाठी जांच के लिए बुधवार दोपहर कबरई पहुंचे। मालूम हो कि डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। एसआईटी के अधिकारी कबरई में सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और विवेचक सीओ सिटी आरके सिंह से पूरी जानकारी ली। जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग भी कराई और आसपास मौजूद लोगों से बातचीत भी की।

क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने बीती 5 सितंबर को महोबा के तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया था। दूसरे दिन वह अपनी कार के अंदर गोली लगने से लहूलुहान हालत में पड़े मिले थे। प्रकरण संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के मामले में महोबा एसपी रहे मणिलाल पाटीदार को निलंबित कर दिया (शेष पेज 9)

## कोटा में नौका पलटने से कम से कम 11 की मौत

**कोटा(भाषा)।** राजस्थान के बूंदी जिला स्थित एक मंदिर तक 30 से अधिक श्रद्धालुओं को ले जा रही एक नौका के बुधवार सुबह यहां पलट जाने से महिलाओं एवं बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि तीन लोग अब भी लापता है जबकि 20 श्रद्धालुओं को बचा लिया गया है। कोटा के खटोली-इटावा इलाके के रहने वाले ए लोग बूंदी के इंदरगढ़ स्थित कमलेश्वर मंदिर जा रहे थे। यह हादसा कोटा जिला मुख्यालय से करीब 110 किलोमीटर दूर खटोली पुलिस थाने के तहत गोत्रा गांव के निकट सुबह करीब पौने नौ बजे हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि जहां नौका पलटी, वहां नदी की गहराई 40 से 45 फुट थी। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी उज्ज्वल राठौर ने कहा, खटोली में हुए हादसे में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की तलाश की जा रही है।

# टाटा करेगा नए संसद भवन का निर्माण

● पांच साल तक रखरखाव की भी जिम्मेदारी संभालेगी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**टाटा** प्रोजेक्ट्स लिमिटेड 861.90 करोड़ रुपये की लागत से संसद भवन की नई इमारत का निर्माण करेगी। कंपनी ने सबसे कम बोली जीती है। टाटा इमारत के निर्माण के साथ पांच साल तक रखरखाव की भी जिम्मेदारी संभालेगी। एलएंडटी लिमिटेड ने 865 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी।

एक अधिकारी ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने संसद की नई इमारत बनाने का ठेका हासिल किया है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत नई इमारत संसद की मौजूदा इमारत के नजदीक बनाई जाएगी और इसके 21 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के मुताबिक नई इमारत संसद भवन संपदा की प्लॉट संख्या 118 पर बनेगी। सीपीडब्ल्यूडी ने कहा कि परियोजना के अमल में आने के पूरी अवधि के दौरान



मौजूदा संसद भवन में कामकाज जारी रहेगा। सीपीडब्ल्यूडी की निविदा में परियोजनाकी अनुमानित लागत 889 करोड़ रुपये लगाई गई थी। भवन का निर्माण संसद के मानसून सत्र की समाप्ति के बाद शुरू होगा। सीपीडब्ल्यूडी के मुताबिक तकनीकी दौर में केवल तीन बोलीदाताओं को योग्य पाया गया लेकिन केवल दो फर्मों ने अपनी दावेदारी पेश की। इस परियोजना के लिए योग्य पाई जाने वाली सप्रूजी पलोनीजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तीसरी फर्म थी। निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि प्रस्तावित कार्य को 21 महीने की तय समय सीमा के के भीतर किया जाएगा तथा यह उच्च गुणवत्तापूर्ण होगा। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में नया संसद परिसर पहला प्रोजेक्ट है जिसे अंतिम रूप देकर टेंडर जारी किया गया है। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में नॉर्थ और साउथ ब्लाक शामिल हैं जो रायसीना हिल में एकदूसरे के सामने स्थिति हैं। इनमें शीर्ष केंद्रीय सरकारी मंत्रालय, संग्रहालय और नए प्रशासनिक कार्यालयों का निर्माण शामिल है।

नई इमारत में ज्यादा सांसदों के लिए जगह होगी क्योंकि परिसीमन के बाद लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की संख्या बढ़ सकती है। इसमें करीब 1400 सांसदों के बैठने की जगह होगी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इमारत सीमेंट और कंक्रीट ढांचेवाली संरचना होगी। सीपीडब्ल्यूडी ने कहा कि एक बार नई इमारत के बन जाने के बाद मौजूदा संसद भवन परिसर का इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। सीपीडब्ल्यूडी ने कहा, नए भवन के स्तंभ मौजूदा इमारत जैसे ही होंगे जो जमीन से करीब 1.8 मीटर ऊपर हैं। प्रस्तावित इमारत का कुल क्षेत्रफल करीब 65 हजार वर्ग मीटर का होगा जिसमें करीब 16921 वर्ग मीटर का भूमिगत क्षेत्र भी होगा। इमारत में भूमिगत तल के साथ ही भूतल के अलावा दो और मंजिल होंगी। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत प्रधानमंत्री का आवास और कार्यालय साउथ ब्लॉक के पास स्थानांतरित होने की उम्मीद है जबकि उप-राष्ट्रपति का नया घर नॉर्थ ब्लॉक के नजदीक होगा।

# भर्ती मरीजों की गहन मॉनीटरिंग की जाए

## आलू, टमाटर व प्याज की कालाबाजारी रोकी जाए: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ अनलाक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोविड चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की गहन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक उपचारित किये गये रोगियों की इलाज विधि का बारीकी से अध्ययन किया जाए। इससे अन्य मरीजों का सफल इलाज करने में मदद मिलेगी। उन्होंने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा को मेडिकल कॉलेज व चिकित्सा संस्थानों में तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को जिला चिकित्सालयों में इसकी समीक्षा कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को उचित मूल्य पर सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएं। उन्होंने आलू, प्याज, टमाटर की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना के तहत धान की खरीद के लिए समयबद्ध ढंग से तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। धान क्रय केन्द्रों की संख्या में वृद्धि का आकलन कर इसे लागू किया जाए। योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के उपचार की सभी आवश्यक दवाओं की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेजों तथा चिकित्सा संस्थानों में औषधियों एवं ऑक्सीजन की सुचारु व्यवस्था बनायी रखी जाए।

चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ, वॉर्ड्स में नियमित राउण्ड लें। डॉक्टरों तथा पैरामेडिक्स को प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया लगातार जारी रहे। मुख्यमंत्री ने कोविड चिकित्सालयों में बेड्स की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य पूरी तेजी से संचालित किया जाए। इसके लिए सर्विलान्स टीम की व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि रोगियों के लिए ऑक्सीजन निर्धारित दर पर उपलब्ध हो। इसकी कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ व कानपुर नगर में उपचार व्यवस्था को और सुदृढ़ किये जाने के निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य तथा अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज लखनऊ की चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य कानपुर नगर की चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमित रोगी को समय से अस्पताल में भर्ती कराते हुए इलाज प्रारम्भ किये जाने से अधिक से अधिक जीवन रक्षा की जा सकती है। इसलिए कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि जब तक इस रोग की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन विकसित नहीं हो जाती तब तक बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है। इसलिए कोविड-19 के सम्बन्ध में जागरूकता की कार्यवाही प्रभावी ढंग से संचालित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करने की कार्ययोजना बनायी जाए। उद्यमियों, बेरोजगारों तथा अन्य पात्र लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के जनपदवार लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए इसकी पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## चीन विवाद पर बसपा केंद्र व सेना के साथ: मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने भरोसा जताया है कि केंद्र सरकार देश की अपेक्षा के अनुरूप पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन को करारा जवाब देती रहेगी। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद पर जारी संघर्ष को लेकर लोगों की चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर सरकार और सेना के साथ हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर जारी संघर्ष, तनाव व तैनाती आदि को लेकर देश में उत्सुकता व चिन्ता स्वाभाविक है, जिसको लेकर सरकार ने संसद में कल बयान भी दिया है। बीएसपी को भरोसा है कि भारत सरकार देश की अपेक्षा के अनुरूप चीन को करारा जवाब देती रहेगी। बीएसपी सरकार व सेना के साथ है।

## सूबे के सभी प्रमुख चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगेगा पब्लिक एड्रेस सिस्टम

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

● कोविड-19 से बचाव के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने का अभियान होगा और तेज, जिलाधिकारियों से नए स्थान चिन्हित कर 19 सितम्बर तक मांगा गया प्रस्ताव

**कोविड-19** से बचाव के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलो के प्रमुख चौराहों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए जाने की दिशा में शासन द्वारा तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में गृह विभाग की ओर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से भी यथावश्यक नए स्थानों को चिन्हित कर पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए जाने के लिए जरूरी प्रस्ताव 19 सितम्बर तक मांगा गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में गत दिवस लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें इस दिशा में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार किये जाने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। शासन की योजना पूरे प्रदेश के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों यथा चौराहों, बस अड्डों, फील्ड में स्थापित ऐसे सरकारी कार्यालय जहां जनसामान्य की उपस्थिति अधिक रहती है जैसे आरटीओ कार्यालय, अस्पताल, तहसील आदि पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना कर कोविड़.19 से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किए जाने की है। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग ने बैठक में जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी बसों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करते हुए सभी बस अड्डों पर भी आडियो विजुअल के माध्यम से कोविड.19 से बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार की योजना है, जिसे एक माह में पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया गया है। प्रमुख सचिव परिवहन ने यह भी बताया कि इसके अलावा परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा के कार्यों के विस्तार में कोविड-19 को देखते हुए फील्ड में स्थापित आरटीओ कार्यालय में भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सम्बन्धित एक कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करेगा। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय से अपेक्षा की गयी कि वे पूरे राज्य में जहां भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था प्रचलित है, उसकी सूची तथा उस पर स्थापित उपकरणों की चालू हालत कि स्थिति की जानकारी देते हुए शासन को रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। उनसे यह भी कहा गया है कि इसके अलावा जिन नए स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया जाना है, उसके सम्बन्ध में भी एक विस्तृत प्रस्ताव उनके द्वारा शासन के समक्ष तत्काल प्रस्तुत किया जाए।

पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोविड-19 से बचाव के लिए प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राजस्व विभाग के डिजास्टर मैनेजमेण्ट के तहत भी कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा की गयी है। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह, सचिव नगर विकास अनुराग यादव, विशेष सचिव चिकित्सा एवं परिवार कल्याण प्रांजल यादव, राधेश्याम मिश्रा विशेष सचिव राजस्व विभाग, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक बीपी जोगदण्ड, सूचना निदेशक शिशिर के अलावा गृह विभाग के सभी विशेष सचिव उपस्थित रहे।

## योगी ने विश्वकर्मा जयन्ती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा जयन्ती पर शिल्पियों एवं अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही हैं।

# किसानों को बड़े व्यापारियों का मोहताज बनाना चाहती है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार प्रारम्भ से ही किसान और नौजवान विरोधी रही है। संविधान ने जनता को जो मौलिक अधिकार दिए हैं उनकी अवहेलना भी उसके स्वभाव में है। इससे भाजपा राज में कानून व्यवस्था सुधरने के बजाए हालात और खराब हुए हैं। मुख्यमंत्री अपनी नाकामियों से हताशा में अब विपक्ष के प्रति असहिष्णुता और द्वेषपूर्ण आचरण दिखाने लगे हैं। जबकि लोकतंत्र में उन्हें लोकलाज का ध्यान रखते हुए विपक्ष के प्रति भी सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार सन् 2014 से ही किसानों की उपेक्षा करती आई है। भूमिअधिग्रहण के प्रयास के बाद अब भाजपा कृषि अध्यादेशों के जरिए किसानों को बड़े व्यापारियों का मोहताज बनाना चाहती है। भाजपा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य तो दिला नहीं पाई, उसने आवश्यक वस्तु अधिनियम से ही कई फसलों को बाहर कर दिया। गन्ना किसानों का अभी तक 13 हजार करोड़ रूपये का भुगतान नहीं हुआ। किसान की उपज को नए कानून के सहारे बड़ी कम्पनियां और बड़े व्यापारी मनमाने ढंग से खरीदेंगे। भाजपा इन अध्यादेशों को किसानों की आजादी के जुमले का नाम देकर वास्तव में किसानों को गुलाम बनाना चाहती है।

कोरोना संकट और लॉकडाउन ने कारोबार बंद किए तो नौजवान बेरोजगारी के शिकार बन गए हैं। भाजपा सरकार कथित पूंजीनिवेश के आंकड़ों के साथ रोजगार के सपने दिखाती है पर सच यह है कि प्रदेश में भाजपा सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी नए उद्योग नहीं लगे हैं। न बाहर से पूंजी निवेश हुआ है, न रोजगार सृजित हुआ है। नौकरियों में भर्तियां लटकी हुई हैं। देश में 1.03 करोड़ लोग नौकरी की तलाश में हैं। श्रम मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि यूपी में 14.62 की संख्या नौकरी मांगने वालों की है। अखिलेश ने कहा कि अब तो सरकार ऐसी व्यवस्था कर रही है कि सरकारी नौकरी में भर्ती का रास्ता आउटसोर्स से संविदा कर्मी के रूप में खुलेगा जिसमें तमाम बंदिशें रहेंगी। पांच वर्ष का बहुमत लेकर आई भाजपा साढ़े तीन साल में ही यूपी से रोजगार का खात्मा करने पर आमादा है। उन्होंने कहा सरकार निजीकरण से युवाओं के भविष्य को और अंधकारमय बनाएगी। वैसे भी रोजगार की दशा पिछले 15 वर्षों में सबसे खराब है। रेलवे, बीमा और बैंकों का निजीकरण होना है। एयरपोर्ट निजी हाथों में रहेंगे। निकायों में चतुर्थ श्रेणी में भर्ती आश्रित कोटे से ही होगी। संयुक्त राष्ट्र संघ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना काल में 40 करोड़ रोजगार भारत में खत्म हो सकते हैं।

### अखिलेश ने दीं विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्माजी को निर्माण और सृजन का आदि शिल्पी माना जाता है। वे वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य के रूप में सम्मानित हैं।

## प्रियंका ने सरकारी नौकरियों के मुद्दे पर सरकार पर साधा निशाना



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा प्रदेश सरकार पर लगातार हमलावर हैं। इसी क्रम में उन्होंने सरकारी नौकरियों के मुद्दे पर योगी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि वाह री सरकार, पहले तो नौकरी ही नहीं दोगे। जिसको मिलेगी उसको 30-35 से पहले नहीं मिलेगी। फिर उस पर 5 साल अपमान वाली संविदा की बंधुआ मजदूरी और अब कई जगहों पर 50 वर्ष पर ही रिटायर की योजना। युवा सब समझ चुका है। अपना हक मांगने वो सड़कों पर उतर चुका है। प्रियंका ने अपने ट्वीट में राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के साथ एक मशाल जुलूस का वीडियो भी पोस्ट किया है।

## विधान सभा अध्यक्ष ने पीएम मोदी के जन्म दिवस पर दी हार्दिक शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**विधान सभा** अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। उन्होंने भारत को पूरी दुनिया में प्रसिद्धि प्रदान की है। भारतीय संस्कृति से जुड़ी योग जैसी प्राचीन विधा को उनके प्रयत्नों से अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। कोरोना महामारी संयुद्ध में उनकी भूमिका सारी दुनिया में सराही गई है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम सोनी देवी से बदल कर अनम बेगम कर मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया है। भविष्य में मुझे सभी दस्तावेजों में अनम बेगम के नाम से अंकित किया जाये। अनम बेगम, निवासिनी – झखरा पिपरिया धानी, खीरी उ0प्र0।

**सूचना**

मैं अनीस अहमद पुत्र स्व0 फुरकान अहमद 219/19 पाटा नाला, चौक लखनऊ अपने पुत्र शारिब अहमद को बुरे चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

**सूचना**

मैने ICSE - 2011 Index No. T/2037/115 एवं ISC-2013 Index No. B/9590/069 में उत्तीर्ण किया है। उक्त दोनों प्रमाण पत्रों में मेरे पिता जी का नाम त्रुटिवश Ram Saran Pal अंकित हो गया है जबकि मेरे पिताजी का नाम Ram Saran Singh है। आर्यन कुमार पुत्र श्री राम सरन सिंह, निवासी-ई0-29 एम0आई0जी0, आवास विकास – 3, कल्यानपुर, कानपुर।

## स्मार्ट मीटर की जांच रिपोर्ट आई नहीं, कंपनी के भुगतान की कवायद हुई तेज

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**पावर** कारपोरेशन के अधिकारी भले ही तनख्वाह कारपोरेशन से ले रहे हों लेकिन उनकी वफादारी उन कंपनियों के लिए ज्यादा दिखाई पड़ रही है जो कंपनी स्मार्ट मीटर की आपूर्ति मामले में जांच के दायरे में आ गई हैं। स्मार्ट मीटर भार जंपिंग और जन्माष्टमी के दिन स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्शन की जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं आई लेकिन पावर कारपोरेशन के अधिकारी स्मार्ट मीटर खरीद का भुगतान कराने में जुटे हैं। उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद ने खुलासा किया है कि अधिकारी ईईएसएल को छह करोड़ 86 लाख रुपये का भुगतान कराने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। इस मामले में ईईएसएल के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से मांग की है इस मामले में हस्तक्षेप कर भुगतान की प्रक्रिया रोकें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# मोदी का जन्मदिन आज, बीजेपी दिव्यांगजनों को बांटेगी ट्राइसिकिल

● सेवा सप्ताह के तीसरे दिन कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**बीजेपी** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है। 17 सितम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में दिव्यांगजनों को ट्राइसिकिल, कृतिम अंग व अन्य सहयोगी उपकरण भेंट कर नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को पार्टी के सभी कार्यकर्ता मनाएंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह लखनऊ में दिव्यांगों को ट्राइसिकिल सहित अन्य उपयोगी उपकरण भेंट करेंगे। वहीं राष्ट्रीय सहमहामंत्री संगठन शिव प्रकाश हापुड़ में दिव्यांगों को उपकरण भेंट करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में स्थानीय सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्टी के कार्यकर्ता दिव्यांगजनों के उपकरण वितरण कार्यक्रम में सहभागी रहेंगे। महिला मोर्चा की टीम जिला स्तर पर कम से कम 70 गरीब बस्तियों एव अस्पतालों में फल वितरण करेंगी।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई ने बताया कि पार्टी ने बुधवार सेवा सप्ताह के तीसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत प्रदेश के सभी 75 प्रशासनिक जिला मुख्यालयों में 70 से अधिक सार्वजनिक स्थानों का लक्ष्य लेकर स्वच्छता के संकल्प के साथ पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि जुटे।

## घोटालों की सीबीआई जांच कराई जाए: लल्लू



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि पशुधन घोटाले के बाद अब खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग में नमक की आपूर्ति के ठेके को लेकर राज्यमंत्री जय प्रकाश निषाद पर घोटाले की उंगलियां उठ रही हैं जिस पर मुख्यमंत्री चुप क्यों हैं, आखिर घोटालेबाजों के खिलाफ मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पशुधन घोटाले के मुख्य आरोपी आशीष राय का राज्यमंत्री जय प्रकाश निषाद के करीबी होने के भी मीडिया में खबरें आ रही हैं। ये खबरें योगी राज में घोटाले दर घोटाले की परत खोल रही हैं। लल्लू ने कहा कि पशुधन घोटाले के बाद अब नमक घोटाले में योगी सरकार के राज्यमंत्री का नाम मीडिया रिपोर्टों में आने के बाद इन घोटालों की सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। सच्चाई सामने आ सके कि आखिर इन घोटालों में दोषी कौन है।

# उपचुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी कांग्रेस

● सभी आठ सीटों पर प्रत्याशियों के चयन के लिए बनाई कमेटी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**उत्तर** प्रदेश में 8 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन के कील-कांटे दुरुस्त करते हुए पूरी ताकत से उपचुनावों में उतरने का फैसला लिया है। चुनावी तैयारी के तहत हर सीट से प्रत्याशियों के आवेदन लेने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में बनी कमेटी प्रत्याशियों के आवेदन-चयन का काम करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने उपरोक्त कमेटियों का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि घाटमपुर (सु) सीट की जिम्मेदारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व मंत्री आरके चौधरी एवं पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश दीक्षित को दी गयी है। मल्हनी सीट के लिए पूर्व विधायक अजय राय, राम जियावन व पार्टी के महासचिव मकसूद खान को जिम्मेदारी दी गई है। देवरिया सदर सीट की जिम्मेदारी पूर्व विधायक नदीम जावेद, पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान व पार्टी के महासचिव विश्वविजय सिंह, बांगरमऊ सीट की जिम्मेदारी कानपुर कैण्ट से विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष सुहैल अख्तर अंसारी, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी और महासचिव विवेकानन्द पाठक को सौंपी गई है। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री दीपक कुमार और प्रदेश महासचिव बदरूद्दीन कुरैशी टूण्डला विधानसभा, नौगावां सादत के लिए पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, विधायक नरेश सैनी, प्रदेश महासचिव अली यूसुफ अली और बुलन्दशहर के लिए पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, विधायक मसूद अख्तर, कांग्रेस महासचिव विदित चौधरी प्रत्याशियों का चुनाव करेंगे। स्वार विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी पूर्व सांसद राशिद अल्वी, पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल गंगवार और कांग्रेस महासचिव ब्रह्मस्वरूप सागर को सौंपी गई है।

## पहली अक्टूबर से चलेगा दस्तक पखवाड़ा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**पहली** अक्टूबर से प्रदेश में संचारी रोग अभियान के तहत दस्तक अभियान पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान आशा बहुएं घर-घर जाकर लोगों को अभियान के संबंध में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगी। बुधवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि माह नवम्बरए दिसम्बर व जनवरी, 2021 में एक अभियान चलाया जायेगा। जिसके अन्तर्गत कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में जन्में नवजात शिशुओं के जो आवश्यक टीकाकरण से वंचित रह गये हैं। उन बच्चों का टीकाकरण इस अभियान के अन्तर्गत किया जायेगा।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रमियाबेहड़-खीरी**

पत्रांक-1197/चतुर्थ राज्य वित्त/निविदा-आमन्त्रण/2020-21/ दिनांक-16 सितम्बर, 2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

चतुर्थ राज्य वित योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2020-21 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर कार्य कराने हेतु पंजीकत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर व वाणिज्य कर विभाग में जी0एस0टी0 पंजीकरण हो, तथा आर0ई0एस0 पी0डब्लू0डी0, जिला पंचायत व अन्य कार्यदायी विभागो में रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्मो से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि (10 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ग्राम पंचायत अकठी डामर रोड से नैनापुर रास्ते पर राजेश के खेत तक खडण्जा कार्य। 290 मी0 | 647700.00 | 64770.00 | तीन माह |
| 2 | ग्राम पंचायत नैनापुर के मजरा जोधापुरवा में कौशल के खेत से अर्जुन लाल के घर तक इण्टरलॉकिग 220 मी0 | 999000.00 | 99900.00 | तीन माह |
| 3 | ब्लाक परिसर रमियाहड में निर्मित सामुदायिक भवन, एन0आर0एल0 भवन व अभिलेखागार कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य। | 499600.00 | 49960.00 | तीन माह |
| 4 | पशुचिकित्सालय रमियाबेहड़ के भवन के कक्षों एवं बाउन्ड्री वाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य। | 512700.00 | 51270.00 | तीन माह |
| 5 | ब्लाक परिसर रमियाबेहड में निर्मित टाईप-4 आवास (ख0वि0अ0) आवास की मरम्मत व रंगाई पुताई। | 840000.00 | 84000.00 | तीन माह |
| 6 | कंचनपुर सुखनी नाला के पास 3 दर की पुलिया निर्माण | 998000.00 | 99800.00 | तीन माह |

नोट : शेष नियम-शर्तो एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी को किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते :**

1. निविदा फार्म क्रय किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रमियाबेहड़ से दिनांक 21.09.2020 से 25.09.2020 तक रू0 500 नगद जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि कार्य के स्वीकृत लागत का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकत बैंक का एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रमियाबेहड़ खीरी के पक्ष में बन्धक करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 28.09.2020 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 28.09.2020 को 2.00 बजे से 3.00 बजे के मध्य खोली जायेगी।
4. टेन्डर/निविदा स्वीकति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म/ठेकेदार को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
6. निविदा में प्रकाशित कार्य कराने की अवधि के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना अनिवार्य होगा यदि समय-सीमा के अन्दर कार्य नही पूर्ण कराया जाता है तो एक सप्ताह की नोटिस के पश्चात स्वीकृत निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप जिम्मेदार होगा।
7. निविदा के साथ मानक के अनुसार कार्य कराना होगा तथा प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का मेक/बाण्ड उल्लिखित करना होगा। मानक के अनुसार कार्य की गुणवत्ता न पाये जाने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जत करते हये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा कार्य कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी को होगा।
8. कन्ट्रेक्टर/ठेकेदार के समस्त अभिलेखो की प्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगें।
9. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी रमियाबेहड़-खीरी में निहित होगा।
10. निविदा स्वीकृत फर्म/ठेकेदार की बंधक जमानत राशि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त एक वर्ष बाद जमानत राशि मुक्त की जायेगी।
11. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**(आलोक कुमार वर्मा)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**रमियाबेहड़-खीरी**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला फर्जी समीक्षा अधिकारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हजरतगंज** पुलिस ने गृह विभाग में समीक्षा अधिकारी बताकर कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी समीक्षा अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, आईकार्ड, एटीएम कार्ड, प्रार्थना पत्र सहित काफी सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें उसे जेल भेज दिया। फिलहाल पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि अबु फैसल पुत्र परवेज अहमद निवासी 529/1222 पन्तनगर खुर्रमनगर लखनऊ व सचिवालय के अधिकारियों की सूचना पर हजरतगंज पुलिस टीम ने लोकभवन पहुंच कर



अभियुक्त प्रेमसागर पुत्र वेनीराम निवासी अम्बेडकरनगर हाल पता आफीसर्स कालोनी कमता चिनहट लखनऊ को लोकभवन परिसर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वह इसी फर्जी आई कार्ड के द्वारा अक्सर लोकभवन में आता जाता है। अभियुक्त स्वयं को गृह विभाग में समीक्षा अधिकारी बताकर अम्बेडकरनगर के काफी लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा ले चुका है एवं लोगों के द्वारा पैसा वापस मांगने पर घर छोड़कर लखनऊ में पिछले चार वर्षों से रह रहा है। लोगों पर प्रभाव जमाने के लिए फर्जी आईकार्ड आदि बना रखा है तथा मोटर साइकिल पर उत्तर प्रदेश शासन लिखा रखा है। अभियुक्त के पास से दो मोबाईल फोन, उत्तर प्रदेश शासन का



फर्जी आई कार्ड, सचिवालय का फर्जी वाहन पास , उत्तर प्रदेश शासन गृह सचिव के 66 विजिटिंग कार्ड , एक एटीएम कार्ड, एक चेक एसबीआई व एक चेक पीएनबी, एक प्रार्थना पत्र लोक सेवा आयोग और एक उच्च न्यायालय का आदेश बरामद हुआ है। डीसीपी ने बताया कि इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में तफ्तीश की जा रही है।

## दो साल से अनुपस्थित शिक्षिका को सेवा समाप्ति की नोटिस

**लखनऊ।** बगैर सूचना के दो साल से गैरहाजिर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका को बीएसए ने सेवा समाप्ति का नोटिस दे दी है। बता दें कि काकोरी के गुरदीनखेड़ा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका रेनू चौधरी जुलाई 2018 से अनुपस्थित चल रहीं थी। जिन्हें बुधवार को सेवा समाप्ति की नोटिस जारी कर दी है। बीएसए दिनेश कुमार ने बताया कि शिक्षिका काकोरी के गुरदीनखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पद पर तैनात थीं। एक जुलाई 2018 से वह लगातार अनुपस्थित चल रहीं हैं। इस संबंध में उन्होंने विभाग और विद्यालय को कोई सूचना भी नहीं दी थी। इसके बाद विद्यालय द्वारा भी उन्हें कई नोटिस जारी की गईं जिसका भी उन्होंने जवाब नहीं दिया। जिसकी वजह से बीएसए कार्यलाय द्वारा शिक्षिका को सेवा समाप्ति की नोटिस जारी की गई है। एक हफ्ते के अंदर साक्ष्यों के साथ शिक्षिका को कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा, नहीं देने पर उनकी सेवा समाप्ति कर दी जाएगी।

## एलडीए ने सील किया अवैध निर्माण

**लखनऊ।** अलीगंज में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गयी है। बिना एलडीए से स्वीकृत मानचित्र के निर्माण करने पर सीलिंग की की कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी के आदेश पर सील किया गया। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शिवाकान्त द्विवेदी के निर्देश पर शहर में हो रहे अवैध निर्माणों के विरूद्ध प्रवर्तन विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है। इसी के तहत विजय लक्ष्मी कौल पत्नी आदिल चन्द्रा कौल आदि द्वारा भूखण्ड संख्या बी-1/62, सेक्टर-एच, अलीगंज में स्वीकृत मानचित्र से अधिक निर्माण करने पर वाद संख्या 330/2020 दायर किया गया था। विहित प्राधिकारी ॠतु सुहास द्वारा 5 सित बर को इस निर्माण सील करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता प्रवर्तन जोन-4 कमलजीत सिंह के नेतृत्व में अवर अभियन्ता तथा क्षेत्रीय थाना पुलिस बल व प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से सील किया गया।

## गृहकर के बकायेदारों से वसूले 8.16 लाख

**लखनऊ।** बुधवार को जोन-8 में जोनल अधिकारी संगीता कुमारी के नेतृत्व में भवन संख्या एल-2/093/जी, सीपी/147/डी-1, एमडी-1/449/डी-1, सीपी/1/जी से कुल 8,16,991 बकाया गृहकर वसूल किया गया। भवन संख्या एमएमडी-1/374 द्वारा बकाया गृहकर 275153 रुपये का मौके पर भुगतान न करने पर भवन को सील कर दिया गया।

# लविवि में होगी 180 पदों पर शिक्षकों की भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### आज से विवि के एप पर शिक्षक लेंगे ऑनलाइन क्लास

विश्वविद्यालय के शिक्षक गुरुवार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्लेट एप पर अपनी कक्षाएं शुरू करेंगे। इसके साथ ही सार्वजनिक उपयोग के लिए विवि का नया कंप्यूटर केंद्र खोला जाएगा।

**पूर्व निर्धारित** घोषणा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती को लेकर विज्ञापन विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर कॅरियर पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

विवि में शिक्षकों के कुल 180 पद रिक्त हैं। इनमे असिस्टेंट प्रोफेसर के 80 पद और एसोसिएट प्रोफेसर के 62 पद तथा प्रोफेसर के 38 पद शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एलयू के ओर से पहली बार शिक्षकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन्हें भरने के लिए बीते चार साल से प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। पर किसी न किसी कारण से यह प्रक्रिया रुक जा रही थी। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने नई भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताया कि इसमें उम्मीदवार बिना किसी समस्या के यूनिवर्सिटी में विज्ञापित पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि एलयू में सभी डिपार्टमेंट में कुल 516 शिक्षकों के पद शासन से स्वीकृत थे। जिसमें से करीब 250 से अधिक पद 2016 के आते आते खाली हो गए थे। तब तत्कालीन वीसी प्रो. एसबी निमसे ने एलयू में खाली सभी पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। पर उनके जाने के बाद नए वीसी प्रो. एसपी सिंह के आने के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और 250 के सापेक्ष 100 पदों पर ही भर्ती हो सकी थी। इसके बाद पूर्व वीसी एसपी सिंह ने अपने कार्यकाल में दोबारा से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की। पर यूजीसी के नए रोस्टर सिस्टम के कारण यह प्रक्रिया नहीं शुरू हो सकती थी।

## चारबाग रेलवे स्टेशन से दो तस्कर गिरफ्तार, 60 किलो गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिहार से** गांजा की तस्करी का उसे लाकर राजधानी में बेचने वाले दो तस्करों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी मुखबिर कर सूचना पर चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर से की गई है। जीआरपी अधिकारियों की माने तो पकड़े गए गांजे की कुल करीब 10 लाख रुपए है। जीआरपी ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जीआरपी एसपी सौमित्र यादव के निर्देश पर इन दिनों अपराधियोंकी धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार दोपहर को चारबाग में तैनात निरीक्षक राजा भैया को सूचना मिली कि दो तस्कर स्टेशन परिसर में मौजूद हैं। जिसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म नंबर चार की घेरा बंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में भोजपुर बिहार निवासी गोरख प्रसाद से 35 किलो एवं यहीं के रहने वाले ओम प्रकाश से 25 किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 10 लाख रुपए है।

# नवागत मण्डलायुक्त रंजन कुमार ने संभाला कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नये मंडलायुक्त** रंजन कुमार ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। तत्कालीन मंडलायुक्त द्वारा चार्ज दिया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में कई बड़े त्यौहार जैसे दशहरा, मोहर्रम, दीपावली, दुर्गापूजा आदि का आयोजन हैं जिस दौरान नगरवासियों को शान्त एवं सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना तथा लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में है। शासन की प्राथमिकताओं को लागू कराने व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्ण कराया जायेगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है इसके लिये संदिग्ध केसों को चिन्हित कर, उनकी जांच करवाकर शीघ्र उनको चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ दिलाया जायेगा। व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का प्रयास किया जायेगा, जिससे समय से लोगों को उसका लाभ मिले और कोविड-19 के संक्रमण का प्रकोप कम हो सके।

## महापौर ने दीं 30 हजार आइवरमेकटिन टैबलेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कर्मचारियों को** सुरक्षित क रने के लिए एवं पीएम के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर महापौर ने आइवरमेकटिन टैबलेट निशुल्क दिया है। महापौर ने 30 हजार टैबलेट अपर नगर आयुक्त को सौंपा। बुधवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कोरोना से सुरक्षा के लिए 30 हजार आइवरमेकटिंन टैबलेट निश्शुल्क वितरण के लिए अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी को प्रदान की। द्वितीय चरण में 50 हजार और टेबलेट नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवार के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

RITES
राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएन न.: L74899DL1974GOI007227
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
महाप्रबंधक /EXPOTECH, राइट्स लिमिटेड निम्नलिखित के लिए भारतीय रेलवे उत्पादन इकाइयों (पीयू) के अनुमोदित विक्रेता से एकल पैकेट प्रणाली में ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है।
**वस्तु की मात्रा:** 60 (साठ) केप गेज यात्री कोच की संपूर्ण आंतरिक प्रस्तुत वस्तुओं की आपूर्ति, स्थापना, कमीशन और परीक्षण विद्युत सहित। **निविदा न.:** RITES/EXPO/05/MOZ/COACH FUR/01. **बयाना जमा (EMD):** रु. 25,00,000/- (भारतीय रुपए केवल पच्चीस लाख)। **समापन की अवधि:** 24 सप्ताह। **Bid जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 29.09.2020 11:00 hrs-IST तक।
Bid फॉर्म और अन्य विवरण वेबसाइट **http://ritesltd.com/** और सीपीपी पोर्टल **https://etenders-gov-in/eprocure/app** से प्राप्त किए जा सकते हैं। परिशिष्ट/Corrigendum, यदि कोई हो, केवल ऑनलाइन होस्ट किया जाएगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज
19-ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज।

**ऋणकर्ता:-** मेसर्स विनय वायर्स एण्ड पॉली प्रोडक्ट्स प्रा0 लि0, ऋणी/डायरेक्टर/प्रोपराइटर/जमानतकर्ता- श्री ब्रिजेश कनौडिया पुत्र हनुमान प्रसाद कनौडिया, श्री विनय कनौडिया पुत्र श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, श्रीमती गायत्री देवी कनौडिया पत्नी श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, श्रीमती श्वेता कनौडिया पत्नी श्री विनय कनौडिया एवं मेसर्स साइमन प्लास्ट प्रा0 लि0, **को इरादतन चूककर्ता घोषित करने हेतु कारण बताओ नोटिस एवं उनके द्वारा अभ्यावेदन/आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर।**

**ऋणी/डायरेक्टर- मेसर्स विनय वायर्स एण्ड पॉली प्रोडक्ट्स प्रा0 लि0, पता (1):-** 16/40, सिविल लाइंस, कानपुर नगर, पिन- 208001, (उत्तर प्रदेश). **पता (2):-** परिसर सं0- सी-2 से सी-5, यूपीएसआईडीसी, इंडस्ट्रियल एरिया साइट-।।, रनिया, कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश), **(2)- श्री ब्रिजेश कनौडिया** पुत्र हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(3)- श्रीमती गायत्री देवी कनौडिया** पत्नी श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(4)- श्री विनय कनौडिया** पुत्र श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **जमानतकर्ता:- (1)- श्री ब्रिजेश कुमार कनौडिया** पुत्र श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(2)- श्रीमती गायत्री देवी कनौडिया** पत्नी श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(3)- श्री विनय कनौडिया** पुत्र श्री हनुमान प्रसाद कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(4)- श्रीमती श्वेता कनौडिया** पत्नी श्री विनय कनौडिया, 26/21, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश), **(5)- मेसर्स साइमन प्लास्ट प्रा0 लि0,** 16/40 सिविल लाइंस, कानपुर नगर, पिन- 208001 (उत्तर प्रदेश)।

आपके उक्त खाते के सम्बन्ध में हम आपको सूचित करते है कि ब्याज एवं किस्त का भुगतान न होने के कारण आपका खाता बैंक की बुक में **दिनांक- 01.04.2018** को गैर निस्पादित आस्तियों के रुप में परिवर्तित हो गया है। हम आगे आपको सूचित करते है कि हमारे बैंक के विलफुल डिफॉल्टर्स के लिए गठित कार्यकारणी कमेटी ने छूट, कमीशन, कार्यो/ दस्तावेजों और लेखन के आपके कृत्यों के अधार पर आपके खाते की जांच के निर्देश के अनुसार कम्पनी द्वारा निष्पादित/ निष्पादन के द्वारा आपके फर्म/ उधारकर्ता/ जमानतकर्ता/ कम्पनी/ फर्म और उसके निदेशकों/ भागीदारों/ प्रोपराइटर/ जमानतदारों को निम्नलिखित आधारों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार इरादतन चूककर्ता के रुप में वर्गीकृत किया जायेगा।

यह देखा गया है कि हमारे साथ उधार लेने वाली कंपनी (मेसर्स विनय वायर्स एंड पॉली प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) की ऋण सुविधा वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान संतोषजनक रूप से नहीं चल रही थी, क्योंकि कुल 22 एलसीज जिसकी कुल राशि रु.22.81 करोड़ थी, डीवाल्व हो गई थी और वित्तीय कारणों से 10 चेक लौटाए गये। इसलिए श्री विनय कनौडिया, श्री बृजेश कनौडिया और श्रीमती गायत्री देवी कनौडिया, सहयोगी कंपनी में निदेशक क्रमशः 20 फरवरी, 25 फरवरी और 28 फरवरी 2015 को निदेशक पद से स्वयं हट गए। श्रीमती श्वेता कनौडिया पत्नी श्री विनय कनौडिया कंपनी की निदेशक बनी रहीं। उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि श्री विनय कनौडिया बैंकिंग के फायदें और नुकसान से भलीभांति अवगत थे। वे जानते थे कि चूंकि हमारी बैंक शाखा के साथ उनका खाता संतोषजनक नहीं था, व मेसर्स विनय वायर एंण्ड पॉली प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड की क्रेडिट रिपोर्ट का प्रतिकूल प्रभाव उनके द्वारा अपनी सहयोगी कंपनी के लिए पंजाब नैशनल बैंक से ऋण सुविधा लेने पर पड़ेगा। छोड़ने वाले निदेशकों ने इस्तीफा देने से पहले सहयोगी कंपनी में जमीन और अधिकृत पूंजी का प्रबंधन कर लिया था। इसलिए कंपनी के निदेशकों की ओर से किया गया कार्य सुविचारित और जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है।
कंपनी ने बिना पूर्व अनुमति के अन्य बैंकों के साथ चालू खाते खोले। देनदारों से प्राप्त धन को बैंक के माध्यम से संचालित नहीं किया गया था और इसलिए फंडों को परिवर्तित कर दिया गया था। कंपनी ने वित्तीय विवरण यानि बुक डेब्ट/ स्टॉक स्टेटमेंट में हेरफेर किया ताकि अतिरिक्त निकास अधिकार का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने दीर्घकालिक उद्देश्य के लिए अल्पकालिक कार्यशील पूंजी का उपयोग किया। सहयोगियों / संबंधित पक्षों के साथ अंतर्देशीय पत्र के माध्यम से राउंड ट्रिपिंग (संदिग्ध व्यापार)किया। पर्याप्त मात्रा में धनराशि को एक अज्ञात परस्पर जूड़ी पार्टियों को भुगतान किया गया है और कंपनी ने संबंधित पार्टी लेनदेन का खुलासा नहीं किया। जैसे विन स्किल डेवलपर्स जो शिक्षा/ प्रशिक्षण में शामिल हैं, जिसके निदेशक विनय कनौडिया और श्वेता कनौडिया हैं। वर्ष 2018-19 में मेसर्स वासु मेट प्लास्ट ने मेसर्स विनय वायर एंड पॉली प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को रु. 8.50 करोड़ और रु. 2.29 करोड़ का भुगतान किया। जैसा कि पीएनबी मॉल रोड शाखा में मेसर्स वासु मेट प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीसी हाइपो खाते में दिखाई दे रहा है, लेकिन सभी राशि अन्य बैंकों के साथ उधारकर्ता कंपनी के कुछ अन्य अज्ञात खातों में भेज दी गई। मेसर्स प्लास्टिक उत्पादों के साथ अंतर्देशीय पत्र क्रेडिट के माध्यम से संदिग्ध व्यापार लेनदेन करते पाया गया। फर्म की प्रोपराइटर श्रीमती अनुईया मालवीय पत्नी श्री चन्द्र नारायण मालवीय हैं। श्री चंद्र नारायण मालवीय दिनांक 24.06.2016 तक उधार लेने वाली कंपनी में तकनीकी निदेशक थे। फर्म हमारे साथ चालू खाता संख्या 006102/1719 और एसबीआई डाबौली शाखा कानपुर के साथ खाता सं0- 3353154372 का भी रखरखाव करती है। फंड परिवर्तन के अलावा, कंपनी धोखाधड़ी गतिविधियों में भी शामिल थी, जैसे कि, स्थानीय बैंक शाखा में स्थानीय रूप से स्थित आपूर्तिकर्ताओं और संबंधित पक्षों पर एलसी (लेटर ऑफ क्रेडिट) और उसी लेटर ऑफ क्रेडिट पर छूट देकर आपूर्तिकर्ताओं से फंड प्राप्त करने में सफल रहे। इस तरह के राउंड ट्रिप्ड लेनदेन में इस्तेमाल की गई लॉरी रसीदें/ चालान में हेरफेर किया गया। त्वरित धन के निशान को छुपाने के लिए भारी मात्रा में लेन-देन बिना किसी अंडरलाइन बिक्री / खरीद के खातों में किया गया।
उधारलेने वाली कंपनी के निदेशक श्री विनय कनौडिया, श्री ब्रिजेश कनौडिया श्रीमती गायत्री देवी कनौडिया जमानतकर्ता, श्रीमती श्वेता कनौडिया ने नई निजी लिमिटेड कंपनी मैसर्स वासु मेट प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स विन स्किल प्राइवेट लिमिटेड को निगमित किया है। मेसर्स वासु मेट प्लास्ट लिमिटेड एक ही प्रकार की व्यवसाय करने वाली कम्पनी है जो रनिया साइट- II, यूपीएसआईडीसी के प्लाट नंबर-बी -12 में एक ही इलाके में स्थित है। नई कंपनी मेसर्स वासु मेट प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिनांक 03.01.2013 अर्थात् ऋण लेने वाली कंपनी को ऋण की मंजूरी से एक वर्ष के भीतर ही निगमित किया गया था। कंपनी के निदेशक ने मेसर्स वासु मेट प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 0.4090 हेक्टेयर अचल संपत्ति खरीदी। उधार लेने वाली कंपनी यानी मेसर्स विनय वायर और पॉली प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने हमारे पास से प्राप्त धन का संयोजन किया और निधि को अपनी नई कंपनी में निगमित एवं निवेश किया। कंपनी और उसके सहयोगी के लाभ और हानि में असामान्य प्रवृत्ति देखी गई। 2011 से 2015 तक उधार लेने वाली कंपनी द्वारा लाभ की बुकिंग सुसंगत प्रतीत होती है, लेकिन अचानक 2016 में रु. 132.64 लाख का नुकसान दिखाया गया और इस हानि की प्रवृत्ति पर 2018 में बढ़कर रु. 259.86 लाख हो गई, जो कि बिल्कुल असमान्य है। 2015-16 से 2018 की अवधि के दौरान फर्जी गतिविधियां, धन के लेन-देन की असामान्य लेयरिंग और राउंड ट्रिपिंग, और फंड डायवर्जन, नए सहयोगियों का निर्माण और आयरन / स्टील पाइप यूनिट में व्यापार की मात्रा में तेजी से कमी दिखाई गई। 2015-16 के बाद से जब कंपनी घाटे में आ गई तब एक साथ कंपनी अपने निदेशकों और संबंधित पक्षों को असुरक्षित ऋण वापस कर रही थी। 2015 में यूएसएल का स्तर रु. 640.83 लाख था और 2018 तक लगातार घटकर रु. 268.94 लाख तक हो गया। इस प्रकार उधार लेने वाली कंपनी और उसके निदेशकों ने धोखाधड़ी को बढ़ावा देते हुए बैंक के साथ धोखा किया। उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण को अपने गैर-कानूनी, धनसम्बन्धी लाभों के लिए अपने सहयोगियों/ अन्य कंपनियों के बैंक खातों के माध्यम से बैंक का धन निकाल लिया। इसलिए बैंक ने दिनांक 19.12.2019 को इस खाते को धोखाधड़ी के रूप में घोषित कर दिया और दिनांक 06.01.2020 को आरबीआई को सूचित किया गया।
इस प्रकार,
A- यद्पि इकाई ऋणदाता के प्रति उक्त दायित्वों का सम्मान करने की क्षमता रखती है, फिर भी उसने ऋणदाता के प्रति अपने भुगतान / चुकौती दायित्वों को पूरा करने में चूक की है।
B- इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/ पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और ऋणदाता से प्राप्त वित्त का उपयोग उन विशिष्ट उद्देश्यों के लिए नहीं किया है जिनके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था, लेकिन अन्य प्रयोजनों के लिए धन को परिवर्तित कर दिया है।
C- इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान / पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और निधियों को खाते से निकाल लिया है, इसलिए धन का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सका जिसके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था, और न ही यूनिट में अन्य परिसंपत्तियों के रुप में धन उपलब्ध है।
भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतो का पालन करने के लिए, यदि आप चाहें तो आप हमारे कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता में गठित अधिकारियों की समिति के समक्ष विचार हेतु अपनी प्रस्तुति (पक्ष) जिसमें बैंक द्वारा आपको और आपके खाते को इरादतन चूककर्ता के रुप में क्यों न वर्गीकृत किया जाय, इस पत्र की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के अन्दर भेज सकते हैं। समिति आपको विलफुल डिफॉल्टर के रुप में वर्गीकृत करने के बारे में निर्णय लेने के लिए आपके द्वारा प्रस्तुत पक्ष के विषय में आपको व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने या न देने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
कृपया ध्यान दें कि बैंक द्वारा आपको विलफुल डिफॉल्टर घोषित करने के इरादे के खिलाफ आपका पत्र, इस पत्र की प्राप्ति की तारीख से-15 दिनों के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो बैंक आपके खाते को विलफुल डिफॉल्टर के रुप में वर्गीकृत करने की अग्रिम कार्यवाही करेगा। बैंक न्यूज पेपर में विलफुल डिफॉल्टर का नाम और तस्वीर प्रकाशित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक वसूली कार्यवाही शुरु करेगा।
यह सूचना विलफुल डिफॉल्टर्स पर अधिकारियों की समिति (COE) के निर्देशों के अनुसार जारी किया गया है।
दिनांक: 02.03.2020 स्थान- प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## कोरोना काल में मानसिक तौर पर स्वस्थ रहना बेहद जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना के** बढ़ते मामलों के बीच हर किसी को मानसिक तौर पर स्वस्थ रहना बेहद ही जरूरी है । आस-पास या मोहल्ले में कोविड.19 पाजिटिव केस के सामने आने के बाद मन में किसी भी तरह का वहम न पालें बल्कि अपने लिए समय निकालें और बचाव के सारे प्रोटोकाल का पालन करें । ऐसे में नियमित रूप से व्यायाम करना और योगा का सहारा लेना भी बहुत ही कारगर साबित हो सकता है। बुधवार को यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मनोचिकित्सा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने दी है।

उनका कहना है कि शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए जरूरी है कि आप मानसिक रूप से भी अपने को पूरी तरह से स्वस्थ रखें, क्योंकि स्वस्थ शरीर का मन से बड़ा गहरा नाता है । हर वक्त सक्रिय रहने और मनोरंजक गतिविधियों में व्यस्त रखने के साथ ही सकारात्मक विचारों से तनाव व चिंता से आसानी से बचा जा सकता है। विपरीत परिस्थितियों में सिगरेट, तम्बाकू या शराब का सहारा कदापि न लें, ऐसा करना शरीर के लिए बहुत ही नुकसानदायक साबित हो सकता है । डॉ. त्रिपाठी का कहना है कि कोरोना काल में तमाम तरह के बदलावों का हर दिन-हर किसी को सामना करना पड़ रहा है । ऐसे बदलावों के दौर में संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। कोरोना वायरस की जब तक वैक्सीन नहीं आ जाती या मुकम्मल इलाज की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक जरूरी सावधानी बरतना ही उससे बचाव का सही तरीका है। इसलिए जब भी बाहर निकलें मास्क जरूर लगाएं, हाथों को साबुन-पानी से बार-बार धोते रहें, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें, बाहर हर किसी से भी दो गज की दूरी बनाकर रखें, खांसते-छींकते वक्त टिश्यु पेपर या नैपकिन का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से व्यायाम और योग करें। जिस पर आप सबसे अधिक भरोसा करते हैं उससे अपने दिल की बात साझा करें । ऐसा करने से मन से चिंता और तनाव कम हो सकता है। किसी भी बात को लेकर दिमाग में लम्बे समय तक चलने वाली उधेड़बुन को खत्म करने का यह बड़ा ही सटीक जरिया बन सकता है। वहीं कोरोना काल में विश्वसनीय सूत्रों से मिलने वाली सूचनाओं को ही मानना जरूरी है, गलत व भ्रामक सूचनाएं किसी को भी दिक्कत में डाल सकती हैं । इसलिए सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें और सरकार व विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर दी जाने वालीं सूचनाओं को पुख्ता मानना चाहिए।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी इलाके के माई जी का पुरवा गांव निवासी 22 वर्षीय शुभम यादव की बुधवार की दोपहर तालाब में डूबने से मौत हो गई। खेत में काम कर रहे आसपास के किसान तालाब से उसे निकाल कर ट्रामा ले गए जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी सचिन कुमार सिंह के मुताबिक बुधवार की दोपहर एक बजे माई जी का पुरवा गांव निवासी शुभम खेत में पीटे जा रहे धान लेने के लिए ठेलिया लेकर गया था काम खत्म होने के बाद वह तालाब में नहाने चला गया तालाब की गहराई ज्यादा होने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह डूबने लगा। आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों ने उसे डूबता देख बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। किसानों ने उसे तालाब से बाहर निकालकर सूचना परिजनों को दी। पिता ब्रजेश के अनुसार शुभम रेलवे विभाग में संविदा कर्मी के तौर पर तैनात था।

## टीबी का पता लगाने के लिए बीबीएयू के पीएचडी छात्र ने विकसित किया इम्यूनो बायोसेंसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सही समय** पर बीमारी का पता न चल पाने के कारण टीबी से हुई मौतों का आंकड़ा अधिक है। यदि बीमारी का सही समय पर पता चल जाये तो यकीनन मृत्यु दर में काफी कमी आयेगी। इस दिशा में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के पीएचडी छात्र ऋषभ आनन्द ओमर ने इम्यूनो बायोसेंसर विकसित किया है। जो इस बीमारी का जल्दी पता लगाने और सटीक जानकारी देने में सक्षम है। ऋषभ ने डॉ. पंकज कुमार अरोरा सहायक प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी विभाग के मार्गदर्शन में एवं डॉ निशीथ वर्मा प्रोफेसर केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी कानपुर के सहयोग से एक इम्युनो बायोसेंसर विकसित किया है। उन्होंने टीबी के बैक्टीरिया द्वारा स्त्रावित प्रोटीन को बायोमार्कर की तरह और उसके विरुद्ध कुछ एंटीबॉडी का उपयोग करके इसे विकसित किया है। हालांकि इस बीमारी को पता करने के लिए कई पुराने तरीके उपलब्ध हैं परन्तु वो जल्दी और सटीक जानकारी देने के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

# नगर निगम ने 2.10 करोड़ से खरीदे 31 ट्रैक्टर, टैंकर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में सैनिटाइजेशन की कमी न हो इसके लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर, टैंकर की खरीद की गयी है। 2.10 करोड़ से 31 ट्रैक्टर एवं 5000 लीटर क्षमता के टैंकर खरीदे गए हैं। महापौर द्वारा झंडी दिखाकर शुरुआत की गयी है।

### कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए 110 वार्डों में होगा सेनेटाइजेशन

बुधवार को कोरोना महामारी (कोविड-19) की रोकथाम के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ ने 14वें वित्त आयोग की धनराशि 2.10 करोड़ से 31 ट्रैक्टर एवं 5000 लीटर क्षमता के 31 टैंकर खरीदे हैं। इन टैंकरों के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा घोषित कन्टेनमेंट जोन एवं समस्त 110 वार्डों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया जायेगा। महापौर संयुक्ता भाटिया ने बुधवार को शाम 4 बजे गोमती नगर स्थित केन्द्रीय कार्यशाला में ट्रैक्टर एवं टैंकर के कार्य का शुभारंभ हरी झण्डी दिखाकर किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड की कंपार्टमेंट परीक्षा 3 अक्टूबर को, जुबिली बना सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी बोर्ड** की इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा 3 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर राजधानी में राजकीय जुबली इंटर कॉलेज को एग्जाम सेंटर बनाया गया है। इस परीक्षा के दौरान राजधानी में हाई स्कूल के 62 और इंटरमीडिएट के 421 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को 45 मिनट पहले आना पड़ेगा। कोरोना संक्रमण को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। हाई स्कूल की कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट एग्जाम सुबह 8 बजे से 11.15 बजे तक और इंटर की कंपार्टमेंट एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट से एडमिट कार्ड ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। जो स्टूडेंट्स नहीं डाउनलोड कर पाएंगे वे अपने विद्यालय पर संपर्क कर एडमिट कार्ड को डाउनलोड करा प्राप्त कर सकते हैं।

## ड्यूटी कर वापस जा रही नर्सों को चेकिंग के नाम पर बस से उतारा, हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संजय गांधी** पीजीआई के राजधानी कोरोना हॉस्पिटल में मंगलवार रात को चेकिंग के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को गार्डों द्वारा बस से उतारने को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने हंगामा किया। कर्मियों के हंगामे पर संस्थान के निदेशक ने कहा है कि कर्मचारियों को ले जाने वाली बस की चेकिंग कर्मचारियों के बस में बैठने से पहले ही की जायेगी, कर्मचारियों के बैठने के बाद नहीं।

मिली जानकारी के अनुसार संस्थान के राजधानी कोरोना हॉस्पिटल में ड्यूटी करने के बाद रात्रि करीब 9 बजे जब स्टाफ वापस जाने के लिए बस में बैठ गया था। तभी वहां कई गार्ड आये और उन्होंने सबसे बस से उतरने को कहा कि हमें चेकिंग करनी है। मौके पर अन्य नर्सों के साथ ड्यूटी करके निकली संस्थान की नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा शुक्ला भी वहीं मौजूद थीं। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि हम लोग यहां दो जोड़ी कपड़ों में ड्यूटी करने आते हैं, हम लोग चोर दिखते हैं क्या। उनका कहना था कि यदि चोरी पकड़नी है तो सीसीटीवी कैमरे में देखिये कौन क्या चोरी कर रहा है, कहां चोरी हो रही है। काफी देर यह हंगामा चलता रहा। इस बीच सीमा शुक्ला ने फोन पर अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि सिर्फ बस की चेकिंग के लिए कहा गया है, किसी व्यक्ति की नहीं।

## जानकीपुरम बस अड्डे से चलेंगी छह सौ बसें

**लखनऊ।** जानकीपुरम बस अड्डे को एलडीए बोर्ड में मंजूरी मिलने के बाद परिवहन निगम नक्शा बदलाकर 600 बसें चलाने की तैयारी में है। अभी तक बस अड्डे निर्माण के लिए जो डिजाइन तैयार की गई थी उसमें 400 बसों चलाने का प्रस्ताव था। जोकि अब साढ़े चार एकड़ जमीन की डिजाइन में बदलाव करते हुए रोडवेज यात्रियों को व अपने कर्मियों को ढेरों सुविधाएं मुहैया कराएगा।लखनऊ का पांचवा व क्षेत्रफल में तीसरा सबसे बड़ा बस अड्डा जानकीपुरम में बनकर तैयार होगा। इस बस अड्डे को पीपीपी मॉडल अथवा शासन द्वारा तय किए जाने वाले कार्यदायी संस्था बनाएगी।

## मुख्यमंत्री ने जताया शोक आर्थिक सहायता की घोषणा

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनपद बलिया सोनभद्र व गोरखपुर में आकाशीय बिजली तथा जनपद आजमगढ़ में सर्पदंश से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## मोबाइल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लखनऊ ।** विकासनगर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के आरोप में एक नाबालिक समेत दो लोगों को पकड़ कर चोरी के दो मोबाइल बरामद किया है। इंस्पेक्टर विकासनगर ऋषिदेव सिंह ने बताया कि बुधवार को इंदिरानगर के तकरोही निवासी वीरेन्द्र राजपूत उर्फ अनुज व एक 16 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा गया। दोनों के पास से चोरी के दो मोबाइक बरामद किए गए।

## एकेटीयू का रिजल्ट 25 सितंबर को

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित अंतिम सेमेस्टर के नतीजे 25 सितंबर से जारी किए जाएंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से बुधवार को सूचना जारी की गई है। प्रवक्ता आशीष मिश्रा ने बताया कि 25 सितंबर से नतीजे जारी करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## रेलवे लाइन पर मिला सब्जी विक्रेता का शव

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के भदुआ गांव निवासी अनिल कुमार का शव बुधवार को गांव के बाहर रेलवे पटरी पर गोसाईंगंज पुलिस को मिला। मृतक अपने भाई के साथ सब्जी बेचने का काम करता था। पुलिस के अनुसार पिता राधेलाल ने शव की शिनाख्त की । जिसके बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। गोसाईंगंज पुलिस के अनुसार शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच की जाएगी ।

## कैट के लिए 23 सितंबर तक होंगे आवेदन

**लखनऊ।** इस बार कैट 2020 का संचालन कर रहे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 23 सितंबर तक बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 23 सितंबर तक कैट के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकते हैं। पूर्व निर्धारित तिथि 16 सितंबर निर्धारित थी। कैट रजिस्ट्रेशन विंडो 23 सितंबर की शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों को अपने फॉर्म में करेक्शन करने का मौका दिया जाएगा।

निविदा सूचना
**वि.क्षे.पिसांवा, जनपद-सीतापुर के संविलियन पू.मा.वि.पकरिया (पुरैना) में**
अध्ययनरत 186 छात्र / छात्राओं को दो सेट निःशुल्क यूनीफार्म वितरण हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदायें दिनांक 20.09.2020 की अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें 21.09.2020 को दोपहर 12 बजे खोली जायेंगी।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

निविदा सूचना
**वि.क्षे.पिसांवा, जनपद-सीतापुर के प्रा.वि.जिगनिया शिवराजपुर में**
अध्ययनरत 183 छात्र / छात्राओं को दो सेट निःशुल्क यूनीफार्म वितरण हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदायें दिनांक 20.09.2020 की अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें 21.09.2020 को दोपहर 12 बजे खोली जायेंगी।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

निविदा सूचना
**वि.क्षे.रामपुर मथुरा जनपद-सीतापुर के प्रा.वि.दैमलपुर में**
अध्ययनरत 190 छात्र/छात्राओं को एक-एक जोड़ी यूनिफार्म वितरण हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदायें दिनांक 20.09.2020 की अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें 21.09.2020 को दोपहर 12 बजे खोली जायेंगी।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना सं0–
05-DYCEGA-2020
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है – **क्र.सं.:** 1, **कार्य का विवरण:** गोरखपुर में–दुर्गा मन्दिर से सीसेई/विद्युत (आउटडोर) तक सड़क स०–16 के सुधार एवं चौड़ीकरण का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 8918859.07, **बयाने की राशिः** ₹ 178400.00, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः** 06 माह , **क्र.सं.:** 2, **कार्य का विवरणः** गोरखपुर में–12 माह के लिए मु०का0प्र0/पुल, उप मुइ/गो0क्षे0, तथा प्रमुई/कार्यालय के सभी शौचालयो एवं चेम्बरो के साथ–साथ हाल और बरामदा (मुख्यालय भवन) के सफाई का कार्य एवं सीनियर सब आर्डिनेट विश्रामालय, राप्ती अधिकारी विश्रामालय के 4 सूट, शारदा अधिकारी विश्रामालय के 6 सूट, वरूणा अधिकारी विश्रामालय के 30 सूट के साथ 4 डोरमेटरी के हाउसकीपिंग एवं कैटरिंग सर्विस तथा सफाई के कार्य हेतु सफाई कर्मचारी से कराने का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 2106186.00, **बयाने की राशिः** ₹ 42100.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹ 3,000.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः** 12 माह। **1.** ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 20.10.2020 को 11.00 बजे। **2.** ई–निविदा की बिडिंग तिथि 06.10.2020 से 20.10.2020 समय 10.59 बजे तक। **3.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजीनियर/
मुजाधि/डब्लू–99 गो0क्षे0
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं0 09794845955 पर एस.एम.एस करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता पर कराएं

● गड्ढामुक्त अभियान में ग्रामीण सम्पर्क मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जाए



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों के चल रहे गड्ढामुक्त अभियान में ग्रामीण सम्पर्क मार्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाए। मरम्मत व पैच वर्क के कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। अधिकारी इन कार्यों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें, जनता व जनप्रतिनिधि इन कार्यों पर नजर रखें। मिसिंग लिंक मार्गों को भी चयनित कर पूरा कराया जाय। उपमुख्यमंत्री बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक में विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल, पुलियों, आरओबी, फ्लाईओवर आदि जहां भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनकी भी मरम्मत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करा ली जाए। बरसात के दौरान जहां सड़के क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी भी सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि धार्मिक स्थलों व मेलों को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत भी शीर्ष प्राथमिकता पर करायी जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की माइक्रोलेवल पर मॉनिटरिंग की जायए निरीक्षण किया जाए। कार्य धरातल पर नजर आने चाहिये। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि लोक निर्माण विभाग की सभी योजनाओं को मूर्त रूप देने व अमलीजामा पहनाने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाए। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सांसद आदर्श गांवों में विश्वकर्मा जयन्ती से पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती तक (17 से 25 सितम्बर तक) विशेष अभियान चलाकर मरम्मत व चौड़ीकरण के कार्य अनिवार्य रूप से कराये जाएं। गौरतलब है कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस भी है। उन्होंने कहा कि सांसद आदर्श गांव में अगर कहीं रोड कनेक्टीविटी बाकी है, तो उसका प्रस्ताव लेते हुये कार्य कराया जाए। मौर्य ने निर्देश दिये कि डॉ. एपीजे कलाम गौरव पथ, मेजर ध्यानचन्द विजय पथ व जय हिन्द वीर पथ की योजनाओं का पूरा विवरण तैयार करते हुये सम्बन्धित सांसदों व विधायकों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में जनहित को देखते हुये सभी क्षेत्रों में संतुलित रूप से सड़क लघु सेतु, सम्पर्क मार्ग आदि के 5–5 काम चिन्हित किये जाएं।

## शिकायत अनसुनी किए जाने से परेशान किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मोहनलालगंज।** ट्यूबवेल कनेक्शन पर चेक मीटर लगाने में बरती जा रही लापरवाही से परेशान किसान ने बुधवार को डिवीजन आफिस में डीजल उड़ेलकर आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर मौजूद कर्मचारियों समेत अन्य लोगों ने फुर्ती दिखाकर किसी तरह उसकी जान बचाई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आनन–फानन उसके ट्यूबवेल पर चेक मीटर लगवाकर हरसंभव मदद का भरोसा देकर उसे समझा–बुझाकर शान्त कराया। कल्ली पश्चिम के बाबूखेड़ा निवासी कमल किशोर ने बताया मोहनलालगंज के कोराना गांव में उसकी जमीन है। फसल सिंचाई के लिए उसके पिता के नाम खेतों में ट्यूबवेल कनेक्शन है। कमल किशोर का आरोप है पिछले कई माह से उसके ट्यूबवेल का बिल अधिक आ रहा है। जिसे लेकर उसने कई बार मोहनलालगंज सेस तृतीय डिवीजन आफिस आकर चेक मीटर लगवाने की मांग की लेकिन आफिस के कर्मचारी रीडिंग के अनुसार बिल सही बताकर उसे टरकाते रहे।

# उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के 72 अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** में उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के 72 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। इस आशय की जानकारी कर्मचारी–अधिकारी संघ के पूर्व मीडिया प्रभारी डॉ. महेश बाजपेई ने दी है।

उन्होंने बताया कि महानिबंधक की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए राकेश कुमार द्वितीय, उत्तम कुमार श्रीवास्तव व राजेन्द्र कुमार चड्ढा को संयुक्त निबंधक के पद से निबंधक के पद पर व राम कृपाल मौर्य, सुबोध चंद्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र नाथ दीक्षित, कृष्ण कुमार, नन्द लाल प्रथम, संजय कुमार त्रिपाठी, विन्धेश पाण्डेय, संजय सिंह चौहान, अरूण कुमार अग्रवाल, देवी शंकर, मनोज कुमार जैन, कृष्णा नन्द पाण्डेय, अरूण कुमार द्वितीय, शिव प्रसाद को उप निबंधक के पद से संयुक्त निबंधक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। वहीं श्याम नारायण, पंकज कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार गुप्ताए मोहम्मद अजीज उल्ला, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जीवानन्द सिंह, शिव बालक कुशवाहा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, श्रीराम विश्वकमा, राजेश कुमार वर्मा, सुधीर सिंह, प्रेमानंद मिश्र, परिमल चतुर्वेदी, राम राखन सिंह, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव व हीरा लाल बारी को सहायक निबंधक के पद से उप निबंधक के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार विद्याकान्त, विपिन कुमार, शबीना फारूक, सर्वेश कुमार सिंह, कंचन दीक्षित, अनीता बोस, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, भगवती प्रसाद पंत, निरंजन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सगीर अहमद, अबरारूल हक, विजय कुमार, अजीत कुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार उपाध्याय, सुधीर कुमार को अनुभाग अधिकारी के पद से सहायक निबंधक के पद पर और दिनेश कुमार, भूपेन्द्र सिंह, पन्नू यादव, सौरभ श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब, ओन्कार श्रीवास्तव, रंजना, अम्बरीष पाण्डेय, कोमल चंद्रा, दुर्गेश कुमार सिंह, चंद्रेश कुमार विश्वकर्मा, ओमेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, सुनील कुमार, तृप्ति शिखर श्रीवास्तव, प्रियंका बाजपेयी, अरुणाभ शर्मा, शिखर श्रीवास्तव, चंदा पाण्डेय, एनब जाफरी, शिप्रा गुप्ता व वर्षा त्रिपाठी को समीक्षा अधिकारी के पद से अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

## उचित इलाज के अभाव में कोरोना मरीज की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उचित** इलाज के अभाव में कोरोना मरीज की मौत के बाद परिजनों ने निजी अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों को शांत कराया और तहरीर लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की सूचना दी।

जानकारी के मुताबिक हजरतगंज के एलआईसी विभाग में बाबू के पद पर तैनात दीनदयाल गुप्ता 56 वर्ष निवासी आरती नगर गढ़ी कनौरा थाना आलमबाग ने पिछली 12 तारीख को ऐशबाग पीली कॉलोनी स्थित बाल महिला चिकित्सालय में कोरोना की जांच कराई थी। उसके बाद बुलाकी अड्डा स्थित अवतार नर्सिंग होम में इलाज के लिए गए जहां उनको भर्ती कर लिया गया और उनकी जांच कराई गई जहां उनकी रिपोर्ट निगेटिव निकली। लेकिन इसी बीच मरीज द्वारा पूर्व में कराई गई जांच में शनिवार को कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई जिसके बाद दीनदयाल गुप्ता के परिवार को होम क्वेरेंटाइन कर दिया गया। वहीं अवतार नर्सिंग होम में भर्ती दीनदयाल को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने नर्सिंग होम संचालक राजेश कुमार यादव को इसकी जानकारी दी। इस बात की जानकारी होने के बाद भी संचालक द्वारा उनको ठीक कर देने की बात कहते हुए अस्पताल में ही रखा और मरीज के अलावा अस्पताल स्टाफ व अन्य मरीजों के साथ भी खिलवाड़ किया गया। इस बीच कोरोना का उचित इलाज न मिलने पर बुधवार की शाम दीनदयाल गुप्ता की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, दो घायल

**संवाददाता।** निगोहां

**बुधवार** को निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रामायण के दौरान महाभारत देखने को मिली जहां गांव में बड़े बाबा के देव स्थल पर हो रही अखण्ड रामायण पाठ के दौरान गांव के ही एक सिर फिरे बाबा ने पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान रामायण करा रहे युवक ने जब विरोध किया तो बाबा ने लाठियों से उनका सर फोड़ दिया जिसके बाद दोनों तरफ से मारपीट होने लगी इस मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा व दोनों ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

रामपुर गांव निवासी राज नारायण ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपने गांव में ही बड़े बाबा देव स्थल पर रामायण पाठ करा रहा थे इसी दौरान गांव के ही एक सिरफिरे बाबा रामसजीवन अपने बेटे संधीर के साथ मौके पर आए और रामयण पाठ को लेकर उल्टे सीधे शब्द बोलने लगे, यही नहीं बाबा ने रामायण के प्रति कई आपत्तिजनक टिप्पणी भी की जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता गया और देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे इस मारपीट में राजनरायन और दूसरे पक्ष से बाबा रामसजीवन के सर फट गए। दोनों पक्षों ने निगोहां थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। एसआई बद्री प्रसाद ने बताया कि रामायण पाठ में तंज कसने पर मारपीट हुई है। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेज दिया गया है और दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

## बीबीएयू में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 28 सितम्बर को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नए** सत्र में प्रवेश को लेकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय की प्रवेश परीक्षा 28 सितम्बर को होगी। इसके लिए राजधानी में पांच केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. कुक्षेन्द्र मिश्रा ने बताया की 28 सितंबर को पहली पारी 9 से 11 बजे के बीच होगी। इस पाली में बीसी, बीएससी इंफॉर्मेशन साइंस और बीटेक की सभी शाखाओं के अलावा बीएससी एवं पीएचडी वह एमफिल सहित करीब 31 कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। दूसरी पाली 2 से 4 बजे के बीच आयोजित होगी इस पाली में बीकॉम ऑनर्स बीकॉम एलएलबी सहित करीब 14 कोर्स की परीक्षा होगी। दोनों पालियों में परीक्षा के लिए लखनऊ में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए पूरे देश में 35 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों पर दोनों पालियों में करीब 10,000 विद्यार्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थी 22 सितंबर से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

## विवेक बने सपा के जिला सचिव



**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर ब्लाक के गुलाब खेड़ा गाँव निवासी विवेक यादव को समाजवादी पार्टी में लखनऊ जिले का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने बुधवार को मनोनीत जिला सचिव विवेक यादव को मनोनयन पत्र सौंप कर दृढ़ संकल्प के साथ संगठन में काम करने की उम्मीद की। इस दौरान मनोनीत जिला सचिव विवेक यादव ने भी कहा कि वह संगठन में मन लगाकर काम करने के साथ ही संगठन की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर जिला सचिव राजकुमार यादव, युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव दिलीप सिंह कृष्णा, महासचिव शब्बीर खान. सहित अन्य कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे

## 20 सितम्बर तक भुगतान न हुआ तो करेंगे घेराव

**लखनऊ।** महिला आशा ज्योति हेल्प लाइन (181) प्रोजेक्ट का मार्च 2019 से फरवरी 2020 तक का भुगतान न किए जाने से परेशान जीवीके ई एमआरआई के वेण्डर अर्चिता टूर्स एंड ट्रेवल्स, ओम साईं एसोसिएटस, फ्लाई वे इंटरप्राइजेस व वी सिक्योर फैसिलिटीज के संयोजक व अर्चिता टूर्स एण्ड ट्रेवल्स के निदेशक विजय कुमार मिश्रा ने प्रेस क्लब में बुधवार को पत्रकार वार्ता आयोजित की। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से महिला कल्याण व बाल विकास उप्र को पैसा रिलीज किए जाने के बाद भी विभाग द्वारा पैसा रिलीज नहीं किया जा रहा। जिसकी वजह से दो सौ परिवार सड़क पर आ गए हैं। हालात इतने बुरे हो गए हैं कि यदि आगामी 20 सितम्बर तक करीब 7 करोड़ रूप रिलीज नहीं किए गए अर्थात भुगतान नहीं हुआ तो मजबूर होकर जवाहर भवन महिला कल्याण व बाल विकास उप्र कार्यालय के पास धरना देंगे।

## सीएमएस आरडीएसओ कैम्पस में वर्चुअल खेलकूद समारोह संपन्न

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस द्वारा हाकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में वर्चुअल खेलकूद समारोह 'स्पर्धा–2020' का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत थाईलैण्ड एवं देश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभावान बाल खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस व खेलकूद से सम्बन्धित प्रविष्टियों को प्रतियोगिता हेतु भेजा तथापि सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को चयनित कर भव्य ऑनलाइन समापन समारोह में सम्मानित किया गया। स्पर्धा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि चेतन शर्मा, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी, ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति से बाल खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। चेतन शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में अनुशासन, एकता, सहयोग एवं सामन्जस्य की भावना का विकास होता है, और यही भावना आगे चलकर बच्चों को अच्छा नागरिक बनाती है।

## इंग्लैण्ड के दो विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्र का चयन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र हर्ष भटनागर ने उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के दो विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्र को इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लॉस्गो एवं यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग द्वारा उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है। हर्ष ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। सीएमएस के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 89 छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# सवा करोड़ का बजट फिर भी गन्दगी से जूझ रहे लोग

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सवा** करोड़ का बजट फिर भी मोहनलालगंज ब्लाक मुख्यालय की चौखट पर ही सैकड़ों लोगों की आबादी को लम्बे समय से जलभराव और कीचड़ गन्दगी की समस्या झेलनी पड़ रही है। जर्जर खड़ंजे पर जरा सी बारिश में ही आवागमन में परेशानी होती है फिर भी प्रशासन संकट मोचन मंदिर मोहल्ला वासियों की समस्या का निराकरण नहीं करा सका है।

मोहनलालगंज कस्बे में संकट मोचन मंदिर मोहल्ले में आवागमन का मुख्य मार्ग आज भी पक्की रोड में तब्दील होने को तरस रहा है। मोहल्ले में मौजूद तालाब को कूड़े.कचरे और अतिक्रमण के दानव ने सीमित कर दिया है। लिहाजा आमजन के सामने जल निकासी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। जरा सी बारिश के बाद तालाब से उफनाया पानी घरों की दहलीज तक पहुंच जाता है। आलम यह है कि मोहनलालगंज कस्बे और फुलवरिया को जोड़ने वाले इस जर्जर



खड़ंजे की शुरुआत में ही जलभराव और कीचड़ गन्दगी की समस्या मोहल्ले में मच्छरजनित बीमारियों को न्योता दे रही है। ग्राम पंचायत को लाखों की पंचायत निधि और बीडीसी में तकरीबन सवा करोड़ का वार्षिक बजट आवंटित होने के बावजूद ब्लाक प्रशासन के अधिकारी लम्बे समय बाद भी यहां जल निकासी के लिए नाला और आवागमन के लिए बेहतर रोड का निर्माण नहीं करा सके हैं। नतीजतन मोहल्ले वासियों को प्रतिदिन जलभराव कम करने के लिए फावड़ा थामकर जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

**पीडब्ल्यूडी की लापरवाही ने बढ़ाई समस्या**

संकट मोचन मंदिर मोहल्ले में पिछले वर्ष बारिश के दौरान जल भराव की समस्या को लेकर ब्लाक और तहसील अधिकारियों से लेकर सीडीओ मनीष बंसल तक ने मौका मुआयना कर पीडब्ल्यूडी को बनी रोड की चोंक पड़ी पुलिया खुलवाने और नाला निर्माण कराने का निर्देश दिया। तत्कालीन डीएम कौशलराज शर्मा ने भी शिकायत पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाई। लेकिन अधिकारियों की नींद अब तक नहीं टूट सकी है। लापरवाही को लेकर विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ने विधानसभा में सवाल किया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी...

**बीडीओ** अजीत कुमार सिंह ने बताया कुछ माह पूर्व ही उन्होने कार्यभार संभाला है इसलिए इस मामले की जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत में इस समय फण्ड की समस्या है और बीडीसी की कार्य योजना भी फाइनल होकर स्वीकृति के लिए जा चुकी है। फिर भी मौका–मुआयना कर समस्या का यथासंभव समाधान कराने की कोशिश की जाएगी।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि हमारे मुव्वकिल गांव सरहट, तहसील मानिकपुर, जिला चित्रकुट, उत्तर प्रदेश मे स्थित लगभग 234 एकड़ भूमि (जिसे इसके पश्चात् **विशय भूमि** कहा गया है) को उसके मालिकों से खरीदने के इच्छुक हैं। विशय भूमि का विवरण मालिकों सहित नीचे शेडयूल मे दिया गया है।

उपरोक्त को मद्येनजर रखते हुए यह सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, साझेदारी फर्म, सीमित देयता भागीदारी, हिन्दू अविभाजित परिवार, कम्पनी, कॉर्पोरेट इकाई सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, गैर–बैंकिग वितीय कंपनी, फर्म, व्यक्तियों का संघ, व्यक्तियों की संस्था, जिसका निगमन किया हो या न किया हो, ऋणदाता, या लेनदार जिनका विशय भूमि या उसके किसी भी हिस्से पर दावा, मांग, हिस्सा, अधिकार चाहे किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में है या किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या किसी विक्रय, अदला–बदली, आंबटन, सुपुदर्गी, दान, वक्फ, अधिभोग अधिकार, देखभाल–अधिकार, किरायेदारी, पट्टा, उप–पट्टा, विरासत, वसीयतनामा, पत्र, प्राबेट, गिरवी, संरक्षण, समझौता करार, कुर्की, विचाराधीन वाद, अनुबंध/समझौता, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, अतिकमण, समझौता, विकास का अधिकार, संयुक्त विकास अधिकार, उप–विकास, परियोजना प्रबंधन, संयुक्त उद्यम, साझेदारी, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश या वैधानिक प्राधिकरण द्वारा आदेश, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो या सम्पति के संबंध मे किसी भी अन्य अधिकार या किसी भी प्रकार के दायित्व, प्रतिबद्वता, मांग हो या चाहे किसी भी प्रकार से सम्पति के दस्तावेजों कब्जे मे हो, जो विशय भूमि या उसके किसी हिस्से को प्रभावित करते हो ऐसी इकाई /व्यक्ति का सूचित किया जाता है कि ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 14 (चौदह) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित मे अपने हिस्से, दावे और हेतू नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ सूचित कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशय भूमि के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है एवं ऐसी स्थिति मे किसी भी प्रकार के दावे या आपत्ति को हर आशय एवं उद्येशय हेतू माफ या त्यागा हुआ माना जायेगा एवं नीचे वर्णित मालिकों का विषय भूमि पर पूर्ण, स्पष्ट एवं बाजारयोग्य अधिकार एवं स्वामित्व माना जाएगा।

**ग्राम सरहट तहसील मानिकपुर जिला चित्रकुट उत्तर प्रदेश में विशय भूमि का विवरण**

| खसरा विवरण | रकबा (हैक्टर) | रकबा (एकड़) | वर्तमान मालिकों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 260 मिन, 260/1 | 1.417 | 3.501 | रूद्रा प्रसाद, दर्गा प्रसाद, कैलाश बाबु पुत्रान राम प्रताप |
| 249/2, 260/1 | 0.394 | 0.973 | सुरेश प्रसाद, अवधेश प्रसाद पुत्रान राम प्रकाश |
| 222/1, 228, 229, 249/1, 250 | 2.915 | 7.852 | सुरेश प्रसाद, अवधेश प्रसाद पुत्रान राम प्रकाश |
| 223, 224, 225 | 0.945 | 2.335 | सत्य नारायण पुत्र कुढ़ाई उर्फ रामेश्वर |
| 219/1, 220, 226, 227, 231 | 2.187 | 5.404 | चनद्रिका प्रसाद, राम मिलन एवं मकसुदन पुत्रान हीरा लाल |
| 230 मिन, 248 मिन, | 0.276 | 0.681 | संतोश कुमार एवं बद्री विशाल पुत्रान बाबुलाल |
| 172/1, 173, 177/2, 178, 179, 180, 181, 182/3, 210, 211, 212 | 20.545 | 50.766 | अखिलेश प्रसाद, अंन्नत कुमार (पुत्रान), जगियाबाई (पत्नी) रामसुन्दर रामकिशोर पुत्र चन्द्रा भोखर |
| 209/2, 215/1, 221/4 | 0.682 | 1.685 | ज्ञानेश्वर प्रसाद, उदयभान एवं अरूण प्रसाद पुत्रान द्वारका प्रसाद |
| 61, 63, 64/2, 71, 72, 73, 82 83, 84, 89, 182, 184, 185, 86, 88 | 13.007 | 32.14 | दयाशंकर, राम गोपाल (पुत्रान), बाबू (पत्नी) रामस्वंयम्बर रामनरेश, तीरथ प्रसाद पुत्रान कोडु, अवध नरेश, राम किशोर, राम नारायण पुत्रान भोला बाबू लाल, संतोश कुमार पुत्रान माखन लाल छितानी पुत्र गया प्रसाद राजेश कुमार, राकेश कुमार, संतोश कुमार, विमलेश कुमार पुत्रान बच्चा सोनू, मोनू (पुत्रान), दीनू (नाबालिग पुत्र), सुमीला (पत्नी) (उत्तराधिकारी) राजेन्द्र कुमार |
| 184/2/4 | 0.49 | 1.21079 | दयाशंकर, राजेन्द्र, रामगोपाल पुत्रान स्वंयम्बर बाबू पत्नी स्वंयम्बर |
| 89 | 1.785 | 4.408 | चुनकी पत्नी रामचन्द्र, शिव कुमार पुत्र महेश प्रसाद भीतल प्रसाद एवं बाबू लाल पुत्रान लाला राधे एवं शिवमूरत पुत्रान बच्चा राज कुमार एवं संजय यादव (पुत्रान), बीना यादव (पत्नी) शिववरण |
| 64 क, 72, 73, 82, 84, 182, 184, 185, 61, 63, 64, 66, 71, 72, 83, 86, 184, 185 | 12.675 | 31.32 | शिव कुमार पुत्र महेश प्रसाद, भीतल प्रसाद एवं बाबू लाल पुत्रान लाला, राधे एवं शिवमूरत पुत्रान बच्चा राज कुमार एवं संजय यादव (पुत्रान), बीना यादव (पत्नी) शिववरण |
| 175, 176/2 | 2.984 | 7.373 | नवीन कुमार, शिशिर कुमार, क्षितेश कुमार, वरूण कुमार पुत्रान सुरेन्द्रा प्रसाद |
| 61, 63, 64/2, 71, 72, 73, 82, 83, 84, 86, 88, 89, 184, 185 | 13.327 | 32.931 | लवलेश कुमार पुत्र छेदीलाल, रामनारायण पुत्र केदार रामचरण पुत्र केदार |
| 182 | 0.202 | 0.498 | लवलेश कुमार पुत्रा छेदीलाल, रामनारायण पुत्र केदार |
| 175/2 | 2.1 | 5.189 | अवधेश कुमार पुत्र रामप्रकाश कमला देवी पत्नी अवधेश प्रसाद |
| 175/3 | 2.922 | 7.217 | अवध नरेश एवं अवध बिहारी पुत्रान रामेश्वर |
| 222/2 | 0.7 | 1.729 | अवध नरेश पुत्र रामेश्वर |
| 177/1 | 2.8 | 6.918 | बृज किशोर, महेश प्रसाद पुत्रान मीठा लाल उमेश कुमार, गणेश प्रसाद, गोपाल चन्द्रा, संतोश कुमार पुत्रान मेवालाल विनोद कुमार, गुड्डू पुत्रान आन्नदी |
| 182/2 | 0.805 | 1.989 | किशुना, राजा पुत्रान गजराज, रामनारायण उर्फ लालू पुत्र होरिल दिनेश, बच्चेलाल, भोरमन पुत्रान भाोभा, रामचरण पुत्र केदार |
| 184/2/2, 185/3 | 2.512 | 6.204 | किशुना, राजा पुत्रान गजराज, रामनारायण उर्फ लालू पुत्र होरिल दिनेश, बच्चेलाल, भोरमन पुत्रान भाोभा |
| 184/1/3 | 0.525 | 1.296 | किशुना, राजा पुत्रान गजराज, रामनारायण उर्फ लालू पुत्र होरिल दिनेश, बच्चेलाल, भोरमन पुत्रान भाोभा, गुडिया पत्नी रामनरेश कलावती पत्नी रामविलास, रामकली पत्नी माताबदल |
| 221, 222/4, 209/1 | 2.879 | 7.114 | ज्ञानेशवर प्रसाद पुत्र द्वारका प्रसाद, उदयभान पुत्र द्वारका प्रसाद अरूण कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद, चन्द्राशेशर पुत्र बैजनाथ अखिलेश एवं अंन्नत कुमार पुत्रान रामसुन्दर जगियाबाई पत्नी रामसुन्दर |
| 222/3, 219/2 | 0.052 | 0.128 | राम गुलाम पुत्र नत्थु, शिव प्रसाद पुत्र नत्थु कामता पुत्र जगननाथ |
| 176/3, 260 मिन, 175/4, 260/1. | 1.585 | 3.916 | अवधेश प्रसाद पुत्र रामप्रकाश |
| 172/2 | 1.846 | 4.561 | गिला पुत्र गुन्डा, छोटा नाबालिग पुत्र मायाराम संरक्षक गेंदिया बलिया पत्नी मायाराम |
| 225/6/2 | 0.07 | 0.172 | अम्बुज कुमार पुत्र रामप्रकाश |
| 230/1 | 0.254 | 0.627 | रामेश्वर प्रसाद, रामविशाल, संतोश कुमार, बद्री विशाल पुत्रान बाबूलाल |
| 230 मिन, 248 मिन | 0.276 | 0.681 | कमलेश कुमार एवं विमलेश कुमार पुत्रान रामसुफल रामेश्वर एवं राम विशाल पुत्रान बाबू लाल |
| 248/2 | 0.298 | 0.736 | बेला प्रसाद पुत्र ठेगी |
| 88 | 0.247 | 0.610337 | शिव कुमार पुत्र महेश प्रसाद, भीतल प्रसाद एवं बाबू लाल पुत्रान लाला राधे, शिवमूरत एवं शिव नारायण पुत्रान बच्चा सूरदास पुत्र चन्द्रापाल, भाशिकला पत्नी लाल चन्द्रा |
| 260 मिन | 0.359 | 0.887089 | सुरेश प्रसाद पुत्र राम प्रकाश |

हस्ताक्षर
वैभव सूरी /मंजुल मंत्री अधिवक्ता
103, अशोका स्टेट, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
दूरभाष; 011–41215100
E-mail: vsuri@luthra.com & mmantri@luthra.com

# डीएम ने विद्युत वितरण खंड प्रथम के कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता। अयोध्या



**निरीक्षण** के दौरान कार्यालय में कोविड हेल्पडेस्क संचालित अवस्था में पाया गया किंतु आगंतुक रजिस्टर में 11 सितंबर के उपरांत कार्यालय में आने वाली किसी भी आगंतुक का नाम अंकित नहीं पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यालय में आने वाले सभी व्यक्तियों की अनिवार्य रूप से थर्मल स्कैनिंग कर उसका नाम व अन्य विवरण आगंतुक रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिविर सहायक विनोद कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी सहायक श्रीमती नजबुन निंशा, रवींद्र कुमार व बृजेश पटेल, अपर अभियंता रंजीत कुमार तथा टेक्निकल ग्रेड.।। (विद्युत) अजय प्रकाश तिवारी पाये गए अनुपस्थित। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर 3 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिकायत रजिस्टर मांगे जाने पर एक्सईएन विद्युत प्रथम ने बताया कि कार्यालय में शिकायत रजिस्टर नहीं बनाया गया है इसके स्थान पर डायरी रजिस्टर को दिखाया गया जिसमें कार्यालय में आने वाली सभी शासकीय पत्र व शिकायतों पत्र को अंकित किये गए थे। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को शासकीय एवं शिकायत प्रार्थना पत्रों का अलग-अलग रजिस्टर बनाने तथा शिकायत रजिस्टर में शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, तिथि आदि के साथ ही शिकायत का सार भी अंकित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग जनता की सुविधाओं से सीधा जुड़ा हुआ विभाग है जिससे यहां पर रोजाना बहुत सी शिकायतें आती होगी। इन सभी शिकायत प्रार्थना पत्रों का इसमें अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए तथा सभी शिकायत प्रार्थना पत्रों का समयवद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए निस्तारण आख्या भी शिकायत रजिस्टर में अंकित की जाए।

## राजर्षि दशरथ स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ली उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में कोविड-19 की जांच हेतु उपलब्ध सुविधाओं, ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता आदि की जानकारी ली तथा कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी के माध्यम से विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं व चिकित्सकों के भ्रमण के समय, वार्डों व शौचालयों की साफ.सफाई आदि का लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय के फ्लू ओपीडी में कोरोना की आरटी.पीसीआरए रैपिड एंटीजन व ट्रू.नॉट तीनों प्रकार की जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं किंतु बहुत कम संख्या में लोग यहां पर कोरोना की जांच कराने हेतु आ रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय चिकित्सालय दर्शन नगर के फ्लू ओपीडी में कोविड.19 के आरटी पीसीआरए रैपिड एंटीजन व ट्रू.नॉट तीनों प्रकार की जाँचों हेतु सैंपलिंग का कार्य रोजाना प्रात: 8:00 बजे से सांय 2:00 बजे तक किया जाता है उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में कोरोना के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो वह प्रात: 8:00 बजे से शाम 2:00 बजे के बीच चिकित्सालय के फ्लू ओपीडी में आकर कोरोना की जांच अवश्य कराए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार ने अवगत कराया कि चिकित्सालय में पर्याप्त संख्या में आक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की स्थापना हेतु यथाशीघ्र टेंडर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट की स्थापना हो जाने से जनपद में ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता की पूर्ति के साथ.साथ आसपास के जनपदों को भी इसका लाभ मिलेगा। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम में लगाए गए सीसीटीवी के माध्यम से विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओंए चिकित्सकों के भ्रमण के समयए वार्डों व शौचालयों की साफ.सफाई आदि का जायजा लिया तथा कोरोना वार्डों के अंदर तीमारदारों के रहने पर रोक लगाने के निर्देश दिए आवश्यकता पड़ने पर फोन के माध्यम से संपर्क कर उसे संक्रमण से बचाव के सभी उपायों का अनुपालन कराते हुए ही वार्ड में प्रवेश दिया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की फोन के माध्यम से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य व उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

## चोरी की बाइक, असलहा के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**तिवारीपुर** थाने के टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर शाहनवाज व उसके साथी को चोरी की बाइक, असलहा व 8 मोबाइल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसएसपी जोगिंदर कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तिवारीपुर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने थाने के टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर शाहनवाज व उसके साथी को डोमिनगढ़ पुल के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल, 8 एंड्राइड मोबाइल, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी कोतवाली बी.पी. सिंह व एएसपी शशांक सिंह ने बताया कि तिवारीपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की थाने का टॉप टेन हिस्ट्रीशीटर अपने साथी के साथ चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइल बेचने की फिराक में डोमिनगढ़ जाने वाला है। सूचना पर तिवारीपुर पुलिस ने डोमिनगढ़ पुल के पास घेराबंदी करके दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शाहनवाज हुसैन पुत्र इल्तेजा हुसैन निवासी इस्लामचक थाना तिवारीपुर, सलाउद्दीन उर्फ सोनू निवासी बख्तियार मोहल्ला थाना तिवारीपुर बताया। क्षेत्राधिकारी कोतवाली बी.पी. सिंह ने बताया कि शाहनवाज के ऊपर तिवारीपुर थाने 17 मुकदमा पंजीकृत है। यह काफी शातिर किस्म का अपराधी है जो दिन-दहाड़े हुई लूट जैसे जघन्य अपराध करता है। इसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय, गुरु प्रसाद, विकास कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, शत्रुजीत सिंह, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल अजहर खान, सुधीर वर्मा शामिल रहें।

## क्विक न्यूज

### सेवा सप्ताह के अन्तर्गत विधायक ने की सफाई

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण विधायक ने अपने हाथों फावड़ा और बेलचा चला कर सफाई की। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में अलग-अलग दिन तरह-तरह के कार्यक्रम होंगे। 17 सितम्बर को देश के प्राधनमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और उनके 70 साल पूरे होंगे। जिसको लेकर उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में बीजेपी द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन हो रहा है। उसी के उपलक्ष में आज ग्रामीण विधायक विपिन सिंह द्वारा अपने क्षेत्र में ग आयोजित सेवा सप्ताह के तहत मुहुईसुधरपुर वार्ड के शक्ति नगर कॉलोनी और महेवा के वर्मा कॉलोनी में सफाई किया।

### अल्पसंख्यक ऑनलाइन करें शिकायत

**गोरखपुर।** निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ.प्र. के माध्यम से भारत सरकार अल्पसंख्यक आयोग की ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली हेतु शिकायत पोर्टल ूण्दबउण्दपबण्पद का व्यापक प्रचार कराने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में जनपद में स्थित मदरसों के प्रबंधको/प्रधानाचार्यों सहित आम जनमानस से अपेक्षा की जाती है कि भारत सरकार अल्पसंख्यक आयोग की वेबसाइट ूण्दबउण्दपबण्पद पर अपनी शिकायतों का ऑनलाइन निवारण हेतु उक्त शिकायत पोर्टल का उपयोग कर अपना समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दी है।

### एक दिन का वेतन बाधित

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी तथा अपर आयुक्त न्यायिक रतिभान ने आज जनपद के मुख्य अभियंता (गण्डक) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अधीक्षण अभियंता नलकूप मण्डल, अधिशासी अभियंता ट्यूबेल डिविजन प्रथम, अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मण्डल प्रथम तथा अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मण्डल द्वितीय कार्यालय का निरीक्षण किया जहां 2 अधिकारियों सहित कुल 44 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (गण्डक) सिंचाई एंव जल संसाधन विभाग कार्यालय में 11, अधीक्षण अभियंता नलकूप मण्डल कार्यालय में 12, अधिशासी अभियंता ट्यूबेल डिविजन प्रथम कार्यालय में 07, अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मण्डल प्रथम कार्यालय में 09 तथा अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मण्डल द्वितीय कार्यालय में 05 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पायें गये। सभी का एक दिन का वेतन बाधित किया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव के एक 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त 4 वर्ष बाद पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। बतातें चलें कि 2016 में पचौरी निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी का हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मदरिया निवासी अशोक कुमार उर्फगोलू पुत्र राजकुमार ने अपहरण कर दुष्कर्म किया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफपास्को अधिनियम से संबंधित मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को सुबह 9.30 बजे के करीब थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र राव अपने हमराही कां. लालवचन यादव, बृजेश यादव और रामदुलारे यादव के साथ सन्दिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी मुखबीर ने सूचना दिया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी कटघर चौराहे पर खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कटघर चौराहे पर पहुच गयी और मुखबीर के इशारे पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुल्म कबूल किया।

### आबकारी एक्ट में अभियोग पंजीकृत

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 7 खजनी कृष्ण कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 06, गोला अमित कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त नेतृत्व में अटल मार्का ईंट भट्टा, ग्राम विहारी बुजुर्ग थाना खजनी पर दबिश किया गया। दविश के दौरान 28 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर लगभग 800 किग्रा. लहन एवं अवैद्य शराब बनाने का उपकरण मौके पर नष्ट करने के साथ 04 भट्ठियां तोड़ी गयी। सुसंगत धारा में 1 अभियोग पंजीकृत किया गया। कार्यवाही में शिवसागर, ऋतुप्रकाश चौधरी, विन्दु कुमार, अनिल कुमार चौधरी, जगदीश प्रसाद शामिल रहें।

### सदर सांसद ने रेलवे अस्पताल को बदलने का मुद्दा उठाया

**गोरखपुर।** बुधवार को गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने संसद में ललित नारायण मिश्र केंद्रीय चिकित्सालय पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को मेडिकल कॉलेज के रूप में उच्चीकृत करने की माँग की। सांसद रवि किशन ने कहा कि गोरखपुर का रेलवे चिकित्सालय जो भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अधीन है, आमजन, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की सेवा करता आ रहा है। इस अस्पताल में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की बहुत कमी है। इस कमी के कारण यहाँ आने वाले गंभीर रोगियों को दूसरे जगह स्थानांतरित करना पड़ता है। यदि इसे मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाए तो यहाँ कर्मचारियों का इलाज और छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई का सौभाग्य प्राप्त होगा। मैं रेल मंत्री से इस कार्य को करने की अनुरोध करता हूँ। सांसद ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद पूर्वांचल के कई जिलों के छात्रों को शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इससे गोरखपुर के लोगो के साथ जनपद से सटे कई जिलों के लोगों को भी चिकित्सा लाभ और तेजी से होगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

**बीकापुर, अयोध्या।** बीकापुर थाना क्षेत्र के पातूपुर मजरा पूरे मैना पडाइन का पुरवा निवासी एक विवाहिता ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया पातूपुर निवासी शोभावती उम्र 56 पति वीरेंद्र पांडे ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों में चर्चा है कि एक पुत्र काफी नशेड़ी था जो अक्सर अपनी मां को मारता पीटता है जिससे परेशान होकर महिला ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के दौरान मौत हो गई।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ सपा 21 को करेगी प्रदर्शन

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार को जनविरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी ने अब प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन का मन बना लिया है। आने वाली 21 सितंबर को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन करके समाजवादी पार्टी सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। अयोध्या जिले में भी इस बार इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाने का इरादा समाजवादी पार्टी ने किया है इसके लिए पार्टी के दिग्गजों को विभिन्न तहसीलों की जिम्मेदारी सौंपते हुए आंदोलन को धारदार बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आज समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुखातिब समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में तहसीलों पर 21 सितंबर को धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को वाकिफ कराया जाएगा ।

## पातूपुर का कोटा चुनाव में प्राची स्वयं सहायता समूह को 280 से जीत हासिल

**बीकापुर, अयोध्या।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूर्व निर्धारित 16 सितंबर को बैठक में आए ग्राम वासियों के ग्राम पंचायत पातूपुर में प्राची स्वयं सहायता समूह और बजरंग बली स्वयं सहायता समूह ने दावेदारी पेश किया। जिसमें प्राची स्वयं सहायता समूह के पक्ष में 373 ग्राम वासीऔर बजरंग बली स्वयं सहायता समूह के पक्ष में मात्र 93 पक्ष में रहे। 16 सितंबर को ग्राम पंचायत की बैठक आहूत कर कोटा चयन की कार्यवाही समय अपराहन 12रू00 बजे से प्राथमिक विद्यालय बल्लीपुर पातूपूर परिसर में ग्राम प्रधान गीता वर्मा की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई। कोटा चयन की इस बैठक में प्राची स्वयं सहायता समूह एवं बजरंग बली स्वयं सहायता समूह ने लिखित रूप से आवेदन प्रस्तुत कर कोटा अपने . अपने पक्ष में करने की मांग की।मौके पर मौजूद ग्राम वासियों ने प्राची स्वयं सहायता समूह के पक्ष में 373 लोगों ने समर्थन दिया वहीं बजरंग बली स्वयं सहायता समूह के पक्ष में मात्र 93 लोग खड़े दिखाई दिए। जिससे प्राची स्वयं सहायता समूह को 280 की बढ़त मिलने पर इस समूह के पक्ष में कोटा आवंटित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की कार्यवाही विकास खंड बीकापुर के प्रभारी खंड विकास अधिकारीध्उप जिलाधिकारी स्वप्निल यादव के उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में कोविड.19 के नियमों का पालन किया गया । बैठक में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, रमाशंकर सिंह एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पवन कुमार विनोद कुमार, सुरेश कुमार वर्मा एवं रवि कुमार सहित कोतवाली बीकापुर के कोतवाल सहित दर्जनों पुलिस बल भी उपस्थित रहे।

## सुविधा शुल्क लेने पर ग्राम विकास अधिकारी व सफाई कर्मी निलंबित

**अम्बेडकरनगर।** मोदी सरकार भ्रष्टाचार पर प्रहार करने का लगातार प्रयास कर रही है लेकिन कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कटेहरी विकास खण्ड के ग्राम विकास अधिकारी रवीन्द्र वर्मा का सामने आया है। शाहपुर परासी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रवीन्द्र वर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ हैं जिसमें वह काम के बदले पैसे की मांग कर रहे हैं। इस वीडियों के वायरल होने के बाद जिला पंचायतराज अधिकारी सदाशिव पाण्डेय ने ग्राम विकास अधिकारी रवीन्द्र वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलम्बन अवधि में उन्हें कटेहरी विकास खण्ड मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है तथा एडीओ पंचायत भियांव को जांच अधिकारी नामित किया गया है। इसके अलावां सुविधा शुल्क लेने में सहयोग करने वाले सफाई कर्मी लालता प्रसाद को भी निलंबित कर दिया गया है। सफाई कर्मी के निलंबन की जांच एडीओ पंचायत भीटी को सौंपी गई है।

## रेलवे बोर्ड चेयरमैन के साथ सांसद की हुई बैठक, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम विकसित व पयर्टन नगरी बनाने के लिए सभी बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पयर्टकों को रेल यातायात की सभी सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए आज सांसद लल्लू सिंह ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व बोर्ड सदस्य यातायात के साथ दिल्ली में बैठक के बाद बताया कि गंगा सतलुज किसान एक्सप्रेस व ओखा गोवाहाटी पूर्व की भांति अयोध्या फैजाबाद होकर ही चलेगी और रामघाट हाल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देकर सभी प्रकार की यात्री सुविधा मुहैया कराने, फैजाबाद स्टेशन का अयोध्या की भांति सम्पूर्ण व समुचित पुर्ननिर्माण व सौन्दर्यीकरण करानेए अयोध्या कोल साईडिंग को तत्काल बंद करने, फैजाबाद माल गोदाम का स्थानांतरण, फैजाबाद से मुम्बई चलने वाले साकेत ट्रेन को प्रतिदिन करने तथा अयोध्या से चित्रकूट, अयोध्या से कटरा माता वैष्णौदेवी, अयोध्या से जगन्नाथ पुरी, अयोध्या से द्वारिका और अयोध्या फैजाबाद से नई दिल्ली नई गाड़ियों के संचालन के सम्बंध में बैठक में विस्तार से चर्चा हुई तथा इन सभी विषयों पर भविष्य में अमल लाने का निर्णय हुआ। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विकास के माडल के रुप में पूरी दुनिया के समक्ष अयोध्या को प्रस्तुत करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि व धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में योजनाओं के अमल में आते ही पयर्टन की सम्भावनाओं को सम्बल मिलेगा। इससे रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ेगी तथा अयोध्या ही नहीं अपितु अगल बगल के कई जनपदों के विकास की नई पटकथा लिखी जायेगी। परिवाहन सुविधा बेहतर करने के लिए अयोध्या आने वाली सभी सड़को बेहतर तथा यात्रियों की मंशा के अनुरुप बनाया जा रहा है। अयोध्या में रिंग रोड़ के साथ यहां की आंतरित सड़कों को विकसित किया जा रहा है।

## गृहमंत्री के स्वास्थ्य लाभ के लिए महायज्ञ हुआ प्रारंभ

**अयोध्या।** भारत सरकार में गृह मंत्री और 70 वर्षों से निलंबित जम्मू कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति दिलाने वाले अमित शाह वैश्विक महामारी कोरोनावायरस निरंतर बीमार हो रहे है, उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए भगवान श्री राम कि नगरी अयोध्या में रामा दल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्कि राम ने गृहमंत्री अमित शाह के दीर्घायु और जल्द स्वस्थ होने के लिए 11 दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया। कल्कि राम ने बताया कि यह यज्ञ दूसरी बार किया जा रहा है। जब अमित शाह कोरोना से पीड़ित हुए थे तब भी अयोध्या में महायज्ञ का आयोजन किया गया था जिससे उनको कोरोना महामारी से विजय प्राप्त हुई और अब सोशल मीडिया के माध्यम से अमित शाह के अस्वस्थ होने की सूचना मिली थी कि उनको सांस लेने में तकलीफ होने पर उनको इलाज के लिए एम्स में भर्ती किया गया। इसकी सूचना मिलते ही अमित शाह के स्वस्थ होने और दीर्घायु के लिए महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया ये यज्ञ 11 दिवसीय है जिसका शुभारंभ मंगलवार को हुआ है और यह महायज्ञ 10 दिन तक निरंतर चलता रहेगा।

## गोशाला के नोडल अधिकारियों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जनपद में स्थापित गौशाला के समस्त नामित नोडल अधिकारी /समस्त खंड विकास अधिकारी के साथ ग्रामीण व शहरी गोवंश आश्रय स्थल के गोवंशो के सकुशल संरक्षण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक किए । बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में गोवंशो के संरक्षण की कार्यवाही प्राथमिकता पर किया जाना है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा तहसील एवं ब्लाक स्तर पर संबंधित अधिकारी निरंतर मौके पर जाकर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने रामनगर खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वृहद गौ संरक्षण केंद्र अखलासपुर विकासखंड रामनगर में बाउंड्री वाल का कार्य गंभीरता से लेते हुए तत्काल पूरा कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि पशु आश्रय स्थल कल्याणपुर विकासखंड जलालपुर में चरही ,सेड बनवाना सुनिश्चित करें । उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ठंडे मौसम को देखते हुए अभी से जानवरों के बचाव ध्संरक्षण के लिए विशेष ध्यान दें तथा पशुओं के खानपान हरा चारा भूसा, पानी की कमी नहीं होनी चाहिए ।इस दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रोड पर जो बेसहारा पशु घूम रहे हैं उसे तत्काल आश्रय केंद्र में भिजवाए ।इस दौरान उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई पशु रोड पर घूमते दिखाई देते हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही तय किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त नामित नोडल अधिकारी ध्समस्त खंड विकास अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## दबंगों ने चकमार्ग पर किया कब्जा

**अम्बेडकरनगर।** दबंगो द्वारा चक मार्ग पर किये गये अवैध कब्जे के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चकमार्ग पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने व कब्जेधारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। मामला अकबरपुर तहसील अन्तर्गत ग्राम सभा खेंवार का है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में चकमार्ग पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। चकमार्ग न होने से किसान अपने खेतों की तरफ आ-जा नही पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व में की गई शिकायत पर राजस्व टीम ने अवैध कब्जे को हटवाया था उसके बाद भी उन लोगों द्वारा उस पर अवैध कब्जा कर लिया गया। ज्ञापन देने वालों में लल्लू वर्मा, रामजीत वर्मा, गिरीश, त्रिभुवन, रामसूरत प्रदीप सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दीवार गिराने पहुंचे गुण्डों को ग्रामीणों ने जमकर पीटा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**विवादित** जमीन पर खड़े दीवार को गिराने के लिए पहुंचे एक पक्ष के भाड़े के गुंडों को ग्रामीणों के द्वारा जमकर पीटने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट की घटना में 7 लोगों के घायल होने की खबर है। मामला बसखारी थाना क्षेत्र के उमरापुर सरायवाल का बताया जाता है। जहां पर मंगलवार चिलबिल गौड़ व राम प्रसाद यादव के बीच काफी दिनों से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जमीन भी मामूली ही बताई जा रही है।जिस पर कुछ दिन पूर्व चिलबिल गौड़ ने दीवार खड़ा कर लिया था। आरोप है कि मंगलवार को उसी दीवार को गिराने के लिए दो दर्जन की संख्या में अज्ञात लोग पहुंच गए और गांव में अराजकता फैलाना शुरू कर दिया। जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और घेराबंदी करते हुए चार टट्टूओ की पिटाई शुरू कर दी। जबकि मौका पाकर अन्य लोग भाग निकले। वही इस मारपीट में चिलबिल के परिवार के तीन सदस्य भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पंचायत भवन के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

**अम्बेडकरनगर।** विकासखंड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम सभा राजेपुर में निर्माणाधीन पंचायत भवन में धड़ल्ले से पीले ईंट और मानक के विपरीत घटिया मसाले से निर्माण कार्य कराया जा रहा है । पूरे निर्माण में पीले ईट के साथ मानक के विपरीत मसाले से निर्माण कराया जा रहा है जिसे कोई अन्य देखरेख करने में लगा है।

## कोरोना काल में सुपोषण बांट रहा पोषण पुनर्वास केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**कोरोना** काल में भी बाबा राघव दास मेडिकल कालेज स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मासूमों को सुपोषण बांट रहा है। यहां अति कुपोषित बच्चों को भर्ती कर न केवल इलाज किया जाता है बल्कि पौष्टिक भोजन के साथ-साथ अभिभावकों को श्रम ह्रास की राशि भी दी जा रही है। केंद्र पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग के माध्यम से बच्चे भेजे जाते हैं। बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष और पोषण पुनर्वास केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. अनिता मेहता ने बताया कि अप्रैल से लेकर अगस्त तक कुल 69 अति कुपोषित बच्चे आए, जिन्हें कोरोना से सुरक्षा प्रदान करते हुए स्वास्थ्य लाभ दिया गया। कुल 63 बच्चे स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हो चुके हैं। डॉ. अनिता ने बताया कि कालेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार के दिशा-निर्देशन में कोरोना काल के दौरान भी केंद्र का संचालन बेहतर तरीके से किया जा रहा है। केंद्र पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत जायसवाल, डायटिशियन पद्मिनी और सहयोगी टीम एक-एक बच्चे के स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रखती हैं। बच्चे के साथ एक अभिभावक को भी रहने की अनुमति है और उन्हें भी भोजन दिया जाता है। जो अभिभावक केंद्र पर समय देते हैं उन्हें प्रतिदिन 100 रुपये की दर से श्रम ह्रास की राशि उनके खाते में दी जाती है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि अगर बच्चा अति कुपोषित है तो चिकित्सक को दिखाएं और उनके परामर्श से केंद्र में भर्ती कराएं। केंद्र पर शारीरिक दूरी का पालन करते हुए, मॉस्क, ग्लब्स के साथ बच्चों को सेवा दी जा रही है।

## स्टेज 4 के वाहनों के पंजीकरण का दिया गया है मौका

**अम्बेडकरनगर।** पूर्व में विक्रीत भारत स्टेज 4 वाहनों का रजिस्ट्रेशन करवाने का मौका वाहन विक्रेताओं को दिया गया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर परिवहन आयुक्त ने इस बावत दिशा निर्देश जारी कर दिया है। भारत स्टेज 4 के सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन बिक्री के उपरांत 31 मार्च तक करने का निर्देश दिया गया था। कोरोना के चलते मार्च महीने में लॉकडाउन लगने के कारण वाहन बिक्रेता 31 मार्च तक विक्रीत वाहनों का रजिस्ट्रेशन नही करवा सके थे। वाहनों का रजिस्ट्रेशन न हो पाने के चलते वाहन विक्रेताओं की परेशानियां बढ़ने लगी थी। इस बावत वाहन विक्रेताओं ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की थी जिस पर उच्च न्यायालय ने पंजीकरण करवाने का आदेश दिया था। इस बावत उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय के आर0आई0 विपिन कुमार ने बताया कि ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन करने की अनुमति है जो 31 मार्च या उससे पूर्व विक्रीत किये गये हों साथ ही साथ वाहन 4 पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि की जा चुकी हो।

## 70 चयनित स्थानों पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

● सेवा सप्ताह के रूप में मन रहा पीएम का जन्मदिन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर





**स्वच्छता** से मानव शरीर स्वस्थ रहता है और समाज का हर व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से बचा रहता है।स्वच्छ भारत की परिकल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्राथमिकता की योजनाओं में शामिल है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70वें जन्म दिन को भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में मनाये जाने के क्रम में अम्बेडकर नगर जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के निर्देशन में मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा के संयोजन में जनपद मुख्यालय के 70 चयनित स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान पर चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रेरणा लेकर प्रतिदिन अपने चारो तरफ साफ सफाई कर वातावरण स्वच्छ रखते हुए अपना स्वास्थ्य अच्छा रख सकते हैं।स्वस्थ समाज की कल्पना को साकार रूप प्रदान कर सकते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष ने रास्ते पर उगे बड़े बड़े घास और जमा मिट्टी की फावड़े से सफाई कर उसकी मिट्टी को झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। जिलाध्यक्ष के साथ सफाई अभियान में कटेहरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया,जिला मंत्री राम बहाल वर्मा,शिव पूजन राजभर,जिला कार्यालय प्रभारी अतुल वर्मा,मण्डल अध्यक्ष रवि सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश वर्मा के साथ सफाई अभियान में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दीपक तिवारी ने शिव बाबा के मुख्य पुजारी प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी,अकबरपुर मण्डल आईटी संयोजक नीरज त्रिपाठी, शिवम तिवारी,राकेश सैनी के साथ शिवबाबा में सफाई सेवा अभियान में भाग लिया।दुर्गा माता मन्दिर सिझौली में आर्थिक प्रकोष्ठ के कमलेश मौर्य, सभासद सुनील राजभर ने सफाई किया।

# श्रमिकों की मौतें

## सरकार का आंकड़े से इनकार

बेंजामिन डिजराइली ने एक बार कहा था कि 'झूठ तीन प्रकार का होता है, झूठ, सफेद झूठ व आंकड़े'। लगता है कि सरकार ने राष्ट्रीय संकट के समय यह कथन स्वीकार कर लिया है। उसे किसी ऐसे डेटा पर विश्वास नहीं है जिसे स्वयं उसने न एकत्र किया हो। इस प्रकार परोक्ष रूप से उसने महामारी के कारण लागू लाकडाउन के समय प्रवासी मजदूरों के पलायन के समय उनकी मौतों को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि, उस समय मीडिया में अनेक हृदय विदारक खबरें सामने आई थीं जिनमें शहरों में रातोंरात रोजगार समाप्त होने के बाद निर्धन मजदूर बड़ी संख्या में अपने गांवों को पलायन के लिए मजबूर हुए थे। उनमें से अनेक भूख या बीमारी के कारण कोई सहायता न मिलने से मर गए थे। सरकार का यह दृष्टिकोण संवेदनहीन होने के साथ अपनी जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाना है। इससे भी बुरी बात है कि यह संवेदनहीनता संसद में सामने आई है। एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय श्रम मंत्रालय ने कहा कि उसके पास प्रवासी श्रमिकों की मौतों का कोई आंकड़ा नहीं है, इसलिए राहत और सहायता का 'सवाल ही नहीं उठता है।' यदि मंत्री, उनके कार्यालय व नौकरशाहों की बात मान ली जाए कि किसी कारण से वे भारत के सबसे खराब 'विपरीत पलायन' की खबरों को नहीं मानते हैं तो मंत्रालय की इस स्वीकारोक्ति का क्या अर्थ है कि देश के विभिन्न कोनों से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों ने अपने गांवों की ओर पलायन किया? क्या यह मान लिया जाए कि असंगठित श्रमिकों पर कोई आपदा नहीं आई थी? शायद इस बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सटीक है जिन्होंने ट्वीट किया है कि 'यदि आपने गिनती नहीं की है तो क्या इसका अर्थ है कि मौतें नहीं हुई हैं?' सरकार रेल मंत्रालय द्वारा दिए इस बयान से कैसे पल्ला झाड़ सकती है



कि श्रमिक ट्रेनों से यात्रा करते समय अनेक प्रवासी श्रमिक मर गए। अनेक श्रमिक थकावट के कारण पटरियों पर सो गए और ट्रेनों से कुचल गए। मीडिया के अनुसार 25 मार्च व 31 मई के बीच 1400 से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में 198 प्रवासी श्रमिकों समेत 750 लोग मारे गए। यदि सरकार इन आंकड़ों पर विश्वास नहीं करती है तो भी वह सारी दुनिया को झुठला नहीं सकती है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ व एशियन डेवलपमेंट बैंक-एडीबी के अनुसार देश में महामारी के समय 41 लाख रोजगार समाप्त हुए हैं। अप्रैल में विश्व बैंक की एक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि महामारी के समय देश में 40 मिलियन से अधिक आंतरिक विस्थापितों का रोजगार प्रभावित हुआ था। हाल ही में सेंटर फार मानीटरिंग इंडिया इकोनोमी-सीएमआईई ने कहा था कि केवल जुलाई में पांच मिलियन वेतनभोगी लोगों का रोजगार समाप्त हुआ, जबकि अप्रैल में यह आंकड़ा सबसे अधिक 17.7 मिलियन था। संकट इतना बड़ा था कि मनरेगा के अंतर्गत रोजगार की पंजीकरण कराने वालों में एमए व एमबीए डिग्री धारक भी शामिल थे। इनमें शहरों में रोजगार समाप्त होने के बाद स्वरोजगार में लगे नौजवान भी थे। यदि सरकार प्रत्येक मनरेगा कार्ड धारक को इस साल 100 दिन का रोजगार दे तो उसे 2.8 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। केन्द्र ने इस योजना पर जोर देकर ठीक किया, लेकिन बकाया भुगतान की समस्या बनी हुई है। इस वित्त वर्ष की शुरुआत 16,045 करोड़ रुपये बकाया मजदूरी व अन्य दायित्वों के साथ हुई। ऐसे में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए एक लाख करोड़ का आबंटन घट कर 84,000 करोड़ रह जाता है। योजना शुरू होने के बाद इसमें अधिकतम आबंटन किया गया है, लेकिन यह जीडीपी का केवल 0.47 प्रतिशत है, जबकि विश्व बैंक की सलाह 1.7 प्रतिशत खर्च की है। मनरेगा में लगातार वर्तमान 100 कार्य दिवसों में वृद्धि की मांग होती रही है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर पिछले चार सालों में औसत केवल 47 दिन रहा है। समय आ गया है कि मनरेगा में सुधार किए जाएं। विभिन्न राज्यों ने वापस लौटे श्रमिकों की उनके कौशल के अनुसार सूची बनाने का काम किया है, पर यह अखिल भारतीय स्तर पर होना चाहिए। श्रमिकों को महत्व देना होगा क्योंकि इसके बिना आत्मनिर्भरता का लक्ष्य नहीं प्राप्त हो सकता है।

# ड्रैगन सेना की भयावह कमजोरी

**युद्ध का अनुभव खरीदा नहीं जा सकता है। अनुभव की यह कमी चीनी सेना के लिए युद्ध के मैदान में सबसे घातक सिद्ध हो सकती है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने स्वयं स्वीकार किया है कि 2.1 मिलियन से अधिक सक्रिय सैनिकों वाली दुनिया की सबसे बड़ी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए 'शांति की बीमारी' से ग्रस्त है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के महासचिव तथा केन्द्रीय सैनिक आयोग-सीएमसी के अध्यक्ष की 2012 में जिम्मेदारी संभालने के बाद से शी जिनपिंग ने पीएलए में सैद्धान्तिक, रणनीतिक, तकनीकी, सांस्कृतिक व हथियारों की उपलब्धता के दृष्टिकोण से भारी परिवर्तन किए हैं। इसके बावजूद वे युद्ध में अनुभवहीनता से बहुत चिन्तित हैं क्योंकि चीनी सेना का 1979 के बाद से कोई परीक्षण नहीं हुआ है, जब यह तुलनात्मक रूप से कमजोर वियतनामी सेना के सामने एकदम नाकारा सिद्ध हुई थी। महत्वपूर्ण है कि 1979 में चीन से लड़ने वाले वियतनामी सैनिक पहले ही अमेरिकी सैनिकों से दो दशक से लड़ रहे थे तथा बुरी तरह आहत थे। इस कारण वे एक बेहतर संगठित, प्रशिक्षित व हथियारों से लैस बल नहीं थे। 1979 में चीनी पीएलए के सैनिक केवल 1950 के दशकारंभ में कोरियाई युद्ध में लड़े थे और इस अनुभवहीनता के साथ उन्होंने वियतनामी सैनिकों का मुकाबला किया था। उनको बहुत जल्दी खुद को बड़ी सैनिक शक्ति होने की गलतफहमी का खामियाजा भुगतना पड़ा था। वे बेहतर हथियारों तथा आक्रामक रणनीति से लैस थे, लेकिन युद्ध की अनुभवहीनता इस पर भारी पड़ी थी। वर्तमान समय में पीएलए की इसी अनुभवहीनता को शी जिनपिंग 'शांति की बीमारी' कहते हैं। लेकिन इसके बावजूद वे आक्रामक व उत्पीड़नवादी तथा वैश्विक विस्तारवादी दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

'शांति की बीमारी' के अनेक अन्य आयाम हैं जो पीएलए की युद्धक क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। पहला, पीएलए की स्वामिभक्ति तथा आधीनता सिविलियन



सीसीपी के प्रति है। यह समझ शुरुआती वर्षों में शी जिनपिंग द्वारा पीएलए के अनेक जनरलों को हटाने तथा अपने 'यंग गार्डों' को पदोन्नत करने के रूप में सामने आई थी। ये 'यंग गार्ड' 1979 के बाद वाले हैं। इसके साथ ही चीनी युद्धक इकाइयों में कंपनी के स्तर पर 'यूनिटी आफ कमांड' हमेशा कमजोर होती है क्योंकि उसे राजनीतिक अधिकारियों के साथ अपनी जिम्मेदारी साझा करनी होती है जो पार्टी या सीसीपी के प्रति जिम्मेदारी सुनिश्चित करने का गैर-सैनिक लक्ष्य सामने रखते हैं। पीएलए की ढांचागत संरचना में बहुत बड़ी कमी गैर-कमीशंड अधिकारियों या एनसीओ कैडर का ठीक से विकास न होना है, जबकि यह युद्धक क्षमता के लिए बहुत जरूरी है। कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की फौलाद जैसी मजबूती अन्य चीजों के साथ 'जूनियर कमांड' की मजबूती थी जिसने सीधे सामने आ कर नेतृत्व किया। इस दृष्टिकोण से एनसीओ कैडर की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जहां भारत और यहां तक कि पाकिस्तान की सेनायें आंतरिक जरूरतों या अशांत सीमाओं पर युद्ध अनुभव प्राप्त करती रही हैं, वहीं चीनी 'शांति की बीमारी' आराम के कारण पैदा हुई है। भारत-चीन इतिहास में 1967 में नाथू ला व चो ला

> **डोकलाम व गलवान घाटी में चीन जवाबी कार्रवाई से आश्चर्यचकित है। भारतीय सेना ने ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा कर वीरता का प्रदर्शन किया है। इससे चीनी सेना की शांति की बीमारी या युद्ध अनुभवहीनता स्पष्ट रूप से सामने आ गई है जिसकी कमी तलवार-भांजने, धोखाधड़ी तथा सैनिक-ढांचागत निर्माण से पूरी करने का प्रयास हो रहा है।**

सीमा पर झड़प में भारतीय सेना की श्रेष्ठता सिद्ध हुई थी जो लड़ाइयों में तपी हुई थी तथा 1962 में भारतीय सेना की तुलना में उसकी सोच एकदम अलग थी। निसंदेह चीन ने सेना में भारी निवेश किया है। उसका वार्षिक रक्षा बजट आबंटन 2019 में लगभग 261-266 बिलियन डालर था। यह भारत द्वारा सशस्त्र सेनाओं पर खर्च का चार गुना है। लेकिन सैनिक तकनीकों में उत्कृष्टता के चीनी दावों पर गंभीर सवाल हैं। इनमें चेंगडू जे-20 'पांचवी पीढ़ी' के स्टील्थ लड़ाकू विमान पर उठने वाले सवाल महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही उसके प्रशिक्षण, ढांचागत पुनर्गठन व कमांड व्यवस्थाओं पर भी सवाल हैं। स्वदेशी हथियारों की श्रेष्ठता के चीनी दावों के बावजूद चीन ने खुलेआम रूस से एस-300, एस-400 एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणालियां तथा एसयू-27 व एसयू-35 लड़ाकू जेट खरीदने के प्रयास किए हैं। इसके साथ ही उसने 'रिवर्स इंजीनियरिंग' के माध्यम से अन्य प्रणालियां व तकनीकें तैयार की हैं। लेकिन भारत जैसे देशों की तुलना में चीन की स्थिति इस अर्थ में बेहतर है कि उसने राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अभिन्न अंग के रूप में 'सुरक्षा' को अंतर्निहित कर लिया है। यह उसकी अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों व रणनीतिक गणित में सभी नीतिगत क्षेत्रों में दिखाई देता है, फिर चाहे वे आंतरिक हों या बाहरी। इसके उलट तनाव बढ़ने पर 'भारतीय सैनिक' को चयनित तरीके से याद किया जाता है, पर भारतीय अवस्थापना ने उसकी भूमिका को दूसरे स्तर का माना है। यह रक्षा मामलों पर प्राथमिकता और प्रासांगिकता के रूप में दिखाई देता है तथा त्वरित प्रतिक्रिया या राजनीतिक रूप से प्रतियोगी 'निवेशों' के रूप में सामने आता है। विडंबना है कि राजनेता वर्ग द्वारा भारत के आंतरिक मामलों के कुप्रबंधन ने सुनिश्चित किया है कि भारतीय सैनिक बलों में कोई 'शांति की बीमारी' न आने पाए।

युद्ध का अनुभव एक सबसे महत्वपूर्ण चीज है जो सेनाओं की किस्मत तय करता है। इसके साथ ही घातक हथियार, प्रक्रियायें, नेतृत्व, संख्या बल या सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश तथा राजनीतिक जुड़ाव भी महत्वपूर्ण हैं। जापान की 'बानजेई' संस्कृति व अभिप्रेरणा का स्तर भौतिक कमियों को पूरा कर सकता है। संख्या बल के अनुसार बहुत बड़ी तथा दशकों चले ईराक-ईरान युद्ध के कारण अनुभवी ईराकी सेना पहले खाड़ी युद्ध में अमेरिकन हथियारों, प्रशिक्षण तथा पेशेवर कार्यशैली की श्रेष्ठता के चलते 100 घंटे के भीतर पराजित हो गई। इसी प्रकार यही युद्ध अनुभव तथा ज्यादा पेशेवर अमेरिकी सेना को अफगानिस्तान से 'बाहर निकलने' पर मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि उसका सामना अधकचरी तालिबान मिलिशिया से है जिसके पास बराबरी के हथियार, प्रशिक्षण व ढांचागत संरचना नहीं है।

डोकलाम व गलवान घाटी में चीन जवाबी कार्रवाई से आश्चर्यचकित है। इसके साथ ही भारतीय सेना ने ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा कर अपनी वीरता का प्रदर्शन किया है। इससे चीनी सेना की 'शांति की बीमारी' या युद्ध अनुभवहीनता स्पष्ट रूप से सामने आ गई है जिसकी कमी तलवार-भांजने, धोखाधड़ी तथा सैनिक-ढांचागत निर्माण से पूरी करने का प्रयास हो रहा है।

पीएलए के लेफ्टीनेंट जनरल ही लेई ने कुछ साल पहले कहा था कि सेवानिवृत्ति के पहले उनका सबसे बड़ा दुख यह है कि उन्होंने कभी कोई लड़ाई नहीं लड़ी। युद्ध अनुभव के दृष्टिकोण से उनके वारिस और भी बुरी स्थिति में हैं, जबकि दूसरी ओर अनेक चिन्ताओं व कमियों के बावजूद 'शांति की बीमारी' जैसी कोई चीज उनके साथ निश्चित रूप से नहीं है। युद्ध का अनुभव खरीदा नहीं जा सकता है और इसके कारण युद्ध के मैदान में चीन का भ्रम पूरी तरह टूट सकता है।

# मीडिया की विश्वसनीयता की रक्षा जरूरी



**सिद्धार्थ मिश्र**
(लेखक विवेकानंद स्कूल आफ जर्नलिज्म में प्रोफेसर हैं)

भारतीय मीडिया में वर्तमान उथल-पुथल की आलोचना, खासकर टेलीविजन में, आलोचक को खारिज किए जाने की प्रवृत्ति का परिचायक है। अगला आरोप यह कि मीडिया पिछली हुकूमत के प्रति सहानुभूति रखता है तो फिर ऐसी सहानभूतियों के लिए तब सवाल क्यों नहीं उठाए गए थे। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि वर्तमान समय के बहुत से कोलाहलपूर्ण ध्वज-वाहक, जो मीडिया में निर्लज्जतापूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए जा रहे झुकाव का विरोध कर रहे हैं, वे स्वयं अनुचित पहुंच एवं संरक्षण का लाभ उठाने के दोषी हैं, जिससे ईमानदार पत्रकारिता एवं संरक्षण प्राप्त पत्रकारिता के बीच का अंतर धूमिल हो रहा है। ऐसा कहकर, पूर्व में उल्लिखित मूल धारणा को तीक्ष्णता एवं विद्वेष के एकमात्र कारक के तौर पर सही नहीं ठहराया जा सकता है, जो भारतीय टेलीविजन की दशा की व्याख्या करता है। इसका ज्यादा लेना-देना बाजार तथा राजस्व मॉडलों से है। इस लेखक ने उस समय उस दौर में दि पायनियर के साथ काम किया है जब उसे केंद्रीय अंग्रेजी दैनिक का सबसे बड़ा अधिकार माना जाता था। लेकिन समाचार पत्र के संपादकीय नेतृत्व को इसका श्रेय जाता है कि झुकाव के बावजूद, इसने कभी विरोधी मतों को हतोत्साहित नहीं किया और प्रमुख स्थान दिया।

अधिक महत्वपूर्ण रूप से, इसने वैचारिक रुख अपनाया, व्यावसायिक कीमत चुका कर क्योंकि बहुत सी सरकार एजेंसियां एवं विभागों ने अखबार के राजस्व मॉडल को ध्वस्त करने के लिए दिनरात प्रयास किए। निश्चित रूप से विपक्षी समाचार पत्र होना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था और वो भी केंद्रीय विचार के निकट रहकर काम करने वाले अखबार के नाते। यही बात केंद्रीय वैचारिकता के निकट वाले वर्तमान पक्षधरों के लिए नहीं कही जा सकती। यह तो सरकार के दाहिनी ओर रहकर काम करने का मामला है। किसी वैचारिकता के प्रति ईमानदार होने का अर्थ होता है कीमत चुकाना, जो वर्तमान के दिखावा करने वाले नहीं चुकाते थे और न ही आज चुका रहे हैं, क्योंकि दोनों अवसरों पर वे सरकार के दाहिनी ओर रहते थे।

फिर एक और मुद्दा आता है। क्या किसी राजनीतिक विचार का समर्थक होना किसी मीडिया घराने को उसी वैचारिकता वाली सरकार पर सवाल उठाने के अधिकार से वंचित कर देता है? अटल बिहारी वाजेपेयी के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान, बांग्लादेश के साथ सीमा पर झड़प का एक उदाहरण सामने आया था जिसमें सीमा सुरक्षा बल का एक अधिकार मारा गया था। उसकी बटालियन बहुत गरिमाहीन ढंग से वापस लौटी थी। छवियां



देखकर क्रोध आता था जबकि सरकार शांति की बात कर रही थी। पायनियर में मुख्य पृष्ठ पर छपे संपादकीय में कहा गया, "झुको, मगर जमीन पर लेट न जाओ।" अब यह उस समाचाार पत्र द्वारा की गई आलोचना थी जो तत्कालीन सरकार से निकटता के लिए जाना जाता था। इसके लिए संपादक के स्तर पर काफी साहस की, और आलोचना को सकारात्मक रूप से लेने के लिए सरकार के स्तर पर विशालहृदयता बरतने की आवश्यकता थी।

मीडिया घरानों द्वारा अपनाया जाने वाला वर्तमान खबर संबंधी रुझान यह है कि सरकार कभी गलत नहीं करती, क्या इससे सत्ताधारी चिंतित होंगे। चिंता दो मोर्चों पर होनी चाहिए : पहला, इन मीडिया घरानों की विश्वसनीयता का क्षरण और एंकरों का सरकार के प्रति सहानुभूति रखना। दूसरे, विपक्ष को कोई स्थान न देकर, मुख्यधारा मीडिया ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां उसने अपने राजनीतिक प्रचार वाहन चलाने प्रारम्भ कर दिए हैं, जहां मीडिया घरानों के प्रति अविश्वास पैदा हो गया है और उन्हें सरकारी प्रचार के वाहन बताया जा रहा है। जिनके पास आलोचकों के प्रति विद्वेष को बढ़ावा देकर प्रचार नीतियों की जिम्मेदारी है उन्हें एहसास नहीं है कि आलोचकों पर हमला बोलकर वे समान रूप से कटु प्रति-विमर्शों को भड़काने का काम कर रहे हैं। जब सोशल मीडिया और तकनीकी उच्चीकरण पूर्ण रूप से मीडिया क्षेत्र का लोकतांत्रीकरण कर रहा है, ऐसे में किसी सरकार की छवि केवले प्राइम टाइम एंकरों पर निर्भर नहीं हो सकती।

हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां ट्रोल करने वाले सेनाएं कीचड़ उछाल प्रक्रिया में अपने सेवाएं मुहैया कराने को तैयार हैं। सवाल यह है कि उन्हें कौन ऐसा करने के लिए भुगतान कर रहा है। जबकि जवाहरलाल नेहरू के विचारों का प्रसार होने में आधी सदी से अधिक का समय लग गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जीवनकाल में ही इन आलोचनाओं का विषय बनाए जा रहे हैं। नेहरू तथा उनके बाद के कई प्रधानमंत्री सौभाग्यशाली थे कि वे आर के लक्ष्मण जैसे कार्टूनिस्ट द्वारा आलोचनाओं का विषय बनते थे। साथ ही वे भाग्यशाली थे कि उस समय सोशल मीडिया नहीं था, जो उन्हें कीचड़ में घसीटने का प्रयास करता।

आज सरकार के दावों पर विरोधी विमर्श विविध सोशल मीडिया मंचों पर नजर आते हैं जो कुछ ही पलों के भीतर सार्वजनिक रूप से सामने आ जाते हैं। फर्जी एवं गलत व्याख्याओं पर आधारित तथ्यों पर निर्भरता के कारण अविश्वास का माहौल पैदा हो गया है, जहां खबर सच भी हो तो उसकी स्वीकार्यता जल्दी होना आसान नहीं होता। इस स्थिति ने ऐसे माहौल को जन्म दिया है कि कारण सबसे बड़ी दुर्घटना बन जाता है। जब फर्जी खबर बाजार में बेचे जाने योग्य वास्तविकता बन जाती है, तब प्रमाण आधारित, बेहतर तर्क के अनुरूप जानकारियों के इच्छुक ग्राहक ज्यादा संख्या में नहीं होते। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिपादित इन्फोडेमिक शब्द को ही ले लीजिए, जो कोविड-19 महामारी संबंधी सूचनाओं के बहाव पर दिया गया था। असलियत में रोगाणु ने मीडिया को वित्त तथा विश्वसनीयता दोनों मामलों में तगड़ी चोट पहुंचाई है। टेलीविजन और अखबार दोनों में, महामारी को लेकर सरकार के संबोधनों से परे जाने में पत्रकारों की विफलता तथा उसके मतानुसार आलोचना ने खबरों के उपभोक्ताओं को होशियार कर दिया है। किसी को भी स्पष्ट जानकारी नहीं है वायरस दुनिया को कहां ले जा रहा है।

यदि किसी उत्पाद के प्रति अविश्वास की भावना व्याप्त हो, तो उसके लिए स्वाभाविक रूप से कोई बाजार नहीं होगा। बाजार ऐसे उत्पादों की तलाश करता है जिनका आसानी से उपभोग किया जा सके। अतः बाजार नए उत्पादों की खोज में रहता है। असलियत में, वर्तमान स्थिति एक इतालवी नाटककार, उपन्यासकार, कवि तथा छोटी कहानी लेखकर लुइगी पिरांडेलो के 20वीं सदी के पूर्वाद्ध में रचे गए नाटक, 'किसी लेखक की तलाश में छह किरदार' की याद दिलाती है। शुरुआत में नाअक दर्शकों को समझ में नहीं आया। जब पिरांडेलो ने कुछ वर्ष बाद उसमें आगे जोड़ा तब उसकी सराहना की जाने लगी। खबरों के पारखी आज उत्सुकतापूर्वक वर्तमान तारतम्यहीन मीडिया परिदृश्य में आगे प्राक्कथन जोड़े जाने की प्रतीक्षा में हैं।

## आप की बात

### समस्याओं का जाल

**महामारी** के दौर में हम देख रहे हैं कि बहुत लोगों के हाथों से उनकी नौकरी छिन गई है। वह सब नहीं बेरोजगारी की दीवार पर आ गए हैं और अब कोई और काम में नहीं मिल रहा है। हाल ही में जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2020 में जॉब ग्रोथ रेट घटकर 3.5प्रतिशत हो गई है। जबकि पहले यह .3 प्रतिशत ज्यादा थी।लेकिन ऐसे डेटा के मुताबिक यह समझ में नहीं आ पा रहा है कि लॉकडाउन के कारण कितने लोगों ने नौकरियां छोड़ी कई लोग बेघर हो गए। नया रोजगार ना मिल पाने के कारण लोग पलायन कर रहे थे और कोई सरकारी योजना के तहत अपना काम ढूंढ रहे थे ऐसे में ग्रोथ रेट .3 प्रतिशत ही क्यों घटी? इसका एक कारण कि बाद में नौकरियां मिलनी शुरू हुई तो जो लोग इसके लिए जागरूक थे सिर्फ वही इसके लिए तत्पर हो पाए जिसकी वजह से जो बेरोजगारी का हमारे पास डाटा था वह थोड़ा कम हो गया। इसी बीच दिया देखा गया कि सबसे ज्यादा विकास तकनीकी के क्षेत्र में हुआ है। चाहे वह नए लोगों को रोजगार देने में हो या फिर घरेलू वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पकड़ बनाने में हो तकनीकी क्षेत्र हर पहलू पर सफल हुआ है। आशा है कि जो बेरोजगारी की दर इस लाक डाउन के समय में थी वह धीरे-धीरे गायब हो।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### रूप बदलता कोरोना

**कोरोना** के रूप का बदलना कोई नई बात नहीं है लेकिन जो इसके आकड़े प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं वो बेशक चिंताजनक है। वैसे आमतौर पर डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स काउंट कम होते थे, परन्तु अब कोरोना भी डेंगू के वेश में मरीजों पर वार कर रहा है। जो अवश्य ही भयावह है। व इसमें अचानक मरीज की प्लेटलेट्स काउंट गिरकर 20 हजार से भी नीचे आ जा रही है। जबकि जांच में डेंगू नहीं निकल रहा है। ऐसे में मरीज ज्यादातर कोरोना की गंभीर अवस्था में पहुंचने के बाद मिल रहे हैं। पीजीआई में डॉक्टरों ने इस पर शोध भी शुरू कर दिया है। पीजीआई के प्रोफेसर अनुपम वर्मा का कहना है कि अचानक मरीजों में प्लेटलेट्स काउंट गिरने से मैनेज करना मुश्किल हो रहा है। और पीजीआई में एडमिट लोकबंधु अस्पताल के डॉक्टर की प्लेटलेट्स भर्ती होने के दूसरे दिन ही दस हजार पहुंच गई। प्राथमिक तौर पर यह सामने आ रहा है कि कोरोना मरीज के इम्यून कॉम्प्लेक्स को प्रभावित करता है, जिसमें मोनोसाइड और मैकरोफेज सेल पर अटैक होता। इससे बॉडी में प्लेटलेट्स की खपत बढ़ जाती है। जबकि उनका उत्पादन पहले के मुकाबले कम रहता है। और यही कारण है कि प्लेटलेट्स काउंट अचानक से गिर जाते हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाजियाबाद

### बढ़ता भ्रष्टाचार

**भ्रष्टाचार** का नासूर व्यवस्था को लीलता जा रहा है। आज छोटे से छोटा काम भी बगैर खर्च के नहीं हो पाता है। जहां इसमें व्यवस्था दोषी है वही आम आदमी भी बराबर का हकदार है क्योंकि त्वरित काम के लिए अपनी मजबूरी जताता था व्यक्ति आखिरकार उसका पारिश्रमिक भी भ्रष्टाचार के ऊपर अदा करता ही है। तेलंगाना में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है जहां एडिशनल कलेक्टर ने एक किसान से उसकी जमीन के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बदले 1.2 करोड़ की घूस की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)उक्त अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है जो व्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए काफी है। तमाम कानूनी कार्यवाही के बीच मामला जब जांच में आएगा तब राजनीतिक दबाव से सब कुछ सुलझ जाएगा। इतनी बड़ी राशि के रिश्वत का मामला है तो उसमें राजनीतिक संरक्षण भी कहीं ना कहीं है। जरूरत इस बात की है कि इसमें लिप्त दलालों को भी दबोचा जाए जिससे कि व्यवस्था बिगड़ने से बचे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**नशे** का व्यापार एवं लत लगने की समस्या बढ़ती जा रही है। चीन और पाक से होकर ड्रग्स भारत आती हैं। हमारा फिल्म उद्योग भी प्रभावित है।

– **रवि किशन**
अभिनेता व भाजपा सांसद



**कल** लोकसभा सदस्यों में से किसी एक ने, जो फिल्म उद्योग से आए हैं, बॉलीवुड के खिलाफ बोला था। यह शर्मनाक है। फिल्म उद्योग को संरक्षण की जरूरत है।

– **जया बच्चन**
अभिनेत्री व सपा सांसद



**पाकिस्तान** ने पूर्ण रूप से उस प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जो 29 फरवरी को दोहा में अमेरिका-तालिबान शांति वार्ता के रूप में परिणित हुई और इस मुकाम पर पहुंची है।

– **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट के चार नवनियुक्त जजों को चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनियुक्त चार न्यायमूर्तियों को आज 10 बजे शपथ दिलाई गयी। मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर ने मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सभी जजों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन न करते हुए संपन्न हुआ। 11 सितम्बर को केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने राष्ट्रपति द्वारा इनकी अपर न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। नव नियुक्त सभी न्यायमूर्ति न्यायिक सेवा कैडर के हैं। यह नियुक्ति दो वर्ष के लिए की गयी है। शपथ ग्रहण करने वाले अपर न्यायमूर्तियों में संजय कुमार पचौरी सुभाष चंद्र शर्मा सुभाष चंद और सरोज यादव शामिल हैं।

### श्रीराम मूर्ति स्मारक हॉस्पिटल का डीएम ने किया निरीक्षण

**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार ने बुधवार को सोहरामऊ स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक हॉस्पिटल एल-वन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थर्मल, स्कैनर व पल्स ऑक्सीमीटर सभी सुव्यवस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि खाने की गुणवत्ता बेहतर बनाये रखें। इस अवसर पर डीएम ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था के साथ स्टोर रूम में पीपी किट, मास्क, गैससेलेन्डर, चादर, चश्मे आदि की उपलब्धता को देखा और सीएमओ डा. आशुतोष कुमार को निर्देश दिए कि समय-समय पर एलवन का निरीक्षण करें और अस्पताल में चिकित्सक, नर्स, अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों की उपस्थित, सफाई एवं अन्य व्यवस्थायें तथा मरीजों को दिये जाने वाले भोजन आदि की गुणवत्ता पर नजर रखें।

### संविदा कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**औरास,उन्नाव।** नगर पंचायत औरास में कार्यरत आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मचारियों को पिछले दो महीने से मानदेय न मिलने से नाराज है। बुधवार को दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय जाकर आक्रोश व्यक्त कर ईओ मनोज कुमार को बात बताई। कर्मियों ने बताया कि दो महीने पूरे हो चुके हैं, तीसरा महीना चल रहा है, कई बार कहने के बावजूद उनका मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि कई महीनों से ईओ रविवार को भी ड्यूटी ले रहे हैं और पूरा मानदेय भी नहीं दे रहे हैं। जिससे नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को नगर नगर पंचायत कार्यालय के सामने नाराजगी जाहिर की और ईओ की हीलाहवाली रवैये से नाराज हो आक्रोश व्यक्त किया। सूचना पर पहुंचे चेयरमैन राकेश कुमार अतिशीघ्र मानदेय दिलाने का आश्वासन देकर कर्मचारियों को शांत कराया। इस संबंध में एसडीएम हसनगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि मानदेय क्यों नहीं दिया गया है, इसकी जांच कराई जा रही है।

# डीरेका भवन में लगी आग से भारी नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**डीरेका** प्रशासनिक भवन के प्रौद्योगिकी विभाग की बिल्डंग में लगी आग से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आग बुझाने के लिए फायर फाइटर्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। आग की लपट कमरों की खिड़कियों से साफतौर पर देखा जा सकता था। आग बुझाने के लिए फायर फाइटर्स को कमरे की खिड़कियों को तोड़कर आग पर काबू पाया। अपुष्ट खबरों के मुताबिक आग बुझाने के क्र में दो जवान आंशिक तौर पर घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि प्रौद्यौगिकी विभाग भवन में लगी आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया। पहले डीरेका ने अपने फायर टीम को आग बुझाने के काम में लगाया लेकिन उनसे बात नहीं बनी तो मंडुआडीह थाने से मदद मांगी गई। थानाध्यक्ष के मुताबिक जानकारी मिलने पर जिले की फायर फाइटर्स को भेजा गया और काफी मुश्किल के बार आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही डीरेका फायर ब्रिगेड व गेल इंडिया लिमिटेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास करने लगी। आग इतनी भयानक थी कि फायरकर्मियों को मुख्यद्वार से जाने में मुश्किल हुई। इसके बार फायर फईटर्स ने भवन के बाहर से खिड़की का शीशा तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुचे मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा ने बताया कि आग लगने की सूचना उन्हें सुबह मिली। आग की सूचना पर वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जहां आग लगी है वह भंडार सामग्री कक्ष व फाइल सेक्शन है। लेकिन जिस में आग लगी थी उसके बाहर प्रौद्योगिकी भवन का बोर्ड लगा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक यह भवन ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी है। आग से हुए नुकसान के बारे में पूछने पर अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अवलोकन के बाद ही नुकसान का सही अंदाजा लगाया जा सकता है। भवन में लगी आग पर प्रात: करीब 8.30 तक काबू पा लिया गया। भवन में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे मीडियाकर्मियों को मौके पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने रोक दिया। हालांकि अधिकारियों में विभिन्न आशंकाओं को लेकर बतकही चल रही थी। आग की खबर पाकर डीरेका के आला अधिकारी और आरपीएफऔर स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने मौका व हालात का जायजा लिया।



### सेवा सप्ताह के तहत भाजपा ने चलाया स्वाच्छता अभियान

**वाराणसी।** पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्यम भाजपा की ओर से सेवा सपताह मनाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। शहर के विभिन्न जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता में योगदान दिया। काशी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को 70 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत पीएम के संसदीय क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ ही प्रदेश, क्षेत्र, जिला, महानगर के साथ ही मंडल, सेक्टर व बूथ अध्यक्षो ने भाग लिया। काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने लंका बीएचयू गेट स्थित पंडित मालवीय प्रतिमा से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा नेताओं ने मालवीय प्रतीमा से रविदास गेट तक झाड़ू लगाया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि काशी के सांसद पीएम मोदी ने सन 2014 में काशी के अस्सी घाट से स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड़ पांच लाख की कार्ययोजना पास



**हसनगंज,उन्नाव।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में बुधवार को कार्ययोजना के लिए दो करोड़ पांच लाख रूपए की कार्ययोजना का प्रस्ताव जारी हुआ। बैठक में जैसे ही पूर्ति निरीक्षक चंद्रा गुप्ता ने बोलने के लिए खड़ी हुई वैसे ही दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सौ-सौ रुपये की उगाही का आरोप लगाते हुए मंच को घेर लिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में राशन कार्ड फीडिंग में सारे दस्तावेज दिए जाने के बावजूद भी राशन कार्ड नही बनाये जाते हैं। खेरवा अलालादपुर गांव के बीडीसी रामसागर ने कोटेदार विनोद पर आरोप लगाते हुए कहा कि आधार कार्ड गायब कर देते हैं। इसके बाद में दौ सौ रुपये मांगते हैं। जिलापंचायत सदस्य मनोज कन्नौजिया ने हसनगंज बस्ती में जलभराव की समस्या उठाई। बीडीओ ने निस्तारण का आश्वासन दिया। फिरोजपुर जसमडा राजेंद्र कुशवाहा, जिन्दासपुर भैय्या लाल, सुनील मिश्र दयालपुर, रामपुर अखौली बीडीसी वंदना ने प्रधान पर आरोप लगाया कि अपात्र लोगो को आवास दिया जा रहा है। उधर, अबनपुर सन्तोष बीडीसी ने शौचालय अपूर्ण होने की जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सोना रावत, वीडीओ पंकज गौतम, जिला पंचायत सदस्य मनोज कनौजिया, मंजू रावत, एडीओसी प्रमोद शर्मा, प्रशांत शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

# महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कई गलियों का किया लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**महापौर** अभिलाषा गुप्ता ने 14 वें वित्त आयोग के तहत वार्ड 80 करेली के आनंदपुरम कालोनी समेत कई मोहल्लों में हुई नाली और गली के इंटरलॉकिंग निर्माण का लोकार्पण किया गया। महापौर ने वार्ड 80 की करेली भाग दो मंजू कुशवाहा के मकान बेनीगंज से दिग्विजय कुशवाहा के घर तक आनंदपुरम कसारी मसारी नई आबादी में विजय बहादुर सिंह सीसी सड़क तक तथा लिंक गलियों से इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली के निर्माण कार्य करेली बेनीगंज में आकाशदीप श्रीवास्तव के मकान से नैना फेब्रिकेशन सेंटर बेनीगंज तक लाल जी श्रीवास्तव के मकान से अवनीश मिश्रा के घर तक दिव्या लेडीज ब्यूटी पार्लर से आर पी सिंह के घर तक गली में इंटरलॉकिंग नाली और कल्वर्ट का निर्माण सुधार कार्य का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वार्ड 80 के पार्षद रोहित मालवीय पार्षद रोचक दरबारी पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा नामित पार्षद अनूप मिश्रा पार्षद नीरज टंडन विशाल रावत नोमान शकील आदि उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस ने ध्वजा रोहण कर मनाया स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**महानगर महिला** कांग्रेस कमेटी वाराणसी के तत्वाधान में महिला कांग्रेस के 37 वा स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती रितु पांडे जी ने ध्वजारोहण किया और कहीं की राजनीति में महिलाओं को बढ़.चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए और अपने हक की आवाज उठानी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में पुरुषों की तरह ही महिलाओं की भागीदारी के पक्षधर थे। अगर महिलाओं तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाते हैं तो पार्टी का आधार घर.घर तक जाएगा। 1984 में महिला कांग्रेस का न्यू रखा गया था और 2018 में महिला कांग्रेस का झंडा बनाया गया जिसे आज 2 वर्ष हो गए इस सोच के साथ की महिला बढ़कर आगे आए और अपना प्रतिनिधित्व खुद करें रितु पांडे जी ने केंद्र और राज्य सरकारों को भी कटघरे में खड़ा किया और सरकार की बहुत ही गलत नीतियों को भी कोसा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रितु पांडे (महानगर अध्यक्ष) अमृता पांडे, मीरा तिवारी, वीणा पांडे, किरण सिंह, बिल्किस, बेबी, महजभी, माधुरी, इमराना निशा, महालक्ष्मी, कुसुम, मेहताब, उषा, सरोज, नुजहत सीमा, आयशा, त्रिलोचन नवलानी आदि लोग मौजूद थी।

## एनसीआर में 16 से 30 सितंबर तक होगा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

● स्वच्छता जागरूकता दिवस पर मुख्यालय में दो सौ रेल कर्मियों को स्वच्छता किट वितरित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**16 सितंबर** से 30 सितंबर तक उत्तर मध्य रेलवे में स्वच्छ पखवाड़ा मनाया जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे ने अपने क्षेत्र में मण्डलों कार्यशालाओं प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य इकाइयों को निर्देशित किया है कि सोशल डिस्टैंसिंग नियमों का पालन करते हुये स्टेशनों ट्रेनों पटरियों सर्कुलेटिंग एरिया यार्ड डिपो शौचालय नालियों वाटर वेंडिंग पॉइंट्स पैंट्री कार कैंटीनों की सफाई आदि हेतु विशिष्ट दिनों का विशेष तौर पर निर्धारण किये जाये। इसी क्रम में सेमिनार प्रतियोगिताओं समीक्षा प्रचार जागरूकता अभियान आदि का आयोजन कोविड 19 के कारण वर्चुअल या ऑनलाइन माध्यमों से किया जायेगा। एकल उपयोग प्लास्टिक का उन्मूलन केंद्र बिंदु होगा और यह निर्णय लिया गया है कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पूरे उत्तर मध्य रेलवे में धूमधाम से मनाया जायेगा। उत्तर मध्य रेलवे ने 16 सितंबर को मुख्यालय कार्यालय मण्डलों और अन्य इकाइयों में स्वच्छ्ता जागरूकता दिवस का आयोजन करके स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की। स्वच्छ्ता जागरूकता दिवस पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे कुंदन कुमार और पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग मैंएजमेंट विंग के अधिकारियों ने विशेष रूप से कोविड 19 संकट के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए रेलवे कर्मचारियों के बीच स्वच्छ्ता किट का वितरण किया। मास्क सैनिटाइजर और साबुन युक्त यह किट उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के दो सौ रेलकर्मियों को वितरित की गई। इसी तरह के जागरूकता अभियान मण्डलों और उत्तर मध्य रेलवे की अन्य इकाइयों द्वारा भी आयोजित किए गए ।

## बीएचयू के लापता छात्र मामले की सीबीआई जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**बीएचयू** के लापता छात्र शिव त्रिवेदी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए छात्रों ने बुधवार अपराहन बीएचयू सिंह द्वार पर प्रदर्शन किया। लापता छात्र शिव की गुमशुदगी की सीबीआई जाँच की मांग करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीएचयू इकाई के छात्रों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन करते हुए विभाग संयोजक अधोक्षज पांडेय ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है कि पिछले 7 महीनों से विश्वविद्यालय का एक छात्र लापता है और विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए आज तक कोई ठोस पहल नहीं की है। छात्र लापता होने की घटना की सीबीआई जाँच अब आवश्यक हो गया है। अभाविप के सह संयोजक अभय प्रताप सिंह ने कहा कि यह काफी दु:खद है कि देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का छात्र इतने दिनों से लापता है और पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन मामले में मौन है। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उसकी खोजबीन 6 महीनों बाद शुरू हुई है लेकिन यह काफी नहीं है। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जाँच कर शिव को जल्द से जल्द खोजा जाना चाहिए। छात्रों ने बताया कि शिव त्रिवेदी के प्रकरण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन के गैरजिम्मेदाराना रवैये को देखते हुए हमने चीफप्रॉक्टर को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा भी मंगलवार को सौपा था। जिसमें माँग की गई कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिव त्रिवेदी को ढूंढने में अजिम्मेदारी निभाए एवं उनके परिवार की हर सम्भव सहायता करें। प्रदर्शन करने वालों में पतंजलि पांडेय, रितेश सिंह, विपुल सिंह, साक्षी सिंह, प्रदीप, अविनाश, पायल राय, सर्वेश आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में हैं कई उपलब्धियां

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को यह पुरस्कार दोहराता है। जिन्होंने सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण मानकों को प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए निरंतर योगदान दिया है। न्युवोको के में जिया सीमेंट प्लांट को भारतीय उद्योग परिसंघ पूर्वी क्षेत्र ने लार्ज स्केल इंडस्ट्री वर्ग में वर्ष 2019 और 2020 के लिए सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया है। ऑनलाइन अवार्ड समारोह के दौरान सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने के लिए एमसीपी ने दूसरा रनर अप पुरस्कार जीता है। एसएचई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के लिए यह अवॉर्ड डॉक्टर अमित कुमार रॉय सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मेजिया सीमेंट प्लांट ने वर्चुअली प्राप्त किया। ऑनलाइन अवॉर्ड समारोह में प्रमुख कारोबारी उद्यमी और प्लांट मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# घाट किनारे गाद व मलबा छोड़ नीचे उतरने लगी गंगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**गंगा के** जलस्तर में हो रही लगातार गिरावट से निचले इलाके में रहने वालों राहत की सांस ली है लेकिन इसके बाद मलबे की दुर्गंध और इससे उपजने वाले विशाणुओं से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। केन्द्रीय जल आयोग के मध्य कमान की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक गंगा बुधवार को 63.23 मीटर पर बह रही है। फिलहाल इसमें और भी गिरावट की सम्भावना है। निचे उतर रही गंगा घाटों पर मलबा छोड़ती जा रही है। सिढ़ियों से लगातार उतर रही गंगा अपने पीछे दुश्वारी छोड़ती जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों की आशंका बनी हुई है। जिन क्षेत्रों में जल जमाह है वहां पानी सड़ने की वजह से बदबू से लोग परेशान हैं। बुधवार की सुबह केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार गंगा का जलस्तर 63.23 मीटर दर्ज किया गया। केन्द्रीय जल आयोग के मुताबिक फिलहार गंगा नदी का जलस्तर घटाव की ओर है और आने वाले दिनों में भी नदी का जलस्तर और कम होगा। गंगा नदी का रुख घटाव की ओर बना हुआ है।

### ग्रामीणों ने लकड़ी के पुल का निर्माण कर प्रशासन को दिखाया आइना

**फतेहपुरचौरासी,उन्नाव।** वर्ष 2018 को गंगा में आई भीषण बाढ़ के चलते कालीमिट्टी शिवराजपुर सम्पर्क मार्ग हिन्दूपुर के पास कट गया था। जिससे कटरी क्षेत्र के किसानों के अलावा अन्य लोगों को शिवराजपुर पहुंचने के लिए काफी लम्बा चक्कर लगाना पड़ने लगा। उधर, शिवराजपुर-कानपुर को जोड़ने वाला यही एक मात्र सम्पर्क मार्ग है। बरसात के मौसम में प्रतिदिन का आवागमन करने वाले हजारों लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। जिसपर स्थानीय निवासियों के साथ समाजसेवियों नें शासन प्रशासन से तीन वर्षों से गुहार लगाते रहे, लेकिन जब किसी नें उनकी प्रमुख समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया तो स्थानीय निवासियों नें चन्दा इकट्ठा करके बल्ली, फन्टी, बांस रस्सी आदि सामग्री से लगभग 50 मीटर लकड़ी के पुल का निर्माण करके शासन प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य किया है।

### शिकायत व नारेबाजी पड़ी महंगी, केस दर्ज

**पुरवा,उन्नाव।** संपूर्ण समाधान दिवस में सपा नेता व उनके समर्थकों द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल के खिलाफ शिकायत करना व नारेबाजी करना महंगा पड़ गया। प्रभारी तहसीलदार अखलाक हुसैन ने कोविड-19 के नियमों और सरकारी कार्य में बाधा डालने व फरियादियों में भय पैदा करने के आरोप का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी तहसीलदार द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि शासन के दिशा निर्देशों और कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा था। उसी समय सपा नेता सुनील कुमार रावत पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम सहारावा अपने 40-50 साथियों के साथ क्षेत्रीय लेखपाल रामप्रसाद के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अचानक सभागार मे घुस आए और फर्श पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। जिससे कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न होने के साथ वहां मौजूद तमाम फरियादी भयभीत हो गए। उधर, एसडीएम के मना करने व समझाने के बाद भी बाहर नही निकले। जिस पर पुरवा व असोहा पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद मामला शांत हुआ। कोतवाल पुरवा अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

# नीति आयोग की अगुवाई में देश का आदर्श मॉडल बना सेवापुरी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विकास** अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतियोगिता में केपीआई में परफरमेंस अच्छा होने पर हरिभानपुर, कपसेठी एवं शंभूपुर सहित 3 ग्राम पंचायतों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत की अध्यक्षता में यहां पहुंची टीम ने विकास खण्ड सेवापुरी के सभाकक्ष में जिले के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने सेवापुरी विकास अभियान के अन्तर्गत विभागवार कराये गये कार्यों की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से नीति आयोग की टीम को जानकारी दी। माइक्रोसेव संस्था द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर टेक्निकल सपोर्ट के द्वारा सभी विभागों की योजनाओं के अंतर्गत कराये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। ततपशचात सेकेण्ड सेशन ब्रेक आउट सेशन के अन्तर्गत नीति आयोग की टीम ने अधिकारियों को ग्रुप में विभाजित कर जनपद के अधिकारियों के साथ ग्रुप डिस्कशन कर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए रणनीति बनाने की कार्रवाई की। इसके पश्चात् सभी विभागों के डिस्कशन करके तैयार की गयी रणनीति पर आयोग की टीम के सदस्यों द्वारा इसे विचार विमर्श करके अंतिम रुप दिया जायेगा। जिसमें शिक्षा, श्रम एवं रोजगार, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन व डेयरी, बैंकिंग सेवा, मत्स्य विकास, टेलीकम्युनिकेशन, एमएसएमई, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, महिला बाल कल्याण आदि के अलग-अलग ग्रुप में डिस्कशन हुआ। इस अवसर पर नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कमिश्नर दीपक अग्रवाल एवं जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा व पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि उत्साह एवं दिल दिमाग के साथ यह काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के तहत वाराणसी में एक ब्लॉक मॉडल के लिये चुना गया है। ताकि इसे पूरे देश में लागू कर सके। केंद्र, राज्य व जनपद के समन्वय व कन्वर्जन से अच्छा रिजल्ट आता है। क्षेत्र में वाईफाई स्पॉट बने और 100 प्रतिशत यूजर हो गये। यह सेवा को अवसर में बदले। इस विकास अभियान में 141 इंडिकेटर हैं। क्वालिटेटिव उपलब्धि बनाएं। यहां बड़ा बदलाव आया है।

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की नियुक्तियों में फर्जीवाड़े की बू

● जांच में अनियमितताएं सामने आने पर सफीपुर के आशुतोष शिव नरायण विद्यालय के प्रधानाध्यापक की नियुक्ति निरस्तीकरण का बीएसए ने जारी किया आदेश

संवाददाता। उन्नाव

**जिले में** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में हुई नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला किया गया। मैनेजमेंट के खेल में बीएसए स्तर से भी जमकर अनियमितताएं बरती गई। अभिलेखों के सत्यापन में कहीं प्रबंधक तो कहीं बीएसए कार्यालय की भूमिका संदिग्ध रही। ऐसा ही एक मामला सफीपुर का सामने आया है। जहां अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यता की ठीक से जांच किए बिना ही प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्ति कर दी गई। मामला कोर्ट में जाने के बाद हाल ही में एडी बेसिक द्वारा कराई गई जांच में चयन प्रक्रिया में किए गए घपले का खुलासा हुआ है। राजफाश होने के बाद प्रबंधक द्वारा पूरे घालमेल का ठीकरा तत्कालीन बीएसए के सिर फोड़ा जा रहा है। वहीं मौजूदा बीएसए ने चयन अनुमोदन को निरस्त कर प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी कर दिए हैं। चयन निरस्तीकरण के निर्देश जारी होने के बाद महकमे में खलबली का माहौल है। वहीं तत्कालीन समय में नियुक्ति पाने वाले गुरुओं में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। विभागीय जानकारों की माने तो यह मामला महज एक बानगी मात्र है, गत समय में हुई नियुक्तियों की छानबीन की जाए तो बड़ा फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आएगा।

बीते वर्षो में शासन के निर्देश पर शासकीय सहायता प्राप्त कई विद्यालयों में सहायक व प्रधानाध्यापक पदों पर नियुक्तियां की गई थी। जिसमें प्रधानाध्यापक के पद के लिए अन्य अहर्ताओं के अलावा पांच वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक था। बावजूद इसके सफीपुर के आशुतोष शिवनारायण विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन किए बिना ही बीएसए कार्यालय स्तर से नियुक्ति कर दी गई। करीब 2 वर्षों बाद प्रधानाध्यापक व प्रबंधक के बीच खटपट के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा तो फर्जीवाड़े की परतें खुलना शुरू हुई। हद तो तब हो गई जब राज्य सतर्कता आयोग की जांच में अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यता की पुष्टि न होने के बावजूद विभाग ने प्रभावी कार्यवाही नहीं की। करीब 2 वर्षों तक कार्यवाही लंबित रहने के बाद हाल ही में एडी बेसिक के निर्देश पर गठित खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम ने मामले की जांच की। जिसमें अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन न हो पाने के बाद बीएसए ने नियुक्ति निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

## तनाव को देखते हुए गांव में पीएससी तैनात, 25 पर केस दर्ज

संवाददाता। बिछिया, उन्नाव

**अचलगंज** थाना क्षेत्र के गांव गौरा में पांच दिन पहले जमीन के विवाद को लेकर मारपीट में मंगलवार रात एक किसान की मौत हो गयी थी। जिसके बाद गांव में तनाव को देखते हुए बुधवार को पीएसी तैनात कर दी गई। पीआरवी के वाहन में तोड़फोड़ मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं दूसरे पक्ष के घायल परिजनों ने भी अजगैन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव गौरा मजरे तारगांव निवासी किसान रामपाल लोधी 60 का जमीन के विवाद को लेकर पांच दिन पहले नवाबगंज जाते समय अजगैन कोतवाली के गांव लहिया निवासी कामता सिंह व उनके दो बेटों में राकेश व राजेश सिंह ने जालिपा देवी मंदिर के पास रोककर लाठी डंडो से जमकर मारा पीटा था। घायल किसान ने अचलगंज थाने में मेडिकल के बाद एनसीआर दर्ज कराया। मंगलवार रात उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन इसकी जानकारी दरोगा खेड़ा पुलिस को दी। मौके पर अचलगंज एसओ अतुल तिवारी सहित पीआरवी पहुंची। आक्रोशित किसान के बेटे ने पीआरवी की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दिया। पुलिस ने समझा बुझाकर किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई थी। मृतक किसान के बेटों ने रात को ही दूसरे पक्ष के आरोपी कामता सिंह 70 के लहिया गांव पहुंचकर जमकर मारा पीटा और भाग निकले। आरोपी पक्ष के परिजन कामता सिंह को नवाबगंज सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के गांव गौरा में तनाव को देखते हुए भारी पीएसी व पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

# विभिन्न राज्यों से कुछ लोग आतंकी गुट आईएस में शामिल हुए : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिणी राज्यों में आतंकी गुट आईएस की मौजूदगी के संबंध में 17 मामले दर्ज किए और 122 लोगों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत सहित विभिन्न राज्यों से कुछ लोगों के आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के बारे में सरकारी एजेंसियों को सूचना मिली है।

उन्होंने बताया कि एनआईए ने दक्षिणी राज्यों तेलंगाना, केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में आतंकी गुट आईएस की मौजूदगी के संबंध में 17 मामले दर्ज किए और 122 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि केंद्रीय और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिण भारत सहित विभिन्न राज्यों से कुछ लोगों के आईएस में शामिल होने के बारे में पता चला है।

रेड्डी ने बताया कि एनआईए की जांच में पता चला है कि केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू कश्मीर में आईएस सबसे ज्यादा सक्रिय है। उन्होंने बताया अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आईएस इंटरनेट आधारित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहा है। इसे देखते हुए संबद्ध एजेंसियां साइबर स्पेस की सतत निगरानी कर रही हैं और कानून के अनुसार कार्वाई की जाती है।

मंत्री ने बताया सरकार के पास सूचना है कि इन लोगों को वित्त कैसे मुहैया कराया जा रहा है और अपनी आतंकी गतिविधियों को संचालित करने के लिए उन्हें विदेशों से कैसे मदद मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस्लामिक स्टेट, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवांत, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया, दाएश, इस्लामिक स्टेट इन खोरासान प्रॉविन्स (आईएसकेपी), आईएसआईएस विलायत खोरासान, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक और शाम-खोरासान को केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून, 1967 के तहत प्रथम अनुसूची में शामिल कर उन्हें आतंकी संगठन घोषित किया है।

## रास मे उठी पंजाबी को जम्मू कश्मीर की आधिकारिक भाषा बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को पंजाबी को जम्मू कश्मीर की आधिकारिक भाषा बनाए जाने की मांग की गई। शून्यकाल में कांग्रेस के प्रताप सिंह बाजवा ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कश्मीर और पंजाब का बेहद गहरा रिश्ता है और कश्मीर में बडी संख्या में लोग पंजाबी भाषा बोलते हैं। जम्मू कश्मीर की आधिकारिक भाषा की सूची में पंजाबी को शामिल किया जाना चाहिए अन्यथा अल्पसंख्यकों में असंतोष बढेगा। शिरोमणि अकाली दल के बलविंदर सिंह भुंडर ने भी यह मुद्दा उठाया। आधिकारिक भाषा की सूची से पंजाबी को बाहर रखने का फैसला बेहद दुखदाई है। पंजाबी बोलने वालों की संख्या विदेशों में भी कम नहीं है। दो सितंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विधेयक को मंजूरी दी थी, जिसे तहत कश्मीरी, डोगरी और हिंदी जम्मू कश्मीर की आधिकारिक भाषाएं होंगी। उर्दू और अंग्रेजी पहले से ही आधिकारिक भाषाएं हैं।




मुंबई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर पेंटिंग बनाता हुआ कलाकार।

# पीछे ले जाने वाली है नई शिक्षा नीति : खड़गे

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) भविष्य के बदले पीछे ले जाने वाला दस्तावेज है तथा शिक्षा संविधान के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए। खडगे ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि एनईपी पीछे की ओर ले जाने वाला दस्तावेज है जो भविष्य के लिए योजनाएं बनाने और बच्चों को तैयार करने के बदले 2000 साल पीछे की ओर देखता है। स्कूलों में नैतिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के मूल्य संविधान के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए न कि प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों पर।

खडगे ने कहा कि संविधान के प्रावधान के अनुसार राज्य और राज्य से सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस क्रम में संविधान के अनुच्छेद 28 (1) का जिक्र किया और कहा कि राज्य कोष से संचालित किसी भी शैक्षणिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिए जाएंगे। आंगनवाड़ी शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए कोई उचित नीति निर्धारित नहीं की गई है जिससे कस्बों और गांवों के गरीब बच्चों को नुकसान होगा।

कक्षा 10 के बाद लगभग 50 प्रतिशत छात्र पढ़ाई छोड़ देते (ड्रॉप आउट) हैं। इसमें कमी लाने के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई है। एक अनुमान है कि इन छात्रों में से 32.4 प्रतिशत छात्र दलित, 25.7 प्रतिशत अल्पसंख्यक और 16.4 प्रतिशत आदिवासी हैं। खडगे ने कहा कि शिक्षकों पर पहले से ही चुनावों, जनगणना और टीकाकरण आदि जैसे कई दायित्वों का बोझ है। इससे उनके लिए शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना कठिन हो जाता है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में विकास का अवसर मुहैया कराने के लिए गणित, विज्ञान और अंग्रेजी पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## स्वास्थ्य वजहों से मनमोहन चिदंबरम, फर्नांडिस रास के मौजूदा सत्र में भाग नहीं लेंगे

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनमोहन सिंह तथा पूर्व मंत्री पी चिदंबरम स्वास्थ्य संबंधी वजहों से मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की बैठकों में भाग नहीं लेंगे। बुधवार को उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ सदस्यों के पत्र मिले हैं जिनमें उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से मौजूदा सत्र की कार्यवाही में भाग लेने में असमर्थता जताते हुए सदन से इसकी अनुमति मांगी है। नायडू ने कहा कि उन्हें मनमोहन सिंह, पी चिदंबरम, ऑस्कर फर्नांडिस, हिशे लाचुंगपा, मानस रंजन भूइयां, अंबुमणि रामदास, सुशील कुमार गुप्ता, कैप्टन वी लक्ष्मी कांताराव, परिमल नथवानी, महेंद्र प्रसाद, के जे केनए के पत्र मिले हैं। इन सदस्यों ने पूरे सत्र के दौरान कार्यवाही में हिस्सा लेने में असमर्थता जताई है। इसके अलावा नरेंद्र जाधव, ए नवनीत कृष्णन और बंदा प्रकाश के भी पत्र मिले हैं।

# केदारनाथ आपदा में लापता लोगों की खोज में 10 टीमें रवाना

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस ने जून 2013 की प्राकृतिक आपदा में लापता व्यक्तियों की खोज में बुधवार को 10 टीमें केदारनाथ के लिए रवाना कर दीं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) अशोक कुमार ने यहां बताया कि ए 10 टीमें अगले चार दिन तक अपना खोज अभियान जारी रखेंगी और अलग-अलग दिशाओं में जाकर उन लोगों का पता लगाने का प्रयास करेंगी जो अभी तक लापता हैं।

यह अभियान उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर शुरू किया गया है जिसने हाल ही में पुलिस को इस बाबत करवाई करने के निर्देश दिए थे। बुधवार सुबह सोनप्रयाग में रूद्रप्रयाग जिले के पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने इन 10 टीमों को सामान्य निर्देश देते हुए गंतव्य के लिए रवाना किया। ए सभी टीमें गौरीकुंड से अलग- अलग दिशाओं में बढ़ते हुए खोज अभियान में जुट गईं।

पुलिस उपनिरीक्षक की अगुवाई में अभियान पर रवाना हुई प्रत्एक टीम में छह सदस्य हैं जिनमें से दो-दो पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी तथा एक फार्मासिस्ट है जो कोई भी साक्ष्य मिलने पर मौके पर ही डीएनए नमूना लेगा। ये टीमें गूगल मैप या जीपीएस की सहायता से अपनी निर्धारित दिशाओं में लापता लोगों की तलाश करेंगी। इन टीमों के लिए रोजर्मा का जरूरी सामान जैसे स्लीपिंग बैग, टेंट और जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए वायरलैस उपकरण प्रदान किए गए हैं। इस अभियान की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। पुलिस ने पिछले सात सालों में लापता लोगों की तलाश में ऐसे कई अभियान चलाए हैं जिनमें कुछ लोगों के हाथपैर की हड्डियां और कंकाल बरामद हुए थे। पुलिस ने उनकी डीएनए जांच के निष्कर्ष उनके घरवालों तक पहुंचाए थे।

## कर्नाटक के दो और मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एदियुरप्पा सरकार के दो और मंत्रियों-बासवराज बोम्मई तथा के. गोपालैया-की कोविड-19 जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। गृहमंत्री बोम्मई ने बुधवार को ट्वीट किया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने कहा, कल हमारे घरेलू सहायक के संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। इसलिए, मैंने भी अपनी जांच करवाई, जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। बोम्मई ने कहा कि उनमें इस रोग के लक्षण नहीं हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर वह घर पर पृथक रह रहे हैं। मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री गोपालैया ने ट्वीट किया था, मेरे संक्रमित होने की जांच में पुष्टि हुई है, इसलिए मैं डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल में भर्ती हो रहा हूं। मुझमें इस रोग के कोई लक्षण नहीं हैं। बोम्मई और गोपालैया ने अपने संपर्क में आए लोगों से कोविड-19 की जांच कराने का आग्रह किया है। वायरस से संक्रमित हुए अन्य मंत्रियों में वन मंत्री आनंद सिंह, पर्यटन मंत्री सी टी रवि और कृषि मंत्री बी सी पाटिल शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### सीमा शुल्क अधिकारियों ने कोविड-19 महामारी दौरान पूर्वोत्तर में 110 करोड़ का सामान किया जब्त

**गुवाहाटी।** कोविड-19 महामारी के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियो ने पूर्वोत्तर मे अपने 710 अभियानो के दौरान 110 करोड़ रुपए का सामान जब्त किया है। फिक्की द्वारा कॉम्बैटिंग काउन्टर्फिटिंग एंड समगलिंग ड्यूरिंग कोविड-19 एंड बियोंड पर आयोजित एक वेबिनार मे सीमा शुल्क आयुक्त (पूर्वोत्तर) जी. एम. कामेई ने कहा कि उनके अधिकारी दूसरे विभाग के साथ मिलकर छापेमारी कर रहे है। उन्होने कहा, कोविड-19 के दौरान, हमने 710 अभियानो मे 110 करोड़ रुपए का सामान जब्त किया है। कमई ने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारी, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), असम राइफल्स और विभिन्न राज्य पुलिस के साथ निकट समन्वय मे काम कर रहे है। असम के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के विभाग के सचिव देबज्योति दत्ता ने कहा, तस्करी और जालसाजी की गतिविधियो मे लिप्त अपराधी, अपराध और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं और उपभोक्ता इसका खामियाजा भुगत रहे है।

### नक्सली हिंसा में हो रही है कमी : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि देश मे नक्सली हिंसा मे निरतंर कमी आई है तथा 2010 इस हिंसा मे 1005 नागरिको एवं सुरक्षा बलो के कर्मियो की जान गई थी जिनकी संख्या 2019 मे घट कर 202 रह गई। गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे बताया कि चरमपंथी वामपंथ के खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार ने 2015 मे एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना तैयार की थी जिसमे सुरक्षा उपायो, विकास संबंधी पहल, स्थानीय समुदायो के अधिकार सुनिश्चित करना सहित बहुपक्षीय पहल शामिल थी। उन्होने कहा कि देश में चरमपंथी वामपंथ संबंधी हिसा और नक्सली प्रभाव वाले क्षेत्रो मे कमी आई है। उन्होने बताया कि साल 2010 मे नक्सली हिसा मे ।,005 नागरिक और सुरक्षा कर्मी मारे गए थे वही 2019 मे यह आंकडा घट कर 202 रह गया है। उन्होंने बताया कि 2020 में 15 अगस्त तक नक्सली हिंसा में जान गंवाने वाले नागरिको और सुरक्षा बलो की संख्या 102 थी जो साल 2019 की इसी अवधि मे 137 थी।

### कन्नड़ अभिनेता दिगंत और अभिनेत्री ऐन्द्रिता मादक पदार्थ मामले में सीसीबी के सामने पेश हुए

**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म अभिनेता दिगंत मनचले और अभिनेत्री ऐन्द्रिता राय मादक पदार्थो के मामले में बुधवार को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) के सामने पेश हुए। कन्नड़ फिल्म उद्योग मे मादक पदार्थो के प्रचलन के मामले की जांच कर रही सीसीबी ने मंगलवार को दंपति को नोटिस जारी किया था। दंपति ने एक ट्वीट में कहा था, हमें केंद्रीय अपराध शाखा की ओर से फोन पर नोटिस मिला था जिसमें कल (बुधवार) को पूर्वाह्न 11 बजे बुलाया गया था। हम उपस्थित होकर सीसीबी के साथ पूरा सहयोग करेंगे। इससे एक दिन पहले पुलिस ने पूर्व मंत्री जीवराज अल्वा के बेटे आदित्य अल्वा के बंगले पर छापेमारी की थी। सीसीबी ने अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी और संजना गलरानी समेत सात अन्य लोगो को पहले ही गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मामले में कम से कम सात और लोगो की तलाश की जा रही है।

### जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से आतंकी घटनाओं में कमी आई : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि करीब एक साल पहले जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने के बाद से वहां आतंकी घटनाओ मे कमी आई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक प्रश्न के लिखित जवाब राज्यसभा को यह भी बताया कि पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने के बाद वहां पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने तथा आतंकी हमलो मे कम से कम 71 नागरिक तथा सुरक्षा बलो के 74 कर्मी मारे गए। जम्मू कश्मीर में पांच अगस्त 2019 से 10 सितंबर 2020 के बीच आतंकी हमलों से जुड़ी घटनाओ मे 45 नागरिक और 49 सुरक्षा कर्मी मारे गए। पाक की ओर से सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने की वजह से 26 नागरिक और 25 सुरक्षा कर्मी मारे गए।

### केंद्रीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु मे बदलाव का कोई प्रस्ताव नही है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे यह टिप्पणी की। मंत्री ने कहा, केंद्रीय कर्मचारियो की सेवानिवृत्ति की आयु मे बदलाव का कोई प्रस्ताव नही है। राज्य सरकार के कर्मचारी संबंधित प्रदेशो की सरकारो द्वारा तय कानूनो एवं नियमो के दायरे में आते है। सिंह ने एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा कि पिछले साल 18.6 लाख से अधिक लोक शिकायते मिली और इनमे से 16 लाख से अधिक का निस्तारण किया गया।



तिरूवंतपुरम में भाजपा कार्यकर्ता केरल हायर एजूकेशन मंत्री केटी जलील के सोना स्मगलिंग में संलिप्त होने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# शिवसेना ने बॉलीवुड के लिए खड़े होने पर किया जया का समर्थन

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने बुधवार को राज्यसभा सदस्य एवं अभिनेत्री जया बच्चन का समर्थन किया। बच्चन ने उन लोगों की आलोचना की है जो दावा करते हैं कि फिल्म जगत नशे की लत से जूझ रहा है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में कहा, जो ऐसे दावे करते हैं, वे पाखंडी हैं और उनके बयान दोहरे मापदंडों वाले होते हैं।

बच्चन ने मंगलवार को उन लोगों की आलोचना की थी जो फिल्म जगत की छवि खराब कर रहे हैं। इससे एक दिन पहले भाजपा के लोकसभा सदस्य और भोजपुरी अभिनेता रवि किशन ने कहा था कि सिने जगत में मादक पदार्थ की लत की समस्या है।

बच्चन के रूख का समर्थन करते हुए, मराठी दैनिक ने कहा," उन सभी लोगों का डोपिंग परीक्षण किया जाना चाहिए जो कहते हैं कि फिल्म जगत में सभी कलाकार और तकनीशियन मादक पदार्थों के प्रभाव में रहते हैं।"

शिवसेना ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत की नींव दादा साहेब फाल्के ने रखी थी जो महाराष्ट्र के रहने वाले थे। सिने जगत ने राजा हरिशचंद्र जैसी मूक फिल्मों से शुरुआत की थी और लाखों लोगों की कड़ी मेहनत से इसने मौजूदा सफलता हासिल की है।

दैनिक में कहा गया है कि सुनील दत्त और उनके सहकर्मी जवानों का मनोरंजन करने के लिए सीमा पर गए, मनोज कुमार ने हमेशा देशभक्ति से भरी फिल्मों का निर्माण किया जबकि राज कपूर की फिल्मों ने सामाजिक मुद्दों को उठाया। पार्टी ने कहा, कई कलाकारों ने आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाई जिसके लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी।

# बंगाल भाजपा ने मारे गए पार्टी कार्यकर्ताओं का किया तर्पण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने पार्टी के मारे गए कार्यकर्ताओं के लिए बुधवार को शहीद तर्पण का आयोजन किया। कोविड-19 का हवाला देते हुए कोलकाता पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। उत्तरी कोलकाता के बागबाजार घाट में इस आयोजन के लिए बनाए गए मंच को भी पुलिस ने उखाड़ दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का स्थल बदलकर बागबाजार के पास गोलाबारी घाट पर धार्मिक रीति रिवाज का आयोजन किया। तर्पण में पुरखों को जल देकर तृप्त करने की परंपरा है और इसे महालया के अवसर पर किया जाता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, भाजपा ने आयोजन के लिए अनुमति नहीं ली थी। इसलिए हमने कार्यक्रम को रोकने और मंच उखाड़ने का निर्णय लिया।

पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बागबाजार गेट के बाहर अवरोधक लगा दिया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल भाजपा उपाध्यक्ष प्रताप बनर्जी ने कहा था, पार्टी पुलिस के दबाव में नहीं झुकेगी और तर्पण कार्यक्रम करेगी। आयोजन में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पश्चिम बंगाल प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय सह पर्यवेक्षक अरविंद मेनन, राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा और वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय उपस्थित होने वाले थे।

बनर्जी ने कहा, क्या हमें अपने मारे गए कार्यकर्ताओं का तर्पण करने के लिए भी अनुमति लेनी होगी? यह हिंदू अनुष्ठान सदियों से चला आ रहा है। महालया 17 सितंबर को है लेकिन हमने अपना कार्यक्रम एक दिन पहले करने का निर्णय लिया ताकि कम संख्या में लोग आएं। हमें बताया गया कि हमें आयोजन की अनुमति नहीं है। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ वर्षों में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी पिछले साल से सामूहिक तर्पण आयोजित कर रही है।

## केरल सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपियो मे से एक को मिली जमानत

**कोच्चि।** केरल में सोने की तस्करी के मामले में एक मुख्य आरोपी को कड़ी शर्तों पर यहां एक अदालत ने बुधवार को जमानत दे दी। सीमा शुल्क विभाग द्वारा दर्ज किए गए मामले में के टी रमीस को विशेष अदालत (आर्थिक अपराध) ने जमानत दे दी। सीमा शुल्क विभाग ने आरोप लगाया था कि तस्करी के सोने को केरल और राज्य के बाहर एक स्थापित गिरोह के जरिए बेचा गया गया था और रमीस इसका एक मुख्य सदस्य है। जमानत देते हुए अदालत ने आरोपी को दो लाख रुपए का मुचलका भरने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी को प्रत्एक सोमवार को जांच अधिकारी के सामने तीन महीने तक या अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने तक पूर्वाह्न 10 बजे से 11 बजे के बीच उपस्थित होना होगा। अदालत ने आरोपी को अपना पासपोर्ट जमा कराने का भी निर्देश दिया है। पासपोर्ट न होने की स्थिति में आरोपी को हलफनामा देना होगा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है।

# 2017 और 2018 में 1,198 लोगों को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को बताया कि वर्ष 2017 और 2018 में देश भर में ।,198 लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया। इनमें से बोर्डों की समीक्षा के बाद 635 लोगों को रिहा कर दिया गया तथा 563 लोग अब तक हिरासत में हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह भी बताया कि पिछले दिनों राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2018 की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है जिसमें बताया गया है कि मध्यप्रदेश में रासुका के तहत साल 2017, और 2018 में सर्वाधिक संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश का स्थान है।

उन्होंने बताया कि कठोर कानून रासुका के तहत 2017 में पूरे देश में 501 लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें से 229 लोगों को बोर्डों की समीक्षा के बाद रिहा कर दिया गया। कुल 272 लोग अब तक हिरासत में हैं।

मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार साल 2018 में 697 लोगों को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया। इनमें से 406 को बोर्डों की समीक्षा के बाद रिहा कर दिया गया जबकि 291 लोग अब तक हिरासत में हैं। मध्यप्रदेश में 2017 और 2018 में रासुका के तहत 795 लोग हिरासत में लिए गए जिनमें से बोर्डों की समीक्षा के बाद 466 लोगों को रिहा कर दिया गया। फिलहाल 329 लोग हिरासत मे हैं। उत्तर प्रदेश में रासुका के तहत 2017 और 2018 में 338 लोगों को हिरासत में लिया गया। बोर्डों की समीक्षा के बाद इनमे से 150 को रिहा कर दिया गया और 188 लोग अभी भी हिरासत में हैं।



जयपुर में पीटेट परीक्षा में परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र चेक करती हुई शिक्षिका।

# किसानों से संबंधित विधेयक बहुत क्रांतिकारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में कृषि क्षेत्र से संबंधित पेश किए गए तीन विधेयकों का मजबूती से बचाव करते हुए उन्हें बहुत ही क्रांतिकारी, जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाला और किसानों की तस्वीर बदलने वाला बताया।

किसान इन तीनों विधेयकों का विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार संसद के मौजूदा मानसून सत्र में किसानों से संबंधित कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा प्रदान करना) विधेयक, 2020, कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक और आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020 लेकर आई है। आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक मंगलवार को लोकसभा से पारित हो गया। नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी हमला बोला

## ● कांग्रेस का विरोध गुमराह करने वाला: जेपी नड्डा

और कहा कि उसके द्वारा इन विधेयकों का विरोध उसके दोहरे चरित्र को उजागर करता है। कांग्रेस पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इन विधेयकों के माध्यम से जो कर रही है, उसका वादा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किया था। उन्होंने कहा कि इन तीन विधेयकों पर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की चिंताओं को दूर करने के लिए पार्टी लगातार उसके नेताओं से बातचीत कर रही है।

शिअद के विरोध के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में नड्डा ने संवाददाताओं ने कहा, हम उनके साथ बातचीत कर रहे हैं। सारी चीजों के बारे में जानकारियां भी दे रहे हैं। बात भी हो रही है और चर्चा भी कर रहे हैं। अभी से नहीं, ए लगातार हो रही है।



चर्चा के माध्यम से ही हम आगे बढ़ रहे हैं और आगे बढ़ेंगे। शिअद के नेताओं ने मंगलवार को नड्डा से मुलाकात कर आग्रह किया था कि केंद्र सरकार को कृषि से संबंधित इन तीन विधेयकों पर किसानों की चिंताओं का निराकरण करना चाहिए। पार्टी ने इन विधेयकों को संसदीय समिति में भेजने की मांग की थी। केन्द्र में शिअद, भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सहयोगी दल है। उन्होंने दावा किया कि ए तीनों विधेयक बहुत दूरदृष्टि रखते हैं और कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने में ए तीनों बिल बहुत महत्वपूर्ण और लाभकारी हैं तथा किसानों के उत्पाद का दाम बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ाने वाले साबित होंगे। उन्होंने कहा, तीनों ही विधेयक किसानों को नई आजाद हवा देंगे। इसके बाद किसान को आजादी होगी अपना उत्पाद बेचने की। यह तीनों विधेयक बहुत ही क्रांतिकारी हैं और जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाले हैं। इससे किसानों की तस्वीर बदलेगी, तकदीर बदलेगी, उनके हालात में मूलभूत परिवर्तन होगा। उत्पाद का उसको उचित मूल्य मिलेगा।

नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज इन विधेयकों का विरोध कर रही है जबकि चुनावों में किसानों को लुभाने के लिए वह इसी प्रकार के वादों को अपने घोषणा पत्र का हिस्सा बनाती है। उन्होंने आरोप लगाया, विधेयकों को ले कर कांग्रेस का विरोध राजनीति के सिवाय कुछ नहीं। यह उसका दोहरा चेहरा है। हर चीज में इनका काम राजनीति करना है। कांग्रेस को सिवाय राजनीति के कुछ नहीं आता। मोदी सरकार इन विधेयकों के माध्यम से जो कर रही है, उसका वादा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किया गया था।




पुरी में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर रेत से बने कलाकृति प्रदर्शित करते कलाकार सुदर्शन पटनायक

# कृषि विधेयक लागू करने से पंजाब में फैल सकती है अशांति: अमरिंदर

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को कहा कि संसद में पेश किए गए कृषि क्षेत्र से संबंधित विधेयकों से इस सीमावर्ती राज्य में अशांति और असंतोष फैल सकता है, जो कि पहले ही पाकिस्तान द्वारा अशांति फैलाने की हरकतों से लगातार जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में राज्यपाल वी पी सिंह बदनौर को एक ज्ञापन सौंपने के लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की और केन्द्र संसद में इन विधेयकों को आगे नहीं बढ़ाए, इस पर उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। दरअसल केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सोमवार को कृषि क्षेत्र से संबंधित तीन विधेयक लोकसभा में पेश किए थे और कहा था कि इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में सहायता मिलेगी। सिंह के साथ पंजाब कांग्रेस प्रमुख सुनील जाखड़ और अन्य लोग मौजूद थे। सिंह ने राज्यपाल से कहा कि राष्ट्रव्यापी संकट के बीच वर्तमान खरीद प्रणाली के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़,



राज्य के किसानों के बीच सामाजिक अशांति को गहरा सकती है। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र की शांति और विकास के लिए अनुकूल नहीं होगा जो अपने साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण पहले ही सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी गंभीर चुनौतियों का सामना करता है। उन्होंने मादक पदार्थ-आतंक तथा भारत विरोधी अन्य गतिविधियों के जरिए राज्य की शांति और स्थिरता को भंग करने की पाकिस्तान की हरकतों का जिक्र करते हुए कहा कि किसान विरोधी विधेयक लोगों के गुस्से को बढ़ाने का काम करेगा। उन्होंने प्रश्न किया, हम पाकिस्तान के हाथों में क्यों खेल रहे हैं। सिंह ने कहा कि ए विधेयक राष्ट्र हित के खिलाफ हैं और विशेष रूप से पंजाब के लिए हानिकारक है, जहां अधिकांश किसानों के पास पांच एकड़ से कम जमीन है और वे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

# कंगना ने फिर जया पर बोला हमला

**भाषा।** मुंबई

**कंगना** रनौत ने संसद में मशहूर अदाकारा एवं सांसद जया बच्चन द्वारा की गई थाली संबंधी टिप्पणी पर बुधवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि उन्हें तो थाली में सजाकर कुछ नहीं मिला।

मंगलवार को बच्चन ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि इस मनोरंजन उद्योग के बारे में सोशल मीडिया पर भला-बुरा कहा जा रहा है। उन्होंने सरकार से इसकी सुरक्षा करने और उसका साथ देने की मांग की। बच्चन ने बॉलीवुड में ड्रग की तस्करी एवं व्यसन पर लोकसभा सदस्य रवि किशन और रनौत द्वारा दिए गए बयानों का हवाला देते हुए कहा, जिन लोगों ने इस उद्योग में नाम कमाया, उन्होंने इसे गटर (गंदा नाला) कहा है। मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं... मुझे वाकई बड़ा असहज लगा और शर्मिंदगी महसूस हुई जब कल लोकसभा में हमारे एक सदस्य, जो इसी उद्योग से आते हैं, ने बोला। मैं नाम नहीं ले रही। यह शर्मनाक है। बच्चन ने कहा, जिस थाली में खाते



हैं, उसी में छेद करते हैं। गलत बात है। अपने भड़काऊबयानों से सुर्खियों में चल रही रनौत ने मंगलवार को बच्चन की निंदा की और बुधवार को भी उन्होंने उन पर हमला जारी रखा।

रनौत ने कहा, किस थाली की बात आप कर रही हैं, जया जी? एक ऐसी थाली दी गई जिसमें दो मिनट की भूमिका, आईटम नंबर एवं रोमांटिक सीन की पेशकश थी और वो भी हीरो के साथ सोने के बाद। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, मैंने फिल्मोद्योग को नारीवाद का पाठ पढ़ाया, देशभक्ति वाली फिल्मों से थाली सजाई। यह मेरी अपनी थाली है जयाजी, आपकी नहीं। तनु वेड्स मनु में रनौत के साथ अभिनय करने वाली स्वरा भास्कर ने इस कड़ी प्रतिक्रिया करते हुए कहा, अपने दिमाग की गंदगी अपने तक सीमित रखिए। यदि आप मुझे गालियां देना चाहती हैं तो दीजिए ... मैं खुशी खुशी आपकी बकवास सुनूंगी और आपके साथ ये कीचड़ कुश्ती लड़ूंगी।

बड़ों का आदर करना भारतीय संस्कृति में पढ़ाया जाने वाला पहला पाठ है और आप स्वघोषित राष्ट्रवादी हैं। फिल्मकार अलंकृता श्रीवास्तव ने भी रणौत की आलोचना की। वैसे बच्चन की संसद में उनके द्वारा दिए गए बयान को लेकर बॉलीवुड में उनके कई सहयोगियों ने प्रशंसा की है।

## सुशांत मामला: एनसीबी जांच दल का सदस्य कोविड 19 वायरस से संक्रमित

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मादक पदार्थ कोण की जांच कर रही एनसीबी टीम का एक सदस्य बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया, जिसके बाद अभिनेता की पूर्व प्रबंधक श्रुति मोदी से पूछताछ को टाल दिया गया है। मोदी सुबह 10 बजे दक्षिण मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के दफ्तर पहुंचीं, जहां उनसे विशेष जांच दल (एसआईटी) को पूछताछ करनी थी। अधिकारी ने बताया कि जांच दल को उनका बयान दर्ज करने से पहले अपने एक सदस्य के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की रिपोर्ट मिली। उन्होंने बताया कि एसआईटी सदस्य एंटीजन टेस्ट होने पर संक्रमित पाया गया। दल के सभी अन्य सदस्यों की भी जांच कराई जाएगी और सभी प्रोटोकॉल का अनुसरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद हमने श्रुति मोदी को वापस भेज दिया। एनसीबी ने मंगलवार को मोदी और राजपूत की कौशल प्रबंधक जया साहा से जांच में शामिल होने के लिए कहा था ताकि मामले के कुछ पहलुओं की तस्वीर साफ हो सके।

# भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में सर्दी में भी आर-पार की जंग लड़ने के लिए तैयार : सेवानिवृत ब्रिगेडियर

**भाषा।** जम्मू

**भारतीय** सेना पूर्वी लद्दाख में सर्दी में भी आर-पार की जंग लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही अगर चीन युद्ध छेड़ता है तो उसे अच्छी तरह प्रशिक्षित, बेहतर ढंग से तैयार, पूरी तरह चौकस और मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत भारतीय सैनिकों का सामना करना होगा। सेवानिवृत ब्रिगेडियर हेमंत महाजन ने यह बात कही है। उधमपुर में सेना की उत्तरी कमान के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने आज दिन में एक बयान के साथ भारतीय सेना की संचालनात्मक तैयारियां नामक पूर्व सैन्य अधिकारी की आकलन रिपोर्ट मीडिया को प्रसारित की थी। शाम के समय जनसंपर्क अधिकारी ने मीडिया को भेजे ईमेल संदेश में कहा कि बयान उत्तरी कमान या सेना के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता और इसे रद्द माना जा सकता है।

पीआरओ ने अलग से वाट्सऐप संदेश में कहा कि बयान में ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) हेमंत महाजन के विचार हैं और यह गलती से उत्तरी कमान के बयान की तरह प्रेषित हो गया। महाजन के अनुसार शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत भारतीय सैनिकों के मुकाबले अधिकतर चीनी सैनिक शहरी इलाकों से आते हैं। वे जमीनी हालात की दिक्कतों से वाकिफ और लंबे समय तक तैनात रहने के आदी नहीं होते। सेवानिवृत अधिकारी ने चीन के आधिकारिक मीडिया प्लेटफॉर्म ग्लोबल टाइम्स की उस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कहीं, जिसमें कहा गया था कि भारत सर्दियों में प्रभावी ढंग से लड़ाई नहीं लड़ पाएगा। महाजन ने कहा, यह घमंड का जीता जागता उदाहरण है। भारतीय सेना सर्दी में भी पूर्वी लद्दाख में आर-पार की जंग लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा, भारत एक शांतिप्रिय देश है और पड़ोसियों से अच्छे संबंध रखना चाहता है। भारत हमेशा संवाद के जरिए मुद्दों के समाधान को तरजीह देता है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद हल करने को लेकर बातचीत जारी है। जहां तक सेना की बात है, तो वह लंबे गतिरोध के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में उंचे से भी बहुत अधिक उंचे स्थान हैं। नवंबर के बाद यहां 40 फुट तक बर्फ जम जाती है। महाजन ने कहा, इसके अलावा, तापमान शून्य से नीचे 30 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाना आम बात है। शीतलहर सैनिकों के लिए और भी ज्यादा मुश्किलें खड़ी कर देती हैं।




भोपाल में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर केक काटते भारतीय सिंधु सभा के कार्यकर्ता

# वैक्सीन की दस करोड़ डोज के लिए डॉ. रेड्डीज लैब का रूस से समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के खिलाफ अपने टीके स्पूतनिक-5 के परीक्षण और वितरण के लिए रूसी प्रत्यक्ष निवेश फंड (आरडीआईएफ) डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ मिलकर काम करेगी। आरडीआईएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरिल दमित्रिएव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीके के क्लीनिकल परीक्षण के लिए सभी आवश्यक शर्तें पूरी हों यह सुनिश्चित करने के लिए आरडीआईएफ भारतीय नियामकों के साथ बातचीत कर रहा है। दमित्रिएव ने कहा, आरडीआईएफ और भारत में



मुख्यालय वाली वैश्विक दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड के बीच 10 करोड़ रूसी स्पूतनिक-5 टीके की आपूर्ति पर सहमति बनी है और भारत में टीके के क्लीनिकल परीक्षण और वितरण पर भी वे मिलकर काम करेंगे। आरडीआईएफ प्रमुख ने कहा कि अगर सबकुछ सही रहा तो भारत में नियामक प्राधिकारियों के पास टीके का पंजीकरण कराने के बाद इसकी आपूर्ति नवंबर 2020 तक शुरू हो सकती है। यह कदम सफल परीक्षण और नियामकों की मंजूरी मिलने के अधीन है। आरडीआईएफ अधिकारियों ने कहा कि भारत में तीसरे चरण का परीक्षण किया जाएगा और इस बारे में जल्द ही घोषणा होने की उम्मीद है। कोरोना वायरस के खिलाफ टीके स्पूतनिक-5 को गामालेया राष्ट्रीय रोगविज्ञान एवं सूक्ष्मजीव शोध संस्थान व आरडीआईएफ ने मिलकर बनाया है। दमित्रिएव ने कहा कि स्पूतनिक-5 का अतिरिक्त क्लीनिकल अध्ययन ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और बेलारूस समेत अन्य देशों में किया जाएगा।

## वैज्ञानिकों ने पहला जीन-संपादित मवेशी सृजित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैज्ञानिकों ने जीन-संपादित पहला नर मवेशी सृजित किया है, जिससे तेजी से बढ़ती वैश्विक आबादी के लिए खाद्य उत्पादन को बेहतर किया जा सकता है। सरोगेट सायर कहे जाने वाले इस नर मवेशी के शुक्राणु सिर्फ उसकी आनुवांशिक विशेषताओं को आगे की पीढ़ी में लेकर जाएंगे। पीएनएएस जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि यह तकनीक मवेशियों में वांछित विशेषताओं के प्रसार को गति दे सकती है। यह दूर-दराज़ के क्षेत्रों में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के बेहतरीन जानवरों की आनुवंशिक खूबियों को उपलब्ध करा सकती है। इस वैज्ञानिक प्रगति से बकरे जैसे जानवरों को और उम्दा नस्ल वाला बनाया जा सकता है। इस प्रौद्योगिकी के जरिए हम वांछित आनुवांशिक विशेषता प्राप्त कर सकते हैं और खाद्य उत्पादन की क्षमता में सुधार कर सकते हैं।

# पेज एक का शेष

## एलएसी पर...

ने घुसपैठ की कोशिश की थी और उसे भारतीय सेना ने विफल कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह घटना फिंगर चार के रिजलाइन पर हुई थी, जहां भारतीय थल सेना झील के दक्षिणी तट पर कई सामरिक पर्वत चोटियों पर काबिज होने के बाद अपनी तैनाती बढ़ा रही है। सूत्रों ने बताया कि चीन की 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' (पीएलए) के सैनिक एक भारतीय मोर्चे की ओर आक्रामक तरीके से बढ़े,लेकिन वे कुछ समय बाद लौट गये क्योंकि चौकन्ने थल सेना कर्मी अपने मोर्चे पर दृढ़ता से डटे रहे। उन्होंने बताया कि चीनी सैनिकों ने चेतावनी देते हुए 100-200 गोलियां चलाई, उनका प्राथमिक उद्देश्य भारतीय थल सेना कर्मियों को भयभीत करना था। तीसरी घटना सात सितंबर को हुई जब अपमानित चीनी टुकड़ियों ने हवा में फायरिंग की लेकिन भारतीय सेना ने शांति बनाए रखी। चीन की यह उकसावे वाली कार्रवाई इस इलाके में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों पर से भारतीय सेना के कब्जे को हटाने मंशा से की गई थी। फायरिंग की यह घटना रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके चीनी समकक्ष के बीच मास्को में दो घंटे तक चली द्पिक्षीय बैठक से ठीक चार दिन पहले हुई थी। दोनों नेताओं की मुलाकात शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की 4 सितंबर को हुई बैठक के दौरान हुई थी। चौथी घटना में पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर नौ सितंबर को दोनों पक्षों की ओर से हवाई फायरिंग की गई। यह घटना जयशंकर और वांग येई क बीच बैठक से ठीक एक दिन पहले हुई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि मौजूदा स्थिति के अनुसार चीनी सेना ने एलएसी के अंदर बड़ी संख्या में जवानों और हथियारों को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में गोगरा, कोंगका ला और पैंगोंग झील के उत्तरी एवं दक्षिणी तट सहित क्षेत्र में दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव के कई बिंदु हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने भी जवाबी तैनाती की हैं, ताकि देश के सुरक्षा हितों का पूरी तरह ध्यान रखा जाए। हमारे सशस्त्र बल इस चुनौती का डटकर सामना करेंगे। हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है।' गलवान घाटी में 15 जून को दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई झड़प में भारत के 20 सैन्य कर्मियों के शहीद होने के बाद पूर्वी लद्दाख में तनाव बढ़ गया। पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर 29 और 30 अगस्त की दरम्यानी रात भारतीय भूभाग पर कब्जा करने की चीन की नाकाम कोशिश के बाद स्थिति और बिगड़ गई। भारत ने पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर कई पर्वत चोटियों पर तैनाती की और किसी भी चीनी गतिविधि को नाकाम करने के लिये क्षेत्र में फिंगर 2 तथा फिंगर 3 इलाकों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। चीन फिंगर 4 और फिंगर 8 के बीच के इलाकों पर कब्जा कर रहा है। इस इलाके में फैले पर्वतों को फिंगर कहा जाता है। चीन ने भारत के कदम का पुरजोर विरोध किया है। हालांकि, भारत यह कहता रहा है कि ये चोटियां एलएसी के इस ओर हैं। भारत ने चीनी अतिक्रमण के प्रयासों के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिक एवं हथियार भी भेजे हैं। साथ ही, क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाई है।

## मुख्यमंत्री ने...

राशन कार्ड बनाकर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। अप्रैल 2020 से प्रत्येक माह में दो बार पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ मिले। यदि किसी परिस्थितिवश किसी व्यक्ति के पास कोई भी स्वास्थ्य योजना का कार्ड नहीं है तो ऐसी स्थिति में उसे उपचार के लिए 1000 रुपये की राशि ग्राम प्रधान निधि या नगर निकाय निधि से उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यदि दुर्भाग्य से किसी निराश्रित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और अन्तिम संस्कार की व्यवस्था नहीं है तो ऐसे में जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे ग्राम प्रधान निधि अथवा नगर निकाय निधि से 5000 रुपये की व्यवस्था करके अन्तिम संस्कार सम्पन्न करायें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, अयोध्या, फतेहपुर, ललितपुर, देवरिया, वाराणसी तथा चित्रकूट के पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और उनकी कुशलक्षेम पूछी। समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीबों को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों को लाभान्वित करके समाज को खुशहाल बनाया जा सकता है।

## अयोध्या विवादित...

आदेश पारित कर रायबरेली की विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही को लखनऊ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) में स्थानांतरित कर दिया। साथ ही इस मामले के मुल्जिमों पर आपराधिक षडयंत्र के तहत भी आरोप तय करने का आदेश दिया। साथ ही पूर्व में आरोप के स्तर पर डिस्चार्ज किए गए मुल्जिमों के खिलाफ भी मुकदमा चलाने का आदेश दिया। 18 मई, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के अनुपालन में सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) ने डिस्चार्ज हो चुके 13 में छह मुल्जिमों को जरिए समन तलब किया। क्योंकि इनमें छह मुल्जिमों की मौत हो चुकी थी। जबकि गर्वनर होने के नाते कल्याण सिंह पर आरोप नहीं तय हो सकता था। लिहाजा उन्हें तलब नहीं किया गया था। 30 मई, 2017 को सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) ने मुल्जिम एलके आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, विनय कटियार, साध्वी ऋतंभरा व विष्णु हरि डालमिया पर आईपीसी की धारा 120 बी (साजिश रचने) का आरोप मढ़ा। लिहाजा इन सभी मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 153ए, 153बी व 505 (1)बी के साथ ही आईपीसी की धारा 120 बी के तहत भी मुकदमे की कार्यवाही शुरु हुई। लेकिन इसके बाद विष्णु हरि डालमिया की मौत हो गई। विशेष अदालत ने इसके साथ ही महंत नृत्य गोपाल दास, महंत राम विलास वेदांती, बैकुंठ लाल शर्मा उर्फ प्रेमजी, चंपत राय बंसल, धर्मदास व डॉ. सतीश प्रधान पर भी आईपीसी की धारा 147, 149, 153ए, 153बी, 295, 295ए व 505 (1)बी के साथ ही धारा 120 बी के तहत भी आरोप तय किया। इससे पहले सभी मुल्जिमों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज हो गई थी। इसके बाद 27 सितंबर, 2019 को कल्याण सिंह पर भी आईपीसी की धारा 120बी, 153ए, 153बी, 295, 295ए व 505 के तहत आरोप तय हुआ। इस तरह 49 में कुल 32 मुल्जिमों के मुकदमे की कार्यवाही शुरु हो गई। क्योंकि तब तक 17 मुल्जिमों की मौत हो चुकी थी। 31 मई, 2017 से इस मामले में अभियोजन की गवाही शुरू हुई और 13 मार्च, 2020 को सीबीआई की गवाही की प्रक्रिया व बचाव पक्ष की जिरह भी पूरी, 351 गवाह व 600 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए गए और चार जून, 2020 से मुल्जिमों का सीआरपीसी की धारा 313 के तहत बयान दर्ज होने शुरू हुए। एक सितंबर, 2020 को दोनों पक्षों की मौखिक बहस के साथ ही इस मामले की अंतिम सुनवाई भी पूरी। दो सितंबर से अदालत ने अपना फैसला लिखवाना शुरु किया। 16 सितंबर, 2020 को अदालत ने 30 सितंबर को अपना फैसला सुनाने का आदेश जारी किया।

## राजधानी में...

130, सीतापुर में 65, प्रतापगढ़ में 59, उन्नाव में 56, सिद्धार्थनगर में 51, चंदौली में 24, बहराइच में 53, बिजनौर में 53, सोनभद्र में 36, मैनपुरी में 64, संत कबीर नगर में 32, बदांयू में 44, रायबरेली में 33, फ़िरोज़ाबाद में 32, अमरोहा में 23, हापुड़ में 30, कन्नौज में 21, मिर्ज़ापुर में 29, ललितपुर में 46, मऊ में 24, अमेठी में 32, सम्भल में 40, फर्रुखाबाद में 47, फतेहपुर में 28, जालौन में 50, शामली में 73, औरैया में 38, बांदा में 52, कानपुर देहात में 18, एटा में 28, भदोही में 23, कौशाम्बी में 26, बलरामपुर में 24, अम्बेडकर नगर में 20, कासगंज में 38, बागपत में 21, चित्रकूट में 32, हमीरपुर में 8, श्रावस्ती में 8, हाथरस में 9, महोबा में 20 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## देश में...

से मृत्यु दर गिरकर 1.63 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 9,95,933 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कि कुल मामलों का 19.84 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 15 सितम्बर तक कुल 5,94,29,115 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिसमें से 11,16,842 नमूनों की जांच मंगलवार को ही की गई। आंकड़ों अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन ।,290 लोगों की मौत हुई है, उनमें सबसे ज्यादा 515 लोग महाराष्ट्र के हैं। इसके अलावा कर्नाटक के 216, उत्तर प्रदेश के 113, पंजाब के 90, आंध्र प्रदेश के 69, तमिलनाडु के 68, पश्चिम बंगाल के 59, दिल्ली के 36 लोग शामिल हैं।आंकड़ों अनुसार अभी तक कुल 82,066 लोगों की मौत हुई है, इनमें सर्वाधिक 30,409 लोग महाराष्ट्र के हैं। वहीं तमिलनाडु के 8,502 , कर्नाटक के 7,481, आंध्र प्रदेश के 5,041, दिल्ली के 4,806, उत्तर प्रदेश के 4,604, पश्चिम बंगाल के 4,062, गुजरात के 3,244, पंजाब के 2,514 और मध्य प्रदेश के ।,820 लोग शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि संक्रमण की वजह से मरने वाले 70 फीसदी से ज्यादा लोग दूसरी बीमारियों से भी ग्रसित थे। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हमारे आंकड़ों का मिलान आईसीएमआर से किया जा रहा है।

## पीजीआई से...

बताया था कि 88 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य में पहले के मुकाबले सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि कल्याण सिंह लोगों से बात कर रहे हैं और उनके रक्त में ऑक्सीजन का स्तर भी संतोषजनक है। सोमवार को उनका क्रिएटिनिन सीरम कुछ बढ़ा हुआ था लेकिन मंगलवार को वो भी काफी कम हो गया था।

## एसआईटी ने...

था। क्रशर कारोबारी के भाई रविकांत त्रिपाठी ने कबरई थाने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मणिलाल पाटीदार, तत्कालीन एसओ कबरई देवेंद्र शुक्ला, सहयोगी व्यापारी सुरेश सोनी व ब्रम्हदत्त सहित कुछ अज्ञात पुलिस कर्मियों पर हत्या के प्रयास, साजिश रचने, उगाही आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इलाज के दौरान इंद्रकांत त्रिपाठी की मृत्यु हो जाने पर मुकदमे को हत्या की धाराओं में तरमीम कर दिया गया। इसके बाद से मणिलाल पाटीदार सहित सभी आरोपी भूमिगत हो गए हैं। इस मामले में पूछताछ के लिए पूर्व एसपी को नोटिस जारी कर तलब किया गया है। इसके साथ ही बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छह टीमें बनाई गईं हैं। दावा किया कि पुलिस जल्द सभी आरोपितों को गिरफ्तारी कर लेगी।

# मौरिस और फिंच के आने से कम होगा कोहली पर दबाव



भाषा। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग में अब तक अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रही विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने क्रिस मौरिस और आरोन फिंच को खरीदकर अपनी समस्याओं का समाधान तलाशने की कोशिश की है लेकिन मैदान पर ही पता चलेगा कि यह दांव कितना कारगर साबित हुआ। कोहली की मौजूदा टीम 2016 के बाद से सबसे संतुलति टीम है जब वह तीसरी बार फाइनल में पहुंची थी लेकिन फिर हार गई थी। आरसीबी ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी हरफनमौला क्रिस मौरिस पर दस करोड़ रुपये खर्च किए और प्रबंधन को डैथ ओवरों में उनसे कसी हुई गेंदबाजी के अलावा निचले क्रम पर आक्रामक बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। 2017 में क्रिस गेल के जाने के बाद से आरसीबी की बल्लेबाजी कोहली और एबी डिविलियर्स पर निर्भर रही है लेकिन आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच के आने से उन पर दबाव कुछ कम होगा। कोहली अब फिंच के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं या तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। ऐसे में पार्थिव पटेल या देवदत्त पडीक्कल उनके साथ पारी की शुरूआत करेंगे। स्टार खिलाड़ियों के नहीं चलने पर गुरकीरत सिंह मान और शिवम दुबे जैसे युवाओं पर जिम्मेदारी रहेगी। निचले क्रम पर मौरिस के साथ मोईन अली भी हैं। गेंदबाजी में अली और लेग स्पिनर एडम जाम्पा में से एक को चुना जाएगा। युजवेंद्र चहल और वाशिंगटन सुंदर भी स्पिनरों में शामिल है। तेज गेंदबाजों में मौरिस, डेल स्टेन, नवदीप सैनी, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कोचिंग स्टाफ भी नया है जिसमें माइक हेसन और सिमोन कैटिच शामिल हैं। आरसीबी के प्रशंसक दुआ कर रहे होंगे कि 13 साल का उनका इंतजार इस बार खत्म हो जाए। आरसीबी को 21 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से पहला मैच खेलना है। **टीम:** आरोन फिंच, देवदत्त पडीक्कल, पार्थिव पटेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, गुरकीरत मान, शिवम दुबे, क्रिस मौरिस, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, युजवेंद्र चहल, एडम जाम्पा, इसुरू उडाना, मोईन अली, जोश फिलीप, पवन नेगी, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।

### धोनी को फिर से खेलते देखना शानदार होगा: सहवाग



**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को इस साल की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को ज्यादा विशेष होने की उम्मीद है और इसका मुख्य कारण महेंद्र सिंह धोनी का एक साल के लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा करने के बाद पिच पर लौटना है। सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट हर किसी खिलाड़ियों और साथ ही दर्शकों के लिए कुछ ज्यादा विशेष होगा। धोनी को फिर से पिच पर देखना निश्चित रूप से खुशी देने वाला होगा। काफी कुछ होगा, क्या मुझे और ज्यादा कहने की जरूरत है? अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के अपने फैसले से सभी को हैरान करने वाले धोनी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अगुआई करेंगे और टीम 19 सितंबर को अबुधाबी में लीग के शुरूआती मैच में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। सहवाग ने कहा कि क्रिकेट भारतीयों की जिंदगी का अहम हिस्सा है और प्रशंसकों ने खेल की बहाली के लिए काफी लंबा इंतजार किया। उन्होंने कहा कि मैंने लॉकडाउन में अपना काफी समय पुराने मैचों को देखते हुए उनका विश्लेषण करते हुए बिताया जिसमें मेरी पारियां भी शामिल थीं।

## सट्टेबाजी रोकने के लिए ब्रिटिश कंपनी की मदद लेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान सट्टेबाजी और अन्य भ्रष्ट गतिविधियों को रोकने ले लिए ब्रिटेन स्थित कंपनी स्पोर्टरडार के साथ करार किया है जो अपनी धोखाधड़ी जांच प्रणाली (एफडीएस) के जरिए सेवाएं देगी। आईपीलए का 13वां सत्र खाली स्टेडियमों में खेला जाएगा और ऐसे में अजित सिंह की अगुवाई वाली बीसीसीआई भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के सामने एक अलग तरह की चुनौती होगी, क्योंकि कुछ राज्यस्तरीय लीग के दौरान सट्टेबाजी से जुड़ी धोखाधड़ी बढ़ी है और इस लुभावनी प्रतियोगिता के दौरान इसके बढ़ने की संभावना है। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा कि हां, बीसीसीआई ने इस साल के आईपीएल के लिए स्पोर्ट रडार के साथ करार किया है। वे एसीयू के साथ मिलकर काम करेंगे और अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि स्पोर्टरडार ने हाल में गोवा फुटबाल लीग के आधा दर्जन मैचों को संदेह के घेरे में रखा था। वे फीफा, यूएफा और विश्व भर की विभिन्न लीग के साथ काम कर चुके हैं। बीसीसीआई एसीयू ने हाल में तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) सहित राज्यस्तरीय टी20 लीग के दौरान सट्टेबाजी के अलग तरह के नमूनों का पता लगाया था। अलग तरह के दांव लगाए जाने के कारण एक प्रमुख सट्टा कंपनी ने दांव लगवाना बंद कर दिया था। स्पोर्टरडार के अनुसार धोखाधड़ी जांच प्रणाली (एफडीएस) एक विशिष्ट सेवा है जो खेलों में सट्टेबाजी से संबंधित हेराफेरी का पता लगाती है। यह इसलिए संभव हो पाता है क्योंकि एफडीएस के पास मैच फिक्सिंग के उद्देश्य से लगाए जाने वाली बोलियों को समझने के लिए उपयुक्त प्रणाली है।

## आईपीएल खबरें

### ऋतुराज गायकवाड़ अब भी पृथकवास में पहले मैच में खेलने की संभावना नहीं

**दुबई।** पिछले महीने कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ अब भी पृथकवास में हैं और अबु धाबी में 19 सितंबर को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ टीम के पहले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के लिए उनके उपलब्ध रहने की संभावना नहीं है। सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि रुतुराज बिलकुल ठीक हैं लेकिन उन्हें अब तक टीम के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से जुड़ने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड की स्वीकृति नहीं मिली है। विश्वनाथन ने कहा कि रुतुराज को अब तक बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने स्वीकृति नहीं दी है और वह अब भी पृथकवास में हैं। पहले मैच के लिए उनके उपलब्ध रहने की संभावना नहीं है। हमें अगले कुछ दिनों में उनके जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में लौटने की उम्मीद है और वह बिलकुल ठीक है।

### यूएई के हालात के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी: अमित मिश्रा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पिचों से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा का मानना है कि ऐसी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि अब तक हालात तटस्थ हैं। भारत के इस 36 साल के स्पिनर ने कहा कि यूएई की पिचें बल्लेबाजों की अधिक मददगार होंगी या गेंदबाजों की यह टूर्नामेंट शुरू होने के बाद ही पता चल पाएगा। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में मिश्रा ने कहा कि अब तक हालात तटस्थ हैं। मैं यह नहीं कह सकता कि ए बल्लेबाजों के अधिक अनुकूल होंगे या गेंदबाजों के। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा के बाद आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज मिश्रा ने कहा, जब हम खेलना शुरू करेंगे तब ही स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी और हम कह पाएंगे कि बल्लेबाजों को अधिक मदद मिल रही है या गेंदबाजों को। मिश्रा ने अब तक 147 आईपीएल मैचों में 157 विकेट चटकाए हैं और मलिंगा से 13 विकेट पीछे हैं जो निजी कारणों से इस बार टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

### शारीरिक और मानसिक रूप से अब पूरी तरह फिट हूं: हार्दिक पंड्या

**अबुधाबी।** चोट से उबरकर लंबे समय बाद वापसी कर रहे मुंबई इंडियंस के स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कहा कि इससे उन्हें और मेहनत करने की प्रेरणा मिली और शारीरिक तथा मानसिक रूप से वह पूरी तरह से फिट हैं। मुंबई इंडियंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में 19 सितंबर को चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। ऐसे में पंड्या का फार्म काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। पंड्या ने मुंबई इंडियंस के ट्विटर हैंडिल पर डाले गए वीडियो में कहा कि जिस तरह से मैं गेंद को पीट रहा हूं और मानसिक तथा शारीरिक रूप से लय में हूं, मुझे मैदान पर जाकर स्वाभाविक खेल दिखाने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मैं खेल से कितना ही दूर क्यों ना रहूं, कितने ही समय बाहर क्यो ना रहूं लेकिन वापसी करने पर उपयोगिता होनी चाहिए। मैने काफी तैयारी की है और आने वाला समय अच्छा ही होगा। पिछले साल नवंबर में लंदन में पंड्या की पीठ का आपरेशन हुआ था। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण श्रृंखला रद्द हो गई।

### यूएई की गर्मी में ढलना सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती: डिविलियर्स

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार एबी डिविलियर्स का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में सभी टीमों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूएई के गर्म और उमस भरे मौसम के अनुकूल ढलने की होगी। अधिकांश मैच रात में खेले जाएंगे लेकिन हालात फिर भी चुनौतीपूर्ण होंगे। उन्होंने आरसीबी के ट्विटर हैंडिल पर डाले गए एक इंटरव्यू में कहा कि मैं इस तरह के मौसम का आदी नहीं हूं। बहुत गर्मी है। मुझे चेन्नई में जुलाई में खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया जिसमें वीरू ने 300 रन बनाए थे। तब भी ऐसी ही गर्मी थी। उन्होंने कहा कि उतनी ही उमस भी है। रात के दस बजे भी। इसका बहुत फर्क पड़ेगा और आपको आखिरी पांच ओवर के लिए ऊर्जा बचाकर रखनी होगी। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें भारत में खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की कमी खलेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की आदत है।

## खिलाड़ियों के वेतन में कटौती से इनकार नहीं: ईसीबी

भाषा। मैनचेस्टर

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कोविड-19 महामारी से हुए वित्तीय प्रभाव से निपटने के लिए अपने 20 प्रतिशत कर्मचारियों को हटाने की घोषणा की जिसके बाद हरफनमौला क्रिस वोक्स को लगता है कि खिलाड़ियों से भी वेतन कटौती के लिए कहा जा सकता है। कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट गतिविधियों के बाधित होने से ईसीबी 10 करोड़ पाउंड (100 मिलियन पाउंड) के नुकसान से जूझ रहा है और अगर इस महामारी का असर 2021 गर्मियों तक भी रहा तो नुकसान की यह राशि बढ़कर दोगुनी (20 करोड़ पाउंड) हो सकती है।

वोक्स ने पत्रकारों से कहा कि यह सचमुच ही दुखद खबर है, सचमुच। ईसीबी के लिए काफी लोग काम करते हैं जो काफी मेहनत करते हैं और इसके संचालन के लिए काफी अहम हैं। उन्होंने कहा कि इस समय मेरे लिए यह कहना मुश्किल है कि कहां से कटौती की जाएगी जब तक हम यह देख नहीं लेते कि शीर्ष स्तर पर क्या होता है, तभी हमें इसका ज्यादा अहसास होगा। मैं निश्चित रूप से कटौती से बिलकुल इनकार नहीं करूंगा। वोक्स ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आप अपने अनुबंध में कुछ भी उम्मीद कर सकते हो। हमें इंतजार करना होगा और बतौर खिलाड़ी आप यह नहीं कह सकते कि हमें इससे छूट मिल जाएगी।

इंग्लैंड के लिए खेल के तीनों प्रारूपों में खेलने वाले 31 साल के इस खिलाड़ी ने कठिन समय में क्रिकेट की बहाली के लिए शुक्रिया भी किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह मुश्किल समय है और इसका असर खिलाड़ियों पर भी पड़ता है लेकिन हम भाग्यशाली हैं कि क्रिकेट शुरू हो गया है क्योंकि 20 करोड़ पाउंड का नुकसान काफी ज्यादा होता। मैं इसे सकारात्मक मानता हूं।

## बोल्ट के आने से मुंबई मजबूत: गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लगता है कि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी में मुंबई इंडियन्स का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर पलड़ा भारी रहेगा। गंभीर ने कहा कि सुरेश रैना के बिना चेन्नई के लिए इन दोनों तेज गेंदबाजों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। मुंबई ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज लेसिथ मलिंगा की जगह पर बोल्ट को अपनी टीम से जोड़ा है। मलिंगा निजी कारणों से 13वें आईपीएल से हट गए थे। मुंबई और चेन्नई के बीच शनिवार को पहला मैच होगा और गंभीर ने कहा कि वह बोल्ट और बुमराह की जोड़ी को गेंदबाजी करते हुए देखने को लेकर उत्सुक हैं। गंभीर ने कहा कि मैं वास्तव में यह देखने को लिए उत्सुक हूं कि ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह नई गेंद से कैसे गेंदबाजी करते हैं। हम सभी जानते हैं कि बुमराह और बोल्ट विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं ।

## खिलाड़ियों को ट्रेनिंग में आ रही बाधा: पुलेला गोपीचंद



भाषा। नई दिल्ली

**टूर्नामेंटों** के निलंबन और पुन: कार्यक्रम तैयार करने के कारण अभी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कैलेंडर तय नहीं है और ऐसे में भारतीय कोच पुलेला गोपीचंद ने बुधवार को कहा कि ट्रेनिंग दोबारा शुरू करने को लेकर खिलाड़ियों की ओर से थोड़ी अड़चनें आ रही हैं। कोविड-19 महामारी के चलते कई टीमों के हटने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) को थॉमस एवं उबेर कप को स्थगित करने के लिए बाध्य होना पड़ा। महामारी के कारण मार्च में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं ठप पड़ने के बाद इस टूर्नामेंट के साथ अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन बहाल होना था। वैश्विक संस्था ने 20 से 25 अक्टूबर तक होने वाले डेनमार्क मास्टर्स 2020 टूर्नामेंट को भी रद्द कर दिया है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की ओर से आयोजित वेबिनार में गोपीचंद ने कहा कि मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ी इस तथ्य पर विश्वास नहीं कर रहे हैं कि हमारा बैडमिंटन कैलेंडर काफी जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि इसलिए खिलाड़ियों की ओर से एक साथ जुटने और ट्रेनिंग शुरू करने को लेकर थोड़ी रुकावट आ रही है। हाल में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के पृथकवास से जुड़े नियमों को मानने से इनकार कर दिया था जिसके बाद थॉमस एवं उबेर कप के ट्रेनिंग शिविर को रद्द कर दिया गया था। गोपीचंद का हालांकि मानना है कि ट्रेनिंग की कमी चिंता का कारण नहीं है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा शुरू करने के बाद खिलाड़ी लय में लौट आएंगे।

## अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा: पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने बुधवार को कहा कि किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश में जगह बनाने को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 13वें आईपीएल में अपने अभियान की शुरूआत रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। भारत में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के कारण इस बार आईपीएल का आयोजन यूएई के अबु धाबी, दुबई और शारजाह में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक किया जा रहा है। अब तक आईपीएल खिताब जीतने में नाकाम रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस बार टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। पोंटिंग ने ट्वीट किया कि रविवार को अपना सत्र शुरू करने से पहले दिन गिन रहा हूं। लड़कों ने ट्रेनिंग और तैयारी में शानदार काम किया है और अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी है।

## टोक्यो ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक होगा विश्व कप: आईएसएसएफ

संवाददाता। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने कहा है कि अगले साल मार्च में नई दिल्ली में होने वाला विश्व कप टोक्यो ओलंपिक के क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक का काम भी करेगा। ओलंपिक का आयोजन इस साल जापान की राजधानी में जुलाई-अगस्त में आयोजित किया जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया।

दिल्ली में अगले साल 19 से 28 मार्च होने वाला निशानेबाजी विश्व कप अब संयुक्त टूर्नामेंट होगा। विश्व निशानेबाजी की संस्था ने अपनी वेबसाइट कहा कि नई दिल्ली में 2021 में होने वाला आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल-शॉटगन विश्व कप टोक्यो 2020 ओलंपिक के क्वालीफिकेशन के लिए रैंकिंग को लेकर अंतिम स्थिति भी सुनिश्चित करेगा। आईएसएसएफ ने कहा, कार्यकारी समिति का यह निर्णय 2017 में स्वीकृत मूल क्वालीफिकेशन प्रणाली को हरसंभव बरकरार रखने के लिए सामान्य दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसमें कहा गया है, क्वालीफिकेशन काल (छह जून 2021) से पहले तक 2021 में होने वाली सभी आईएसएसएफ चैंपियनशिप में ओलंपिक एमक्यूएस (न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर) हासिल करना संभव होगा।

### कोविड-19 टीका: सरकार से ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को कहा कि उसने सरकार से आग्रह किया है कि जब कोविड-19 टीका उपलब्ध हो तो ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाए। भारत सहित कई देश कोरोना वायरस का टीका विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत सरकार इसे सबसे पहले कोरोना वायरस संक्रमितों के सीधे संपर्क में आने वालों, सैनिकों और कुछ निश्चित वर्ग के लोगों को मुहैया कराने पर विचार कर रही है।

## ड्रीम-11 ने भारतीय 20 सीजन को लेकर कैम्पेन लांच किया

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म्स में से एक ड्रीम-11 ने भारतीय -20 सीजन को लेकर इंडिया की अपनी फैंटेसी ऐप नाम से अपना कैम्पेन लॉन्च किया है। इस कैम्पेन का उददेश्य इंडियन ब्रांड फॉर इंडियन पीपल के संदेश को बढ़ावा देना है।

यह एक होमग्रोन ऐप्लिकेशन पर पसंदीदा फैंटेसी क्रिकेट खेलने पर गर्व करने पर जोर देता है जो यूजर्स को लीग के वास्तविक मैच अनुभव से जोड़ने का वादा करता है।

यह कैम्पेन वीडियो के जरिये शुरू किया गया था, जिसमें क्रिकेट विशेषज्ञों को ड्रीम-11 ऐप में अपनी टीमों की सिफारिश करते और बनाते देखा जा सकता है। भारतीय -20 सीजन में जो कैम्पेन चलेगा।

## चालू वित्त वर्ष में 22.5 प्रतिशत कम रहा कर संग्रह

आंकड़े

भाषा। मुंबई

**चालू** वित्त वर्ष में 15 सितंबर तक अग्रिम संग्रह समेत केंद्र सरकार का कुल कर संग्रह साल भर पहले की समान अवधि की तुलना में 22.5 प्रतिशत रहकर 2,53,532.3 करोड़ रुपये रहा है। आयकर विभाग के एक सूत्र ने कर संग्रह के प्राथमिक आंकड़ों के बारे में कुछ जानकारियां साझा की। आयकर विभाग के मुंबई क्षेत्र के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में 15 सितंबर तक कुल कर संग्रह 3,27,320.2 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि उसने चालू तिमाही (दूसरी तिमाही) के लिए अग्रिम कर संग्रह के आंकड़ों को अलग से बताने से इनकार किया। सूत्र ने कहा कि यह आंकड़ा अभी अंतिम नहीं है क्योंकि बैंक दिन के अंत तक इसमें बदलाव कर सकते हैं। चालू वित्त वर्ष की जून में खत्म हुई पहली तिमाही के दौरान कुल कर संग्रह 31 प्रतिशत नीचे रहा था। इस दौरान अग्रिम कर संग्रह में 76 प्रतिशत की भारी गिरावट देखने को मिली थी।

कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए देश भर में लागू लॉकडाउन के चलते यह गिरावट आई थी। इस वित्त वर्ष में 15 सितंबर तक के कुल संग्रह में व्यक्तिगत आयकर 1,47,004.6 करोड़ रुपए और कॉरपोरेट आयकर कर 99,126.2 करोड़ रुपये रहा। ए दोनों राजस्व संग्रह के प्रमुख घटक हैं और इन दोनों को मिलाकर कर का कुल संग्रह 2,46,130.8 करोड़ रुपये रहा। कुल संग्रह में 22.5 प्रतिशत की गिरावट आई। इसमें सर्वाधिक गिरावट मुंबई क्षेत्र में 13.9 प्रतिशत रही। मुंबई अभी भी कोरोना वायरस महामारी से सर्वाधिक प्रभावित बना हुआ है। मुंबई में कर का कुल संग्रह साल भर पहले की तुलना में 13.9 प्रतिशत गिरकर 74,789.6 करोड़ रुपये रहा। इसमें व्यक्तिगत आयकर 34,808.8 करोड़ रुपए और कॉरपोरेट आयकर 32,921.2 करोड़ रुपए रहा। प्रमुख क्षेत्रों में बेंगलुरू अकेला ऐसा रहा, जहां सालाना आधार पर कर के कुल संग्रह में वृद्धि दर्ज की गई। बेंगलुरू का कुल कर संग्रह साल भर पहले के 36,986 करोड़ रुपए से 9.9 प्रतिशत बढ़कर 40,665.3 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान कोच्चि का कुल कर संग्रह 49 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट के साथ 3,214.7 करोड़ रुपए रह गया।

## घरेलू खिलौना उद्योग के लिए गुणवत्ता नियमों को लागू करने की समय सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के बीच गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए घरेलू खिलौना उद्योग को अगले साल जनवरी तक चार और महीनों की मोहलत दी है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने अधिसूचना जारी कर खिलौना आदेश 2020 के कार्यान्वयन की तारीख को इस साल एक सितंबर से बढ़ाकर एक जनवरी 2021 कर दिया है। आदेश में कहा गया कि इस निर्णय के तहत घरेलू विनिर्माताओं को कोविड-19 महामारी से पैदा हुई कठिनाइयों के मद्देनजर मानकों को लागू करने के लिए चार महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। सरकार इस समय खिलौनों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है।

## इतालवी युवा मुसेत्ती ने वावरिंका को हराया

एपी। रोम

**स्थानीय** युवा लोरेंजो मुसेत्ती ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में स्टान वावरिंका को 6-0, 7-6 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता वावरिंका के हर शॉट का मुसेत्ती ने माकूल जवाब दिया। वह एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले 2002 में जन्मे पहले खिलाड़ी बन गए। वावरिंका ने अमेरिकी ओपन नहीं खेला था। मुसेत्ती 2018 अमेरिकी ओपन जूनियर फाइनल में उपविजेता था और उन्होंने 2019 में आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर खिताब जीता था। इटली के वाइल्ड कार्डधारी सल्वातोर कारूसो ने अमेरिकी क्वालीफायर टेनिस सैंडग्रेन को मात दी। वहीं मुसेत्ती की टक्कर केइ निशिकोरि से होगी जो कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अमेरिकी ओपन नहीं खेल सके थे। महिला वर्ग में कैटरीना सिनियाकोवा ने तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंजेलिक कर्बर को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं 16 वर्षीय अमेरिकी कोको गॉ ने ओंस जाबेउर को 6-4, 6-3 से मात दी। अब उनका सामना पूर्व फ्रेंच ओपन और विम्बलडन चैम्पियन गारबाइन मुगुरूजा से होगा, जिसने स्लोएने स्टीफेंस को 6-3, 6-3 से हराया।

### आस्ट्रेलियाई पीजीए टूर्नामेंट फरवरी तक स्थगित

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलियाई पीजीए टूर्नामेंट कोरोना वायरस महामारी के कारण अगले साल फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया। आस्ट्रेलिया पीजीए ने कहा कि यूरोपीय टूर से अधिकृत यह गोल्फ टूर्नामेंट अब 18 से 21 फरवरी के बीच खेला जाएगा।

## जानी बेयरस्टॉ का शतक इंग्लैंड का मजबूत स्कोर

भाषा। मैनचेस्टर

जॉनी बेयरस्टॉ के शतक की मदद से इंग्लैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को सात विकेट पर 302 रन का मजबूत स्कोर बनाया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे इंग्लैंड ने मिशेल स्टार्क की मैच की पहली दो गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए थे। लेकिन बेयरस्टॉ ने 126 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली और इस बीच सैम बिलिंग्स (58 गेंदों पर 56) के साथ पांचवें विकेट के लिए 114 रन जोड़कर इंग्लैंड को चार विकेट पर 90 रन की खराब स्थिति से उबारा। क्रिस वोक्स (39 गेंदों पर नाबाद 53) ने फिर से अंतिम ओवरों में अच्छे रन जुटाए। आस्ट्रेलिया की तरफ से लेग स्पिनर एडप जंपा ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए। स्टार्क शुरुआती सफलता के बाद प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उन्होंने भी तीन विकेट लिए लेकिन इसके लिए 74 रन लुटाए। स्टार्क की मैच की पहली गेंद पर जैसन रॉय ने प्वाइंट पर ग्लेन मैक्सवेल को कैच दिया जबकि अगली गेंद पर उन्होंने जो रूट को पगबाधा आउट किया। मोर्गन ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह भी क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद लंबी पारी नहीं खेल पाए। जंपा ने 11वें ओवर में गेंद संभाली और अपनी दूसरी गेंद पर ही मोर्गन की 23 रन की पारी और बेयरस्टॉ के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी का अंत कर दिया। जोस बटलर (आठ) श्रृंखला के तीसरे मैच में दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रहे और जंपा की गेंद पर कवर पर कैच दे बैठे।

## विदेशी मुद्रा प्रवाह जारी रहने से बाजार में दूसरे दिन तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने के बीच बैंक, वाहन और आईटी शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सेंसेक्स 258 अंक चढ़ गया। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और रिजर्व बैंक के गवर्नर के सकारात्मक बयान से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए बैंक हर संभव कदम उठाने को तैयार है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 258.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 39,302.85 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.75 अंक यानी 0.72 प्रतिशत मजबूत होकर 11,604.55 अंक पर बंद हुआ।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या अगस्त में 76 प्रतिशत घटी

भाषा। नई दिल्ली

**नागर** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुताबिक इस साल अगस्त में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 28.32 लाख रही। यह अगस्त 2019 के मुकाबले 76 प्रतिशत कम रही है। नागर विमानन क्षेत्र नियामक डीजीसीए ने कहा कि 59.4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ इंडिगो के यात्रियों की संख्या 16.82 लाख रही, जबकि 13.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ स्पाइसजेट से 3.91 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी। इसके बाद एअर इंडिया, एयरएशिया इंडिया, विस्तार और गोएयर के यात्रियों की संख्या क्रमश: 2.78 लाख, 1.92 लाख, 1.42 लाख और 1.33 लाख रही। पिछले महीने डीजीसीए ने जुलाई में 21.07 लाख यात्रियों के घरेलू हवाई यात्रा करने के आंकड़े जारी किए थे। डीजीसीए ने कहा कि अगस्त में छह में से पांच प्रमुख विमानन कंपनियों के सीटों के भरने की दर 58 से 69 प्रतिशत रही। वहीं स्पाइसजेट के सीटें भरने की दर 76 प्रतिशत रही। लॉकडाउन खुलने के बाद अगस्त में मांग बढ़ने से विमानन कंपनियों की सीटें भरने की दर सुधरी है। इसी तरह विस्तार, इंडिगो, एयर एशिया इंडिया, गो एयर और एअर इंडिया की सीटें भरने की दर क्रमश: 68.3 प्रतिशत, 65.6 प्रतिशत, 64.4 प्रतिशत, 61 प्रतिशत और 58.6 प्रतिशत रही। बेंगलुरू, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई जैसे प्रमुख हवाईअड्डों पर इंडिगो का प्रदर्शन अगस्त में सबसे बेहतर रहा।

## कर विभाग ने 30.92 लाख करदाताओं को 1.06 लाख करोड़ रुपये लौटाए

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि एक अप्रैल से 15 सितंबर के बीच उसने 30 लाख से अधिक करदाताओं को 1.06 लाख करोड़ रुपये का कर रिफंड जारी किया है। इसमें 29.17 लाख करदाताओं को 31,741 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर रिफंड और 1.74 लाख करदाताओं के 74,729 करोड़ रुपये कंपनी कर का रिफंड किया गया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्विटर पर लिखा है, सीबीडीटी ने 30.92 लाख से अधिक करदाताओं को एक अप्रैल, 2020 से 15 सितंबर, 2020 तक 1,06,470 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड जारी किया। सीबीडीटी ने कहा कि इसमें से 29,17,169 करदाताओं को 31,741 करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर रिफंड किए गए।

# भारत ने संरा में पाक को घेरा

## ● पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़, हिंदुओं-सिखों और ईसाइयों पर कर रहा है जुल्मः भारत

**भाषा।** जिनेवा

**पाकिस्तान को** आतंकवाद का गढ़ करार देते हुए भारत ने कहा कि किसी को भी इस्लमाबाद से मानवाधिकारों पर बेवजह व्याख्यान सुनने की आवश्यकता नहीं है जो खुद ही हिंदुओं, सिखों और इसाइयों सहित अपने धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर लगातार जुल्म कर रहा हैं।

भारतीय प्रतिनिधि ने मानवाधिकार परिषद (एचआरसी) के 45वें सत्र में पाकिस्तान द्वारा यहां दिए गए वक्तव्यों का जवाब देने के लिए उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए मंगलवार को कहा कि गलत और मनगढ़ंत विमर्श पेश करके भारत की छवि खराब करने की पाकिस्तान की आदत हो गई है।

भारतीय कूटनीतिज्ञ ने कहा, न ही भारत और न ही कोई अन्य किसी ऐसे देश से मानवाधिकारों पर बेवजह का व्याख्यान सुनने का हकदार है जिसने अपने धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर लगातार जुल्म किए हैं, आतंकवाद का गढ़ है, जिसने संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधित सूची में डाले गए व्यक्तियों को पेंशन दी हो और जिसके पास एक ऐसा प्रधानमंत्री है जो जम्मू-कश्मीर में लड़ने के लिए हजारों आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने की बात गर्व से स्वीकार करता है। भारत ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि अन्य संबंधित बहुपक्षीय संस्थान आतंकवाद को धन मुहैया कराने से रोकने में पाकिस्तान की नाकामी और पाकिस्तान में मौजूद सभी आतंकवादी संगठनों पर प्रभावी तरीके से लगाम लगाने में विफलता पर लगातार चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं।पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में उसके नापाक मंसूबों का जिक्र करते हुए भारत ने कहा, बड़े पैमाने पर बाहरी लोगों के आने से भारत के केन्द्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर और लद्दाख के पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में कश्मीरियों की संख्या बहुत घट गई है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान में हजारों की संख्या में सिख, हिंदू और इसाई अल्पसंख्यक महिलाओं और लड़कियों को अगवा किया जाता है, धर्मांतरण किया जाता है और उनका जबरदस्ती विवाह कराया जाता है।बलोचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में लोगों की दुर्दशा पर भारत ने कहा, एक भी दिन नहीं होता जब बलोचिस्तान में किसी परिवार के किसी सदस्य को पाकिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा उठाया नहीं जाता हो अथवा उनका अपहरण नहीं किया जाता हो। भारत ने जम्मू कश्मीर के संदर्भ में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की टिप्पणी को भी खारिज किया। भारत ने कहा, भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का ओआईसी का कोई अधिकार नहीं हैं। ओआईसी ने पाकिस्तान को अपना एजेंडा चलाने के लिए उसका इस्तेमाल करने की इजाजत दी हुई है। यह ओआईसी के सदस्यों को तय करना है कि क्या पाकिस्तान को ऐसा करने देना उनके हित में है। भारत ने तुर्की को उसके आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से बचने और लोकतांत्रिक परंपराओं की बेहतर समझ विकसित करने की भी सलाह दी।



न्यूयार्क के क्रिस्टी में सबसे बड़े डायनासोरों में से प्रदर्शनी के लिए लगे एक जीवाश्म का फोटो खींचता फोटोग्राफर

# विज्ञान पत्रिका ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर बाइडेन का समर्थन किया

**एपी।** न्यूयार्क

**अमेरिका की** सबसे पुरानी विज्ञान पत्रिका साइंटिफिक अमेरिकन ने देश में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन का समर्थन करने का फैसला किया है।

पत्रिका ने 175 वर्ष के अपने लंबे इतिहास में कभी राष्ट्रपति पद के चुनाव में किसी भी उम्मीदवार का अनुमोदन नहीं किया गया था। पत्रिका की प्रधान संपादक लॉरा हेल्मथ ने मंगलवार को कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन को समर्थ देने के मुद्दे पर बस थोड़ी सी अंदरूनी चर्चा हुई। हेल्मथ ने कहा कि पत्रिका को जितना अंदेशा था, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन वैज्ञानिक समुदाय के लिए उससे कहीं ज्यादा खराब साबित हुआ है। पत्रिका ने बाइडेन के प्रति अपना समर्थन मंगलवार को ऑनलाइन पोस्ट किया। इससे ठीक एक दिन पहले ट्रम्प ने कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग को जलवायु परिवर्तन से जोड़ने पर सवाल खड़ा किया था।अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा, साक्ष्य और विज्ञान बताते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने मूल रूप से अमेरिका और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाया है क्योंकि वह सबूत और विज्ञान को नकारते हैं। वरिष्ठ संपादक जोश फिशमैन ने अपने संपादकीय में कोरोना वायरस महामारी से निपटने के तरीकों पर ट्रंप की तीखी निंदा की। पत्रिका में कहा गया कि बाइडेन का रिकॉड आंकडों को मानने वाला और विज्ञान पर चलने वाला रहा है।

## एकतरफा कोशिशों से महामारी और मजबूती से पैर जमाएगी :संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष ने मंगलवार को सचेत किया है कि एकतरफा कोशिशों से कोविड-19 महामारी और मजबूती से पैर जमाएगी। उन्होंने महामारी के लिए टीकों के निष्पक्ष एवं समान वितरण समेत वैश्विक सहयोग की नई प्रतिबद्धता की अपील की।तुर्की के राजनयिक और राजनेता वोल्कन बोजकिर ने घोषणा की कि महासभा नवंबर की शुरुआत में कोविड-19 पर उच्च स्तरीय विशेष सत्र का आयोजन करेगी। हालांकि राजनयिकों के अनुसार तारीख आगे भी बढ़ सकती है। बाद में उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बैठक कुछ पहले, जून में होनी चाहिए थी।बोजकिर ने पद की शपथ लेने के साथ 193 सदस्ईय वैश्विक संस्था की कमान संभाल ली है। उन्होंने तिजानी मुहम्मद बंदे का स्थान लिया है। बोजकिर ने संरा के सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों से कहा, मेरे अध्यक्षता काल में कोरोना वायरस के प्रभावों से लड़ना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, कोई भी देश इस महामारी से अकेले नहीं लड़ सकता और यह सदस्य राष्ट्रों की जिम्मेदारी है कि वे बहुपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में लोगों के भरोसे को मजबूत करें, जिनके केंद्र में संयुक्त राष्ट्र हो।

# मजबूत इच्छाशक्ति वाले है जापान के नए प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा

**एपी।** तोक्यो



**जापान का** प्रधानमंत्री चुने जाने से पहले योशिहिता सुगा को पर्दे के पीछे का प्रधानमंत्री कहा जाता था, वह जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे के बेहद करीबी माने जाते हैं।

जब आबे ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह खराब सेहत के चलते पद छोड़ने वाले हैं तब उनके मंत्रिमंडल के मुख्य सचिव सुगा ने कहा था वह आबे के अधूरे कामों को पूरा करेंगे।अपने दम पर राजनीति में स्थान बनाने वाले सुगा को संसद ने बुधवार को औपचारिक तौर पर जापान का नया प्रधानमंत्री चुन लिया।

इससे पहले, सोमवार को उन्हें जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नया नेता चुना गया था। सरकारी ब्रिफ्रिंग से सुगा की जो छवि महसूस होती थी वह पर्दे के पीछे नौकरशाहों को संभालने तथा नीतियों को आगे बढ़ाने के उनके काम से ठीक विपरीत है।पर्दे के पीछे वह एक दृढ़ व्यक्तित्व वाले शख्स हैं। नीति संयोजक के रूप में वह सख्त मिजाज हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय की शक्तियों के जरिए नौकरशाहों को प्रभावित करते हैं। इसी कारण राजनीतिक विश्लेषक उन्हें पर्दे के पीछे का प्रधानमंत्री कहते हैं।

उनकी नीतियों का विरोध करने वाले कुछ अफसरों का कहना है कि उन्हें सरकारी परियोजनाओं से हटा दिया गया या उनका स्थानांतरण कर दिया गया। सुगा ने भी हाल में कहा था कि वह ऐसा करना जारी रखेंगे।

उनके स्कूल के दिनों के साथी उन्हें दृढ़ इच्छाशक्ति वाला व्यक्ति मानते हैं। सोमवार को सुगा ने कहा था, मैं राजनीति में आ गया, जिसमें मेरा कोई जान-पहचान का व्यक्ति या और कोई कनेक्शन नहीं था। मैंने शून्य से शुरुआत की। सुगा 1996 में 47 साल की आयु में निचले सदन में चुने गए।सुगा, आबे के करीबी माने जाते हैं और 2006 से उनके समर्थक रहे हैं जब आबे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब आबे का कार्यकाल 2006 से 2007 के बीच महज एक साल का था जिसकी वजह उनकी खराब सेहत थी। 2012 में फिर से प्रधानमंत्री बनने में सुगा ने आबे की खासी मदद की थी।सुगा किसान के बेटे हैं और अपने दम पर राजनीति में आए। उन्होंने आम लोगों तथा ग्रामीण समुदायों के हितों का ध्यान रखने का वादा किया है।सुगा ने कहा कि वह आबे की अधूरी नीतियों को ही आगे बढ़ाएंगे और उनकी प्राथमिकता कोरोना वायरस से निपटना और वैश्विक महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को बेहतर करना होगा।

## क्विक न्यूज

### भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति ने 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप किया स्वीकार

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी व्यक्ति ने जालसाजी कर बैंक से 1.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज लेने और धोखा देने की योजना बनाने में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अमेरिकी अटॉर्नी ने बताया कि राजेन्द्र कंकारिया (61) ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अमेरिकी जिला न्यायाधीश सूसन डी. विग्टन के समक्ष बैंक से धोखा करने का अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। उसे अधिकतम 30 साल की सजा मिल सकती है और 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है।कंकारिया को 18 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी।दस्तावेजों के अनुसार मार्च 2016 से मार्च 2018 तक लोटस एक्जिम इंटरनेशनल इंक के अध्यक्ष ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर बैंक से धोखे से 1.7 करोड़ डॉलर का कर्ज लेने की साजिश रची थी।

### भारतीय मूल के दम्पत्ति के पास से संदिग्ध नकदी बरामद

**लंदन।** ब्रिटेन में अपराध रोकथाम अधिकारियों और पुलिस ने भारतीय मूल के एक दम्पत्ति के पास से 3,00,000 पाउंड से अधिक नकदी बरामद की है जिसे अपराध से अर्जित किए जाने की आशंका है। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने बताया कि दंपत्ति शैलेश और हरक्ति सिंगारा के उत्तर पश्चिम लंदन के एडवेयर स्थित घर से 2,00,000 पाउंड से अधिक नकदी बरामद की गई है। एनसीए मे थ्रेट रिस्पान्स की प्रमुख रैचल हर्बर्ट ने कहा, कई मनी सर्विस बिज़नेस (एमएसबी) अवैध नकदी के लेन-देन को सुविधाजनक बनाकर ब्रिटेन के लिए एक जोखिम पैदा कर रहे है। राष्ट्रीय आर्थिक अपराध केन्द्र और उसके सहयोगियों ने इस खतरे को समझा, जो वैध व्यवसायो का समर्थन करते हुए संदिग्ध एमएसबी के खिलाफ अधिक प्रभावी कार्वाई करने मे सक्षम है। अधिकारियो ने कहा कि सिंगारा के व्यापारिक सहयोगी शैलेश मंडालिया के पास से भी 1,00,000 पाउंड बरामद किए है। यह नकदी उसके पास मौजूद एक बैग मे थी।इन तीनो ने अदालत मे यह दावा किया कि नकदी वैध थी और किसी भी भ्रम के लिए कई वर्षों का खराब लेखांकन (अकाउंटिग) जिम्मेदार है।अदालत ने 10 सितम्बर को हालांकि उनकी यह दलील खारिज कर दी।मेट पुलिस ऑर्गनाइज्ड क्राइम पार्टनर्शिप (ओसीपी) के प्रमुख एवं डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर टोनी ओ सुल्लीवन बताया कि तीनो पर कोई भी आरोप नही है और इन्हें किसी भी मामले मे दोषी नही ठहराया गया है। लेकिन यह 3,00,000 पाउंड इन्ही के पास से बरामद हुए है और अब इनका इस्तेमाल समुदायो के हित के लिए किया जाएगा।अदालत ने इन तीनो को अलग से कुल 4,350 पाउंड का भुगतान करने का निर्देश भी दिया है।

### ट्रासंजेंडर कार्यकर्ता ने डेलावेय में प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की

**डोवर (अमेरिका)।** ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता सारा मैकब्राइड ने डेलावेयर मे मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के राज्य सीनेट प्राइमरी चुनाव मे जीत दर्ज की। इसके साथ ही वह राज्य की महासभा की पहली ट्रांसजेंडर सदस्य बनने के करीब पहुंच गई।मैकब्राइड पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन मे व्हाइट हाउस मे इंटर्न थी। उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेशन (डीएनसी) 2016 मे भाषण दिया था और किसी बड़ी पार्टी के सम्मेलन मे भाषण देने वाली भी वह पहली ट्रांसजेंडर थी। वह मानवाधिकार अभियान के लिए राष्ट्रीय प्रेस सचिव भी रह चुकी हैं। मैकब्राइड ने मंगलवार को चुनाव मे जोसेफ मैक्कोल को मात दी और इसी के साथ नवम्बर मे होने वाले चुनाव के लिए उनका रास्ता खुल गया है। नवम्बर मे होने वाले चुनाव मे जीत हासिल करने पर वह ट्रांसजेंडर विधायकों की चुनिंदा सूची मे शामिल हो जाएंगी, लेकिन राज्य से वह पहली ट्रांसजेंडर सीनेटर होंगी।चुनाव से पहले मंगलवार को मैकब्राइड ने एपी से कहा था, मै इस चुनाव मे जी-जान लगा रही हूं। मेरी पहचान, मै जो हूं उसका एक हिस्सा है, लेकिन केवल एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, मै अपनी पहचान के आधार पर नही बल्कि अपने मूल्यों और अपने निर्वाचन क्षेत्र की जरूरतों के आधार पर कानून बनाना चाहूंगी।



इंडोनेशिया के तंगरांग में कोरोना वायरस को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी



व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन में एक समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, बहरीन के विदेश मंत्री खालिद बिन अहमद, ईजराइली पीएम बेन्जामिन नेतान्याहू व अन्य

# जंगलों में लगी आग के कारण अमेरिका के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता हुई बेहद खराब

**एपी।** पोर्टलैंड

## ● स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से घरों के भीतर रहने और खिड़की, दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है

**ओरेगन, वॉशिंगटन** और कैलिफोर्निया के लोग पश्चिमी तटीय क्षेत्र में जंगलों में लगी आग के कारण चल रही खराब हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। कोरोना वायरस महामारी के कारण पहले से घरों में बंद रहने को मजबूर लोग जो कभी कभार सैर पर चले जाते थे, अब प्रदूषित हवा की वजह से बाहर तक नहीं निकल पा रहे।

लगभग एक हफ्ते या उससे भी लंबे समय से हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है। वैज्ञानिकों का दावा है कि चुभने वाली तीखी पीली-हरी हवा कई दिन या हफ्तों तक चलती रहेगी। जंगलों में लगी आग फैलती जा रही है और यह और तबाही मचाने वाली है।ओरेगन के पर्यावरण गुणवत्ता संबंधी विभाग के अनुसार 301 से 500 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को खतरनाक माना जाता है। ओरेगन के कई शहरों में यह 500 से भी अधिक है, जो सूचकांक के पैमाने से बाहर है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से घरों के भीतर रहने और खिड़की, दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है।स्वास्थ्य अधिकारी सराह प्रेजेंट ने बताया, कुछ इलाकों में हवा की गुणवत्ता इतनी ज्यादा खराब है कि उसे मापा भी नहीं जा सकता। उत्तर कैलिफोर्निया के मौसम विज्ञानी डेन ब्रोसम ने बताया कि खराब हवा से अक्तूबर तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

# अमेरिका ने कंबोडिया में भ्रष्टाचार के लिए चीनी कंपनी पर पाबंदी लगाई

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** विकास परियोजना के लिए कंबोडिया में भूमि हथियाने और भ्रष्ट गतिविधियों के आरोप में चीन की एक सरकारी कंपनी पर पाबंदियां लगा दी है। अमेरिका का कहना है कि इस परियोजना का इस्तेमाल सैन्य संपत्ति के तौर पर किया जा सकता है।विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने मंगलवार को कहा, डारा सकोर में तटीय विकास परियोजना को लेकर विश्वसनीय खबरें है कि इसका इस्तेमाल चीन की सेना की संपत्ति के तौर पर किया जा सकता है और अगर ऐसा होता है तो यह कंबोडिया के संविधान के खिलाफ है तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा है, यह कंबोडिया की संप्रभुत्ता और हमारे सहयोगियों की सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।उन्होंने कहा कि आज की कार्वाई दिखाती है कि कैसे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए कंपनियों का इस्तेमाल कर रही है और अवैध आर्थिक लाभ के लिए बेगुनाह लोगों के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल करने के वास्ते भ्रष्ट अधिकारियों के जरिए काम करा रही है। पोम्पिओ ने कहा कि कंबोडिया सरकार ने चीन की यूनियन डेवलपमेंट ग्रुप (यूडीजी) को 2008 में एक विकास परियोजना के लिए जमीन का 99 साल का पट्टा दिया था। इस भूमि में देश की तट रेखा का करीब 20 फीसदी हिस्सा शामिल है। वित्त मंत्री स्टीवन मनुचिन ने कहा कि कंपनी ने जमीन लेने के लिए खुद को कंबोडिया की स्वामित्व वाली कंपनी दिखाया और भूमि मिलने के बाद यूडीजी अपनी असल मिल्कियत में आ गई जो चीनी की है। उन्होंने कहा कि जहां भी ऐसा किया जाएगा, उसे निशाना बनाने के लिए अमेरिका अपने सारे प्रभाव का इस्तेमाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पोम्पिओ ने आरोप लगाया कि कंबोडिया की सेना के पूर्व अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर कंबोडिया की सेना ने हिंसक हथकंडे अपना कर जमीन को पट्टे पर देने को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि शाही कंबोडियाई सशस्त्र बल के पूर्व प्रमुख कुम किम को यूडीजी के साथ संबंधों का काफी फायदा हुआ।

# भारतीय-अमेरिकी वोट बैंक में ट्रंप बना रहे पैठ, समुदाय के बहुसंख्यक लोग अब भी बाइडेन के समर्थन में

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी वोट बैंक में अब तक के किसी रिपब्लिकन राष्ट्रपति की तुलना में सर्वाधिक पैठ बनाई है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है, जो डेमोक्रेटिक पार्टी को इस बारे में आगाह करता है कि इस प्रभावशाली समुदाय के समर्थन को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

इंडियाजपोरा एंड एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) डेटा द्वारा किए गए सर्वेक्षण से मंगलवार को यह प्रदर्शित हुआ कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय की बहुसंख्यक आबादी अब भी पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन का समर्थन करती है, जो तीन नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं।

अध्ययन में यह पाया गया कि दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ रहे 74 वर्षीय ट्रंप भारतीय-अमेरिकी समुदाय के वोट बैंक में अपने लिए समर्थन जुटाने की कवायद कर रहे हैं, जबकि तथ्य यह है कि बाइडेन (77) का समुदाय के साथ एक मजबूत संबंध है और पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में उन्होंने एक अहम भूमिका निभाई है।

बाइडेन ने पिछले महीने भारतीय मूल की कमला हैरिस (55) को डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित कर इतिहास रच दिया। सर्वेक्षण के मुताबिक 66 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी अभी बाइडेन का समर्थन कर रहे हैं और 28 प्रतिशत ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। वहीं, छह प्रतिशत ने कोई निर्णय नहीं लिया है। उल्लेखनीय है कि 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में 77 प्रतिशत ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन को वोट दिया था और 16 प्रतिशत ने ट्रंप को वोट दिया था। वहीं, 2012 में 84 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी ने बराक ओबामा को वोट दिया था। यूनिवर्सिटी ऑफ केलीफोर्निया, रिवरसाइड के लोक नीति एवं राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक और एएपीआई डेटा के संस्थापक डॉ कार्तिक रामकृष्णन ने कहा कि ट्रंप को भारतीय-अमेरिकी समुदाय का समर्थन शायद 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा, बशर्ते कि अब तक निर्णय नहीं लेने वाले लोग भी समर्थन में आ जाएं। रामकृष्णन अध्ययन के लेखक भी हैं।

भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस (अमेरिकी संसद) सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि डेमोक्रेट को निश्चित तौर पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भरतीय-अमेरिकी तक पर्याप्त रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि पेन्सिलवेनिया, मिशिगन, फ्लोरिडा और नार्थ कैरोलाइना जैसे राज्यों में काफी संख्या में भारतीय-अमेरिकी हैं। हावर्ड लॉ स्कूल लेबर एंड वर्कलाइफ प्रोग्राम की विजिटिंग फेलो और डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की पूर्व सीईओ सीमा नंदा ने कहा, यह एक ऐसा वोट है (भारतीय-अमेरिकी का), जो इस अध्ययन से प्रदर्शित होता है कि इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। एक ओर जहां बाइडेन का समर्थन 2016 में क्लिंटन की तुलना में घटा है वहीं दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन इन चार साल में 19 प्रतिशत से घट कर 16 प्रतिशत हो गया है। इंडियाजपोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा, दोनों बड़ी पार्टियों ने यह महसूस किया है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय से संपर्क साधना कितना जरूरी है। अमेरिका में समुदाय के 18 लाख लोग मताधिकार योग्य हैं।



## मीरा नायर को टीआईएफएफ ट्रिब्यूट पुरस्कार से नवाजा गया



**भाषा।** नई दिल्ली

**मीरा नायर** को टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ट्रिब्यूट अवार्ड समारोह में सोमवार रात को जेफ स्कोल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायर द्वारा निर्देशित छह भागों की श्रृंखला ए सूटेबल बॉय के दो कड़ियों से 45वें टोरंटो फिल्म महोत्सव का शनिवार को समापन होगा। तब्बू ने नायर को पुरस्कार देते हुए कहा, जब मीरा नायर बच्ची थीं तब खुद से पूछती थीं कि क्या कला से दुनिया बदली जा सकती है? उन्होंने साबित कर दिया कि ऐसा किया जा सकता है। और इस प्रकार उन्होंने सिनेमा का बहुत ऊंचा मानक गढ़ दिया। नायर के अलावा सर अन्थोनी हॉपकिंस, केट विंस्लेट, क्लो झाओ, ट्रेसी डीयर और टेरेंस ब्लान्चर्ड को टीआईएफएफ ट्रिब्यूट पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर नायर ने कहा, मैं जब काम करती हूं तो मजा आता है इसलिए मैं टोरंटो फिल्म महोत्सव को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मेरे इस आनंद के लिए मुझे पुरस्कृत किया।

# 'सकारात्मक और वास्तविक रहना पसंद करता हूं'



कलर्स चैनल पर चल रहे धारावाहिक 'पिंजरा खूबसूरती का' में ओंकार सान्याल का चरित्र निभा रहे **साहिल उप्पल** ने इसमें अपनी भूमिका, शो के प्रति उनके उत्साह और इंडस्ट्री में बने रहने की इच्छा सहित अन्य विषयों पर अपनी उन्मुक्त राय व्यक्त की। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** की उनसे बातचीत के अंश-

**■ 'पिंजरा खूबसूरती का' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें ओंकार सान्याल नामक एक धनी व्यक्ति की भूमिका कर रहा हूं जो खान का स्वामी है। शो में उसके निर्धन से समृद्ध बनने की कहानी है। वो सुंदरता का पुजारी है। वो किसी भी काली वस्तु को सहन नहीं कर सकता यहां तक कि उनका घर भी सफेद रंग से पुता है। इसका कारण है कि निर्धनता के अंधकार में उसका बचपन बीता है। अब वो अपने जीवन में हर वस्तु को सुंदर देखना चाहता है वो जिसे प्यार करे वो भी सुंदर ही होना चाहिये। ऐसे में जब उसने मयूरा को देखा तो उसे वो सुंदरता मिल गई जिसकी उसे चाहत थी। ये कोई प्रथम दृष्टि वाला प्यार नहीं था बल्कि वो ऐसा था कि 'मुझे वो चाहिये'। वो ऐसा ही व्यक्ति है। यदि वो किसी को चाहता है तो उसे किसी न किसी प्रकार पा ही लेता है। लेकिन वो नकारात्मक चरित्र नहीं है। कई लोग उसे ईश्वर मानते हैं क्योंकि वो दयालु है। वो किसी का अनादर नहीं करता अत: आप उसे ग्रे चरित्र कह सकते हैं।

**■ इस शो के लिए आपने क्या सोचकर सहमति दी थी?**

मैं इस इंडस्ट्री में पिछले सात सालों से हूं और मुझे एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि ऑडिशन के बाद मुझे रोल में ले लिया जाएगा। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ कि जब मैंने ऑडिशन किया तो मुझे पूरा विष्वास हो गया था कि ये रोल तो मुझे ही मिलने वाला है। मैं सकारात्मक और वास्तविक रहना पसंद करता हूं। ऐसा भी नहीं है कि मैं अति आत्मविष्वास से पीड़ित हूं। लेकिन न जाने क्यों इस बार मुझे विष्वास हो चला था कि ये रोल कहीं नहीं जाने वाला और मुझे ही मिलेगा। इसके ऑडिषन के बाद मैं छ: मॉक शूट कर चुका हूं लेकिन मेरा आत्मविष्वास वैसा ही बना हुआ है। लॉकडाउन से पूर्व मेरा अंतिम चयन पक्का हो गया था और इसी अगस्त में इसकी शूटिंग प्रारंभ हो गई।

**■ जब लॉकडाउन की घोषणा की गई थी उस समय क्या आपको प्रोजेक्ट को लेकर किसी प्रकार की आशंका हुई थी?**

जी हां, मैं डर गया था कि अब क्या होगा। न जाने कब अब परिस्थितियां सामान्य होंगी और हम शूटिंग कर पाएंगे क्योंकि शो को लेकर मैं अत्यंत उत्साहित था। अब तक का मेरा ये सबसे बड़ा प्रोजेक्ट था। लेकिन मैं आष्वस्त था कि मेरे पास काम है और कभी न कभी ये प्रारंभ तो होगा ही। ऐसा तो था नहीं कि लॉकडाउन के बाद मुझे काम ढूंढना पड़ता। यही कारण था मैं इसे करना चाहता था और मैंने इसमें कड़ा परिश्रम किया है। लॉकडाउन के कारण मैंने कभी भी आलस या अनमना अनुभव नहीं किया।

**■ नोएडा से मुंबई तक की अपनी यात्रा के बारे में बताइये...**

पहली बात ये है कि मैं इस इंडस्ट्री के प्रति कृतज्ञता अनुभव करता हूं कि मुझे यहां काम करने का अवसर मिला और आज भी मैं काम कर रहा हूं। मेरा कॅरियर ग्राफ धीमा है लेकिन मैं धीरे लेकिन स्थिरता से आगे बढ़ना चाहता हूं। ये एक विज्ञापन से प्रारंभ हुआ था। उससे पहले तक मैं अत्यंत लजीला व्यक्ति हुआ करता था और अभिनय करने के बारे में तो मैंने कभी सोचा ही नहीं था। जब मैं कॉलेज में था तब मैंने पैंटालून फैशन हंट का ये विज्ञापन देखा। मैंने भी इसमें पंजीकरण करा लिया। मैं दिल्ली के 10शीर्ष लड़कों में चुन लिया गया और ये प्रतियोगिता अंतत: मैंने जीत ली। इसके बाद ये प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर संपन्न हुई। इसमें मैं दूसरा रनर-अप रहा। दिषा पाटनी तथा पार्थ समथान भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा थे और अंतत: दिशा पाटनी ने ये जीती। पार्थ प्रथम रनर-अप और मैं दूसरा रनर-अप रहा। इसके बाद मुझे लगा कि मैं इस इंडस्ट्री में कुछ कर सकता हूं क्योंकि हर कोई इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने के लिए अधीर रहता है और हीरो बनना चाहता है। इसके अलावा मेरे पिता का समर्थन भी मुझे प्राप्त था क्योंकि वो मुझे अभिनय क्षेत्र में देखना चाहते थे। बस इसी प्रकार मैंने दिल्ली में मॉडलिंग करना प्रारंभ किया और छ: महीने बाद मुझे मुंबई में एक विज्ञापन का ऑफर मिला। मुझे ये भी बताया गया कि यदि मैं इस क्षेत्र में आना चाहता हूं तो मुझे मुंबई आना होगा। मैंने ऐसा ही किया। दिसंबर 2013 में मैं मुंबई आ गया और तब मुझे अनुभव हुआ कि ये इंडस्ट्री वैसी नहीं है जैसी कि ये बाहर से दिखती है। अत: प्रारंभिक दिनों में मैंने कड़ा परिश्रम किया। हर दिन मैं लगभग छ: आडिशन दिया करता था। मुझे मेरा पहला प्रोजेक्ट दो साल के बाद मिला। उसके बाद तो अभिनय करना ही मेरा जीवन और सपना बन गया।

**■ क्या कभी आपने इस इंडस्ट्री को छोड़ने के बार में भी सोचा था?**

नहीं ऐसा तो नहीं था। क्योंकि जब मैं भूमिकाओं में मेरा चयन होने लगा तो मुझे पता चल गया था कि मुझमें कुछ तो योग्यता है ही अन्यथा सैकड़ों लोगों में से मुझे क्यों चुना जाता। जब भी मैं मॉक शूटिंग के लिए जाता था, मेरे अलावा तीन अन्य लोग होते थे। ये अपने आप में छोटी बात नहीं है। मुझे पूरा विश्वास था कि कभी न कभी मुझे ऑफर मिलेगा ही। इसके अलावा उन दो सालों में मैंने कई ऑडिषन दिये थे। तो मेरे भीतर आत्मविश्वास था। लेकिन मुझे तब निराशा भी होती थी जब मुझे शॉटलिस्ट किये जाने के बाद भी रोल नहीं मिल पाता था।

## कलाविद डॉ. कपिला वात्स्यायन का निधन दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** विदुषी, लेखिका और कलाविद डॉ. कपिला वात्स्यायन का दिल्ली स्थित उनके आवास पर बुधवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) के सचिव कंवल अली ने कहा, गुलमोहर एन्क्लेव में आवास पर आज सुबह नौ बजे उनका निधन हो गया। वात्स्यायन, आईआईसी की आजीवन न्यासी थीं। उन्हें 2011 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वात्स्यायन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की संस्थापक निदेशक थीं। वह राज्यसभा की पूर्व मनोनीत सदस्य थीं और आईआईसी में एशिया परियोजना की अध्यक्ष भी थीं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य, वास्तुकला, इतिहास और कला की प्रख्यात विदुषी कपिला वात्स्यायन का जन्म 1928 में दिल्ली में हुआ था और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में परास्नातक की डिग्री ली थी। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के विषय में अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय से परास्नातक की पढ़ाई की थी। वात्स्यायन, कवि और आलोचक केशव मलिक की छोटी बहन थीं। उन्होंने अपने लंबे करियर में कला और इतिहास पर लगभग 20 पुस्तकें लिखी थीं। कला एवं संस्कृति जगत की कई हस्तियों ने ट्विटर और फेसबुक के माध्यम से वात्स्यायन को संस्थान निर्माता के तौर पर याद किया। विख्यात हिंदी लेखक अशोक वाजपेई ने वात्स्यायन के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया। वाजपेई ने फेसबुक पर लिखा, महान विदुषी, रचनात्मक व्यक्तित्व की धनी और संस्थान निर्माता कपिला वात्स्यायन के निधन पर मुझे गहरा दुख पहुंचा है। भारत में सांस्कृतिक जगत ने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया। वह कला, विचार और कल्पना के बीच पुल बांधने वाली और इस क्षेत्र में अथक परिश्रम करने वाली महिला थीं। मेरे जैसे कई लोगों के लिए उनका जाना व्यक्तिगत क्षति है। नेता पवन वर्मा ने वात्स्यायन को प्राचीन भारतीय संस्कृति और सभ्यता की सच्ची विदुषी कहा।

# सुशांत राजपूत को न्याय के लिए बनाया गया 'जोश ए जहां' गाना



**सुशांत** सिंह राजपूत की असामयिक मृत्यु के तीन माह बाद इसी सोमवार को 'जोश-ए जहां, नाम से एक नया गाना सामने आया है। ये गाना सुषांत के उन मित्रों को समर्पित है जो उनके लिए न्याय हेतु निरंतर संघर्ष करते आ रहे हैं। गाने के निर्माता निलोत्पल मृणाल ने बताया, '14 सितंबर 2020 को सुषांत की असामयिक मृत्यु को तीन माह पूरे हो जाएंगें। उनके प्रशंसकों के जोष और उत्साह के कारण आज भी उनका प्रकरण जीवंत बना हुआ है। इस 90वें दिन हम इस गाने 'जोष-ए-जहां को उनके सभी प्रशंसकों को समर्पित करते हैं और उनसे आग्रह है कि वे सुशांत को न्याय मिलने तक एकजुट रहें।'

# स्वयं को बाहरी नहीं मानतीं अदिति राव हैदरी



**अभिनेत्री** अदिति राव हैदरी का कहना है कि किसी भी इंडस्ट्री में कमियां हो सकती हैं। हम सभी मानव हैं और हमसे त्रुटियां हो सकती हैं हम कई बातों की अनदेखी भी कर जाते हैं लेकिन हमारी इस इंडस्ट्री का एक सुंदर पक्ष भी है। लोग बाहरी और भीतरी की बात करते हैं। लेकिन मैं कह सकती हूं कि यदि मुझे आवश्यकता होगी तो अनेक लोग हैं जिन्हें मैं मदद के लिए बुला सकती हूं। मैं स्वयं को बाहरी नहीं मानती। मेरा मानना है कि ये इंडस्ट्री पूरी तरह से समावेषी है।

## मैडोना अपनी बायोपिक का करेंगी निर्देशन



**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**पोप गायिका** मैडोना अपनी जिंदगी और करियर पर बनने वाली फिल्म का निर्देशन करेंगी। इस फिल्म का प्रचार मैडोना के सोशल मीडिया पेजों पर जोर-शोर से किया जा रहा है। इस फिल्म का सह लेखन ऑस्कर विजेता डियाब्लो कोडी ने किया है। उन्होंने 12 सितंबर को लिखा, क्या आप मेरी जिंदगी की कहानी के लिए तैयार हैं... मैं हूं? बासठ वर्षीय पॉप स्टार ने आखिरी बार 2011 में आई डब्ल्यू. ई़ फिल्म का निर्देशन किया था। मैडोना को अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली कलाकारों में से एक माना जाता है और उनका करियर पांच दशक लंबा है। उनकी जिंदगी की कहानी न्यूयॉर्क शहर की झुग्गियों से शुरू होती है, और दुनिया भर में बुलंदी के शिखर पर पहुंचती है। वैराइटी ने खबर दी है कि मैडोना का अपनी जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक का निर्देशन करने का फैसला अनूठा है, क्योंकि जब किसी प्रसिद्ध शख्स पर कोई फिल्म बनाई जाती है तो वह पर्दे के पीछे से मदद करता है।

## काशी में किन्नरों ने किया त्रिपिंडी श्राद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**मोक्ष** की नगरी काशी में बुधवार को किन्नरों ने पिशाचमोचन पोखरे पर त्रिपिंडी श्राद्ध किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभर से यहां पहुंचे किन्नरों ने पोखरे पर विधि विधान से श्राद्ध कार्य सम्पन्न कराया। कोरोनाकाल में आवश्यक सुझाव का पालन करते हुए किन्नर अखाड़ा के नतृत्व में पिशाच मोचन स्थित घाट पर ज्ञात-अज्ञात पितरों सहित किन्नर गुरुओं के आत्मा की शांति के लिए त्रिपिंडी श्राद्ध किया। करीब दो घंटे तक चले इस पूजन को मुन्ना लाल पंडा ने विधि-विधान से पूर्ण कराया। इस आयोजन में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, देवी पवित्रा, कामिनी माई के साथ दर्जनों की संख्या में किन्नर शामिल हुए। इतिहास में पहली बार महाभारत काल के शिखंडी द्वारा पिंडदान किए जाने के करीब तीन सौ वर्षों के बाद किन्नरों ने अपने पूर्वजों का पिंडदान कर के एक नई परम्परा की शुरुआत की थी। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके मोक्ष की प्राप्ति के लिए सारे किन्नरों ने विधि-विधान से तर्पण किया। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए किन्नरों ने प्रार्थना की। किन्नर गुरु एकता जोशी की हत्या के लिए भी विशेष पूजन-अर्चन किया गया। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार, अश्विन माह के कृष्ण पक्ष से अमावस्या तक अपने पितरों के श्राद्ध की परम्परा है। पिंडदान मोक्ष प्राप्ति का एक सहज और सरल मार्ग है। पूजन के दौरान मुख्य आचार्य नीरज पांडेय व सहयोगीजन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य पंडा पिशाच मोचन आनंद पांडेय, मणिकर्णिका तीर्थ पुरोहित गौरव द्विवेदी व गंगा महासभा के राष्ट्रीय मंत्री मयंक कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## क्रिस गेल ने लॉन्च किया अपना म्यूज़िकल वीडियो



**वेस्टइंडीज़** क्रिकेटर क्रिस गेल ने ब्रिटिष गायक एवीना शाह के साथ मिलकर एक नया गाना बनाया है। दोनों ने मिलकर इस गाने 'ग्रोव' का म्यूज़िक वीडियो लॉकडाउन की अवधि में विभिन्न देशों में शूटिंग करते हुए बनाया है। जमैका में म्यूज़िक वीडियो की शूटिंग के बाद गेल दुबई चले जाएंगे जहां वो आईपीएल में खेलेंगे। गेल ने बताया, 'मुझे ग्रोव नाम का ये गाना अत्यधिक प्रिय है और ऐसा पहली बार हुआ है कि मैंने किसी महिला कलाकार के सहयोग से ऐसा किया हो। इसके लिए मैं अवीना का कृतज्ञ हूं। मुझे इसकी रिलीज़ की प्रतीक्षा है।' उन्होंने कहा कि इस संगीतमय वीडियो की शूटिंग मेरे लिए एक अच्छा अनुभव रहा क्योंकि इसमें आप जमैका, भारत तथा पश्चिमी ध्वनियों का एक अच्छा मिश्रण पाएंगे।

# 24 घंटे में निकले कोरोना के 65 मरीज



सीतापुर-जांच करते चिकित्सक



सीतापुर-कोविड सेंटर का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना का** आंकड़ा 3 हजार हो गया है। पिछले 24 घंटे में जनपद में 65 नए कोरोना केस मिले हैं। सर्वाधिक 20 मरीज शहर में मिले हैं। जेल रोड व विजय लक्ष्मी नगर में 3-3, पुलिस लाइंस, आई हास्पिटल व घंटाघर में 2-2 और कृष्णानगर, गुड़ियाना, सुदामापुरी, खूबपुर, स्वरूप नगर, मिर्दही टोला, शिवपुरी व आलमनगर में 1-1 केस मिला है। बिसवां में 6 और खैराबाद में 6 मरीज मिलने से हड़कम्प मच गया है। मछरेहटा व महोली में 4-4, रेउसा में 3, बेहटा, परसेंडी व पिसावां में 2-2 और एलिया, हरगांव, कसमंडा, महमूदाबाद, रामपुर मथुरा व सिधौली में 1-1 केस मिला है। जबकि 9 केस गैरजनपदों के हैं। सीतापुर में कोरोना से मृत्यु दर बढ़ने और मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बीच स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और दुरूस्त किये जाने की कवायद जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने तेज कर दी है।

## ● जिलाधिकारी ने किया एल-2 का निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय कोविड-एल 2 हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जनपद में अब तक कोविड से 28 मौते हो चुकी है। एक्टिव केसों की संख्या 581 जबकि चिकित्सा के उपरान्त 941 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। आइसोलेशन अवधि पूर्ण करने वालों की संख्या 1483 है। अब तक जनपद में कुल पॉजिटिव केस 3033 हुए हैं जबकि 1890 की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है, 52 लाख की आबादी वाले जनपद में 662079 सैम्पल ही कराये जा सके हैं। 16 सितम्बर को 1435 सैम्पल लिए गए हैं। इसी दिन 123 रिपीट एवं इक्वीबोकल हुए। 14 सितम्बर को 1444 की टेस्ट रिपोर्ट में 65 पॉजिटिव आए हैं। एक नजर जनपद के कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों पर- एल-1 अस्पताल खैराबाद में 34 रोगी पेड, एमजे पैलेस में 33 रोगी, बीसीएम कोविड केयर सेक्टर में 11 रोगी, जिला महिला अस्पताल कोविड केयर सेन्टर में 9 रोगी, जिला अस्पताल एल-2 में 9 मरीज जबकि होम क्वारंटाइन 196 मरीज, 2 मरीज एल-2 अस्पताल हरदोई में डीएच-1 जनपद हाथरस में 1 मरीज एवं लखनऊ में 55 मरीज भर्ती हैं। 231 मरीजों की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना से बचाव हेतु सभी जरूरी उपाय किए जाने और मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवायें सभी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. आलोक वर्मा, सीएमएस डा. एके अग्रवाल मौजूद रहे लेकिन इस दौरान मीडिया को कवरेज से खुद जिलाधिकारी रोकते हुए नजर आए।

# ...तो यहां नहीं दिख रहा कोरोना का डर




लहरपुर-सोशल डिस्टेसिंग की उड़ीं धज्जियां

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**एक तरफ** जहां बैंकों में कोरोना पॉजिटिव केस मिल रहे हैं और बैंक शाखाएं बंद हो रही हैं बावजूद इसके लहरपुर पोस्ट ऑफिस सबक नही ले रहा है लापरवाह लोग कोरोना से अंजान है। पोस्ट ऑफिस में उमड़ रही यह भीड़ कोरोना को दावत दे रही है। बकायदा बिना खौफ मास्क लगाए देखें जा सकते हैं। सीतापुर जिले में तेजी से कोरोना पॉजिटिव केस बढ़ रहे हैं। बैंक भी बंद हो रहे हैं लेकिन तहसील की जनता डरने को तैयार नहीं है। मंगलवार को पोस्ट ऑफिस के सामने लोगों की भयंकर भीड़ जुट गई। जब कोरोना नहीं था ऐसी भीड़ तो तब भी नहीं होती थी। कुछ लोग इस भीड़ को देखकर डर रहे थे। लोगों का कहना था कि तहसील प्रशासन इस भीड़ को सबक सिखाए ताकि उन्हें सीख मिले और कोरोना से भी बच पाए। कोरोना से अगर बचना है तो तहसील के लोगों को लापरवाही छोड़नी होगी। लोग खुलेआम बिना मास्क लगाए पोस्ट ऑफिस में भीड़ जमा होते देखे जा सकते हैं और तो और सामने बने गोले केवल दिखावा मात्र रह गए हैं। कहीं न कहीं पोस्ट ऑफिस अधिकारी अरविन्द गुप्ता जिम्मेदार हैं।

# पूर्णिमा सिंह बनी एसडीएम सदर न्यायिक

## पंकज राठौर को लहरपुर एसडीएम न्यायिक की कमान



पूर्णिमा सिंह



पंकज राठौर

**सीतापुर।** जिले के दो डिप्टी कलेक्टरों को तैनाती दी गई है, मातृत्व अवकाष पर चल रही पूर्णिमा सिंह को एसडीएम सदर न्यायिक व गैर जनपद से आए डिप्टी कलेक्टर पंकज राठौर को एसडीएम न्यिक लहरपुर की कमान सौंपी गई है। यह तैनाती जिलाधिकारी विषाल भारद्वाज के निर्देष पर दी गई है।

## क्विक न्यूज

### एके गौतम ने ग्रहण किया कार्यभार

**सीतापुर।** 33 साल तक स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य निदेषालय में अपर निदेशक कार्मिक एवं गोपन' के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद एक बार फिर डा. ए.के. गौतम ने जिला अस्पताल में पुर्नयोजन चिकित्सक परामर्शी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है, श्री गौतम सीतापुर जिला अस्पताल में सीएमएस के पद पर भी रह चुके है वह नेत्र चिकित्सक के तौर पर अब जनपद को सेवाएं देगें।

### बच्चों की डूबकर गई जान

**सीतापुर।** गोबरहिया नदी गांजर के लिए काल बन गई है। इस नदी में डूबकर आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों की जान जा चुकी है। गुरूवार को थाना थानगांव के मन्नीपुरवा नदी में नहाते समय मांमा- भांजे की मौत हो गई। 4 बच्चे नदी में डूब गए। हादसे में मन्नीपुरवा के 12 वर्शीय यष व भौली के 10 वर्षीय छोटू की मौत हो गई, जबकि दो को बचा लिया गया।

### मुठभेड़ में आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** अपराधियों सावधान ! सीतापुर में अब अपराधी ही नहीं पुलिस भी धाय-धाय करने लगी है। इमलिया सुल्तानपुर इलाके में सनसनीखेज गैंगरेप के मुख्य आरोपी को गिरतार करने की थ्योरी को 24 घंटे बाद दोहराकर पुलिस ने 25 हजार के इनामिया बदमाश सहवान को मुठभेड़ में घायल करके पकड़ लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि रामपुर कला थाना अध्यक्ष को करौली गांव के गन्ने के खेत में गोकशी की सूचना मिली थी, जब थानाध्यक्ष मय फोर्स वहां पहुंचे तो गो तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई, बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के चलते थानाध्यक्ष संजीव यादव बाल-बाल बच गए जबकि पुलिस की गोली से बदमाश सहवान घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें मुठभेड़ में दो बदमाष भागने में कामयाब रहे।

### करंट से ठेका कर्मी की हुई मौत

**हरगांव सीतापुर।** दुश्वारी, लापरवाही और मजबूरी, ये ऐसे मसले हैं जिनके चलते आए दिन विद्युत हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। तजा मामला हरगांव क्षेत्र के कटियारा गांव का है। यहां एचटी लाइन जोड़ते समय ठेका कर्मचारी धीरज पुत्र स्व. भारत और विनय पुत्र अमर सिंह की करंट से मौत हो गई। थाना प्रभारी हरगांव अरविंद राणा ने बताया कि हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे का है, जांच षुरू कर दी गई है।

### डीएम से मिले इंडियन बैंक के मंडल प्रमुख

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज से लीडिंग इण्डियन बैंक के मंडल प्रमुख विनीत बाजपाई ने शिष्टचार भेंट की है। इस दौरान जिलाधिकारी ने शासन की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का सुझाव दिया। भेंट वार्ता के दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक संजय मिश्र, मुख्य प्रबंधक अमित पांडे एवं विकास भवन शाखा के शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### डेंगू से बचाव की जारी हुई एडवाइजरी

**सीतापुर।** डेंगू से बचाव के लिए सेहत महकमें ने एडवाइजरी जारी की है। एसीएमओ डॉ. एसके षाही ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है, गहरे रंग के कपड़े मच्छरों को ज्यादा आकर्शित करते हैं, इसलिए गहरे रंग के कपड़ों से बचें। एसीएमओ डॉ. पीके सिंह का कहना है कि सभी एनएस-1 धनात्मक मरीज डेंगू ग्रसित नहीं होते, जिला चिकित्सालय में डेंगू मरीजों के इलाज की बेहतर एवं निःशुल्क व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

### 28 सितम्बर होगी परीक्षा

**मिश्रिख सीतापुर।** यशोदा कन्या महविधालय मिश्रिख सीतापुर मे बीए थर्ड इयर परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई हैं। प्राचार्या डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थियों को कोविड प्रोटोकाल के बारे में जानकारी दे दी गई है, मास्क व सैनिटाइजर के साथ परीक्षा केन्द्रों पर आधा घंटे आना जरूरी है, परीक्षा गुरूवार को द्वितीय पाली में होगी। उन्होंने बताया कि एमए फाइनल की परीक्षाएं 28 सितंबर से तृतीय पाली में होंगी।

### विक्षप्ति की गुमशुदगी दर्ज

**सीतापुर।** लहरपुर के बारादरी टोला निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र फुरकन्द अली ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी 20 वर्षीय विक्षिप्त बहन शाहीन बानो, के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने बताया कि युवती के गायब होने की सूचना मिली है, गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# संगठित होकर लेकर रहेंगे हक: श्यामू शुक्ला

## ● गन्ने का भुगतान न होने से आहत किसानों ने किया प्रदर्शन

**महोली सीतापुर।** महोली के गाँव अल्हना मे आयोजित किसान चौपाल में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुट के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब किसान साथी संगठित हो जाओ कोई भी सरकार आप के अधिकारों का हनन नही कर पायेगी कोई भी किसान विरोधी अध्यादेश पारित भले ही कर लें लेकिन उसको वापस उसी दिन लेना होगा जिस दिन आप संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपने हक और अधिकार के लिए सड़कों पर उतर पड़ोगे साथ ही उन्हों ने यह भी कहा कि अब संगठित होने की ज्यादा आवश्यकता है क्योंकि हर जगह किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है न ही हमको गन्ने का भुगतान समय से मिल रहा और न ही हमारी फसलों का वाजिब मूल्य मिल रहा है तमाम सपने सरकार ने किसानों दोगुनी आय के दिखाए पर पटल पर आज किसान की हालत पहले ज्यादा खराब है बिजली पानी खाद डीजल सब कुछ महंगा हो चुका है पर गन्ने के रेट में मात्र दस रुपये कुंतल की बढ़ोत्तरी करके किसान को ठेंगा दिखाया गया दुसरीं तरफ तहसील ब्लाक थानों में अपने जायज कामो के लिए पचासों चक्कर काटने के बाद भी बिना घूस के कोई काम नही किया जाता है इस लिए अब अपने अधिकारों के लिए लड़ने का वक्त आ गया सब किसान साथी तैयार रहें संगठन से जुड़ें और मजबूत बने उद्बोधन के उपरांत सैकड़ों किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान संगठन के जिला संगठन मंत्री संजीव शुक्ला महोली तहसील अध्यक्ष हरिहर मास्टर महोली ब्लाक अध्यक्ष विश्वपाल राठौर तहसील महासचिव अखिलेश पंजाबी तहसील उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह एलिया ब्लाक अध्यक्ष बिक्रम गौतम मोहनलाल सक्सेना आदि तमाम किसान नेता व किसान मौजूद रहे।

## 13 सितंबर को मिश्रिख के जरिगंवा में चरवाहे की हत्या करने वाले आरोपियों ने कुबूला

# हार्न बजाने पर नहीं दिया रास्ता तो मार दी गोली

## ● पुलिस ने किया राजफाश वारदात में शामिल बाइक आला कत्ल भी बरामद

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**13 सितम्बर** को मिश्रिख थाना इलाके में युवक की हत्या का खुलासा कर पुलिस ने सफलता दर्ज की है। पुलिस हिरासत में हत्यारोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने हार्न बजाने के बाद भी रास्ता साफन होने के कारण शुरू हुए विवाद में चरवाहे द्वारा डंडा मार देने से आए गुस्से के चलते गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद औरंगाबाद की तरफ भाग गए, चरवाहे से न तो कोई पुरानी रंजिश थी और न ही जान पहचान। एसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान हाजीपुर पुलिया के पास से दोनो अभियुक्तों को काले रंग की बिना नम्बर वाली बाइक के साथ मय आला कत्ल गिरफ्तार किया गया। बता दें 13 सितम्बर को दोपहर तकरीबन साढ़े 3 बजे मदनपाल पुत्र सोहनलाल निवासी हेतपुर थाना मछरेहटा जो कि अपनी ससुराल जरिगंवा थाना मिश्रिख में रहता था, भैंस चरा रहा था, तभी पीछे से रामकिशोर मौर्य पुत्र प्यारेलाल निवासी मटकुट्टा थाना मछरेहटा व लालराम पुत्र जगन्नाथ पासी निवासी बेनीपुर थाना मिश्रिख बाइक पर सवार होकर गुजर रहे थे और पूरे रास्ते पर चल रही भैसों को हटाने के लिए बार-बार हार्न बजा रहे थे। जिसको लेकर मदनपाल और बाइक सवारों में कहा सुनी शुरू हो गई। गुस्से में आए बाइक सवारों ने चरवाहे पर फायर झोंक दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह भी बताया कि रामकिशोर पुत्र प्यारेलाल का पुराना अपराधिक रिकार्ड है, आरोपी पर सात मुकदमें पहले से दर्ज है, वहीं दूसरे आरोपी लाला राम पर भी विभिन्न थानों में चार मुकदमें दर्ज है। पुलिस द्वारा हत्या में इस्तेमाल दो आला कत्ल तंमचा 315 बोर, 2 खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए है। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, एसआई शेषनाथ सिंह, समय सिंह, आरक्षी जयप्रकाश सिंह, दीपक कुमार, अनिल कुमार शामिल है।



सीतापुर-पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## संगत भूमि विवाद का मामला, भाजपा नेता

# साकेत मिश्रा ने बाबा बजरंग मुनि दास पर लगाए गंभीर आरोप

## ● प्रेसवार्ता में कही बात मौके पर पहुंचे एसडीएम ने लिया प्रार्थना पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**थाना खैराबाद** इलाके की बड़ी संगत भूमि विवाद मामले में भाजपा नेता साकेत मिश्रा और बाबा बजरंग मुनिदास के बीच छिड़ी रार अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। बुधवार को बाबा विश्राम दास के साथ भाजपा नेता साकेत मिश्रा ने विकास भवन के सामने धरना स्थल पर बैठकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बाबा बजरंग मुनि दास पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किए डॉक्यूमेंट में भाजपा नेता ने बाबा को कत्ली बनवा साधु तक कह डाला। सूचना पाकर एसडीएम सदर अमित भट्ट व शहर कोतवाल टीपी सिंह हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचे तो भाजपा नेता ने 2012 में संगत की भूमि से संबंधित दिए गए प्रार्थना पत्र से लेकर विद्यार्थी जीवन काल तक के अपराधिक इतिहास का दौरा एसडीएम सदर के सामने खोल कर रख दिया। मामले में एसडीएम सदर ने नया प्रार्थना पत्र मांगते हुए प्रयागराज स्थित संतो की उदासीन शाखा के मुख्यालय सिर्फ जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कही है। आपको बता दें बीते शनिवार थे कमाल सराय बड़ी संगत मामले में दोनों पक्षों के बीचशुरू हुआ शक्ति प्रदर्शन करता और अपराधिक इतिहास खोलकर आरोप लगाने व कार्यवाही कराने तक पहुंच गया है। आईडिया प्रारंभ से ही मामले में बड़ा बवाल होने की आशंका जता रहा है। ऐसे में यदि जिला प्रशासन मामले को गंभीरता से लेकर उचित समाधान निकालने का प्रयास नहीं करता है तो कहीं ऐसा ना हो खैराबाद बड़े बवाल का साक्षी बन जाए।



सीतापुर-प्रेसवार्ता करते भाजपा नेता साकेत मिश्रा

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय कार्यकारी बैठक

## ● पराली न जलाने को लेकर गठित हुई समिति

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पराली जलाने से रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी द्वारा गत वर्ष 19-20 में पराली (फसल अवशेष कृषि अपशिष्ट) जलाये जाने के सम्बन्ध मे की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा निर्देश दिये गये कि गत वर्ष पराली जलाने की घटनाओं के सम्बन्ध में की गयी एफ0आई0आर0 तथा अर्थदण्ड के रूप मे लगाये गये जुर्माना धनराशि की समीक्षा की जाये तथा प्रभावी कार्यवाही की जाये जिससे पराली जलाने की घटनाये न हो। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कराकर लोगों को जागरूक किया जाये। बैठक मे कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी भी उपस्थित रहकर जानकारी उपलब्ध कराये। जनपद मे संचालित कम्बाइनध्हार्वेस्टर मालिकों को यह नोटिस जारी किया जाये कि बिना सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के हार्वेस्टर न चलाये तथा उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाये। वर्ष 2020-21 मे फार्म मशीनरी बैक की स्थापना गन्ना समितियों से प्राप्त 06 प्रस्ताव तथा ग्राम पंचायत स्तर से प्राप्त 03 प्रस्ताव का तथा 09 किसान समितियों का सशर्त अनुमोदन किया गया। जिलाधिकारी श्री भारद्वाज द्वारा निर्देशित किया गया कि फार्म मशीनरी बैंक तथा कस्टम हायरिंग के आवेदन पत्रों का स्थलीय सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी से कराया जाये, विगत वर्षों में स्थापित फार्म मशीनरी तथा कस्टम हायरिंग सेन्टर का वर्ष मे कम से कम एक बार स्थलीय सत्यापन अवश्य किया जाये, जिससे लाभार्थी कृषि यन्त्रों का अनुदान प्राप्त होने के बाद कही बेच न दें। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला अग्रणी बैक प्रबंन्धक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक उपायुक्त एवं सहायक निबंन्धक सहकारी समितियां, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बरपुर एवं प्रगतिषील कृषक, वीरेन्द्र यादव एवं उमेश पाण्डेय विकास खंण्ड गोंदलामऊ उपस्थित रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर चला सफाई अभियान

## ● जिलाध्यक्ष सहित पूर्व एमएलसी ने चलाया सघन अभियान

संवाददाता। सीतापुर

**सेवा ही** संगठन के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वे जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अगुवाई में षहर के 70 सार्वजनिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओ ने झाडू लगाकर साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। नेपालापुर चौराहे पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा की साफ सफाई कर पुष्पांजलि दी गई। इसके अलावा शहर में लगी अन्य महापुरूशों की प्रतिमाओं का माल्यार्पण भी किया गया। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि षुक्रवार को .तिम अंग बांटे जाएंगे। अभियान में विश्राम राठौर, अजय भार्गव, अजय विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, श्री प्रकाश सिंह, अशोक राठौर, अभिषेक मिश्र,उत्तम पांडेय, सुभम पांडेय, अविरल अवस्थी आदि ने हिस्सा लिया। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्म दिवस पड़ाव बाजार स्थित पुराना प्याऊ और शिव मंदिर पर बूथ अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व व पूर्व एमएलसी राकेश सिंह के निर्देशन में सीतापुर नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी, शिवांशु मिश्रा, देवांश भदौरिया, केशव मिश्रा सचिन मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं ने सफाई करके जन सेवा का कार्य किया और अपने प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की।



सीतापुर-पीएम के जन्मदिन पर सफाई करते पूर्व एमएलसी राकेश सिंह व अन्य

**एमएलसी प्रत्याशी ने की बैठक:** भाजपा स्नातक एम एल सी प्रत्यासी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवनीश सिंह ने जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति को मील का पत्थर बताया। बैठक में जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, रोहित सिंह, जितेंद्र मेहरोत्रा, जया सिंह, रमेश भार्गव, अवनेंद्र विक्रम सिंह, अनूप विश्वकर्मा, आकाश अग्रवाल, राजीव मेहरोत्रा, अजय सिंह, लालता शाह, चांद मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## खुली बैठक में स्वयं सहायता समूह की सदस्य को

# कोटेदार नियुक्त किये जाने से आक्रोश

**संवाददाता। मैलानी.खीरी**





● अधिकारियों द्वारा सर्व सहमति के स्थान पर पूर्व नियोजित ढंग से बिना ग्रामीणो की सहमति सरला देवी के चयन को लेकर माहौल गरमाया

**ब्लॉक बांकेगंज** स्थित ग्राम सभा सुआबोझ के ग्राम खरैंटा मे आज प्राथमिक विद्यालय प्रांगण मे नये कोटेदार का चयन खुली बैठक में सर्वसम्मति से किया जाना था। यहां पर कुल दो आवेदन आये थे। जिनमे एक सरला देवी पत्नी राम किशुन व दूसरा गीता देवी पत्नी भाई लाल का था। सरला देवी ग्राम मे चल रहे स्वयं सहायता समूह की सदस्या भी हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा के अनुसार इनमे एक आवेदन जो कि ग्राम मे पूर्व से चल रहे स्वयं सहायता समूह की तरफ से सरला देवा का था एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वयं सहायता समूह को प्रथम वरीयता दिये जाने के स्पष्ट निर्देश के चलते स्वयं सहायता समूह की सरलादेवी को विजित घोषित कर दिया गया। वहीं अधिकारियों द्वारा खुली बैठक मे सर्व सहमति के स्थान पर पूर्व नियोजित ढंग से बिना ग्रामीणो की सहमति के इक तरफा तरीके से सरला देवी के चयन पर ग्रामीण आक्रोशित हो गये। चुनाव अधिकारियो पर धांधली का आरोप लगाने लगे।उत्तेजित ग्रामीणो का कहना है कि यह खुले आम वेईमानी है। यदि स्वयं सहायता समूह को ही कोटा देना था तो अधिकारियो ने इसकी जानकारी पहले से क्यो नहीं दी। हम लोगो को यहां पर बुलाकर खुली बैठक व सर्व सम्मति का ढोंग क्यो किया गया। उनका कहना है कि कोटा भाई लाल को ही दिया जाये क्यों कि वहां आये लोग भाई लाल को ही कोटेदार वनाये जाने का समर्थन करते हैं।वहीं इसी व्लाक के ग्राम सभा मूंडा खजुहा मे भी प्राथमिक विद्यालय परिसर मे कोटेदार के चयन हेतु खुली बैठक का आयोजन किया गया था। ग्रामीणो का आरोप है कि कोटे का चयन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम मिली भगत व साठ गाँठ से हुआ। इस कोटे का चयन होने ग्रामीणो मे काफी आक्रोश पनपता दिख रहा है।

### भू-सर्वेक्षण विभाग करेगा पंचायत घरौनी का सर्वे

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण सर्वेक्षण स्वामित्व योजना (घरौनी) की बैठक अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। उन्होने कहा कि तहसील सदर की ग्राम पंचायतों में फरीदपुर, उसरैना, रहिमापुर सानी, कोड़रपुर, सचौली, शंकरपुर, रसूलपुर, कमालपुर, प्रयागदासपुर, चकनथनपुर आदि का सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है, के साथ फार्म-5 की प्रविष्टि भी पूर्ण हो गयी है। जिनका 02 अक्टूबर को घर स्वामित्व का प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा। जनपद की तीनों तहसीलों की 1331 ग्राम पंचायतों के घरौनी का सर्वे का कार्य भू-सर्वेक्षण विभाग लखनऊ द्वारा किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनन्द सरोज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आरएस गौतम, जिला बन्दोबस्त अधिकारी सहित सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## सपा सरकार की उपलब्धि व विकास योजना की उपेक्षा कर रही है भाजपा: वारिस



**गोला गोकर्णनाथ.खीरी।** गोला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम त्रिकोलियाए पड़रिया तिलकापुर महेशापुर व अन्य गाँवो में समाजवादी पार्टी के नेता वारिस अली अंसारी ने बैठक की बैठक में सपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की गयी। मौजूदा सरकार द्वारा किए जा रहे कामों के बारे में अवहेलना की। जैसा की मौजूदा सरकार ने हाल में ही कहा कि अब कोई नौकरी रेगुलर नही होगी। पहले पांच साल तक संविदा पर काम करना होगा और फिर सरकार परीक्षा करवाएगी। अगर परीक्षा में 60 फीसदी नम्बर से कम होगा तो वह नौकरी से बाहर कर दिया जाएगा। सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचार पर चर्चा हुई । इस मौके पर धीरज राज सपा नेताए राजू पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य पड़रिया सोमचन्द प्रजापति एव बहुत से ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## व्यापारी के पुत्रों की मौत से मोहम्मदी नगर शोकाकुल





● व्यापार मंडल ने किया बंद का आह्वान

गोमती पर हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

**मोहम्मदी.खीरी।** हर्ष गुप्ता और हर्षित गुप्ता कल शाम को घर से शाहजहांपुर रोड पर मोहल्ला बबोरी किसी काम से मोटरसाइकिल के माध्यम से गए हुए थे। तभी रात 8.30 बजे मोटरसाइकिल डिसबैलेंस हुई और शाहजहांपुर रोड पर खड़ी सड़क निर्माण में मिक्सिंग ट्रक में जा घुसी। जिससे बडी दुर्घटना सामने आयी। दुर्घटना मे एक युवक की मौके पर मौत हो गई तथा आनन.फानन में दूसरे युवक को शाहजहांपुर ले जाया गया जहां उसकी भी मृत्यु हो गई। दुखद समाचार मिलने पर परिवार से लेकर पूरा नगर इस दुखद घटना से शोकाकुल हो गया। दोनों युवक का गोमती के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया है तथा दोनों युवक अभी अविवाहित थेए वही व्यापार मंडल के अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने नगर के सभी व्यापारी प्रतिष्ठान बंद का आवाहन किया। गौरतलब है कि दोनों युवक व्यापारियों से संबंधित थे। परिवार मे अचानक घटी दुर्घटना से रो.रोकर बुरा हाल है।

# बेहतर हो बुजुर्गों के खान-पान की व्यवस्था: डीएम



**संवाददाता। शाहजहांपुर**

**जिलाधिकारी** इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भ्ररण पोषण नियमावली के अन्तर्गत वृद्धा आश्रम संचालन की गठित समिति के सदस्यो के साथ बैठक में जानकारी देते हुए सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा जिले के बनतारा वृद्धा आश्रम में रह रहे बुर्जुगों के खान पान की व्यवस्था सभी सुविधाओं के साथ भोजन रोस्टर के हिसाब से दिया जाए। उन्होंने कहा वृद्धों के खान-पान की व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्हें भोजन अच्छी से अच्छी गुणवत्ता वाला दिया जाए। वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को भोजन रोस्टर के हिसाब से दिया जाए तथा वृद्धजनों को हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने समिति के सदस्य श्री मोदी जी उद्यमी को निर्देष दिए कि समय-समय पर वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करें और भोजन की गुणवत्ता चख कर तथा आश्रम की व्यवस्था देखें कि वृद्ध जन सुव्यवस्थित ढंग से रह रहे है अथवा नहीं। उन्होंने कहा है कि वृद्धजनों के भोजन की गुणवत्ता में षिकायत मिलने पर सम्बन्धित का उत्तर दायित्व निर्धारित किया जाएगा।श्री सिंह ने कहा है कि जिन लोगों के पुत्रों ने अपने वृद्ध माता पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ा है। उनके पुत्रों से आवेदन लिए जाए। ताकि उनके बच्चों भरण पोषण का भत्ता लिया जा सके। जिलाधिकारी ने वृद्धा आश्रम में रहे रहे वृद्धजनों की संख्या की जानकारी ली, जिसमें समिति द्वारा बताया गया कि आश्रम में 38 पुरूष तथा 22 महिला वृद्धजन है।बैठक में डॉ0 लक्ष्मण, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमन कुमार, एनजीओ के अनीष अहमद आदि लोग उपस्थित रहें।

### कमरे में लटका मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर।** तहसील जलालाबाद के ग्राम सुजावलपुर में 25 वर्षीय युवक का शव बंद कमरे में फांसी से लटका मिला है।ग्रामीणों शव से जब महक आने पर हुई जानकारी हुई जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इत्तेला दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का ताला तोड़कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुजावलपुर का 25 वर्षीय युवक बीरेश पुत्र रामपाल गांव में ही रहता था।ग्रामीणों के अनुसार बीरेश शराब पीने का आदी था और लॉक डाउन से अभी तक कहीं काम पर भी नही गया था। जिससे उसको पास आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इसी के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक बंद मकान से बदबू आ रही है।मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने मौके पर देखा और ग्रामीणों की मदद से दरबाजा खुलवाया जहां युवक का शव रस्सी से कुंडे के सहारे लटका था। पीआरबी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ने ग्रामीणों से जानकारी तो ग्रामीणों ने बताया कि युवक का शव दो तीन दिन पुराना है जिसके चलते बदबू आने लगी।पुलिस ने मौका मुयाना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बीरेश का भाई रमेश रोहतक में मजदूरी करता है।उसकी भाभी जलालाबाद में किराए पर रहती हैं।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## शाहजहांपुर में एक और कोरोना मरीज की मौत

**संवाददाता। शाहजहांपुर**



**जिले में** कोरोना वायरस संक्रमण से बुधवार को कोविड 19 एल वन अस्पताल में भर्ती एक मरीजों की उपचार के दौरान मौत हो गई द्य गत दिवस में भर्ती कराया बुधवार को उपचार के दौरान मरीज की हालत बिगड़ गई जिसके बाद शाम के समय उसकी मौत हो गई द्य इसके साथ ही जिले में मौतों का आकड़ा 67 हो गया द्य बुधवार को जिले में 134 कोरोना वायरस के मिले इन मरीजों में सरकारी विभागो के कर्मचारी व व्यापारी तथा आम लोगो में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है लगातार कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजों के मिलने से स्वाथ्य विभाग के अधिकारीयों की मुश्किलों में इजाफा हो रहा है बुधवार को जिले के अलग अलग ब्लाकों में 134 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से जिले में संक्रमितों की तादात 4818 हो गई है इसमें 1922 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है । जबकि होम आइसोलेशन में 1846 संक्रमित तथा बाकि कोविड के अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती है जिले में कोरोना संक्रमण से 67 लोगो की मौत हो चुकी है ।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया जिले में 1333 टीमस सैम्पल लेने के साथ ही अन्य कामो को में लगाई गई है जिले के अभी कन्टेंटमेंट जाने में जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया । एरिया को सील कर लोगो को घरों से निकलने से मना किया गया है।इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा कर रही है।

## क्विक न्यूज

### कुँए में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**हथगाम फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के मंगरेमऊ गांव में मजार के पीछे कुएं से शव बरामद होने पर हड़कंप मच गया।परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद तह तक जाने की कोशिश की जाएगी। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के मगरेमऊ गांव निवासी मुफीद अहमद उम्र 32 वर्ष पुत्र रईस अहमद लगभग 9 बजे रात किसी का फोन रिसीव करते हुए मजार के पीछे तक गया।वह जब देर रात नहीं लौटा तो उसका छोटा भाई मोहम्मद हसीब और परिजन रात भर इधर उधर खोजते रहे।बाद में सुबह वह कुएं के पास पहुंचा तो उसे कंबल दिखाई पड़ा और थोड़ी दूर पर ही शराब की बोतलएपान मसाला आदि पदार्थ दिखाई दिया।मोहम्मद हसीब ने कुएं में टॉर्च लगा कर देखा तो उसे कुछ कपड़े दिखाई दिए और फिर शव दिखाई दिया।उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गया।चूंकि कुएं में जहरीली गैस थी इसलिए पानी भरने के बाद ही शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पैंट की जेब से 10 हज़ार कुछ रुपए भी मिले हैं। मृतक के भाई मोहम्मद हसीब का कहना है कि मुफीद घर में बिंदास रहता था। किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं था।उन्होंने हत्या की आशंका भी जताई है।थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

### छोटी घटनाओं की अनदेखी न करें पुलिसकर्मी: एसपी

**संडीला(हरदोई)।** नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने अचानक देर शाम कोतवाली का निरीक्षण किया जिससे अफरा तफरी मच गयी। सोमवार की देर शाम अचानक एसपी अनुराग वत्स सण्डीला कोतवाली आ पहुंचे। उन्होंनें सबसे पहले कोविड-19 हेल्प डेस्क को देखा तथा वहां तैनात महिला पुलिसकर्मी से आगंतुकों की स्क्रीनिंग और बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंनें कम्प्यूटर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंनें कम्प्यूटर ऑपरेटर से विस्तार जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंनें कोतवाली के कार्यालय तथा अभिलेखों के रख रखाव इत्यादि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंनें पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में होने वाली छोटी छोटी घटनाओं और भूमि विवादों पर बारीक नजर रखें क्योंकि छोटी घटनाएं ही अकसर बड़ी हो जाती हैं। उन्होंनें टॉप-10 अधिकारियों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा। साथ ही साथ उन्होंनें पुलिस गश्त बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंनें यह भी निर्देश दिए कि वे अपराधियों से तो सख्ती बरतें लेकिन फरियादियों से शालीनता का व्यवहार करें। उन्होंनें मास्क ना लगाने वाले लोगों पर भी सख्ती करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान सीओ अमित किशोर श्रीवास्तव तथा प्रभारीनिरीक्षक सूर्यप्रकाश शुक्ला मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग के हटाए गए संविदाकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**संडीला(हरदोई)।** विद्युत विभाग में कार्य कर रहे संविदाकर्मियों को अकारण हटाए जाने को लेकर इन कर्मियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर उन्हें पुनः काम पर रखने की मांग की है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि जनपद के उपकेन्द्रों पर कार्यरत संविदाकर्मियों को अकारण नौकरी से हटा दिया गया है। इसके अलावा नारायण सेवा संस्था द्वारा कर्मियों को नवंबर 2019 से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि शहरी आजीविका मिशन द्वारा कार्यरत कर्मियों को फरवरी 2020 तक के वेतन तथा ईपीएफका भुगतान नहीं किया गया है। संविदा कर्मचारियों के जीवन के साथ भी ठेकेदार द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि कर्मचारियों के पास सुरक्षा उपकरण तक नहीं हैं। यही नहीं कर्मचारियों की संख्या बहुत कम होने के कारण उनपर काम का बोझ भी बहुत अधिक है जिससे इनकी संख्या को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की गयी है।

### लॉकडाउन पीरियड में फीस वसूलने की मुख्यमंत्री से शिकायत

**संडीला(हरदोई)।** लॉकडाउन पीरियड में छात्र छात्राओं से भारी भरकम फीस वसूलने की शिकायत मुख्यमंत्री से की गयी है। मोहल्ला सिंदूरियाबाग महतवाना निवासी उमेश चन्द्र राठौर, अजय प्रकाश, ज्ञानेन्द्र कुमार, रमेश, नवीन राठौर, रन्जना चक्रवर्ती, राजेश गुप्ता आदि ने मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके पाल्य लायंस पब्लिक स्कूल संडीला में अध्ययनरत हैं। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने लॉकडाउन पीरियड में ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर मोबाइल ग्रुप पर जोड़ा और यह कहा कि इस पढ़ाई की कोई फीस नहीं लगेगी। अभिभावकों का आरोप है कि कॉलेज द्वारा यूट्यूब से लिंक निकालकर भेजा जाता है जो बच्चों को समझ में नहीं आता। आज तक किसी शिक्षक ने ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाते हुए अपनी कोई वीडियो नहीं भेजी है। इसके बाद अब 21000 रुपए फीस की मांग की जा रही है।

## विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

**संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



**कृषक समाज** इंटर कॉलेज गोला में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एलआर वर्मा ने वृक्षारोपण कर यह संदेश दिया कि पृथ्वी को बचाने के लिए ओजोन परत को सुरक्षित रखना आवश्यक हैए यह परत हमें अल्ट्रावायलेट किरणों के प्रभाव से बचाती है ऑनलाइन वर्चुअल क्लासेस के जरिए जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने ओजोन दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि ओजोन फॉर लाइफइस वर्ष की थीम को ध्यान में रखकर हमें जीव जंतु तथा वनस्पति जगत को पराबैगनी किरणों से बचाना है तो हमें क्लोरोफ्लोरोकार्बनएक्लोरीनए फ्रीऑन जैसी गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा रसायन विज्ञान प्रवक्ता अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि किस प्रकार क्लोरीन और नाइट्रोजन ऑक्साइड पराबैंगनी विकिरण से मिलकर ओजोन को ऑक्सीजन में परिवर्तित कर देते हैं हम प्लास्टिक एरोसॉल तथा सीएफसी के उपयोग को कम करके ओजोन परत को क्षय होने से बचा सकते हैं देवेंद्र सिंह ने कहा कि यह धरती हमें एक विरासत के तौर पर मिली है हम सबका यह उत्तरदायित्व है कि हमें ऐसी जीवनचर्या अपनानी चाहिए जिससे न सिर्फ हमारा फायदा हो बल्कि उससे हमारी प्रकृति की खूबसूरती बरकरार रहे इस अवसर पर लेफ्टिनेंट एपी सरोज एएनएसएस प्रभारी इंद्रसेन वर्मा एश्याम मूर्ति शुक्ला एएसके वर्मा एआरती गुप्ता एरागिनी लिपिक संजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**मैलानीखीरी।** नगर मैलानी मे दुकानदारो द्वारा रोड पर फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने का अभियान जारी किया गया। नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बृजेश कुमार सबिता व नगर पंचायत व अन्य कर्मचारियों ने नगर के समस्त दुकानदारो को आज ही दुकान के आगे रोड पर फैले अतिक्रमण को हटाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई दुकानदार इस आदेश के बाद भी अतिक्रमण नही हटाता है उसके विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। उसके सामान को हटाने का व्यय भी स्वयं दुकानदारो को ही वहन करना पड़ेगा। साथ ही जुर्माना भी भुगतना पडेगा।

## जल्द शुरू होगा किसान सम्मान अभियान: श्यामू

**संवाददाता। औरंगाबाद खीरी**



**ग्राम अलियापुर** में आयोजित किसान गोष्ठी में पहुँचे किसान नेता भाकियू अवध के कार्य वाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला श्यामू ने गोष्ठी को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल मे हम किसानों का दर्द सड़को पर उतर कर नही उठा पाए। जो भी हो सका वह शोशल मीडिया व फोन के माध्यम से आवाज उठा सके। लेकिन अब आने वाली 21 तारीख से सब किसान भाई बहन तैयार हो जाएं। पुनः उसी जज्बे के साथ आप की समस्याओं को लेकर आवाज बुलन्द की जाएगी। इसलिए अब आप को संगठित होने की बहुत जरूरत है क्योंकि किसान की आय दोगुनी तो हुई नही बल्कि खाद पानी बिजली डीजल आदि किसानी से जुड़े तमाम उपकरणों की बड़ी कीमतों ने कमर तोड़ कर रख दी। गन्ना भुगतान न होने की वजह से किसान अपनी फसलों से हांथ धो बैठा है। सरकारी दफ्तरों में खुलेआम लूट मची है। लेकिन अब यह सब बर्दास्त नही किया जाएगा। आप सब आंदोलन के लिए तैयार रहो। बिगुल बजने वाला है बैठक में हरदोई शाहाबाद मितौली बरबर तहसील से आये पदाधिकारियों ने किसानों को सम्बोधित किया।बैठक में मुख्य रूप से राहुल मिश्रा हरदोई से ओम प्रताप सिंह भोले तहसील अध्यक्ष हरदोईए अमित शुक्ला तहसील अध्यक्ष मितौलीए जिला मंत्री खीरी अन्नू सिंह एविकास शुक्ला एसरबर रजा कादरीएमनमोहन तिवारी तहसील अध्यक्ष बरबर एचमन कश्यपए रामौतार राठौर अनिल गौतम बीरेंद्र गौतम गुड्डू शुक्ला कमलेश शुक्ला व सचिन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## निजीकरण के विरोध में उतरे विभिन्न संगठन



**संवाददाता। फतेहपुर**

**आल इण्डिया** रेलवे फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन प्रयागराज के निर्देशानुसार आज शाखा सचिव महेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में सांय 5 बजे से छात्र नेताओं, यात्री संघ, पत्रकार, मीडिया, रेल उपभोक्ता एसो0, विद्युत संघ, शिक्षक संघ के साथ सेमिनार का आयोजन संगठन कार्यालय में किया गया है। जिसमें से सभी संघ के अध्यक्षों एवं रेल उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष रेल के निजीकरण एवं नियम के विपरीत 30 साल की सेवा व 50/55 की उम्र पर पीडियाडिकल रिव्यू करने विस्तृत चर्चा हुयी है। भारत सरकार जो कर्मचारी विरोधी नीति अपनाते हुये जो यह कदम उठा रहीं है। यह आने वाले समय पर यह प्रतीत होता है कि देश को गुलामी की ओर ले जाने का कार्य मौजूदा सरकार करने जा रहीं है। जिसके विरोध में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष-करन, आदर्श शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष विजय सिंह गौर, प्राथमिक शिक्षा संध जिलामंत्री- विजय त्रिपाठी, एआइआरएफ के शाखा अध्यक्ष मूल चन्द्र, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील तिवारी, हिन्दूस्तान चीफ ब्यूरो दिलीप सिंह, रेलवे उपभोक्ता संघ मनोज घायल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष नरिन्दर सिंह रिक्की सरदार, पूर्वांचल विद्युत संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सभी संघों के अध्यक्षों ने ज्ञापन भेजा।

## महिला उत्पीड़न को लेकर गुलाबी गैंग ने जहानाबाद थाने का घेराव किया

**संवाददाता। फतेहपुर**



**महिला उत्पीड़न,** शारीरिक शोषण एवं हत्या के प्रकरण को लेकर गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक ने जहाँनाबाद थाना का घेराव किया। अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाएं पीड़ित परिवार के साथ जहाँनाबाद थाना पहुंची। महिला उत्पीड़न के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए थाना का घेराव किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा के माध्यम से जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि नीलम की शादी एक माह पूर्व फूलचंद्र पुत्र दयाराम ग्राम कृपालपुर थाना जहाँनाबाद के साथ हुई थी। 13 व 14 सितम्बर की मध्य रात्रि पति व ससुरालीजनों द्वारा हत्या कर दी गयी लेकिन थाना में एफआईआर नहीं लिखी गयी। गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक ने थाना में घेराव करते हुए यह मांग किया कि एफआईआर दर्ज करके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाये। पीड़ित परिवार को न्याय दिया जायेगा अन्यथा की स्थिति में आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की स्वयं होगी। इस दौरान सरला, राजरानी, प्रीती, शहरुन, उषा, रामश्री, नीलू, सुमन, पुष्पा, सुनीता, निर्मला, रानी आदि महिलाएं मौजूद रहीं। इस मौके पर पंकज मिश्रा, रमाकांत तिवारी, अंशु सिंह, शुभम शुक्ला, प्रशांत द्विवेदी, राजू लोधी मौजूद रहे।

### आज 26 और लोगों की आयी कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव

**फतेहपुर।** जनपद में आज फिर कोरोना के संक्रमितो की संख्या में इजाफा होने से इस वैश्विक महामारी ने जनपद में अपना शिकंजा और कस लिया है। आज 26 और कोरोना संक्रमित मिलने से जहाँ लोगों में दहशत बढ़ी है। इस तरह जनपद में कुल ऐक्टिव केस बढ़कर 250 हो गये हैं जबकि कुल संक्रमितो का आँकड़ा बढ़कर 1758 हो गया हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान 1320 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं।

## तीन पशु चोरों को गिरफ्तार किया

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने पशुओं की चोरी करने वाले एक गैंग का खुलासा करते हुए तीन लोगो को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया पुलिस ने इंट्रोगेशन के दौरान इनके पास से चोरी किये पशु भी बरामद किये। थाना कांट पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर जसनपुर पुलिया के पास से मुठभेड के दौरान आजाद उर्फबौना व मोहम्मद जमा उर्फबडे लल्ला निवासी ग्राम अरुआ खानपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस की दबिश के दौरान फैजान मौके से भाग फरार हो गया पुलिस ने गिरफ्तार चोरो की निशानदेही पर चोरी की भैंसो की खरीद फरोख्त कर अपने घर पर रखने वाले समीउल्ला को 02 चोरी की भैसों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किए पुलिस की गिरफ्तार टीम में उ.नि. बिहारी लाल, राकेश कुमार, का. अमित दूबे, यासीन खां, रामसंजीवन, सुशान्त चौधरी, धीरज सिंह मौजूद रहे।

# कोविड अस्पताल से गायब मिले आठ कर्मी, कटेगा वेतन



**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह नें बुधवार को कोविड - 19 एल 1 समकक्ष अस्पताल डा0 अनार सिंह मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण में उन्हें आठ कर्मचारी गायब मिले। जिनका उन्होंने वेतन काटने के साथ ही विभागीय कार्यवाही के कड़े निर्देश दिये।

बुधवार को डीएम नें निरीक्षण के दौरान कोविड के मरीजों से फोन पर वार्ता कर भोजन व साफ-सफाई की हकीकत को परखा। मरीजों ने बताया कि आज वार्ड में साफ-सफाई नही हुई। उन्होंने सभी को केतली से गर्म पानी नियमित पीने के साथ ही काढा का भी सेबन करने की सलाह दी।

निरीक्षण के दौरान केंके त्यागी,कु0 शिखा कटियार सीएचओ,अमित कुमार एलटी,सफाई कर्मचारी पंकज, ब्रजेश कुमार, आकाश, रवि कुमार,शैलेन्द्र गायब मिले। जिस पर डीएम भड़क गये। उन्होंने सीएमओ वंदना सिंह को सभी का एक दिन का वेतन काटने और विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

डीएम ने फतेहगढ़ के अभीहित अधिकारी, जिला खा। सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। जिसमे उन्हें खा। सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार और एक लिपिक को छोड़कर सभी गायब मिले। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी, विभागीय कार्यवाही करने के साथ ही सभी को जनसुनवाई के समय अपने कार्यलय में ही बैठने के निर्देश दिये।

## एसपी ने चौकियों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** एसपी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा नें कोरोना संक्रमण के मद्देनजर चौकियों का निरीक्षण किया। एसपी ने चौकी के कार्यालय व चौकी परिसर को भी देखा। उन्होनें पुलिस कर्मियों को कोरोना संक्रमण से बचने के साथ साफ-सफाई रखने के लिए निर्देशित किया।

बुधवार को एसपी नें सेन्ट्रल जेल चौकी, आवास-विकास चौकी और आईटीआई चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी आते जाते समय साबुन, हैंडवाश से हाथ धोने, हैंड गलब्स, मास्क लगाने व अपने पास सैनिटाइजर रखने व समय समय पर हाथों को सैनिटाइज करते रहने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण के द्रष्टिगत उच्च श्रेणी की सर्तकता बरते नियमित साफ-सफाई रखे तथा चेकिग दौरान गलब्स व मास्क किसी भी दशा न हटाए। पूरी सावधानी से अपना कार्य करें।

## 29 नये कोरोना संक्रमित

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को कोरोना के 29 और नये मरीज सामने आये है। जिससे अब संख्या 1911 हो गयी है।

कोरोना रिपोर्ट के तहत कायमगंज के ग्राम अताईपुर निवासी 32 वर्षीय युवक, थाना मऊदरवाजा के ग्राम बहादूरगंज निवासी टीला मसेनी निवासी 53 वर्षीय पुरुष, नवाबगंज निवासी 24 वर्षीय पुरुष, न्यू इंद्राकालोनी निवासी 13 वर्षीय किशोरी, आवास विकास बढपुर निवासी एक 51 वर्षीय पुरुष, लोहिया कैम्पस निवासी 28 वर्षीय युवती, कमालगंज के ग्राम शेखपुर निवासी 55 वर्षीय अधेड़, फतेहगढ़ की गीता पुरम कालोनी निवासी 29 वर्षीय महिला, आरआरसी फतेहगढ़ से 32 वर्षीय युवक, आवास विकास निवासी 65 वर्षीय वृद्ध, पहाड़पुर रुदायन निवासी 1 वर्षीय बालक, सीएमओ कार्यालय के एमएमयू बैन का कर्मी, डीपीआरओ कार्यालय के तीन कर्मचारी, जेएनवी रोड़ निवासी दो युवक, दलेलगंज निवासी 23 वर्षीय महिला, कोविड कंट्रोल रूम के एक कर्मी, चीनी मिल का 59 वर्षीय कर्मी, खिनमिनी निवासी 40 वर्षीय महिला, न्यू फौजी कालोनी भोलेपुर निवासी 54 वर्षीय अधेड़ सहित कुल 29 मरीज कोरोना पॉजिटिव निकले है। अब जिले में कुल 1911 मरीजों की संख्या हो गयी है। 758 डिस्चार्ज हो चुके है।

# ईनामी बदमाश गिरफ्तार



**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**हत्या** के प्रयास आदि के मुकदमें में फरार चल रहे शातिर ईनामी को पुलिस नें आखिर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हो गयी। दरअसल अंगूरीबाग निवासी शातिर कल्लू पाल का परिवारी हिमांशु पाल पुत्र अमर सिंह कल्लू की आत्महत्या के बाद चर्चा में आया। जब उसने 7 सितम्बर 2014 को यह कहते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी कि कल्लू मर गया अब उसकी जगह पर मर जाने के बाद अब वह रंगदारी टैक्स बसूल करेगे। और जो विरोध करेगा उसको जान से हाथ धोना पड़ेगा। उस दौरान तत्कालीन चौकी इंचार्ज मो0 आसिफ नें हिमांशु के खिलाफसंगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक नें हिमांशु पाल पर 10 हजार का ईनाम भी घोषित कर रखा था। शहर कोतवाली पुलिस नें हिमांशु को देवरामपुर क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार लिया।

# डम्पर से कुचल कर किशोर की मौत



**संवाददाता। इटावा**

**बसरेहर** थाना क्षेत्र के गुजरने वाले इटावा बरेली हाईवे पर कस्बा बसरेहर संजय ट्रेडर्स के सामने बुधवार की सुबह करीब 10 बजे फर्रुखाबाद की तरफ जा रहा ओवरलोड गिट्टी से भरा हुआ डम्फर से कुचलकर 15 वर्षीय मोहम्मद कैफ पिता लल्लन बक्श निवासी बहादुरपुर लुहिया की मौत हो गयी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया की तेज रफ्तार डम्फर के सामने ट्रक आने पर डम्फर चालक ने कंनेक्टर साइड स्टेरिंग काट दिया जिस कारण सड़क किनारे साईकल से जा रहा किशोर साईकल समेत डम्फर के नीचे आ गया और उसपर पीछे डम्फर के टायर चढ़ गए और उसकी मौके पर ही मौत ही गयी। जैसे ही ट्रक चालक ने मृत किशोर को देखा तो वह डम्फर को बीच सड़क पर छोड़कर भाग गया। मृतक के पिता ने बताया कि वह लोडर चलाते हैं । जिसका सामान बनाने के लिए मैंने अपने बालक को बसरेहर बाजार में भेजा था और वापस लौटते समय डंपर से कुचलकर मौत हो गयी। घटना के बाद इटावा बरेली हाईवे करीब आधे घंटे तक जाम बना रहा घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची बसरेहर थाना की पुलिस ने जाम को खुलवाया और मौके पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। वहीं हादसा करने वाले डंपर को पुलिस ने पकड़ कर थाने लेकर पहुंचेए घटनास्थल पर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था मृतक अपनी चार बहनों में सबसे छोटा था।

## दो घरों में चोरी

**इटावा।** कस्बा लखना के समीपवर्ती ग्राम मडौली में दो घरों में रात के समय अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर एक घर से 29 हजार तो एक घर से सोने व चांदी के आभूषण व 10 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का सघन निरीक्षण कर जांच पडताल की। इस घटना के बाबत ग्राम मडौली निबासी आशाराम पुत्र बाबूराम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ खेतों पर लेटा हुआ था। घर पर पुत्र अजब सिंह व पुत्रियां छत पर लेटी हुई थी।

# अग्निशमन केन्द्र की बीम धराशायी होने से श्रमिक की मौत, दूसरा घायल

**संवाददाता। चकरनगर**

**चकरनगर** में निर्माणाधीन अग्निशमन केन्द्र की बीम गिरने से बुधवार दोपहर समय दो श्रमिक दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन.फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जिसमें एक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का उपचार शुरू कर दिया गया।

चकरनगर में निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र की इमारत पर बुधवार दोपहर समय करीब ढ़ेड बजे राज मिस्त्री के साथ श्रमिक काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उक्त इमारत की बीम धराशायी हो गयी। जिसमें दो श्रमिक दबने से मौके पर चीख पुकार मच गयी। चीख.पुकार सुनकर दौड़े राज मिस्त्री व श्रमिकों ने बीम के नीचे दबे घायलों को मसक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिये आनन.फानन में घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने श्रमिक पप्पू उर्फ रोहता सिंह ;55द्ध पुत्र अटल सिंह निवासी जामपुर आगरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल छोटेलाल शाह ;40द्ध पुत्र शाक्य चंद्रशाह निवासी पूर्वी चंपस जिला मतियारी बिहार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त मामले में चकरनगर पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकरनगर राजेश कुमार चौहान ने बताया कि मृतक व घायल के स्वजन व ठेकेदार को जांनकारी दे दी गई है।

# मेडिसिन वार्ड में गंभीर अवस्था में दो अज्ञात मरीज भर्ती





**संवाददाता। सैफई**

**उप्र** आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के मेडिसिन वार्ड में बेड नं0 13 एवं 34 पर दो अज्ञात मरीज भर्ती हैं। इन मरीजों की उम्र लगभग 25 एवं 35 वर्ष है। जिसमें से एक अज्ञात मरीज अपना पता इटावा तथा दूसरा मरीज अपना पता औरैया बता रहा है। इसके अलावा ये दोनों मरीज अपने बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ हैं। यह जानकारी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ये दोनों मरीज डा0 पंकज कुमार की देखरेख में भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों की स्थित में कोई विशेष सुधार नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि इन अज्ञात मरीजों के बारे में या इसके सगे.सम्बन्धियों के बारे में किसी के पास कोई जानकारी उपलब्ध हो या कोई व्यक्ति जानकारी लेना चाहे तो विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालयए मेडिसिन विभाग या नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स से सम्पर्क कर सकता है।

## तीन निकले कोरोना मरीज

**भरथना** नगर में दो और ग्रामीण अंचल में एक समेत रविवार को कुल तीन लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने से नगर व क्षेत्र के वाशिंदों में हड़कम्प के साथ दहशत फैल गई। कुल तीन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की उक्त सूचना के मिलते ही भरथना की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के निर्देश पर भरथना नगर पालिका परिषद व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीमों ने सभी कोरोना पॉजिटिव मरीजों के आवासीय क्षेत्रों को सील कर मरीजों के परिजनों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये है। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल के निर्देश पर कोविड.19 भरथना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया ने उपरोक्त सभी इलाको में सेनीटाइजेशन कार्य कराया गया है। वहीं भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के दिशानिर्देश पर राजस्व निरीक्षकों की टीम ने भी मौका मुआयना किया है। इसके अलावा भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित के निर्देश पर कोरोना जांच टीम ने कोरोना पॉजिटिव मरीजों के सम्पर्क में आये दो दर्जन लोगों की कोरोना जांच कीगई है।

## अपर निदेशक ने कोषागार कार्यालय का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात जनपद के जिला कोषागार कार्यालय का अपर निदेशक कोषागार कानपुर मंडल कानपुर अजय जौहरी द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यालय स्टाफ को सामाजिक दूरी के साथ मास्क पहनकर पेंशनरों का अभिलंब कार्य करने के निर्देश दिए जीवित प्रमाण पत्र के संबंध में जहां जनसेवा केंद्रों के माध्यम से पेंशनरों द्वारा ऑनलाइन भेजे जाने वाले जीवित प्रमाणपत्रों का प्रतिदिन संबंधित साइड का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें यही नहीं अकारण पत्रावलियों को लंबित न करें ऐसा करने पर संबंधित पटेल प्रभारी दंडित होंगे इसी कड़ी में वरिष्ठ कोषाधिकारी के के पांडे से कोषागार कार्यालय में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली वही सबसे अहम समस्या स्टाफकी कमी कि जिले में दिख रही है।

# डीएम ने निर्माण कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी

**संवाददाता। कानपुर देहात**



**जिलाधिकारी** डॉ0 दिनेश चंद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्योए शासन द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाए आईजीआरएस निर्माण कार्यों आदि के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुईस बैठक में कार्यदाई संस्था द्वारा लापरवाही पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि जो भी निर्माण कारदायी संस्थाएं हैं अपने कार्य में सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत जिस विभाग की शिकायत निस्तारण में विलंब होता है तो उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी अन्यथा की स्थिति में समय से निस्तारण कराएं उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जो चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार किया जाए जिससे कि लोगों को जानकारी हो तथा कैंप के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कोविड.19 के गाइडलाइन का पालन करते किया जाए उन्होंने कहा कि जो जनपद में निर्माण कार्य आधे अधूरे पड़े हैं वह समय से पूर्ण करें तथा जहां कहीं भी समस्या हो रही हो तो उसे अवगत कराया जाए जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के तहत तालाबोंए सड़कों आदि में श्रमिकों को लगाकर कार्य कराया जाए तथा श्रमिक को रोजगार उपलब्ध कराया जाए बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई स इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जोगिंदर सिंहए अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लालए अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार आदि जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे हैं

## पुत्र ने घर में तोड़फोड़ कर राजस्व निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी

**फर्रुखाबाद।** पुत्र ने घर में तोड़फोड़ कर राजस्व निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के मोहल्ला दरीबा पूर्व निवासी सदर तहसील परगना शमसाबाद पूर्व के प्रभारी राजस्व निरीक्षक रामलखन पांडेय ने पुत्र शोभित कुमार के खिलाफबिजली मीटर तोड़ने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। राजस्व निरीक्षक का आरोप है कि पुत्र काफी दिनों से अभद्रता कर रहा है। उसने बिजली का मीटर तोड़ दिया और उनसे अभद्रता की।

# युवती के गायब होने पर ग्रामीणों का हंगामा

**संवाददाता। जसवंतनगर**

**थाना** क्षेत्र के ग्राम आलमपुर मे एक युवती को भगा ले जाने के मामले मे पुलिस द्वारा मनमाने ढंग से थाने मे प्राथमिकी दर्ज करा लेने से खफा युवती के परिजनों तथा गांव के लोगो ने क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुँचकर हंगामा कांटा तथा रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। विवरण के अनुसार उक्त गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र रामस्वरूप ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया कि प्रार्थी की 19 वर्षीय पुत्री सुनैना 7 सितम्वर को अपने घर पर सो रही थी और प्रार्थी रात्रि को राध बल्लव कोल्ड स्टोर मे प्राइवेट नौकरी करने गया था। जब बह 8 सितम्वर को प्रातः 4 बजे घर बह बापस लौटा और घर के दरवाजों को खटखटाया तो काफी समय बाद प्रार्थिनी की पत्नी उठकर आई तो उसने देखा घर के सभी लोग नशे की हालत मे पडे हुये थे और उसकी पुत्री की चारपाई खाली पडी थी। उसने इस घटना की जानकारी अन्य परिजनो को दी तो पता चला कि गांव का पडोसी उसे भगा कर ले गया है। उसने इस घटना की जानकारी थाना जसवंतनगर को दी तो पुलिस ने प्रार्थी को थाने मे बैठाकर मनमाने ढंग से प्राथमिकी दर्ज कराई जिससे फलस्वरूप आज तक कोई कार्यबाही नही हुई है इस सम्बंध मे बुधवार को पीडित तथा ग्रामीण क्षेत्राधिकारी से मिले और उन्होने इस मामले मे आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की तथा प्रार्थी की पुत्री सुनैना को सकुशल बरामदी करने की थाना पुलिस को आदेश देने का आग्रह किया इस सम्बंध मे क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर रमेश चन्द्र ने पीडित परिजनो को आश्वासन दिया है। इस मामले मे जांच करके तुरंत कार्यबाही की जायेगी।

## महिला से छेड़छाड़ पर युवक को पीटा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** महिला से छेड़छाड़ करने पर लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने पति के साथ बाजार से पैदल घर जा रही थी। चौराहे पर सड़क पार करते समय पीछे चल रहे एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। महिला के जवाब न देने पर युवक ने पीछे से दुपट्टा खींच लिया। जिसका महिला ने विरोध किया तो युवक गाली गलौज करने लगा। शोर सुनकर महिला का पति आयाए तो युवक मारपीट करने पर उतारू हो गया। नशेड़ी की हरकत को देख आसपास के लोगों ने उसकी धुनाई शुरू कर दी। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड ने युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आया। युवक ने खुद को गांव बरतल का निवासी बताया। महिला ने पुलिस को गांव बरतल निवासी अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी।

# भाजपाइयों ने सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**पीएम** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह के कार्यक्रमानुसार जनपद के 70 स्थानों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे भाजपा नेताओं नें स्वच्छता का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुए स्वच्छता कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के सिकत्तरबाग स्थित पार्क में जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की एवं स्वच्छता के लिए जागरूकता का संदेश दिया।

फतेहगढ़ मंडल के भोलेपुर क्षेत्र में जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान, रानू दीक्षित, गौरव कटियार, अंशु कुमार, शिवम दुबे ,राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र के पूर्वी मंडल में प्रदेश मंत्री प्रांशु दत्त द्विवेदी ने लिंजी गंज प्राइमरी वि ालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, आशीष वर्मा, सागर गुप्ता, गुंजन अग्निहोत्री आदि रहें।

नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 परशुराम नगर के मोहल्ला खतराना में कायमगंज चेयरमैन सुनील कुमार चक ने सफाई अभियान चलाया इस दौरान उनके साथ जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी,नगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता आदि रहे। फर्रुखाबाद नगर पालिका क्षेत्र में जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने रेटगंज सहकारी संघ, पूर्व जिलाअध्यक्ष महिला मोर्चा ममता सक्सेना ने आईटीआई परिसर, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीरा सिंह ने काली देवी शिव मंदिर, जिला उपाध्यक्ष भास्कर दत्त द्विवेदी ने घोड़ा नखास, जिला मंत्री अनुराग दुबे ने अंडियाना, जिला मंत्री नवनीत पाल ने गंगानगर कॉलोनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने सेनापति में स्वच्छता अभियान चलाया। कायमगंज ग्रामीण क्षेत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश अग्रवाल ने प्रेम नगर में स्वच्छता अभियान चलाया।कमालगंज नगर पंचायत के नगर क्षेत्र एवं गल्ला मंडी में भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर स्वच्छता अभियान चलाया। कमालगंज मंडल अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, जिला महामंत्री फतेह चंद वर्मा, चेयरमैन पति तरुण महेश्वरी, विधायक प्रतिनिधि सौरभ चौहान, मनोज हलवाई, संजय कमल एवं देवदत्त राजपूत रहें।शमशाबाद पंचायत क्षेत्र के चौखंडा दलवीर खा जटपुरा एवं मीरा दरवाजा क्षेत्र में पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान झाड़ू से गलियों को साफकिया गया।

## बेटों से तंग वृद्ध महिलाओं ने अधिकारियों से गुहार लगाई

**जसवंतनगर।** तहसील दिवस के दौरान दो वृद्ध महिलाएं अपने अपने पुत्रों से परेशान होकर शिकायत करने के लिए पहुंचीं थीं। एक महिला मलूपुरा गांव की रहने वाली थी उसके चार पुत्र हैं लेकिन कोई भी उसे खाना नहीं दे रहा है वहीं दूसरा मामला ग्राम तुलारामपुर का है जिसमें उसका एकमात्र पुत्र भी उसे खाना देने में परेशान करता है। उप जिलाधिकारी ज्योत्सना बंधु से उक्त महिलाओं ने गुहार लगाई इस पर उन्होंने दोनों के पुत्रों को पकड़वाने के लिए उनके गांव पुलिस को भेजा। तुलारामपुर की महिला का पुत्र पुलिस को देख भाग खड़ा हुआ जबकि ग्राम मलूपुरा की महिला का एक पुत्र पुलिस लेकर आई जिसे उपजिलाधिकारी ने डांट कर वृद्धा को समय से भोजन देने व साथ रखने के लिए राजी किया और ऐसा न करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की भी उसे चेतावनी दी। इसके बाद दोनों महिलाओं को भोजन मंगा कर वहीं खिलाया गया।

# बाइक सवार दो लोगों के पास से गांजा व चाकू बरामद, गिरफ्तार

**संवाददाता। ताखा**

**थाना** ऊसराहार पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बम्हनीपुर से ऊसराहार की तरफएक मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति आ रहे हैं। जिनके पास अवैध असलहा व अवैध गांजा भी है । सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बम्हनीपुर मोड ऊसराहार भरथना रोड पर चेकिंग करने लगे ए कुछ देर बाद ही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये तो पुलिस टीम द्वारा उनको रोकने का इशारा किया जिस पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा अपनी मोटरसाइकिल को पीछे मोडकर ग्राम बम्हनपीरपुर की तरफ भागना चाहा तभी पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग कर घरकर पकड लिया गया । पुलिस टीम द्वारा पकडे गये संजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी भगतसिंह चौराहा विधूना थाना विधूना जनपद औरैयाए नीरज कुमार पुत्र लालाराम निवासी भरथना रोड ऊसराहार थाना ऊसराहार जनपद इटावा की तलाशी ली गयी तो उनके पास से 1600 ग्राम अवैध गांजा व 01 चाकू बरामद हुया । पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के जरूरी प्रपत्र मांगे गये तो उसमें भी अभियुक्तो द्वारा असमर्थता दिखायी गयी । पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल को सीज किया गया एवं अभियुक्तो के विरूद्ध थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 251द्20 धारा 8द्20 छक्षै ।ब्ज् व मु0अ0सं0 253द्20 धारा 4द्25 आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की गई है ।

## बुजुर्ग असहायों की समय रहते मदद करना पुण्य का कार्य है: सावित्री कठेरिया

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी भरथना के ओबीसी मोर्चा ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर क्षेत्र के वृद्ध एवं असहाय जनों को निःशुल्क चश्मा और छड़ी वितरण कर सहायता पहचाने का प्रयास किया है।

कार्यक्रम की मुख्यअतिथि भरथना की क्षेत्र की भाजपा विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा है कि समाज के बुजुर्ग असहाय जनों का सहयोग करना पुण्य का कार्य होता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा की जिलाध्यक्ष बिरला शाक्य ने की कार्यक्रम में मौजूद योगी सेना के जिलाध्यक्ष शिवम गुप्ताएजिला महामंत्री प्रदीपएभरथना के मंडल अध्यक्ष अनूप जाटवएओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष योगेशएउमेश गुप्ताए कम्मोदनी गुप्ताएमनोज गुप्ताएधर्मेंद्रए विधायक पुत्र धर्मेंद्र कठेरियाएसर्वेश यादव के अलावा योगी सेना के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दिल्ली में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी जयंत कुमार दिल्ली में दुर्घटना में घायल हो गए थे। स्वजन उन्हें इलाज के लिए दिल्ली से फर्रुखाबाद ले आए और एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। बुधवार जयंत कुमार की मौत हो गई।गांव गनेशपुर निवासी जयंत कुमार पुत्र रामसेवक दिनांक नौ सितंबर को दिल्ली के मुखर्जी नगर में अपने पिकअप चालक जितेंद्र सिंह के साथ लोड लेकर जा रहे थे। किसी अज्ञात ट्रक चालक ने पिकअप में टक्कर मार दी। जिससे हेल्पर जयंत कुमार एवं चालक जितेंद्र कुमार निवासी गनेशपुर गंभीर घायल हो गए। भाई सुनील कुमार दुर्घटना की सूचना पर जयंत को फर्रुखाबाद के नर्सिंग होम ले आए।बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो

# सपाइयों का प्रदर्शन, पुलिस रही परेशान

## ● महोबा जा रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, जाम कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**हमीरपुर।** कबरई के क्रशर व्यापारी की हत्या के बाद स्वजनों से मिलने जा रहे सपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पुलिस बल ने मुख्यालय के महिला डिग्री कॉलेज के पास ही रोक लिया गया। सपाई सड़क पर ही धरने में बैठ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। जैसे ही कार्यकर्ता आगे बढ़े तो पुलिस ने बैरियर लगाकर उन्हें रोक लिया और डिग्री कालेज परिसर में कैद कर दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीओ सदर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

सपाइयों के कबरई जाने की भनक जैसे ही पुलिस प्रशासन को लगी। वैसे ही पुलिस अलर्ट हो गई। सदर कोतवाल समेत महिला थानाध्यक्ष रीता सिंह पुलिस बल के साथ रोडवेज बस स्टैंड के पास तैनात हो गए। जैसे ही जिला पंचायत परिसर स्थित सपा कार्यालय से सपाइयों का काफिला निकला। वैसे ही महिला डिग्री कॉलेज के सामने इस काफिले को रोक लिया गया। पुलिस के रोकते ही सपाई नारेबाजी करने लगे और सड़क में ही धरने पर बैठ गए। सपाइयों की पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई। जमकर हंगामा हुआ बाद में पुलिस ने सभी को हिरासत में लेते हुए महिला डिग्री परिसर में कैद कर दिया। करीब 55 लोगों को हमीरपुर व 40 लोगों को सुमेरपुर से निजी मुचलके पर छोड़ा गया।


मौदहा में पत्रकार वार्ता कर सपा के पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा

महिला डिग्री कॉलेज में स्थगित हुई परीक्षाएं चल रही हैं। सपाइयों के प्रदर्शन तथा पुलिस के द्वारा उन्हें महिला डिग्री कालेज परिसर के अंदर कैद करने के कारण छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसी तरह से वह बचकर कालेज के अंदर पहुंची और परीक्षा दी। वहीं हो हल्ला के कारण कई छात्राओं को परीक्षा देने में भी परेशानी हुई। मौदहा। सपा के पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों की तानाशाही नीतियों एवं कुशासन के कारण अब इस पार्टी की उल्टी गिनती शुरू है।मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं लूट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाओं की बाढ़ से आम जनमानस त्राहि त्राहि कर रहा है।इस सरकार के रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। यह बात आज मौदहा के नपाप के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में सपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अभिषेक मिश्रा ने महोबा के कबरई से लौटने के बाद कही है। पीड़ित परिवार प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं पुलिस से अत्यंत भयभीत हैऔर केन्द्र सरकार की सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है पीड़ित परिवार का मानना है कि जिस पुलिस ने उनके साथ इतनी बड़ी घटना की है आखिर उसका विस्वास कैसे किया जाय।

# सिंचाई व बैंक कर्मियों समेत मिले 17 और कोरोना पॉजिटिव

**हमीरपुर।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम को जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैंपलिंग का कार्य तेज है। वहीं बुधवार को जिले में 19 संक्रमितों के ठीक होने पर उन्हें कोविड हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया है। जबकि जांच में लघु सिंचाई व बैंक कर्मचारी समेत 17 और कोरोना संक्रमित मिले है। जिसके बाद जिले में संक्रमितों की संख्या 965 पहुंच गई है।

सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि बुधवार को 1696 सैंपलों की कोरोना जांच में 17 पॉजिटिव मिले है। जिनमें उनमें मौदहा ब्लाक के कुनेहटा गांव का 40 वर्षीय युवक, शहर के सूफीगंज निवासी 45 वर्षीय युवकए करौंदी गांव की 52 वर्षीय अधेड़ महिलाए हमीरपुर शहर में 19 वर्षीय दो युवकए मांझखोर रमेड़ी मोहल्ला निवासी 67 वर्षीय अधिवक्ताए लघु सिंचाई विभाग के 42 वर्षीय और 57 वर्षीय दो कर्मचारीए इलाहाबाद बैंक विवेक नगर के 31 और 55 वर्षीय दो कर्मचारियों की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मौदहा के मिशन कंपाउंड में 27 वर्षीय युवक की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सीएमओ डॉण्आरके सचान ने बताया कि आज कुल 19 मरीजों को दोनों अस्पतालों से डिस्चार्ज किया गया है।

### बिदोखर मेदनी में आधा दर्जन पॉजिटिव मिले

बुधवार को सुमेरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बिदोखर मेदिनी में एक साथ पांच लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसके पूर्व एक मरीज पाया गया था। सभी को कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक प्रदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग जांच में लापरवाही बरत रहा हैए जिन घरों में पॉजिटिव मरीज पाए जाते हैंए उन घरों के सभी सदस्यों की जांच नहीं की जा रही है। ऐसा बुधवार को बिदोखर मेंदनी में मौके पर देखा गया है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार ने दम तोड़ा

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र कपसा मार्ग में दो दिन पहले अनियंत्रित ट्रेक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बाईक सवार की आज कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरदहा निवासी फूल सिंह 58 पुत्र स्वर्गीय रघुवीर सिंह 13 सितंबर की सुबह अपने गांव से बाईक में मौदहा की ओर आ रहा था। जब उसकी बाईक सिजनौड़ा पुल से आगे स्थित एक दूधडेरी के पास पहुंची थी कि तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाईक सवार को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाईक सवार काफी दूर जाकर गिरा था। राहगीरों की मदद से बाईक सवार को मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया था जहाँ से हालात चिंताजनक होने पर कानपुर रिफर किया गया था जहाँ तीन दिन तक जिंदगी और मौत के बीच जारी जंग में आखिर बाईक सवार ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी मोहल्ला में आज करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक मोहाल के वृजेश निषाद घर का पंखा ठीक कर रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। परिवारीजन उसे जिला अस्पताल ले गये जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया इसके बाद भी परिवारीजनों को विश्वास नही हुआ उसे कानपुर लिये जा रहे थे तभी घाटमपुर प्रायवेट अस्पताल में उसकी फिरसे जांच करायी मगर डाक्टर उसे दोवारा मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर कोतवाली हमीरपुर पुलिस मौके पर पहुची और शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है।

### घरेलू कलह से तंग आकर किसान फांसी पर झूला

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र में आज घरेलू कलह से तंग आकर नीम के पेड़ में लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के पतारा गांव निवासी जगदंबा (65) कई सालो से किसानी करता था, आज वह अपने लड़को के साथ दिन भर खेतो में काम करता रहा जब उसके सभी लड़के घर चले गये तभी शाम को जगदम्बा ने अपने खेत में खड़े नीम के पेड़ में गमछे से लटक कर फांसी में झूल गया। ग्रामीणों ने बताया कि परिवारिक कलह से किसान काफी दिनो से डिप्रेशन में था। जानकारी होने पर परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुच कर शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है।

### दबंगों की दहशत से गरीबों का जीना दुश्वार

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के काशीराम कालोनी लोढवारा के विजय अग्रहरि पुत्र रामपाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि लोढवारा कालोनी में दबंग राजा व लक्ष्मण आदि जहरीली शराब का कारोबार करते हैं। इससे तमाम लोग बीमार हैं। दबंग किस्म के लोग जुआ के कारोबार में भी लिप्त हैं। बुधवार को एसपी को लिखे पत्र में कालोनी के विजय अग्रहरि ने कहा कि दबंग राजा व लक्ष्मण के जहरीली शराब का कारोबार करने से लोग बीमार हो रहे है। जुआ का कारोबार करने पर मना करने पर गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा होते हैं। अवैध असलहों से फायरिंग कर दहशत फैलाकर गरीबों का जीना दूभर किये हैं। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई न की तो गम्भीर घटना हो सकती है। पुलिस भेजकर दबंगों के अवैध कारोबार को रोककर कार्रवाई की जाये, ताकि गरीब तबके के लोग अमनचैन से जी सकें।

### गन्दगी से जूझ रहे ग्रामीण

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव के कमलेश कुमार पुत्र रामखेलावन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव में तैनात सफाई कर्मी प्रधान बलराम सिंह के अन्ना पशुओं के बाडे की सफाई करता है। गांव में सफाई न करने से लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं। बुधवार को प्रसिद्धपुर गांव के कमलेश कुमार ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांवसभा का सफाई कर्मी गांव की नालियां व गलियों में सफाई नहीं करता है। नालियां गन्दगी से चोक हैं। गलियों से दुर्गन्ध उठ रही है। सफाई कर्मी कहता है कि प्रधान जहां ड्यूटी लगायेगा वहां सफाई की जायेगी। महीने में तीन बार सफाई कर्मी आता है और जानवरों के बाडा की सफाई के बाद चला जाता है। ग्रामीण गन्दगी की समस्या से जूझ रहे हैं। पीड़ित ग्रामीण ने सफाई कर्मी से उत्पन्न समस्या की जांच कर प्रधान के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। कहा है कि सफाई कर्मी को गांव की गलियों व नालियों की सफाई के निर्देश दिये जायें।

### आबकारी टीम ने शराब सहित दो को दबोचा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कच्ची शराब की बिक्री को रोकने के लिए आबकारी टीम द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों में छापेमारी कर दो युवकों को अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में ले लिया गया। आबकारी निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आबकारी निरीक्षक एमपी सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग के मोहन कोल्ड स्टोरेज के पीछे मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को 20-20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में ले लिया गया। आरोपी युवकों ने अपना नाम रिंकू पुत्र सत्य प्रकाश निवासी ग्राम सराय प्रयाग व विश्राम पुत्र बिजली निवासी ग्राम खाड देवर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### मेड़ के विवाद में हुई मारपीट मुकदमे में तरमीम

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जमीनी रंजिश को लेकर विगत दिनों हुई मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में चिकित्सीय रिपोर्ट आने पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट की घटना को मुकदमे में तरमीन किया गया। विगत 31 अगस्त को बैसावारी गांव में खेत की मेड के विवाद को लेकर सरनाम सिंह पुत्र रामभरोसे को गांव के ही अरविंद कुमार व सरस कुमार ने लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें चिकित्सीय रिपोर्ट आने पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना को मुकदमे में तरमीम कर दिया गया।

# किसानों को बिजली नहीं मिली तो होगा उग्र आंदोलनः अनिल

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को सौंपे पत्र में चेताया कि एक सप्ताह में रुकमा ददरी क्षेत्र के किसानों को विद्युत आपूर्ति न की गई तो बड़ा आन्दोलन छेड़ा जायेगा। बुधवार को बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को सौंपे पत्र में कहा कि एक सप्ताह से पुन: पाठा क्षेत्र में विद्युत की भारी कटौती हो रही है। तीन दिन से मडैयन में बिजली नहीं है। प्रत्येक दिन देवांगना से बरुई की जर्जर लाइन एवं वोल्टेज की समस्या से रोज फाल्ट मार रही है।

पूरे क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। किसानों की सिंचाई तो दूर लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। 24 घंटे से बिजली न आने से क्षेत्रीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति खासा गुस्सा है। एक सप्ताह से हालत इतने बुरे हैं कि 48 घंटे से बिजली नहीं मिल रही है। न्यू कलेक्ट्रेट फीडर से देवांगना घाटी तक जर्जर विद्युत तार आंधी, बारिश में ठप हो जाती है। शाम छह बजे फाल्ट मारने पर उस दिन पूरी रात विद्युत आपूर्ति ठप रहती है। न्यू कलेक्टेउ्ट फीडर से देवांगना घाटी होकर बरुई तक रैकून कंडक्टर डालने को प्रांक्कलन जुलाई में भेजा जा चुका है। अभी तक पैकेज मंजूर नहीं हुआ है। अगस्त में डीएम को भी जानकारी दी गई थी।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते अनिल।

## मौदहा में घर में घुस कर प्राणघातक हमला

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा कस्बा के कपसा मार्ग स्थित एक मकान में घुसे दो दर्जन लोगों ने गृह स्वामी एवं उसकी मां पर प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के मुकदमा दर्ज कर लिया है। कपसा मार्ग स्थित इलाहाबाद बैंक के समीप रहने वाले रुस्तम अली पुलिस को बताया कि बीती मंगलवार कस्बे के ही भोलू कुंआ बाघू मोहाल निवासी सरफराज अली जैद पुत्र लतीफ, शेरू पुत्र रऊफ, कोतवाली क्षेत्र के गांव माचा निवासी इदरीश अली मोहम्मद अली, अय्यूब अली पुत्र रमजान अली एवं दस से पंद्रह अज्ञात लोग लाठी डंडे चाकू तथा लोहे के राड से लैस होकर उसके घर मे घुस आये तथा गालीगलौज कर जान से मारने की नियति से मारना पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर उसकी मां आशिया बानो बचाने के लिए आयी तो उक्त दबंगों ने मां को भी मारपीट कर लहुलूहान कर दिया है।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने की सफाई


बस स्टैण्ड में सफाई करते भाजपा नेता।

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुवाई में लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, विधायक आनन्द शुक्ला व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के तहत बस स्टैण्ड पर साफ-सफाई की गई। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी जीवन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया है। मोदी के प्रशासनिक स्वच्छता के साथ वैचारिक व सामाजिक स्वच्छता के विचार जन-जन में फैलाये गये हैं। राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता दूत के रुप में कार्य करने वाले सफाई कर्मी गांव व नगर में फैली गन्दगी साफ करने वाले देवदूत हैं। विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि मोदी की प्रेरणा से स्वच्छता का विस्तार फैल रहा है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सत्याग्रह व स्वेच्छाग्रह का विचार जन आन्दोलन बन गया है। नगर के 70 स्थानों समेत बस स्टैण्ड पर सफाई की गई। 17 सितम्बर को जिले की 70 सेवा बस्तियों में फल वितरण के साथ मऊ में 70 दिव्यांगों को उपकरण दान किये जायेंगे। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र हरिओम करवरिया, महेन्द्र कोटार्य, राजेश जायसवाल, रामबाबू गुप्ता, सुशील द्विवेदी, भागवत त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, जगदीश गौतम, अर्पित जायसवाल समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## सीओ आफिस के निकट दबंगई

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कालूपुर गांव स्थित सीओ सिटी के कार्यालय से सौ मीटर दूरी पर दबंगों ने अमित शुक्ला के घर पर बुधवार को दोपहर दबंग सुनील पाण्डेय उर्फ दादू ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हमला बोल दिया। घर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने से पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई। दबंगों ने सीसीटीवी कैमरों को क्षति पहुंचाई है। बुधवार को दोपहर 12 बजे कालूपुर गांव में अमित शुक्ला के घर पर बुलंद हौसलों के चलते दबंग सुनील पाण्डेय ने शुक्ला के परिजनों के साथ मारपीट करने लगा। परिजनों ने पुलिस को फोन किया तो दबंग भाग खड़े हुए। अमित शुक्ला ने कहा कि पहले भी दबंग उसके घर पर हमला कर चुके हैं। पुलिस के संज्ञान में मामला है। दबंगों के खिलाफ उचित कार्यवाही न होने से शुक्ला का परिवार भयभीत है। अमित शुक्ला ने आशंका जताई कि पुलिस उसकी हत्या कराना चाहती है।

# कुपोषित बच्चों को पोषित करने को दिया दुधारू गाय

**चित्रकूट।** प्रदेश में पहली बार कर्वी ब्लाक के खोही गांव में कुपोषण दूर करने को कुपोषित परिवार को दुधारु अन्ना गौवंश विधायक आनन्द शुक्ला व जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय तथा सीडीओ अमित आसेरी ने भेंट किया। बुधवार को खोही गांव में पोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों के परिवारों को दुधारु गौवंश देने के समारोह में विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारम्भ चित्रकूट जिले से हो रहा है। सूबे के मुखिया व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की ओर से अभिनन्दन करते हुए विधायक ने कहा कि दुधारु गौवंश से कुपोषित परिवार के बच्चों का भला होगा। जिला प्रशासन ने पिंक कार्ड योजना का लाभ भी दिया है। सरकार ने कुपोषित बच्चों को पोषित करने का काम कर रही है।

डीएम ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में ये योजना लागू की है। शासकीय गौशालाओं से अन्ना दुधारु गौवंशों को कुपोषित बच्चों के परिवारों को गौवंश देकर नौ सौ रुपया प्रतिमाह दिया जायेगा। इससे कुपोषित बच्चे पोषित होने के साथ माता-पिता व परिवार को भी गाय का दूध मिलने से कुपोषण दूर होगा। सीडीओ अमित आसेरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में ये कार्यक्रम आगे बढाया जा रहा है। प्रधान खोही प्रतिनिधि अरुण त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत कर प्रदेश की पहली अनूठी शुरुआत पर कहा कि गौवंश को ले जाने वाले अच्छे से गौवंश को पालें। गांव के हबीब खान को आवास व भूमि दिलाने की समस्या पर डीएम ने आवास का पट्टा आवंटन करने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रधान दिव्या त्रिपाठी, भाजपा नेता राजेश जायसवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ केपी यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


कुपोषित परिवार को दुधारु गाय देते विधायक व डीएम आदि।

# पुलिस को वाहनों की जांच में नहीं मिले अवैध असलहे

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय की अगुवाई में यूपीटी तिराहा सीतापुर समेत विभिन्न थाना-चौकी प्रभारियों ने वाहनों की जांच को अभियान छेड़ा।

बुधवार को विभिन्न थाना-चौकी प्रभारियों ने वाहनों की सघन जांच की। किसी भी वाहन में अवैध वस्तु व अवैध असलहा तथा संदिग्ध नहीं मिले। जांच दौरान दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट व बिना मास्क लगाने वाले चालकों को हिदायत दी गई। इसी क्रम में पुलिस परामर्श केन्द्र प्रभारी बैजनाथ सिंह व दीवान अरुण कुमार तथा महिला सिपाही मंजूलता पाल ने मऊ थाना क्षेत्र के पिपरौंध गांव की श्रीमती मनीषा देवी के पति धर्मेन्द्र कुमार व ससुर को बुलाकर शिकायतों को विस्तार से समझकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। पति धर्मेन्द्र कुमार व ससुर कामता प्रसाद को भविष्य में पत्नी व बहू से विवाद न करने की बात कही। दम्पति के बीच आपसी सुलह होने पर पति-पत्नी के कर्तव्यों को सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी।

भरतकूप थानाध्यक्ष की टीम के दरोगा फिरोज खान ने कमलेश निषाद पुत्र कैलाश व सूरज निषाद पुत्र श्याम को 11 विस्फोटक सेल व 11 इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर समेत दबोचा है। दोनों के खिलाफ भरतकूप थाने में 4/5 विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्जकर चालान किया है। गनीवा चौकी प्रभारी अजय जायसवाल ने गनीवा मोड से राधेश्याम पुत्र देवकुमार निवासी डंढिया व पापुली पुत्र रामनरेश निवासी गौहानीकला के कब्जे से 750 ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

# मौदहा में बाइक सवार रुपयों से भरा गुल्लक लेकर फरार

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर पहुंचे बाइक सवार तीन बदमाश यहाँ रखा रुपयों से भरा गोलक लेकर फरार हो गए हैं। सिचौली पुरवा निवासी अरूण पाल राजमार्ग में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किये है।बीती शाम वह किसी काम से दुकान के अंदर चला गया और इसी बीच बाइक सवार तीन युवक दुकान में पहुंचे तथा बाहर रखा गोलक उठा कर फरार हो गए हैं।

पीड़ित ने बताया कि गोलक में तीस हजार रुपये, पासबुक तथा चेकबुक के साथ ही तमाम जरूरी कागजात रखे थे। मौदहा स्थित गल्ला मंडी में बीते लगभग पांच माह पूर्व गोलक चोर सक्रिय रहे हैं और इन्होंने यहाँ के दो बड़े आढ़तियों के गोलक चोरी किये थे। यह गिरोह भले ही निस्क्रिय हो गया था लेकिन जैसे ही लाकडाउन खुला है कि यह गिरोह पुन: सक्रिय हो गया है। बीते दिनों हुई गोलक चोरी की घटनाओं का कोतवाली पुलिस आजतक पता नहीं लगा सकी है। मंगलवार को राजमार्ग में हुई घटना भी उसी तरह की बताई जा रही है जैसा कि बीते पांच माह पूर्व की गोलक चोरियों में घटित हुई थीं। इस तरह की घटनाओं से इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि गिरोह के कुछ सदस्य मौदहा के राजमार्ग एवं गल्ला मंडी के आसपास की दुकानों पर नजर रखते हैं और दुकानदार की गतिविधियों की पूरी जानकारी लेने के बाद अपने साथी चोरों को मौके पर बुलाकर घटना को अंजाम देते हैं।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत दिनों पूर्व घूरा डालने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में माला देवी पत्नी, संजीव कुमार निवासी वरगांवा व युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट में हाथ में फैक्चर पाया गया। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोविंद, गुलाब सिंह, संतराम, लालू के विरुद्ध मारपीट की घटना की रिपोर्ट को मुकदमे में तरमीम कर दिया गया।

## दम्पति के संदिग्ध हालात में मौत पर कांग्रेसी दुखी

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के शिवदयाल चमार व उसकी पत्नी सरोज की संदिग्ध दशा में मृत्यु होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल व कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने परिजनों से भेंटकर आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया है। मऊ थाना क्षेत्र के तिलौली गांव के मजरा चंदई के शिवदयाल चमार पुत्र रजवा व उसकी पत्नी सरोज मंगलवार को छिवलहा जंगल जलाऊ लकडियां बीनने गये थे। देर रात तक उनके घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरु की तो दम्पति जंगल में मरे पड़े मिले। परिजन नथुनिया व बड़े भाई रामलाल ने बताया कि शवों में काला निशान मिला है। कयास लगाया कि आकाशीय बिजली से दम्पति की मृत्यु हुई है। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मर्चरी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल व कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने परिजनों से भेंटकर दम्पति की मृत्यु पर दुख जताया है। कांग्रेस नेताओं ने परिजनों को भरोसा दिया कि उन्हें आर्थिक मदद दिलाई जायेगी।

# मनरेगा में बिना काम के रुपए देने का लगाया आरोप


ग्राम नदसिया में मनरेगा कार्य की जांच करती टीम।

## ● कार्रवाई में लगेगा समय, जांच टीम बोली

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विकास खंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत नदसिया में मनरेगा के तहत रोजगार सेविका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। पकरा गांव निवासी राजेश सिंह ने उच्चाधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि रोजगार सेविका संध्या पाल ने अपने पिता, चाचा व चाचा के लड़के को मनरेगा के तहत काम करने के नाम पर फर्जी तरीके से पेमेंट किया है। जबकि रोजगार सेविका के पिता, चाचा व परिवार के अन्य किसी सदस्य द्वारा मनरेगा में काम नहीं किया गया है। उसके बावजूद इन लोगों को पैसा दिया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को एडीओ आईएसबी, एडीओ समाज कल्याण व एडीओ एजी जांच करने गांव पहुंचे। जहां उन्होंने शिकायत कर्ता व मनरेगा में काम करने वाले दो-चार लोगों से जानकारी ली। शिकायत कर्ता का कहना है कि मामले में जांच के नाम पर खानापूरी की जा रही है।

# कायस्थ महासभा की भागीदारी के बगैर सरकारें नहीं बन सकतीं: विनय श्रीवास्तव


मनोनीत पदाधिकारियों के साथ मौजूद प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन की मजबूती के संबंध में विस्तृत चर्चा करने के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने संगठन का विस्तार करते हुये तीन जिला स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कायस्थ सभा की भागीदारी के बगैर सरकारें नही बन सकती।

बुधवार को स्थानीय निरीक्षण भवन में कायस्थ सभा के प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से नगर निवासी आशुतोष श्रीवास्तव व सिकंदरपुर निवासी अभिषेक सक्सेना को युवा संभाग का जिला उपाध्यक्ष तो इंदरगढ़ निवासी हिमांशु सक्सेना को युवा संभाग का जिला महामंत्री मनोनीत करने के उपरांत कहा कि आशा की जाती है कि सभी पदाधिकारी समाज हित व सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर समाज के पिछड़े लोगों की समस्याओं के निस्तारण कराकर समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित कराने का कार्य करेंगे। इससे पूर्व नव मनोनीत पदाधिकारियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आफताब हुसैन एडवोकेट, संजीव श्रीवास्तव, विपिन सक्सेना, पंकज श्रीवास्तव, रामप्रकाश, अभिषेक सक्सेना हनी प्रधान, शुभम सक्सेना आदि लोग मौजूद थे।

# बैंकों की हीलाहवाली से नहीं बन पा रहा है आधार कार्ड

संवाददाता। सुलतानपुर



**किसी** को निवास या जाति प्रमाण पत्र बनवाना है तो किसी को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना है। इन सबके लिए आधार चाहिए। इसी जरूरत के कारण बैंकों के गेट पर आधी रात से ही लोग कतार लगा रहे हैं। इसके लिए 80-90 किमी की दूरी तय कर लोग आ रहे हैं। कई बार स्थिति यह होती है कि 15 फॉर्म बांटने के बाद ही बाकि लोगों को वापस लौटा दिया जाता है।

जिले के 16 बैंकों के पास आधार कार्ड बनाने का प्रभार है। इसमें आठ शहरी व आठ ग्रामीण क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन बैंकों की कार्य प्रणाली में हीलाहवाली से आवेदकों को घंटों नहीं कई दिनों तक लाइन लगाने के बाद भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। अखंडनगर की अनामिका, शाहगंज की महिमा, धनपतगंज की लक्ष्मी जायसवाल पिछले कई दिनों से बस स्टेशन स्थित बैंक पहुंच रही हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर ही नहीं आ सका। वहीं शारदा यादव ने बताया कि बैंक के कर्मचारी ने सिर्फ 15 फॉर्म बांट कर आगे काम बंद कर देते हैं। जबकि बैंक बाहर सड़क तक लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है। सूरापुर से रूपेश गुप्ता अपने साथियों विनय गुप्ता, रजनीश के साथ दो दिनों से रेलवे स्टेशन पर ही रुके हुए थे। काफी मशक्कत के बाद उन्हें आधार बनवाने के लिए फॉर्म मिला। वहीं मोतिगपुर विकास खंड के काछा भिटौरा की सुंदरी मिश्रा कहतीं हैं कि वह तीन माह से आधार बनवाने के लिए दौड़ रही हैं। इस बावत एलडीएम रवीन्द्र कुमार आरोड़ा ने बताया कि शहर और ग्रामीणांचल में आठ-आठ बैंक शाखाओं में आधार बनाने का दायित्व दिया गया है।

## 60 लीटर जहरीली शराब बरामद

**खीरों ( रायबरेली )** थाना क्षेत्र के गाँव बेहटा सातनपुर में बुधवार को पुलिस ने छापेमारी कर दो महिलाओं के कब्जे से 60 लीटर अपमिश्रित जहरीली शराब बरामद की है । इसके साथ ही पुलिस ने बड़ी तादात में शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं । कई कुंतल लहन भी नष्ट किया है । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह बेहटा सातनपुर में अवैध शराब के कारोबार की सूचना मिली । टीम द्वारा छापेमारी की गई तो इसी गाँव की निवासिनी पुष्पा, प्रीती और सुरेन्द्र के कब्जे से यूरिया मिश्रित 60 लीटर जहरीली शराब व बड़ी तादात में शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए । कई कुंतल लहन व कई भट्ठियाँ नष्ट की गई । तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है । पुष्पा को हिरासत में लेकर जेल भेजा दिया गया है । जबकि सुरेन्द्र व प्रीती पुलिस पहुँचने की सूचना पाकर मौके से भाग निकले ।

# डीएम ने टेस्टिंग की धीमी प्रगति पर जताया असंतोष

### कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी अध्यक्षता में कोविड-19 एल-1 केयर सेन्टर केएनआईटी गेस्ट हाउस में प्रातः 09 बजे कोविड 19 संक्रमण के रोकथाम सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आर0आर0टी0 टीम को निर्देश दिया कि कोविड-19 पाजिटिव केस आने पर चेक करेंगे और बीमारी के अनुसार उन्हें होम आईसोलेशन एल-1, एल-2, एल-3 के लिये रिफर करेंगे। होम आईसोलेशन में सभी व्यक्तियों को मोबाइल एप्प का प्रयोग कर चेकिंग करायेंगे। फिर उन मरीजों का सुबह-शाम टेंपरेचर और पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन पल्स रेट की सूचना प्राप्त कर सम्बन्धित को उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सर्विलान्स टीम द्वारा टेस्टिंग को बढ़ायी जाये। एन्टीजेन एवं आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट शासन से दिये गये निर्देश के अनुपालन में नहीं हो पा रहा है, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुपालन सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्ष देव पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित चिकित्सा टीम आदि उपस्थित रहे।

### शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नही

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में निर्धारित समय के अनुसार पूर्वान्ह से जनता दर्शन के दौरान आये हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका ससमय निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवेदन पत्र भेजवाया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आये से फरियादियों से अपील की कि कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिये सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते रहें व मास्क अवश्य पहनें तथा अपने घरों में साफ-सफाई व सेनेटाइजेशन पर नियमित रूप ध्यान रखें। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए प्रत्येक व्यक्तियों का कोरोना वायरस टेस्ट कराने के उपरांत उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित फरियादी मौजूद रहे।

# दो टप्पेबाज पकड़े गये

संवाददाता। खीरों (रायबरेली)

**थाना** क्षेत्र के कस्बा खीरों में स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा के एटीएम में प्रतापगढ़ जनपद के दो युवक बुधवार को टप्पेबाजी करने पहुंचे थे । पूर्व में टप्पेबाजी की हुयी घटनाओं से सतर्क व पूर्व में हुयी टप्पेबाजी की घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज देखकर आपास पास मौजूद दुकानदारों व ग्रामीणों ने दोनों बाइक सवार युवकों को पहचान कर दबोच लिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सहित दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया । पुलिस युवकों से पूंछतांछ कर रही है । जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के जेठवारा थाना क्षेत्र के गाँव रायपुर निवासी शुभम सिंह और इसी थाना क्षेत्र के मझवारा गाँव निवासी राहुल तिवारी अपाचे बाइक संख्या यूपी 72 ए यू 2443 से बुधवार की सुबह कस्बा खीरों की पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा पहुंचे । पूर्व में टप्पेबाजी की घटनाओं में इन्ही का साथी प्रतापगढ़ जनपद के थाना क्षेत्र जेठवारा के गाँव कुटलिया का निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा सरोज पुत्र राम आसरे भी बीती 3 सितंबर को पकड़ा गया था । जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया था । उसके दोनों साथी भागने में सफल हो गए थे । घटना के बाद बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखकर आसपास के दुकानदारों व ग्रामीणों ने इन्हे पहचान लिया था । बुधवार को जैसे ही वह बैंक के पास पहुंचे और बाइक खड़ी कर एटीएम की तरफ बढ़ने लगे तभी दुकानदारों व ग्रामीणों ने पहचान लिया । आनन-फानन में दोनों युवकों को दबोच लिया । जबकि दोनों आरोपितों ने काफी छुड़ाने व भागने का प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं हुये । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को बाइक सहित हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि दोनों युवक टप्पेबाजी की नीयत से बैंक के पास आए थे । उनके कब्जे से बाइक भी बरामद हुयी है ।

## दो अपराधी गिरफ्तार

**महाराजगंज रायबरेली** नवागत पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर व क्षेत्राधिकारी महराजगंज राघवेंद्र चतुर्वेदी के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में महराजगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी महराजगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान शहजाद उर्फ इमरान पुत्र बादशाह खां निवासी शिवगढ़ थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को पहरेमऊ रोड हनुमान मंदिर स्थित चंदापुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया तो वही दूसरा अभियुक्त हरकेश पुत्र रामसुख निवासी खैरहना थाना महराजगंज अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक छोड़कर भागने में सफल हो गया वही गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल अपाचे यूपी 73 के 6594 व पल्सर यूपी 70 डीयू 6279 बरामद हुई है जांच में उक्त मोटरसाइकिल थाना क्षेत्र पूरा मुक्ति जनपद कौशांबी से चोरी की गई है मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मकान विवाद में मारपीट का आरोप

**खीरों ( रायबरेली )** थाना क्षेत्र के डोमइया का पुरवा मजरे मेड़ौली निवासिनी रामलली ने अपने दो पड़ोसियों पर मकान के विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है । रामलली ने आरोप लगाया है कि बीती 15 सितम्बर की रात लगभग 8 बजे उसके पड़ोसी सूरज व कमलेश मकान के विवाद को लेकर उसके दरवाजे कहासुनी करने लगे । इसी दौरान दोनों लोगों ने गाली देते हुये लाठी डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया । उसके शोर मचाने पर उसकी बेटी लक्ष्मी व पूनम और बेटा रामू बीच बचाव करने लगे तो दोनों लोगों ने उन्हे भी पीटकर घायल कर दिया । ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चले गए । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर सूरज व कमलेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

## कलयुगी बेटे ने माता-पिता को पीटा

**खीरों ( रायबरेली )** थाना क्षेत्र की सेमरी पुलिस चौकी क्षेत्र के गाँव बाबाखेड़ा मजरे सेमरी में बुधवार को बुजुर्गी मकान में हिस्सा मांगने को लेकर बेटे ने अपने माता-पिता की पिटाई कर दी । बाबाखेड़ा निवासिनी बिट्टा ने आरोप लगाया है कि उसका बेटा गुड्डू अपने माता-पिता से अलग रहता है । बुधवार को अपने पिता भगौती लोधी से बुजुर्गी मकान में हिस्सा मांग रहा था । उसके माता-पिता ने अभी हिस्सा देने से मना कर दिया । इससे नाराज होकर उसने गाली देते हुये माँ बिट्टा और पिता भगौती को गाली देते हुये लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया । ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर मकान में हिस्सा न देने पर जान से मार देने की धमकी देता हुआ चला गया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उसके बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन

संवाददाता। ऊँचाहार, रायबरेली



**एनटीपीसी** ऊंचाहार में विश्व ओजोन दिवस या श्ओजोन परत संरक्षण दिवसश् 16 सितम्बर का आयोजन कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया गया । भोला नाथ मिश्रा ने ओजोन परत बचाने के लिए प्रतिज्ञा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कर्मचारियों को दिलाई।

इस दौरान भोला नाथ ने कहा – इंसानों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाने वाली ओजोन लेयर के लिए लॉकडाउन राहत वाला समय कहा जा सकता है। देश में लॉकडाउन का जो असर हुआ, उसका एक बड़ा फायदा ओजोन लेयर को भी मिला है। लॉकडाउन के दौरान ओजोन लेयर को नुकसान पहुंचाने वाले कार्बन और दूसरी गैसों का उत्सर्जन 50 फीसदी तक घटा, जिसका पॉजिटिव इफेक्ट आने वाले समय में दिख सकता है।

धरती हमें एक विरासत के तौर पर मिली है जिसे हमें आने वाली पीढ़ी को भी सुरक्षित रूप में देना है स हमें ऐसे रास्ते अपनाने चाहिए जिनसे ना सिर्फ हमारा फायदा हो बल्कि उससे आने वाली पीढ़ी भी इस हरी भरी धरती का आनंद ले सके। इसके साथ ही उन्होने कहा में हमें ओजोन फ्रेंडली फ्रिज, कूलर आदि का उपयोग करना चाहिए स इस परत को बचाने के लिए जरूरी है कि फोम के गद्दों का इस्तेमाल न करें स प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करें स रूम फ्रेशनर्स व केमिकल परफ्यूम का उपयोग न किया जाए और ओजोन फ्रेंडली रेफ्रीजरेटर, एयर कंडीशन का ही इस्तेमाल करें। इस ओजोन दिवस पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी पृथ्वी की रक्षा के लिए हर महत्वपूर्ण कोशिश करेंगे। प्रदुषण को रोकेंगे, बिजली की बचत करेंगे, और रीसाइकलिंग की मदद से पुरानी चीजों का पुनः इस्तेमाल करेंगे जिससे हमारी पृथ्वी सुरक्षित, सुन्दर और हरी भरी बनी रहे ।इस दौरान सामाजिक दूरी को अपनाते हुए पेंटिंग , वाद विवाद आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान श्री आसीत दत्ता महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण ), अरिंदम बनेर्जी महाप्रबंधक प्रचालन एस के झा महाप्रबंधक अनुरक्षण , चन्द्रशेखर बुरलावर आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल के निर्देशन में गन्ना विभाग द्वारा कोरोना संकट के बीच अनूठी पहल शुरू की गई है। शासन की मंशानुरूप एवं विभागीय निर्गत निर्देशों के अनुरूप कोविड-19 महामारी में महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु जनपद की गन्ना विकास परिषद नवाबगंज, मैजापुर, मनकापुर एवं गोण्डा के क्षेत्र में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता महिला समूह का गठन सम्बन्धित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा किया गया। इस योजना से महिलाओं को गन्ने की खेती में जहाँ एक ओर रोजगार प्राप्त हुआ। वहीं दूसरी ओर महिलाओं में आत्म-निर्भरता जागृत हुई। बुवाई के लिए प्रयोग किये जाने वाले बीज को तैयार करने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी गई है। नगदी फसल के रूप में किसान गन्ने की खेती करते हैं। इस योजना से महिलायें स्वावलंबी होकर नर्सरी उत्पादन से जुडी हैं। इस कार्य के लिए विकास खण्ड-तरबगंज के अन्तर्गत गन्ना विकास परिषद नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-करनीपुर में गठित महिला स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलायें गन्ने की नर्सरी तैयार कर रही हैं। यह महिलायें एक वर्ष में करीब ढाई लाख पौधे उगायेंगी। एक पौधे की कीमत लगभग 03 रूपये होगी। इन पौधों के उत्पादन से लगभग 7.50 लाख रूपये की आमदनी होगी। सरकार व विभाग द्वारा संचालित इस योजना से जहाँ एक ओर स्वयं सहायता महिला समूह द्वारा तैयार किये गये सिंगल बड चिप सिंडलिंग से कम लागत में गन्ना उत्पादन में वृद्वि होगी,वहीं दूसरी ओर महिलाओं के स्वयं आत्मनिर्भर होने से उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होने के साथ सामाजिक समृद्धि भी प्राप्त होगी ।

### चलाया स्वच्छता अभियान

**गोंडा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह जानकारी पूर्व मीडिया सह प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पियूष मिश्रा द्वारा स्थानीय रोडवेज बस स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झाडू लगाकर किया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पीयूष मिश्रा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता को आज एक मिशन बना दिया है। जो आज स्वच्छता सेवा का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को यह समझना जरूरी है कि स्वच्छता ही हमें विभिन्न बीमारियों से बचा सकता है और समाज को स्वस्थ जीवन दे सकता है। कार्यक्रम में मनीष द्विवेदी, प्रिंस चौरसिया सहित तमाम भाजपाइयों ने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

## आरेडिका में मनाया गया राजभाषा पखवाड़ा



**रायबरेली।** राजभाषा पखवाड़ा के तहत हिंदी दिवस के मौके पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के सभाकक्ष में महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव ने राजभाषा विभाग की ओर से जारी प्रतिबिंब पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए उसकी अपनी भाषा का अहम योगदान होता है। इस दिशा में राजभाषा की भूमिका अहम है। समारोह में मुख्य राजभाषा अधिकारी एम के अग्रवाल ने भी विचार रखे। आरेडिका में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए 1 से 14 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में पधान मुख्य यांत्रिक अभियंता अनूप कुमार, मुख्य प्रशानिक अधिकारी विवेक कुमार, मुख्य प्रधान सामग्री प्रबंधक पीएन पांडेय व अन्य विभागाध्य मौजूद थे।

# किसान सम्मान निधि योजना में अपात्र वापस करें धनराशि: सीडीओ

संवाददाता। गोंडा

**मुख्य** विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभ ले रहे अपात्रों लाभार्थियों से अपील की है कि वे योजनान्तर्गत प्राप्त की गई धनराशि को भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से वापस कर दें अन्यथा भू-राजस्व नियमों के तहत वसूली की जाएगी। सीडीओ श्री त्रिपाठी ने बताया है कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सम्बंध में भारत सरकार द्वारा जारी योजना की गाइडलाइन्स के अनुसार भूमिहीन, संस्थागत भूस्वामी, ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य वर्तमान, भूतपूर्व संवैधानिक पदधारक है, पूर्व अथवा वर्तमान मंत्री, राज्य मंत्री, लोक सभा एवं राज्य सभा सदस्य, विधान सभा एवं विधान परिषद सदस्य, नगर निगमों के पूर्व एवं वर्तमान नगर प्रमुख, जिला पंचायतों के पूर्व अथवा वर्तमान अध्यक्ष, केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं में सेवारत अथवा सेवा निवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी (चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) ऐसे सेवानिवृत्त कर्मी जिनकी मासिक पेंशन 10 हजार से अधिक है (चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) ऐसे व्यक्ति जिन्होंने विगत वित्तीय वर्ष में आयकर अदा किया हो, रजिस्टर्ड डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, चार्टर्ड एकाउंटेंट, आर्किटेक्ट आदि व्यक्ति योजना के लाभ हेतु अपात्र घोषित हैं। साथ ही साथ योजना में पात्रता हेतु ऐसे परिवार जिसमें पति दूपत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे हों, को एक यूनिट माना गया है। अतः यदि ऐसे परिवारों में त्रुटिवश एक से अधिक व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल रहा हो तो अब तक प्राप्त हो चुकी धनराशि को नियमानुसार वापस किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गाइड लाइन के अनुसार जारी श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले अपात्र व्यक्ति यदि त्रुटिवश योजना का लाभ ले रहे हैं तो वे अब तक प्राप्त हुई किश्तों की धनराशि निम्नानुसार भारत सरकार के पोर्टल भारतकोष डॉट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन जमाकर उसकी एक प्रति उप कृषि निदेशक कार्यालय गोण्डा में जमा कर दें। उन्होंने बताया कि इस विधि से कोई भी अपात्र कृषक अपनी धनराशि स्वयं जमा कर सकता है अथवा कृषि विभाग में न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत एटीएम, बीटीएम, प्राविधि सहायक वर्ग-3 अथवा बीज गोदाम प्रभारी की सहायता ले सकते हैं। अपात्र कृषकों द्वारा त्रुटिवश प्राप्त की गई धनराशि वापस न करने की स्थिति में भू-राजस्व नियमों के अनुसार वसूली की जाएगी।

## दरवाजे पर बंधी दो भैंसे चोरी

**महाराजगंज रायबरेली।।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे पर बंधी दो भैंसे चोरी कर ली गई भैंस मालिकों द्वारा कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत करने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के इमामगंज मजरे ज्योना गांव निवासी अय्यूब अली पुत्र इरशाद अली वा अनवरगंज मजरे ज्योना गांव निवासी राम बरन पुत्र धन्नु उपरोक्त दोनों लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है रामबरन पुत्र धनु ने कोतवाली पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में कहा की प्रार्थी की भैंस जो दरवाजे पर खूंटे से बंधी थी जिसे बीती रात चोरी हो गईं।

# रेलवे स्टेशन पर की गयी यात्रियों थर्मल स्कैनिंग



संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** वैभव श्रीवास्तव व मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह के निर्देश पर कोविड-19 वायरस के दृष्टिगत बचाव के लिए जनपद रायबरेली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें डा0 पुनीता, देवेन्द्र भारती, अनूप कुमार व अतुल कुमार तथा रेलवे पुलिस कर्मचारी आदि द्वारा आने-जाने वाले यात्रियों का थर्मल स्कैनिंग व सैनेटाईजेशन का कार्य कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। यात्रियों को कोविड-19 कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु प्रेषित किया जा रहा है कि सोशल डिस्टेसिंग व मास्क, सैनटाइजर आदि का प्रयोग करते हुए स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पालन करें। जिससे कोरोना की चौन को तोड़ा जा सके। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि यदि किसी भी आमजनमानस यात्रियों को जुखाम, बुखार, खासी, गले में खरास आदि का कोई लक्षण हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सालय व कंट्रोल रूम पर अवश्य जानकारी दें। जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित एकीकृत कमान्ड एवं कन्ट्रोल केन्द्र नंम्बर 0535-2203320, 2203214, 2208145, 2701701, 2701702, 2701703, तथा मो0नं0 9532748340, 9532511074, 9532647079, 9532856705 पर सम्पर्क कर जानकारी दें सकते है।आज धनबाद से फिरोजपुर आने-आने वाली टेऊनों के माध्यम से आने व जाने वाले यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा थर्मल स्कैनिंग करने के साथ ही यात्रियों को कोविड-19 से बचाव की जानकारी दी जा रही है।

### सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है मोदी का जन्मदिन

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी, जिला रायबरेली द्वारा मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनपद रायबरेली द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें स्वच्छता अभियान जिलाध्यक्ष रामदेव पाल जी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्री विश्वप्रकाश पाठक , नगर पश्चिमी अखिलेश तिवारी उपाध्यक्ष व नामित सभासद के नेतृत्व में शहर के 70 सार्वजनिक स्थलों, पार्क, मंदिरों व अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया गया व शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष श्री रामदेव पाल जी, मा0 दलबहादुर कोरी विधायक सलोन, कार्यक्रम जिला संयोजक सुनील सिंह सहारा भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू सचिव, जिला मंत्री विवेक शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई, नगर अध्यक्ष अखिलेष तिवारी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मयंक पाण्डेय, नामित सभासद धर्मेन्द्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह, आई0टी0 प्रमुख अविनाष शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें।

### महिला ने लगाया जान से मारने की धमकी

**खीरों ( रायबरेली )** थाना क्षेत्र के गाँव चिखड़ी निवासिनी निशा ने अपने ही गाँव के चार लोगों पर गाली देने व मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है । निशा ने आरोप लगाया है की उसका पड़ोसी पुत्तीलाल नशे की हालत में उसकी दीवार की ईंटे तोड़ रहा था । मना करने पर उसके परिवार के उसकी पत्नी व परिवार के दो लोग सहित कुल चार लोगों ने गाली देते हुये उसे मारपीट कर घायल कर दिया । ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चले गए । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है । आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**खीरों ( रायबरेली )** थाना क्षेत्र के एक गाँव की महिला ने अपने पड़ोसी युवक पर अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने घर भगा ले जाने का आरोप लगाया है । महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पड़ोसी युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी से फोन पर रोज बातें करता था । इसके लिए उसने अपनी बेटी को डाटा और पड़ोसी युवक के माता-पिता से भी इसकी शिकायत की । इसी आशनाई के सिलसिले में मंगलवार की देर शाम उसकी बेटी जब फिर फोन पर पड़ोसी युवक से बात कर रही थी । उसने मना किया तो उक्त युवक उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपने घर लेकर चला गया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि किशोरी व आरोपित युवक को थाने लाया गया है । मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की जाएगी ।

# महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता द्वारा आज कोविड-19 के दृष्टिगत एल-2 हास्पिटल को चिन्हित कर तैयार कराने के लिये जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम महिला चिकित्सालय का एम0सी0एच0 विंग का निरीक्षण करते हुए क्या-क्या प्रक्रिया संचालित है के सम्बन्ध में सीएमएस महिला चिकित्सालय से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी को सीएमएस महिला चिकित्सालय द्वारा अवगत कराया गया कि आउट डूर पेंसेन्ट, मेडिसिन स्टोर आदि यहाँ चलाया जा रहा है। उन्होंने पुराने महिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से आइसोलेशन वार्ड, आई वार्ड तथा प्राइवेट वार्ड का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक पुरूषध्महिला के साथ बैठक कर चिकित्सालय के संचालन के सम्बन्ध में विचार-विमर्श भी किया। जिला चिकित्सालय में सीएमओ कार्यालय संचालित हो रहा था। अब वहाँ पर ड्रग इंस्पेक्टर का कार्यालय, होमियोपैथिक कार्यालय एवं रेड क्रास सोसाइटी संचालित रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्साधीक्षक पुरूष महिला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित चिकित्सालय के चिकित्सक एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था पर डीएम गंभीर

संवाददाता। संतकबीरनगर


समीक्षा करती जिलाधिकारी

**जिला मजिस्ट्रेट** दिव्या मित्तल बुधवार की देर शाम जनपद के उप जिला मजिस्ट्रेटों, थानाध्यक्षो के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी त्योहार मद्देनजर सहित कानून व्यवस्था के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर समीक्षा किया। उन्होने निर्देश दिया कि जनपद में कानून व्यवस्था चुस्त एवं दुरूस्त बनाये रखा जाय। अधीनस्थ पुलिस अधिकारी संवेदनशील रहे। उदासीनता बरतने पर समस्या उत्पन्न हो सकती है। सतर्कता आवश्यक है। समीक्षा बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने आगामी पंचायत चुनाव भूमि विवाद व महिला अपराध के अलावा आगामी त्योहारो को देखते हुए थानाध्यक्षो एवं उप जिलाधिकारियो को सतर्क रहने का निर्देश दिये। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने थानाध्यक्षो को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछ्ले रिकार्ड को देखते हुए गहनता से गांव में जॉच की जाय। जो भी पुराने रिकार्ड से संवेदनशील स्थल हो उन पर विशेष निगरानी रखी जाय। आपसी रंजिश में हुए विवाद पर वर्तमान समय की स्थिति को देखा जाय। कही भी कानून व्यवस्था को बिगड़ते हुए नजर आये तो तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा उच्चाधिकारियों को सूचित करें। समीक्षा बैठक को पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखें। सभी थानाध्यक्ष वाहन चालको, पैदल चलने वाले लोगो का विशेष रूप से मास्क पहने रहने की जॉच की जाय, नही पहनने वालो पर चालान की कार्यवाही की जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, एसडीएम खलीलाबाद राज नारायन त्रिपाठी, तहसीलदार मेंहदावल श्रीमती प्रियंका चौधरी, एसडीएम धनघटा नवीन श्रीवास्तव, डीपीआरओ उमाशंकर मिश्र, एलआईयू इंस्पेक्टर त्रिलोचन त्रिपाठी, सीओ राम प्रकाश, सीओ मेंहदावल गयादत्त मिश्र, सीओ धनघटा, इंस्पेक्टर कोतवाली रविन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर दुधारा श्रीप्रकाश यादव, इंस्पेक्टर महुली प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी धनघटा थानाध्यक्ष चन्दन कुमार, थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर बखिरा रोहित प्रसाद, थानाध्यक्ष बेलहर प्रदीप सिंह, महिला थानाध्यक्ष डा0 शालिनी सिंह, थानाध्यक्ष मेंहदावल, न्याय सहायक बद्री प्रसाद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मां सहित दो बेटियां झुलसी

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**मंगलवार की** सायं स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा नेमना में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मां सहित दो बेटियां झुलस गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सायं जिस वक्त तेज बारिश के बीच आकाश में काफी गर्जन हो रहा था उसी वक्त ग्राम सभा नेमना निवासिनी 45 वर्षीय किसमत देवी पत्नी मालिक राम व उसकी दो बेटियां 16 वर्षीया विमला कुमारी व 13 वर्षीया मिथिला कुमारी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से झुलस गई। परिजनों ने आनन फानन में तीनों को इलाज के लिए एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहाँ तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक चिकित्सालय में इलाज जारी था।

## स्वच्छता अभियानः मंत्री ने लगाई झाड़ू


स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ करते स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता। संतकबीरनगर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के अवसर पर खलीलाबाद नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मड़या में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्रीराम चौहान व भाजपा जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ झाड़ू लगाकर किया। श्रीराम चौहान ने कहा कि मोदी की प्रेरणा से जो स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है वह देश को निरोग की दिशा में ले जाने का काम करेगा। जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है तथा अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा ने बताया कि स्वच्छता अभियान के द्वारा जनपद के विभिन्न जगहों पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा, जिला मंत्री प्रशांत मिश्र, श्रीमती सुनीता अग्रहरि, नगर अध्यक्ष सतविन्दर पाल जज्जी, उपाध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, श्रीमती किरन प्रजापति, नित्यानंद, महेश शुक्ला, साधु गुप्ता, अजय चौरसिया, कमलेश जायसवाल, नागेश सैनी, राजू सिंह, शंकर मिश्रा, सभासद राजेश बर्मा, राजेंद्र चौहान, रितेश वर्मा, अरुणेंद्र सिंह उर्फराजू, राम मोहित यादव, सहित अनेक नागरिकों ने विभिन्न मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया।

## इंजीनियरिंग की डिग्री को केवल आय का स्त्रोत नहीं: बालाजी

**बीजपुर**/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में मंगलवार को भारत रत्न भारतीय इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती समारोह मंगलवार को प्रशासनिक भवन परिसर स्थित सम्मेलन कक्ष में सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित स्टेशन प्रमुख कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने विश्वेश्वरैया जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। श्री आयंगर ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री को केवल आय का स्त्रोत नही माना जाना चाहिए बल्कि इसका उपयोग समाज में क्रांति लाने के लिए एक उपकरण के रुप में किया जाना चाहिए। अन्य वक्ताओं में मुख्य महाप्रबंधक ओ एंड एम ए सी साहू ने अपने वक्तव्य के जरिए कहा कि इंजीनियर के रूप में हमें समाज को सेवाएं वापस देने की पूरी कोशिश करनी चाहिए।

# बार, रेस्टारेंट व कैफे में हुक्का सेवा प्रतिबंधित

- डीएम आशुतोष निरंजन ने अग्रिम आदेश तक बस्ती के सभी बार रेस्टोरेंट एवं कैफे में हुक्का सेवा के संचालन पर तत्काल प्रभाव से लगा दी है रोक

संवाददाता। बस्ती



**गांव में** जमीनी विवाद को आपसी सुलह समझौते से निस्तारित करने का डीएम आषुतोष निरंजन का 'आपरेषन मीडिएटर' वाला फार्मूला जिले में खूब हिट हुआ। डीएम के इस नवीन सोच को उस समय पंख लगा, जब वर्षो से चल रहे 362 जमीनी विवादों को निस्तारित करने में बड़ी सफलता मिली। कोविड19 अगर नहीं आया होता तो निस्तारित विवादों की संख्या हजार से अधिक होती। एक तरह से 362 परिवारों को मुकदमेंबाजी से मुक्ति मिल गई। गांव में आपसी सौहार्द का माहौल भी बना। दोनों पक्षों के बीच प्रषासन ने जिस तरह से मध्यस्था की भूमिका की निभाई उसकी सराहना राजस्व परिषद और षासन स्तर पर भी हो रहा है। अन्य जनपद भी इसका अनुसरण करने जा रही है। गांव में सबसे अधिक जमीनी विवाद का मामला संबधित न्यायालयों में चल रहा है। जिसके चलते गांव में आपसी विवाद और मारपीट की घटनाएं बढ़ रही है। जमीनी विवादों को किस तरह न्यायालय के बाहर सुलझाया जाए, इसी सोच को लेकर डीएम आषुतोष निरंजन ने एक विस्तृत खाका तैयार किया। इसके लिए सबसे पहले विभिन्न स्तरों से मिले षिकायतों वाले ग्रामों का चयन हुआ। पहले चरण में ऐसे गांव को षामिल किया गया, जहांपर सबसे अधिक जमीनी विवाद के मामले है। इसके लिए व्यवस्था बनी कि राजस्व निरीक्षक की अगुवाई में एक टीम बनाई गई, इसमें क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस को षामिल किया गया। इस अभियान का नाम दिया गया 'आपरेषन मीडिएटर'। माह नंवबर 19 में सबसे पहले अभियान चला 70 राजस्व ग्रामों के वर्षो पुराने 80 जमीनी विवादों को सुलझाने में मदद मिली। यह प्रकरण मात्र पांच दिन के अभियान में निस्तारित हुआ। माह जनवरी 2020 में 76 ग्राम पंचायतों में अभियान चला। 127 मामले निस्तारित हुए। माह फरवरी 20 में अंतिम अभियान चला, जिसमें 155 मामले निसतारित हुए। इस तरह तीन अभियान में 224 राजस्व ग्रामों के 411 प्रकरणों पर कार्रवाई हुई, जिसमें आपसी सुलह समझौते से 362 का निस्तारण हुआ। उसके बाद लाकडाउन का दौर आ गया। अब माह सिंतबर में चार दिन यानि 19, 20, 26 और 27 को अभियान चलेगा।

## नवागत सीओ राम प्रकाश ने कराई आमद

**संतकबीरनगर।** शासन से स्थानान्तरित नवागत सीओ राम प्रकाश ने जनपद में पहुॅचकर पुलिस लाईन में अपना आमद कराया है। वे पुलिस अधीक्षक से भेंट कर अपनी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत किया।



पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह बुधवार को अपने कार्यालय में मीडिया से नवागत सीओ से परिचय भी कराया। युवा एवं तेज तर्रार नवागत सीओ के आने से विभाग को मजबूती मिली है। नवागत सीओ 2015 बैच के पीपीएस अधिकारी है इससे पूर्व फतेहपुर जनपद में सेवारत रहे। मूलत: बहराईच जनपद के निवासी है। पुलिस सेवा में आने से पूर्व नवागत सीओ राम प्रकाश पीसीएस में 6 वर्षो तक सेवा दे चुके है। मीडिया से वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार भी उपस्थित रहे।

## व्यापारियो ने नए डीएम का किया स्वागत



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बुधवार को नवागत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से भेंट करके उन्हें संगठन की ओर से एक स्वागत पत्र व बुके देकर। जिले के व्यापारियों की तरफ से उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने जिले के व्यापार के बारे में संक्षिप्त जानकारी ली और समस्याओं के बारे में पूछा और कहा कि किसी भी समस्या के लिए आप सभी नि:संकोच उनसे मिल सकते है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन, जिलाध्यक्ष श्रवण अग्रहरि, जिला महामंत्री विनीत चड्ढा, प्रदेश मंत्री पवन जायसवाल, युवा शाखा के जिलाध्यक्ष आकाश जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष हरिलाल, विकास गुप्ता कस्तूरी बेकर्स, दीपक विश्वकर्मा, महमूद खान, पेशकार अहमद, शेखू भाई, प्रिंस वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'माननीयों' की दखंलदाजी से परेशान ठेकेदारों ने अब सीएम से लगाई गुहार

- आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने सीएम को लिखा पत्र

**बस्ती।** सड़कों के निर्माण कार्यो में मौके पर जाकर 'माननीयों' के द्वारा खराब गुणवत्ता होने का सहारा लेकर काम को बंद करवाने और ठेकेदारों के साथ दुर्व्यवहार करने से आहत आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। कहा कि अगर माननीयों को गुणवत्ता को लेकर कोई आपत्ति है तो वह इसकी षिकायत विभाग के अधिकारियों से या फिर डीएम से करें, असतुष्ट होने पर तकनीकी जांच कराए, मगर ठेकेदारों का उत्पीड़न न करें। आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने बताया कि कुछ माननीयों के द्वारा ठेकेदारों को दबाव लेने की नीयत से कार्यस्थल पर पहुंच उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं, खराब गुणवत्ता बताकर जबरिया काम बंद करवा दे रहे है। कहा कि वैसे ही ठेकेदार 24 घंटें तन, मन, धन से कार्यो को निपटाने में लगा रहता हैं। सीएम से इस मामले में षासन स्तर से कार्यस्थल पर न जाकर काम बंद करवाने और ठेकेदारों के साथ दुर्व्यवहार न करने संबधी आदेष जारी करने की अपील की गई।

## डिप्टी सीएम ने पीडब्लूडी निर्माण खंड एक के जेई 'अभिषेक सिंह' को किया समानित

15 सितंबर को हुए अभियंता दिवस पर डिप्टी सीएम केषव प्रसाद मौर्य ने पीडब्लूडी निर्माण खंड एक में कार्यरत अवर अभियंता अभिषेक सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए समानित किया। यह समान पाने वाले अभिषेक बस्ती मंडल के पहले अवर अभियंता है। पुरस्कार पाने वालों में पांच मुख्य अभियंता, सात अधीक्षण अभियंता, 11 एक्सईएन, 33 जेई, सात वरिष्ठ सहायक, छह प्रधान सहायक, चार वैयत्तिक सहायक, तीन कनिष्ठ सहायक, एक-एक आषुलिपिक, प्रषासनिक अधिकारी, चपरासी और चालक शामिल है।

# स्वच्छता के साथ हमें प्लास्टिक से भी बनानी होगी दूरी: भूपेश चौबे

- भाजपा की ओर से 70 स्थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

संवाददाता। सोनभद्र

**देश के प्रधानमंत्री** नरेंद्र भाई मोदी के 70वें जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के रुप में मना रही है। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन जिला मुख्यालय राबर्ट्सगंज में 70 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण अलग अलग स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर मोदी के जन्मदिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज के ब्रह्मबाबा मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया सदर विधायक श्री चौबे ने इस अवसर पर कहां कि जीवन में स्वच्छता का महत्वपूर्ण स्थान है स्वच्छता के साथ ही हमे प्लास्टिक से दूरी बनाना चाहिये, जिससे हम अपने परिवेश को दूषित होने से रोक सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत रोड की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य के नेतृत्व में धर्मशाला के अखाड़ा मुहल्ला के वार्ड नं0 20 में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। ओबरा विधायक संजय गोंड़ के नेतृत्व में अकड़हवा पोखरा पर कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। क्षेत्रिय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ पंजाब नेशनल बैंक राबर्ट्सगंज पर स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ सांई मंदिर व शितला माता प्रांगण को साफ कर स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने जोगियावीर बाबा पर कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। आर0टी0एस पार्क में रतन लाल गर्ग ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिए। क्षेत्रिय महामंत्री किसान मोर्चा गोविन्द यादव व दयाशंकर पाण्डेय ने रामजानकी मंदिर पर कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संकल्प लिया। सी0एम0ओ कार्यालय परिसर मे सुबोध अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पालिका चेयरमैन विरेंद्र जायसवाल विरेश्वर मंदिर पर व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलखन सिंह संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में व पूर्व विधायक तिरथराज गुरुद्वारा के पास स्वच्छता अभियान चलाकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 70वें जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाये जाने का प्रयास किया। जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह चन्देल दण्डईत बाबा मंदिर के प्रांगण में व जिला उपाध्यक्ष ई0 रमेश पटेल ने नई मस्जिद उदय नाथ मौर्या कडे शितला माता मंदिर राजा शारदा महेश इण्टर कालेज पर मंजू गिरी पुष्पा सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ भारत सुन्दर भारत का संदेश दिया गया। इसी क्रम में कृष्णमुरारी गुप्ता, अरविन्द पाण्डेय, राकेश मेहता, अजय मिश्रा, आलोक सिंह, गंगा सिंह, कमलेश चौबे, रविन्द्र केशरी जितेंद्र सिंह प्रकाश केशरी संजय श्रीवास्तव प्रमोद गुप्ता रुबी गुप्ता प्रमिला जायसवाल आदि ने कार्यकर्ताओं के साथ अलग अलग स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के संदेश स्वच्छ भारत सुन्दर भारत अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया।

## राज्य मंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र भाई मोदी के 70वें जन्मदिन के अवसर पर जनपद में दौरे पर आये उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास राज्यमंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय स्थित राबर्ट्सगंज के बढ़ौली चौक पर झाड़ू लगाकर नगर को स्वच्छ व सुन्दर रखने का सन्देश दिया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत सुन्दर भारत का सन्देश सभी लोगों तक पहुंचाया जाय और लोगों को उसके प्रति प्रोत्साहित किया जाय। इनके साथ मुख्यरुप से ओमप्रकाश दूबे, अजीत रावत, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, रजनीश रघुवंशी यादवेंद्र द्विवेदी, संतोष शुक्ला, सुनील सिंह, शंभूनारायण सिंह, वरुण त्रिपाठी, अंशू अग्रहरी, पुष्पा सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में सम्मिलित रहे।

## 'नूरचक' की जांच में लाखों रुपये का घोटाले का खुलासा

संवाददाता। बस्ती

**विकास खंड** बहादुरपुर के ग्राम पंचायत नूरचक्र की जांच में मनरेगा से कराए तालाबों और पोखरों की खुदाई और सफाई के नाम बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा जांच में सामने आया है। फर्जी भुगतान से लेकर फर्जी काम कराने तक उजागर हुआ है। फर्जीवाड़ा का आलम यह रहा है कि एक ही काम को ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत ने दो-तीन बार कराकर धन का बंदरबांट किया। फर्जीवाड़ा का खुलासा न हो इसके लिए अभिलेख को ही गायब करवा दिया। यह जांच पवन कुमार की षिकायत पर डीएम के आदेष पर डीआरडीए के एई और जिला समाज कल्याण अधिकारी की टीम ने किया। टीम ने लाखों रुपये की रिकवरी और जिम्मेदार के खिलाफकार्रवाई करने की संस्तुति की है।

षिकायत में जलालपुर में वर्क वर्क कैटगरी, वर्क टाइप, तालाब, वाटरबाडी का बार-बार नाम बदलकर तथा अलग-अलग प्रयोजन दिखाकर अनियमित भुगतान के अतिरिक्त अर्दन कंटूरबन्डिगं जैसी केटेगरी में कार्य कराए जाने का उल्लेख किया गया। जांच में पिलाई में विनोद के घर के सामने गड़ही की खुदाई में 29100 रुपये का अधिक भुगतान करने का मामला सामने आया। उत्तर स्थित पोखरा की खुदाई एवं सफाई में ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत ने तीन बार फर्जी भुगतान किया। अभिलेख गायब कर दिए गए। तीन लाख 81 हजार 756 रुपये का घपला पकड़ में आया। जिन तालाब में पानी भरा है, उस तालाब की खुदाई और सफाई के नाम पर फर्जीवाड़ा किया गया। जियो टैगिंग तक फर्जी किया गया। नूरचक्र में पोखरे की खुदाई और सफाई के नाम एक लाख नौ हजार 480 रुपये का गोलमाल हुआ। षिकायतकर्त्ता का दावा है कि लगभग 20 से 25 लाख रुपये की हेराफेरी मनरेगा के कार्यो में की गई। कहा कि रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई होनी चाहिए।

## अत्यधिक तनाव के कारण हो रहा है हिस्टीरिया

संवाददाता। मिर्जापुर

**यूं तो हर** व्यक्ति किसी न किसी तनाव का सामना हर दिन करता है लेकिन कुछ लोगों में तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि उसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्यायें जन्म लेने लगती हैं। हिस्टीरिया भी इन्हीं में से एक है। यह समस्या कोरोना काल में अधिक समस्याएं सामने आ रही है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि कोरोना काल में होम आइसोलेशन के दौरान अधिक तनाव में होने से इस रोग का सामना करना पड़ रहा हैं। इस रोग में व्यक्ति का अचानक दांत भिंचने लगता हैं। इसके अतिरिक्त अचानक हंसना बेहोशी उल्टी दम घुटना बोलने में परेशानी ऐंठन जोर . जोर से चिल्लाना भी हिस्टीरिया बीमारी के मुख्य लक्षण हैं। यह एक प्रकार की मानसिक बीमारी है जिसका सही समय पर पता लगाकर उपचार किया जाना बेहद आवश्यक हैं।

मानसिक रोगियों की सुविधा के लिए मण्डलीय चिकित्सालय में एक अलग कक्ष बनाया गया है। जिसमें मानसिक रोगियों को सुचारू रूप से इलाज किया जा रहा है इसके लिए चिकित्सालय में 30 बेड का एक अलग से वार्ड बना हैं। जहां पर मानसिक रोग चिकित्सक डाक्टर उमेश की देख रेख में मनसिक रोगियों का उपचार किया जा रहा है।

हिस्टीरिया एक मानसिक समस्या है जिसके पीछे का मुख्य कारण तनाव तो ही है उसके साथ ही कोई गंम्भीर सदमा का लगना अपने विचारों को दबाना हादसा दांपत्य जीवन में परेशानी व आर्थिक कारण इस बीमारी का मुख्य वजह बनता है।यूं तो यह मानसिक समस्या किसी भी व्यक्ति को हो सकती है लेकिन महिलाएं इससे अत्यधिक प्रभावित होती हैं।

उम्र के विभिन्न दौर में न सिर्फ महिलाओं में हार्मोनल बदलाव होते हैं बल्कि विवाह होने के बाद नये घर में जाने के बाद या फिर वैवाहिक जीवन में होने वाली परेशानियों के कारण भी महिलाएं इस रोग से ग्रसित हो जा रही है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में देखने में आ रहा हैं कि महिलाएं अपने मन की बात या परेशानियों को किसी से भी नहीं कहती है। जिससे मन ही मन में तनाव ब?ने लगता है जिसके बाद वह हिस्टीरिया जैसी गम्भीर बीमारी का रूप ले लेता है।

**उपचार के मुख्य उपाय.**

डाक्टर अजय का कहना है कि हिस्टीरिया जैसी गम्भीर बीमारी के इलाज के लिए किसी अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। इसके अलावा अतिरिक्त कुछ उपयों के जरिए इस स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे स्थिति बिगड़ने पर प्रभावित रोगी को हवादार स्थान पर लेटाएं और उसके कपड़ों को ढीला रखें। इस दौरान मरीज के हाथ पैरों की मालिश करें और पैरों को उपर ही रखें ताकि शरीर में रक्त का प्रभाव सही रहे। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो उसके अपने तनाव को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए। इसके लिए योग व मेडिटेशन आदि का सहारा लिया जा सकता है। वहीं काउसिलिंग भी तनाव को कम करने में भी अत्यधिक प्रभावशाली है।

## एक पक्षीय और उत्पीड़ात्मक कार्रवाई को लेकर सेक्रेटरी संघ हुआ मुखर

- एक साथ हुए सात सेक्रेटरियों के निलंबन को लेकर लामबंद हुआ संघ
- कहा-अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ क्यों नहीं हो रही कार्रवाई,काला फीता बांध दो घंटा का कार्य बहिष्कार जारी

संवाददाता। बस्ती

**सामुदायिक शौचालय,** अन्त्येष्टि स्थल एवं पंचायत भवन के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता को लेकर हाल ही में निलंबित किए गए सात सेक्रेटरियों के निलंबन का मामला गहराता जा रहा है। इस कार्रवाई को सेक्रेटरी संघ ने उत्पीड़ात्मक बताते हुए कहा कि जब बाजार दर से कम पर ईंट और सीमेंट खरीदने के लिए धन दिया जाएगा तो कहां से गुणवत्तापरक कार्य मिलेगा। सवाल करते हुए कहा कि जब गुणवत्ता की देखभाल के लिए अवर अभियंता और तकनीकी सहायक की तैनाती की गई है, तो कार्रवाई क्यों सिर्फ सेक्रेटरियों के खिलाफ हो रही है? क्यों नहीं अन्य जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई की गई है। कार्रवाई करने से पहले पक्ष रखने का मौका भी नहीं दिया गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष अरुणेषपाल और मंत्री अमरनाथ गौतम ने कहा कि अगर सेक्रेटरियों का निलंबन वापस नहीं हुआ तो 22 सितंबर को जिले भर के सेक्रेटरी विकास भवन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्षन करेगें। बताया कि जिले भर के सेक्रेटरी ब्लॉकों पर 12 बजे से दो घंटा के लिए कालाफीता बांधकर कार्यबहिष्कार कर रहे है। यह कार्य बहिष्कार 17 सितंबर तक चलेगा। कहा कि इस मामले में प्रधान, जेई और तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर की बात है, इन लोगों को नोटिस तक जारी नहीं किया गया। बताया कि सरकार खुद गुणवत्ताविहीन कार्य करवाना चाहती है। कहते हैं कि बाजार में 7500 रुपये प्रति हजार ईंट मिल रहा है, और सरकार उन्हें बाजार दर से एक हजार रुपये कम दे रही है। यानि 6500 रुपये प्रति हजार के दर से खरीदने को कह रही है। इसी तरह 400 रुपये से अधिक प्रति बोरी सीमेंट को 340 रुपये में खरीदने का रेट दिया है। इसे लेकर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ज्ञापन भी दे चुका है। जिन सात सेक्रेटरियों को निलंबित किया गया, उनमें पंचायती विभाग के चार और ग्राम्य विकास विभाग के तीन सेक्रेटरी षामिल है।

# निर्माण कार्य 26 तक निपटा लें

## केराकत विधायक और जिलाधिकारी ने डोभी क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीरीबारी व कुसम्ही में बन रहे मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया



**संवाददाता।** जौनपुर

**केराकत** विधायक दिनेश चौधरी एवं जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने डोभी क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीरीबारी एवं कुसम्ही में बन रहे मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। मनरेगा पार्क में रंगीन इंटरलॉकिंग, पौधे एवं बेंच लगाए गए हैं तथा वालीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोट, बास्केटबॉल कोर्ट, योगा स्थल, ओपन जिम बनाए जाने का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी राम दरस चौधरी को निर्देश दिया कि 26 सितंबर तक कार्य पूर्ण कर लें। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि पार्क को अपनी संपत्ति समझें, इसे संरक्षित करें। विधायक दिनेश चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि पुराने खेलों को बढ़ावा दिया जाए जिसके लिए कुश्ती सहित अन्य खेलों के लिए भी कोर्ट तैयार किए जा रहे हैं।

**विधायक व डीएम ने सेनापुर का किया निरीक्षण**

**जौनपुर।** केराकत विधायक दिनेश चौधरी एवं जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने केराकत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेनापुर में बन रहे मनरेगा पार्क एवं शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मनरेगा पार्क में फुटबॉल एवं वालीबॉल कोर्ट, ओपेन जिम तथा इंटरलॉकिंग लगाये जाने एवं शहीद स्मारक के पास के तालाब के किनारे रंगीन टाइल्सए बेंच, पौधे एवं 51 फीट का झंडा लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी राम दरस चौधरी को निर्देश दिया कि एक टीम और लगाकर अवशेष कार्य आगामी दो अक्टूबर तक पूर्ण कराए। इस अवसर पर तमाम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने झाड़ू लगाकर की सफाई

## नगर के 115 जगहों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**संवाददाता।** मऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 70वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विविध कार्यक्रम करते हुए सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लगातार तीसरे दिन नगर के अलग-अलग 115 जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया नगर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ गाय घाट से जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। यहां पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हाथों में झाड़ू लेकर व फावड़ा चलाकर साफ-सफाई किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के सत्तरवे जन्म दिवस को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने एक सप्ताह तक सेवा सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है। जिसमें जनहित के तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत का सपना साकार करना प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सोच को धरातल पर उतारने के लिए हर लोक कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं। मऊ नगर के 115 छोटी.बड़ी विभिन्न जगहों को चिन्हित करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपने आस पास के साथ ही नगर को भी स्वच्छ रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार गुप्ता, आनंद प्रताप सिंह, नूपुर जायसवाल, दिवाकर मिश्र, कृष्ण कान्त राय, विनोद वर्मा, दिनेश राय, यादवेन्द्र सिंह, रामप्रवेश राजभर, सुधीर सोनकर, मयंक मद्धेशिया, अंजनी सिंह, सूरज चौहान, मनोज जायसवाल, मनीष मद्धेशिया आदि सम्मिलित रहे।

**देवरिया में भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान**

**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर पर चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया।

# श्री विश्वकर्मा पूजा महासमिति ने मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम टाला



**संवाददाता।** जौनपुर

**18** सितम्बर को जिले के सभी तहसील में भगवान विश्वकर्मा के मूर्ति विसर्जन को लेकर श्री विश्वकर्मा पूजा महासमिति ने जिले के सभी संस्थाओं को निर्देश दिया कि वह मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम स्थगित कर दें तथा भगवान विश्वकर्मा की फोटो लगाकर पूजा करें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का भी ख्याल रखें। इसी के बाबत महासमिति का एक प्रतिनिधिमण्डल बुधवार को जिलाधिकारी दिनेश सिंह मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपा। यह जानकारी महासमिति के अध्यक्ष उमाकांत विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# तहसील परिसर की जर्जर दीवार को बनाने के लिए को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** मछलीशहर (जौनपुर)

स्थानीय तहसील परिसर में स्थित जर्जर भवन की फटी दीवार मरम्मत कराने के लिये अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह को ज्ञापन दिया। बताया जाता है कि उपनिबंधक कार्यालय से सटा अधिवक्ता भवन के बगल बीसों साल पुराना एक जर्जर भवन है जिसमें कैंटीन व साइकिल स्टैण्ड था। भवन की दीवार पर एक वृक्ष भी उग आया है। बारिश के कारण बीती रात जर्जर दीवार फट गई। उसी के बगल अधिवक्ता भी बैठते हैं। दीवार गिरने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

अधिवक्ता संघ के महामंत्री अजय सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, जगदंबा प्रसाद मिश्र, सुरेन्द्र मणि शुक्ला सहित अन्य अधिवक्ताओं ने ज्ञापन दिया।

# जल निकासी की समस्या से जूझ रहे त्रिलोचन महादेव के निवासी

**संवाददाता।** जलालपुर (जौनपुर)

**त्रिलोचन** महादेव में जल निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से क्षेत्रीय जनता काफी त्रस्त है। जौनपुर से बनारस की बीच बसा त्रिलोचन महादेव विगत कई दशकों से जल निकासी की समस्या से ग्रसित है। विधायक से लेकर सांसद तक को समस्या के बारे में अवगत कराने के बाद भी अभी तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला जबकि पानी एकत्रित होने की वजह से तमाम सारे रोग भी होने का खतरा मंडराता है। पानी के बहाव को लेकर आए दिन जनता आपस में मारपीट भी होती है जिसकी शिकायत आला अधिकारियों के कानों तक पहुंचा दी गई हैए फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से जनता आक्रोशित हो गई है। उन्होने



नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नाली का निर्माण जल्द नहीं होता है तो इस बार त्रिलोचन की जनता पूर्ण रूप वोट का बहिष्कार करेगी। इस बाबत समाजसेवी सचिन सेठ का कहना है कि समस्या को देखते हुए कई बार आला अफसर और नेताओं को अवगत कराया गया है किंतु त्रिलोचन महादेव की जल निकासी के समाधान को लेकर किसी भी नेता अफसर ने उत्सुकता नहीं दिखाई जबकि हर बार वोट मांगते समय सबसे पहले नाला निर्माण की बात कही जाती है।

# अपराधियों पर रहेगी विशेष नजरः एसपी

## जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए जन सुनवाई की जाएगी

**संवाददाता।** जौनपुर

**नवागत** पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने अपनी प्राथमिकताएं औ मंशा को स्पष्ट कर दिया है। एसपी ने कहा कि अपराधी सावधान हो जाएं। जिले में अपराधिक घटना को अंजाम दिया तो खैर नहीं होगी। नवागत एसपी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी प्राथमिकता होंगी कि जिले का अपराध मुक्त किया जा सके। अपराधियों पर नकेल कसते हुए अपराध पर नियंत्रण का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई किया जायेगा। इसी क्रम में जो जनता थाने पर अपनी समस्या लेकर जाये उसका त्वरित निस्तारण कराया जाये। पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने पर पुलिस जनों के विरुद्ध कार्रवाई संभव है। महिला अपराध को रोकने के लिए अपनी प्राथमिकता में बताते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला सम्बधित हर तरह के अपराध को गम्भीरता से लिया जायेगा। जमीनी विवादोंके संदर्भ में कहा कि इस मामले में जिलाधिकारी से वार्ता किया जायेगा। प्रयास होगा कि राजस्व और पुलिस टीम मिल कर जमीनी विवादोंको विस्तारित कराये। ताकि अनावश्यक कानून व्यवस्था का संकट न उत्पन्न हो सके। कोविड 19 से बचाव के लिए सभी थानों पर व्यवस्था करायी गयी है।

# तैराकी सीख रहे युवक की पोखरे में डूबने से गई जान

**संवाददाता।** शाहगंज (जौनपुर)

**स्थानीय** क्षेत्र के नटौली गांव स्थित साव के पोखरे पर तैराकी सीख रहा युवक डूब गया। घंटों प्रयास के बाद पोखरे से उसका शव निकाला जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार उक्त पोखरे पर काफी संख्या में लोग तैराकी करते हैं। पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी आकाश गौतम (22 वर्ष) पुत्र संजय गौतम भी तैराकी सीखने के लिए जाता रहा। बुधवार की सुबह वह पोखरे में डुबकी लगाई तो काफी देर तक नहीं निकला। तैरने वाले अन्य साथी उसकी तलाश में जुटे। दो घंटे बाद लोग उसे बाहर निकाल सके। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आकाशीय बिजली से किशोरी की मौत

मछलीशहर (**जौनपुर**)। भरहूपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया गया कि ग्राम भरहूपुर निवासी प्यारे लाल बिंद की पुत्री सिलोचना (13 वर्ष) मंगलवार की सांयकाल घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में घास काट रही थी। मौसम खराब होने पर उसके साथ की लड़कियां घर चली गयी लेकिन वह जमी रही।

# पूर्वी यूपी के किसान व मजदूर लाचार व कमजोरः निर्भय

मुग़लसराय (**चन्दौली**)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है बताते चले कि लगातार तीन दिनों से चल रहे सेवा सप्ताह में दिन बुधवार को डॉ एसएन पांडेय के नेतृत्व मे अन्य कार्यकर्ताओ ने मुहल्ले व आसपास साफ - सफाई की। इस स्वच्छता अभियान के बाद सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की साथ ही मजदूरों को मास्क भी बाटा गया। इस मौके पर सभासद विकास सिंह, पवन सिंह, अशोक सोनकर, रमेश चौहान, रवि कुमार दादा, राजा व अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में काली महाल सभासद जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व मे शिव मंदिर प्रांगण व आसपास साफ-सफाई की गई।

# शिकायतें सुनकर झल्ला उठे संयुक्त विकास आयुक्त

**संवाददाता।** सकलडीहा (चन्दौली)

**शासन** के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो की समीक्षा के क्रम में बुधवार को संयुक्त विकास आयुक्त जयप्रकाश पांडेय सकलडीहा विकास खंड के विभिन्न कार्यो का समीक्षा किया। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही उजागर होने पर नाराजगी जताया। इस मौके पर कई ग्रामीणों ने विकास खंड के कर्मचारी और अधिकारियों की हीला-हवाली की शिकायत दर्ज कराया। जेडीसी की समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर मनमानी ढंग से जांच किया जा रहा है। पूर्व में बने शौचालय का पैसा भी वर्तमान का बताकर पास कर दिया जा रहा है। कई शौचालय निर्माण कार्य आज भी आधा अधूरा पड़ा है। मनरेगा में विभागीय कर्मचारियों के अभाव में कार्यालय के एक कर्मचारी द्वारा ही बगैर कार्य कराये ही मनरेगा का पेमेंट कर दिया जा रहा है। वही मोर्चा के संयोजक शैलेन्द्र पांडेय ने ब्लॉक की बिल्डिंग मरम्मत और रंगरोगन का कार्य भारी धांधली का आरोप लगाया। संयुक्त विकास आयुक्त ने समीक्षा के दौरान शिकायतें सुनकर झल्ला गये। उन्होने एनआरएलएम, वृक्षारोपण मनरेगा पीएम आवास शौचालय सहित विभिन्न अभिलेखों का गहनता से जांच किया। श्री पांडेय ने ग्रामीणों की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई का भरोसाा दिया।

# अपात्र कृषक किस्तों की धनराशि केन्द्र सरकार के पोर्टल पर जमा करेंः मिश्र

**संवाददाता।** देवरिया

**उप** कृषि निदेशक डा. एके मिश्र ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ऐसे अपात्र कृषक जो इसी योजना का लाभ ले रहे हैए वे अपना भुगतान रोकवाने हेतु आवेदन पत्र कृषि कार्यालय में जमा कर दें और उसका बाद प्राप्त किस्तों की धनराशि भारत सरकार के पोर्टल पर आनलाइन जमा कर उसकी एक प्रति कार्यालय में जमा कर दें। श्री मिश्र ने बताया कि भूमिहीन, सरकारी सेवक (समूह घ) को छोडकर, पेशेवर व्यक्ति, आयकर दाता आदि जिनकी पेंशन रुपये 10 हजार प्रति माह से अधिक है, वे इस योजना के तहत अपात्र है।

# स्वास्थ्य विभाग मनाएगा विश्व रोगी सुरक्षा दिवस

**संवाददाता।** गाजीपुर

**प्रत्येक** वर्ष 17 सितंबर को में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग में तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। कोविड-19 के परिदृश्य में केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष की थीम हेल्थ वर्कर सेफ्टी फॉर पेशेंट सेफ्टी है। इसी के मद्देनजर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यूपी के डॉ एके पालीवाल के द्वारा प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में पत्र भेजा गया है जिसके मद्देनजर 17 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। इस संदर्भ में एसीएमओ डॉ केके वर्मा ने बताया कि इस दिवस पर सामूहिक शपथ वर्चुअल माध्यम से आयोजित करना, चयनित पेशेंट सेफ्टी चैंपियन को प्रोत्साहित किया जानाए पेशेंट सेफ्टी से संबंधित पोस्टर प्रदर्शन आयोजित किया जाना एवं श्रेष्ठ पोस्टर को राज्य स्तर परप्रेषित किया जानाए मरीज एवं उनके परिवार के चिकित्सक प्रक्रिया में परामर्श एवं फीडबैक हेतु सम्मिलित किया जाना शामिल है। एसीएमओ डा. उमेश कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 सितंबर 2019 को पहला विश्व रोगी सुरक्षा दिवस घोषित किया। वैश्विक स्तर पर 134 मिलियन प्रतिकूल घटनाएं असुरक्षित देखभाल के कारण प्रत्येक वर्ष 2.6 मिलियन मौत होती है। इस दिन का नारा है स्पीक अप फॉर पेशेंट सेफ्टी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने असहायों को दिया चश्मा

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम में करंजाकला ब्लाक पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के आंखों की जांच कराकर निःशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र यादव, मंत्री आवास एवं शहरी नियोजन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं कार्यक्रम स्थल प्रमुख प्रधान संघ के अध्यक्ष सुनील यादव रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से जनपद के ओबीसी मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारीए जिला मंत्री रविन्द्र सिंहए भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल, वंश बहादुर पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश पाण्डेय, अच्छे लाल मौर्या, सभासद सविता मौर्या, मन्त्री प्रतिनिधि अजय सिंह, शरद सिंह, जितेन्द्र प्रमुख, विकास खण्ड अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी करन्जाकला उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार जायसवाल एवं सहयोगी प्रेमचन्द्र यादव रहे।

# रत्नप्पा ने समाज को एकजुट करने पर बल दियाः प्रजापति

## पद्मश्री रत्नप्पा कुम्हार की मनी 111वीं जयंती

**संवाददाता।** जौनपुर



**नगर** के मुरादगंज स्थित संत राम सुभीख प्रजापति धर्मशाला में अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज ने संविधान सभा के सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पद्मश्री डा. रत्नप्पा कुम्हार की 111वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर मोहिन्द्र प्रजापति ने डा. रत्नप्पा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रजापति समाज को जय रत्नप्पा जी नाम का सम्बोधन करना चाहिए, जिससे हमारी पहचान बन सके। विशिष्ट अतिथि अम्बिका प्रजापति कार्यक्रम स्थल के सामने जाती हुई ट्रेन का उदाहरण देते हुए कहा कि अभी तक हमारा समाज ट्रेन का डिब्बा बनकर राजनैतिक पार्टी में ट्रेन के डिब्बे की तरह पीछे रहा है परंतु अब राजनीति का इंजन बनकर देश व प्रदेश की सत्ता हासिल करेंगे। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश प्रजापति ने कहा कि समाज के लोग अलग-अलग पार्टी बनाकर चुनाव में कूद रहे हैं। लोगों को ऐसा न करके आपसी सहामति से आने वाले चुनाव में किसी एक को मैदान में उतारकर उसका समर्थन करें। विशिष्ट अतिथि लौटन प्रजापति व मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय समता समाज पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी विजय प्रजापति ने जय रत्नप्पा जी कह कर समाज को एकजुट करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज के राष्ट्रीय संयोजक मोहन लाल प्रजापति ने कहा कि भारतीय प्रजापति शीर्षक सुधारक संतराम सुभीख प्रजापति के सपनों को पूरा करने का वक्त आ गया है। भगवान दक्ष प्रजापति व रत्नप्पा कुम्भार की जंयती धूमधाम से मनाई जाए। इसके पहले नईगंज रेलवे क्रासिंग प्रयागराज मार्ग पर भारतीय समता समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अम्बिका प्रजापति व वरिष्ठ समाजसेवी मोहिन्द्र प्रजापति के पहुंचने पर प्रजापति समाज द्वारा जोरदार स्वगत किया गया।

# बदल रही परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर

**मछलीशहर** (जौनपुर)। स्थानीय क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कुछ तस्वीर बदलती नजर आ रही है। विद्यालयों में आज जन पहल कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय में प्रधानाध्यापक, अध्यापक तथा एसएमसी के सदस्य विद्यालयों में समय-समय पर बैठकों में भाग ले रहे हैं। इसी प्रकार से विद्यालयों में कायाकल्प की भी तस्वीर बदल गई है। विद्यालयों में आकर्षक पेंटिंग, कक्षा एवं शौचालय बनाए गए हैं।

मिशन प्रेरणा के अंतर्गत विकास खंडों में अकादमिक सहयोग के लिए एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डा. संतोष तिवारी व शिवाकांत तिवारी द्वारा सभी विद्यालयों में गुणवत्ता संवर्धन हेतु मदद की जा रही है। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है और गूगल मीट के माध्यम से शिक्षक संकुल अध्यापकों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ में विकास खंड में सभी विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही है।

# बच्चों, किशोरियों और गर्भवती के लिए लाभदायी होगी पोषण वाटिका

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन, पपीता, पालकी आदि के पौधे लहलहाएंगे

**संवाददाता।** गाजीपुर

**राष्ट्रीय** पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तैयार की जा रही पोषण वाटिका पर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस जनपद के 4127 आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृक्षारोपण कर पोषण माह मनाया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सहजन, पपीता, गिलोय, तुलसी, पालक, आंवला, नीबू, लौकी सहित तमाम वृक्ष लगाए गए, जिनके फलों से आने वाले समय में कुपोषित बच्चों को सुपोषित किया जा सके।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार दुबे ने बताया कि जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका बन रही है। इनमें सहजन, पपीता, पालक, आंवला,



नीबू, लौकी आदि लगाया जा रहा है। पोपण वाटिका में हरी सब्जियों और पत्तेदार सब्जियों और जिनमें आयरन ज्यादा पाया जब है उस पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसके माध्यम से बच्चों को मिड-डे मिल पोषक आहार से युक्त भोजन दिया जाएगा। अरुण कुमार दुबे ने बताया कि सहजन की पत्तियों में कैल्शियम और विटामिन सी के अलावा प्रोटीन, पोटेशियम, आयरन, मैगनीशियम और विटामिन बी कॉम्पलैक्स भी प्रचुर मात्रा में होता है। इन्हीं विशेषताओं के कारण सहजन को मेडिकल प्लांट भी कहा जाता है। इसके पत्तियों में भरपूर मात्रा में आयरन और कैल्शियम मौजूद होता है। वहीं पपीते में सबसे अच्छे पाचक एंजाइम होते हैं जो कि भोजन को पचाने और स्वांगीकरण में सहायक होते है। स्वांगीकरण का मतलब भोजन के पाचन के बाद उसे आंतों में मौजूद वाहिकाओं द्वारा अवशोषित किए जाने की प्रक्रिया। वहीं पालकी और बथुआ आयरन भरपूर होता है जो शरीर में खून की कमी की स्थिति में बेहद कारगर होता है। साथ ही इनमें अच्छा खुरदरापन होने से कब्ज में भी लाभ होता है।

जिला स्वस्थ भारत प्रेरक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत तैयार की जा रहीं पोषण वाटिका जिसकी देखरेख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा की जाएगी। भविष्य में निश्चित ही केंद्र पर आने वाले कुपोषित बच्चों और गर्भवती को सुपोषित करने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने में भी अपना अहम योगदान निभाएंगे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 सितंबर 2020



# बस ने दो मासूमों को रौंदा, मौत

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़



**जेठवारा** थाना के शमशेरगंज बाजार मे शौच को गये पिता की आंखो के सामने देखते ही देखते उसके दो मासूम बेटे दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत की आगोश मे चले गये। बदहवाश पिता चीखपुकार करता जब तक दौडकर मौके पर पहुंचता उसकी कोख सूनी हो चुकी थी। घटना से आक्रोशित बाजार के लोगों ने मासूमो के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे मार्ग जाम के बीच मौके पर पहुंचे एसडीएम के समझानेबुझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हो सका। पुलिस ने मृतको के पिता की तहरीर पर आरोपी बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जेठवारा थाना के सिन्धौर निवासी राजेश कुमार पटवा साइकिल से घूम घूमकर क्षेत्र की बाजारो मे चूरन बेंचकर आजीविका चलाया करता है। बुधवार की सुबह वह शौच को गया और पास ही सड़क के किनारे दो मासूम बेटो को छोड गया। इस बीच एक निजी बस का चालक बस को पीछे बैक कर धुलाई के लिए टंकी पर ले जाने लगा। इसी बीच बस की जोरदार टक्कर से दोनों मासूम थोडी दूर पर गिर गये। घटना देख पिता राजेश शौच छोड चीखपुकार मचाते दौडा किंतु तब तक उसके दोनो मासूम बेटो आर्या (04) व शिवाय (02) को गंभीर चोटें लग चुकी थी। आननफानन मे परिजन घायल मासूमो को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। जिला अस्पताल मे चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। स्वजन मासूमो का शव लेकर घर पहुंचे तो राजेश की पत्नी प्रेमकुमारी व परिवार के सदस्य रोने बिलखने लगे। इस बीच बाजार मे भी लोगों का आक्रोश बढ़ गया और घटना के विरोध मे लोगों ने शव रखकर मार्ग जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने दुर्घटना मे प्रयुक्त बस को भी तोडफोड कर नष्ट कर दिया। सूचना मिलने पर सदर सीओ तनु तथा एसओ जेठवारा संजय पाण्डेय मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने लगे। स्थिति नियंत्रण मे न देख डीएम के निर्देश पर एसडीएम लालगंज राम नारायण मौके पर पहुंचे। परिजनो तथा ग्रामीणो ने एसडीएम से पीडित परिवार को बीस लाख की आर्थिक सहायता तथा दो आवास की मांग रखी। एसडीएम ने डीएम के स्तर पर मांगो को लेकर सीएम को पत्र भेजवाये जाने का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर लोगों का आक्रोश शांत हो सका। इधर मृतक बच्चों के पिता की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया गया है। हालांकि बस चालक मौके पर बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मासूमो के शवो का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। घटना को लेकर बाजार मे भी भावुक माहौल दिखा। नियति की बदनीयती की चर्चा इस बात की थी कि पीडित दम्पति को काफी समय बाद दो बच्चे हुये भी तो किलकारी लेते लेते ही वह मौत के आगोश मे चले गये। एसओ संजय पाण्डेय का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** थाना लोनी कटरा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासी रामदेव दीक्षित त्रिवेदीगंज से किसी काम से हैदरगढ़ को जा रहे थे ।तभी हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के पास लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के पास शाहपुर मोड़ पर एक अज्ञात बोलेरो अनियंत्रित होकर साईकिल सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें साईकिल सवार व्यक्ति रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए ।वहीं मौजूद क्षेत्रीय लोगो ने 1033 एंबुलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को त्रिवेदीगंज सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल बाराबंकी को रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई ।जिसके बाद परिजनों मे कोहराम मच गया है।

# फर्जी विजिलेंस अफसर धरा गया

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़

**विजिलेंस** विभाग का फर्जी अफसर बनकर निजी क्लीनिक मे झापे की कार्रवाई जालसाज को मंहगी पडी। शंका होने पर ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर पीडित निजी चिकित्सक ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लोगों की पिटाई से मामूली रूप से चुटहिल आरोपी को पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचवाया। आरोपी को नशीली दवाओं का भी आदी बताया जाता है। कोतवाली के भदारीकला निवासी रमाशंकर विश्वकर्मा ने नगर क्षेत्र के जलेशरगंज रोड के समीप जैनपुर मे निजी क्लीनिक खोल रखी है। बुधवार को दिन मे करीब ढाई बजे उसके क्लीनिक पर कार से दो लोग पहुंचे। इनमे से एक ने अपने को विजिलेंस विभाग का अफसर बताते हुए क्लीनिक का कागजात मांगा। चिकित्सक ने जानकारी चाही तो आरोपी ने उसे अपना फर्जी आईकार्ड भी दिखाया। आरोपी ने चिकित्सक ने जांच के नाम पर पचास हजार की मांग की। चिकित्सक के असमर्थता जताने पर पचीस हजार पर बात किसी तरह लाइन पर आयी। चिकित्सक ने आरोपी को दस हजार तो दे दिये और पन्द्रह हजार की व्यवस्था के लिए कुछ घंटे की मोहलत मांगी। इस बीच पीडित चिकित्सक ने नगर के एक चिकित्सक से रूपये का सहयोग मांगा। इस पर नगर के चिकित्सक को शंका हुई और पैसा लेकर वह भी साथ चले गये। वहां आरोपी से बातचीत करने पर मामला संदिग्ध दिखा तो शोरशराबा शुरू हो गया। इस बीच आसपास के लोग भी जमा हो गये और आरोपी की पिटाई करने लगे। इधर मौका देख दूसरा आरोपी कार लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली के दरोगा सुनील राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर थाने ले आये। थाने मे आरोपी को हल्की चोट देख पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजवाया। इधर पीडित चिकित्सक ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ कोतवाली मे तहरीर दी है। दरोगा सुनील राय का कहना है, तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों की जमकर हुई धुनाई

**लालगंज प्रतापगढ़।** मोबाइल छीनकर बाइक से भाग रहे युवको को ग्रामीणों ने धर दबोचा। ग्रामीणो ने आरोपियो की पिटाई कर उन्हें कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली के पुरवारा तिराहे पर बीती मंगलवार की रात करीब नौ बजे दो युवक एक बाइक से तेजी से भाग रहे थे। इनका कुछ लोग भगौतीगंज बाजार से पीछा कर रहे थे। इस बीच पुरवारा तिराहे पर अचानक बाइक असंतुलित हो गई। इसमे महेशगंज थाना के महमदपुर चारपुरा गांव का नायब पटेल तथा पुरवारा का बब्लू पटेल चुटहिल हो गया। इस बीच आरोपियो को पीछा कर रहे लोगों ने दबोच लिया। शोरशराबा होने पर आसपास के लोग भी आ गये और दोनो की पिटाई करने लगे। रात का फायदा उठाते पुरवारा का बब्लू पटेल मौके से भाग निकला।

# लापता युवक का शव मिलने से सनसनी



**संवाददाता।** बाराबंकी

**तीन** दिन पूर्व निमन्त्रण मे गये एक युवक का शव नदी मे उतराता पाये जाने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है लोग तरह तरह से चर्चा कर रहे है लेकिन पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है ।जिससे क्षेत्रीय जनो मे आक्रोश व्याप्त है ।घटना थाना असन्द्रा क्षेत्र के पलौली घाट की है विवरण के अनुसार थाना सुबेहा क्षेत्र के ग्राम रुकनुद्दीन पुर निवासी पवन कुमार सिंह पुत्र स्व0 दान बहादुर सिंह बीते 14 सितम्बर की शाम गांव के एक साथी के साथ तिलोई क्षेत्र के कुबेर सिंह का पुरवा निमन्त्रण में जाने के लिये घर से निकला था ।लेकिन वह लौट कर वापस नही आया तब परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की किन्तु उसका कही कोई पता नही चल सका । आज सुबह थाना असन्द्रा क्षेत्र के पलौली घाट पर ग्रामीणों को उसकी लाश को नदी मे उतराती दिखी तब हडकम्प मच गया । देखते ही देखते घटना की सूचना आग की तरह फैल गयी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुँच गए। परिजनो ने बताया कि रात्रि 10ए30 बजे उसने अपने घर पर फोन कर बताया कि हम लोग निमन्त्रण से वापस आ रहे है और मेरा मोबाइल बन्द होने जा रहा है। इतने में ही उसका मोबाइल बन्द हो गया तबसे उसका कही कोई पता नही चल सका ।परीजनो ने बताया कि इसकी मोटरसाइकिल टीकाराम बाबा के पुल के पास खड़ी है जो हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में आता है। जोकि शव मिलने की जगह से लगभग 3 किलोमीटर से अधिक है उसके बड़े भाई विजय करम सिंह ने बताया है कि इसके परिवार में पत्नी एएक लड़की गुनगुन 10 वर्षीय व लड़का अंशू सिंह 6 वर्षीय है। लाश मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर सूचना पर पहुची पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल अभी तक मौत के कारण का पता नही चल सका हैइस मामले में जब थाना प्रभारी असंद्रा से बात की गई उन्होंने बताया 3 दिनों से लापता युवक का शव मिला है शव को पीएम के लिए भेजा गया है आगे की कार्रवाई पीएम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी ।

# कार व ट्रक की भिड़ंत में दो की हालत गंभीर



**संवाददाता।** सिद्धौर बाराबंकी

**हैदर** गढ.जा रही एककार का बुधवार कोअचानक टायर फट गया जिससे वहसीमेंट लादकर सामने से आ रहीट्रक से भिड़गयी जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा कार चालक समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गये । स्थानीय लोगो ने घायलो को नजदीकी अस्पताल पहुचाया जहा से जिला अस्पताल भेजा गया है जानकारी के अनुसारनगर कोतवाली क्षेत्र के कंपनीबाग निवासी मंसूर उर्फ मंजूर ;26द्ध पुत्र महबूब आलम व गयास ;25द्ध पुत्र मुशर्रफ आज कसी कार्य के लिये हैदरगढ के लिये लिकले थे । कि तभी कोठी थाना क्षेत्र के बक्सांवा मोड़पर उनकी गाडी का अचानक टायर फट गया जिससे गाडी असंतुलित होकर सीमेट लादकर सामने से आ रही ट्रक से भिड़कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी तथा उसमे सवार दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सीएचसी कोठी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । खबर लिखे जाने तक। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# पानी न होने से सूख रही है फसल

**संवाददाता।** बाराबंकी



**चार** दशक पूर्व गोमती नदी में लगाई गई लघु डाल पंप नहर योजना दिनों दिन विभाग लापरवाही की भेट चढ़ती जा रही है हालात यह है कि बीते एक माह से क्षेत्रीय किसानों को पानी की एक बूंद नहीं मिला है। जिससे किराए की समरसेबल से किसान सिचाई करने पर मजबूर हैं जांच पडताल मे यह तथ्य सामने आया है ।बिबियापुरघाट निवासी किसान संतोषए रसूलाबाद निवासी जगत बहादुर सिंहए सारिकपुरवा निवासी बिबियापुरथाना निवासी रामफेर समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया किसिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के बिबियापुरघाट स्थित गोमती नदी पर सरकार ने लगभग 40 वर्ष पूर्व लघु डाल पंप नहर योजना के तहत क्षेत्रीय किसानों समस्या को देखते हुए सींच सुविधा के लिए पंप लगाया था। उस समय क्षेत्र के बिबियापुरघाटए रसूलाबाद भटियाए सारिकपुरवाए मुजफ्फरपुरए फिरोजाबादए बिबियापुर थानाए अजमल पट्टी समेत कई गांवों तक 3 से 4 किलोमीटर नाले से किसानों को सैकड़ों बीघा भूमि सिंचाई की सुविधा मिलती थी। वर्तमान में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से पंप निष्क्रिय साबित है। क्योंकि बीते 1 माह से पंप खराब होने से मोटर पानी उगलने में अक्षम है नई पुरानी दोनों मोटर खराब पड़ी है ।जिससे पंप से मेंथा फसल की समय.समय पर पंप से सिंचाई नहीं हो सकी। ऐसे में 2 से ढाई सौ मीटर लंबी जीन पाइप से विद्युत पंपों से सिंचाई की जाती है। जिसके लिए बड़े काश्तकारों को 100 से 120 रुपया प्रति घंटा की दर से भुगतान करना पड़ता है। इन काश्तकारों का कहना है कि यदि सरकार पंप को नियमित संचालित करती तो किराए से छुटकारा मिलता। अबकी बार धान की फसल मैं लागत निकालना मुश्किल है । जेई अरुण कुमार से बात की गई तब उन्होंने बताया कि लगभग 15 दिनों से मोटर खराब होने की सूचना उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम दे दी गयी है ।

# शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं: डीएम



**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में 11 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 22 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयत आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना: सीएमओ

**संवाददाता।** अमेठी

**कोरोना** काल में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थियों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शासन ने हेल्पलाइन जारी किया है जिसमें लाभार्थी योजना से संबंधित समस्त जानकारी और लाभ पाने में यदि किसी तरह की दिक्कत या परेशानी हो रही है तो इस योजना से संबंधित हर जानकारी ले सकते हैं।अगर आपको कोई जानकारी या फिर भुगतान से संबंधित दिक्कत आ रही है तो आप हेल्पलाइन नंबर 7998799804 पर कॉल कीजिए और अपनी हर समस्या का समाधान कीजिए।अमेठी में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जनवरी 2017 से लेकर सितंबर 2020 तक जिले में 32ए271 लाभार्थियों को पंजीकृत किया जा चुका है जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 87: सफलता प्राप्त हुई है और 11 करोड़ 10 लाख 30 हज़ार का भुगतान किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक शिखा पाण्डेय ने बताया की योजना से संबंधित कोई भी प्रतिनिधि लाभार्थी से ओटीपी यानी वन टाइम पासवर्ड नहीं पूछता है और ना ही संवेदनशील सूचनाएं जैसे अकाउंट नंबर सीवीवी पिन मांगता है यदि कोई व्यक्ति लाभार्थी से इस तरह की जानकारी मांगता है तो उसे यह जानकारी कतई ना दें इस तरह की जानकारी मांगने वाला व्यक्ति प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का प्रतिनिधि नहीं हो सकता वह आपके साथ कोई फ्रॉड कर सकता है इसलिए योजना से संबंधित किसी भी तरह की कोई कॉल आने पर आप अपने निकटतम सीएचसी और पीएचसी या फिर डीपीसी और डीपीए से सीधे संपर्क कर सकते हैं। वहीं भुगतान की समस्या के लिए विशेष बातों का रखें ध्यान। फॉर्म भरने के डेढ़ महीने के बाद ही हेल्पलाइन नंबर की मदद लें । अमेठी मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मोहन श्रीवास्तव ने बताया की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार महिला के गर्भवती होने पर महिला के खाते में सीधे धनराशि सरकार द्वारा भेजी जाती है इसलिए महिला का अपना खाता होना चाहिए। योजना से संबंधित जानकारी के लिए आशाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम सेंटर से ले सकती हैं इसके साथ ही और सीएचसी एवं पीएचसी पर आवेदन करके इसका लाभ प्राप्त कर सकती हैं। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित भी किया जा रहा है कोरोना काल में अप्रैल से सितंबर 2020 तक वित्तीय वर्ष में 2ए988 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है जिन्हें सहायत राशि भी दी चुकी है।

# पशु टीकाकरण न होने से पशुपालक परेशान

**संवाददाता।** जगदीशपुर अमेठी

**बरसात** के मौसम के बाद पशुओं को गला घोंटू खुरपका मुंहपका जैसी बीमारियां से बचाने के उद्देश्य से शासन व विभागीय अधिकारियों द्वारा भले ही पशुओं को एचएस का टीका लगाने का निर्देश दिया गया हो व टीकाकरण अभियान चलाया गया हो परन्तु क्षेत्र में पशुओं का टीकाकरण अभियान कागजी कोरम व औपचारिकताओं तक ही सीमित होकर रह गया ।जिसके चलते पशु पालक अपने पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखर है । जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित विभिन्न गांवों में शासन व विभागीय अधिकारियों के निर्देश के बाद भी स्थानीय पशु चिकित्सा विभाग द्वारा क्षेत्र के कई गांवों में अभी तक गला घोंटू खुरपका मुंहपका से बचाव के लिए पशुओं को लगने वाला एचएस का टीका पशुओं को नही लगाया गया है ।पशुओं का टीकाकरण महज कागजी कोरम व औपचारिकताओं तक ही सीमित होकर रह गया है ।पशुओं को एचएस का टीका न लगने से पशुओं में गला घोंटू खुरपका मुंहपका बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है जिसको लेकर क्षेत्र के पशु पालक परेशान हैं ।इस सम्बन्ध में पशु चिकित्सालय जगदीशपुर के चिकित्सक डॉ0 एस के जायसवाल ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते टीकाकरण का कार्य अभी तक नही हो सका जो एक अक्टूबर से टीकाकरण प्रारंभ किया जाएगा जिन पशुओं को टैग लगा हुआ है उन्ही को टीकाकरण का लाभ मिलेगा।

# कोरोना के अलावा अन्य बीमारियों का इलाज भी ठीक से हो: बडेरा

**संवाददाता।** ललितपुर

**जिला** उद्योग व्यापार मंडल ने एक ज्ञापन कोविड.19 कोरोना महामारी के संबंध में आयुक्त ६ नोडल अधिकारी कोविड.19 को संबंधित एक ज्ञापन नवांगतुक जिला अधिकारी ए दिनेश कुमार को एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अलग.अलग सौंपा ज्ञापन में कोविड.19 महामारी के चलते संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिलाधिकारी के आदेश अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल विशेष रुप से मेहनत के साथ कोविड.19 की व्यवस्था नियमाअनुसार कर रहे इनका जिला उद्योग व्यापार मंडल धन्यवाद ज्ञापित करता है साथ में सभी संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर एवं कर्मचारी मेहनत से कार्य कर रहे हैं और कुछ लोगों को छोड़कर कोविड.19 कोराना संक्रमण महामारी के मामले में कुछ अनियमितताएं है उनके समाधान के लिए जिला उद्योग व्यापार मंडल एक मांग पत्र के माध्यम से मांग कर रहा है कि कोरोना पॉजिटिव मरीजों को अगर कोई अलग से बीमारी है तो उसका भी इलाज कोरोना महामारी के साथ ही होना चाहिए 50 परसेंट मरीज कोरोना की पॉजिटिव रिपोर्ट बिना लक्षण के आ रही है जबकि मानक के अनुसार ऑक्सीजनए पल्स ए टेंपरेचर ए सामान्य है और ना ही सर्दी जुखाम बुखार एवं खांसी के लक्षण नहीं है ऐसे व्यक्तियों की उम्र का मानक नहीं होना चाहिए अगर वह स्वस्थ है उम्र कितनी भी हो होम क्वॉरेंटाइन करने मैं कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए पॉजिटिव मरीजों को डिस्चार्ज होने पर नेगेटिव होने का प्रमाण पत्र अवश्य देना चाहिए क्योंकि बिना नेगेटिव रिपोर्ट के कोई भी प्राइवेट डॉक्टर मरीजों का इलाज करने को तैयार नहीं होता मरीज के सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है झांसी मेडिकल कॉलेज में जो यहां से मरीज भेजे जाते हैं ऑक्सीजन की कमी होने के कारण उनको अलग से ?32400 के 6 इंजेक्शन का कोर्स बाहर से मंगाया जाते हैं मरीज के पास पैसों के अभाव में कई लोगों ने अपना घरेलू सामान बेचकर इंजेक्शन मंगाए यह उचित नहीं है इसकी व्यवस्था निशुल्क होना चाहिए जो सक्षम नहीं है या गरीबी रेखा के नीचे आते हैं घर में रखने वाले कोरोना संक्रमण पॉजिटिव मरीजों को भी कोरोना महामारी दवाई की किट जिला अस्पताल से निशुल्क मिलना चाहिए कोरोना महामारी जांच रिपोर्ट करने के बाद रिपोर्ट शीघ्र आना चाहिए क्योंकि जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है वह भीड़भाड़ वाले बाजारों में घूम कर कई लोगों को संक्रमित कर रहे हैं और जो व्यक्ति गाइडलाइन का पालन नहीं करता है उस पर कार्रवाई भी होनी चाहिएउम्र 80 वर्ष के लोगों को बिना लक्षण होते हुए भी अगर उनकी जांच कोरोना पॉजिटिव आती है वह घबरा जाते हैं और अवसाद की स्थिति में आ जाते हैं जिससे वह अपनी जान भी गंवा देते हैं।

# बुन्देलखंड की पेयजल समस्या के निस्तारण को सरकार ने उठाए कदम

**● हर घर जल योजना के तहत पेयजल परियोजना के शुभारम्भ से बुन्देलखण्ड अब बढ़ा खुशहाली और समृद्धि की ओर**

**संवाददाता।** ललितपुर



**बुन्देलखण्ड** क्षेत्र हमेशा से जल समस्या से झूझता हुए एक प्रान्त के रुप में पहचाना जाता रहा हैए यहां पर पहाड़ी क्षेत्र ज्यादा होने से ग्रीष्मकाल में भूमिगत जल का स्तर काफी नीचे चला जाता हैए जिससे नदीए तालाबोंए हैण्डपम्पों व बावड़ियों का जल सूख जाता हैए जिससे यहां के लोगों को गर्मी के मौसम में जल के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ती है। हालात यहां तक खराब हो जाते हैं कि नलों में भी काफी दिनों तक पानी नहीं आता। प्रशासन द्वारा वैकल्पिक टैंकरों के माध्यम से लोगों को पेयजल मुहैया कराया जाता रहा है।

परन्तु वर्तमान सरकार के अस्तित्व में आते ही जनप्रतिनिधियों द्वारा समय.समय पर जल समस्या के निस्तारण हेतु उठायी गई मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए प्रदेश सरकार ने बुन्देलखण्ड के लिए कई पेयजल योजनाओं की सौगात दी हैए जिससे बुन्देलखण्ड की धरती पर जल समस्या का पूरी तहर से निस्तारण हो सके।

इसी के क्रम में जल जीवन मिशनए हर घर जल योजना के प्रथम चरण में बुन्देलखण्ड में 2185 करोड़ की लागत से 12 ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं जिनमें झाँसी जनपद में 06ए महोबा जनपद में 03 तथा ललितपुर जनपद में 03 परियोजनाओं के निर्माण कार्यों का शुभारम्भ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा ग्राम मुटाराए ग्राम पंचायत गुलाराए विकास खण्ड.चिरगांवए तहसील मोंठए जनपद.झाँसी में किया गया।

वर्तमान समय में बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कुल 4513 राजस्व ग्रामों में से 891 ग्राम पूर्व से ही पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। शेष 3622 अनाच्छादित ग्रामों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित करने के लिए ष्जल जीवन मिशनष् के अन्तर्गत विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं का शुभारम्भ किया गया। बुन्देलखण्ड क्षेत्र की सम्पूर्ण ग्रामीण आबादी को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किये जाने हेतु पाइप पेयजल योजनाओं का कुल 34 पैकेज बनाते हुए बिडर का चयन किया गया। 34 पैकेज में से 10 पैकेजों में बिडर का चयन हो गया हैए जिसमें 13 परियोजनाएं सम्मिलित हैं। इन परियोजनाओं में जनपद ललितपुर में कुल 197 ग्रामों की 3ए42ए309 आबादी को लाभान्वित करने हेतु कुल रू0 543ण्51 करोड़ की 04 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैंए जिनमें से 03 परियोजनाओं का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

इसके साथ ही जनपद ललितपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2019.20 में तीन पेयजल योजना ;नत्थी खेड़ा ग्राम समूह पेयजल योजना लागत रू 2934ण्89 लाखए पठाविजयपुरा ग्राम पेयजल योजना लागत रु0 509ण्87 लाख तथा बांसी.हर्षपुर ग्राम समूह पेयजल योजना लागत रू0 5925ण्70 लाखद्ध पूर्ण कर 30 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त बुन्देलखण्ड पैकेज कार्यक्रम के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना ;जखौरा.बिजरौठा ग्राम समूह पेयजल योजना लागत रू0 6893ण्31 लाख तथा डोंगराकलां ग्राम समूह पेयजल योजना लागत रू 2260ण्13 लाखद्ध पूर्ण कर 22 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। जनपद ललितपुर में वर्ष 2019.20 में कुल 05 पेयजल योजनाओं की जलापूर्ति प्रारम्भ कर 139276 जनसंख्या को लाभान्वित किया गया है। उक्त जानकारी जिला सूचना अधिकारी द्वारा दी गई।